www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 21 नवम्बर 2023 । वर्ष - 65 । अंक -216 । पृष्ठ -12 । मूल्य - 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

कांग्रेस के शासनकाल में किसान कर्ज में डूबे : केसीआर पृष्ठ 2

■ क्या भाजपा लोकप्रियतावाद के रास्ते पर बढ़ रही है?
■ युद्धविराम ही रोक सकता है इस मानवीय त्रासदी को पृष्ठ 6

■ गाजा में तलाशी और बचाव अभियान में शामिल हुई इजरायली महिला सैनिक
■ गाजा में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा 13,000 पार पृष्ठ 7

ओ डेंगेल की भविष्यवाणी, ट्रेविस हेड है ऑस्ट्रेलिया के एयूएर कप्तान पृष्ठ 8

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा

जजों की नियुक्ति में पसंद-नापसंद ठीक नहीं

■ सर्वोच्च अदालत ने कहा ये अच्छे संकेत नहीं, इससे देश में गलत संदेश जाता है
■ जजों की नियुक्ति में हो रही देरी पर जताई नाराजगी
■ सरकार को पहले भी आगाह कर चुका है सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 20 नवंबर (देशबन्धु)। देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट ने कॉलेजियम की सिफारिश के बावजूद जजों की नियुक्ति में हो रही देरी पर केंद्र सरकार से नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि जजों की नियुक्ति में पसंद-नापसंद की नीति ठीक नहीं है। ये अच्छे संकेत नहीं हैं। यह देश में गलत संदेश देता है। जस्टिस संजय किशन कौल और सुधांशु धूलिया की बेंच ने सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए कहा- जजों की नियुक्ति और तबादले भी सरकार अपनी पसंद नापसंद के मुताबिक कर रही है। हमने इसके लिए सरकार को पहले भी आगाह किया है। बेंच ने कहा कि अभी भी इलाहाबाद, दिल्ली, पंजाब और गुजरात हाईकोर्ट में जजों के तबादले की सिफारिश वाली फाइल सरकार ने लटका रखी है। गुजरात हाईकोर्ट में तो चार जजों के तबादले पेंडिंग हैं। इन पर सरकार ने अब तक कुछ भी नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दोबारा भेजे गए नामों पर नियुक्ति नहीं करना परेशान करने वाला है।

5 दिसम्बर को होगी अगली सुनवाई- कॉलेजियम की सिफारिशों पर अमल करने के लिए और वक्त देते हुए कोर्ट ने कहा कि केंद्र इसका समाधान लेकर आए। 5 दिसंबर को अगली सुनवाई होगी। बेंगलुरु एडवोकेट्स एसोसिएशन की ओर से जजों की नियुक्ति को लेकर यह याचिका लगाई गई है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि विधानसभा चुनावों में व्यस्तता की वजह से देरी हुई है। सरकार की ऐसी कोई मंशा >> शेष पृष्ठ 7 पर >>

अलग राज्यों में एफआईआर के बावजूद दी जा सकती है जमानत

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय और सत्र न्यायालय आरोपी को ट्रांजिट अग्रिम जमानत दे सकते हैं, भले ही एफआईआर किसी दूसरे राज्य में ही क्यों न दर्ज हो। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ राजस्थान में एक महिला द्वारा दायर दहेज की मांग की शिकायत से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें पति को बेंगलुरु जिला अदालत द्वारा अग्रिम जमानत दी गई थी। शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया कि एचसी या सत्र अदालतें किसी आरोपी को ट्रांजिट अग्रिम जमानत दे सकती हैं, भले ही अपराध उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं किया गया हो और अंतरिम सुरक्षा तब तक जारी रहेगी जब तक आरोपी क्षेत्राधिकार वाली अदालत में नहीं पहुंचता।

केंद्र व केरल राज्यपाल कार्यालय को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने केरल विधानसभा से पारित विधेयकों को मंजूरी देने में अनिश्चितकालीन देरी के मामले में सोमवार को वहां के राज्यपाल कार्यालय और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केरल सरकार की ओर से दायर रिट याचिका पर केंद्र सरकार और राज्यपाल के प्रधान सचिव को जवाब-तलब किया। पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से भी अदालत की सहायता करने को कहा।

चुनाव वाले 5 राज्यों से 1760 करोड़ की शराब-नकदी जब्त

2018 विधानसभा चुनाव में हुई बरामदगी का 7 गुना है आंकड़ा

नई दिल्ली, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने सोमवार 20 नवंबर को कहा कि चुनाव वाले पांच राज्यों से 1760 करोड़ की शराब, ड्रग्स, कैश और महंगी धातु बरामद की गई। ये सब चीजें वोटरों को रिझाने के लिए बांटी गई थीं। इन चीजों की बरामदगी 9 अक्टूबर से हो रही थी। इसी दिन इलेक्शन कमीशन ने पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था।

आयोग ने यह भी बताया कि आंकड़ा 1760 करोड़ इन राज्यों में 2018 विधानसभा चुनाव के दौरान हुई बरामदगी का 7 गुना है। पिछली बार 239.15 करोड़ की चीजें जब्त की गई थीं। अभी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव चल रहे हैं। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में वोटिंग हो चुकी है। राजस्थान में 25 तो तेलंगाना में 30 नवंबर को वोट डाले जाएंगे।

■ 194 सीटों को चुनावी खर्च के लिहाज से बताया था संवेदनशील

आयोग ने पांच राज्यों में चुनावी खर्च पर नजर रखने के लिए 228 पर्यवेक्षक तैनात किए थे। साथ ही 194 विधानसभा सीटों को चुनावी खर्च के लिहाज से संवेदनशील बताया था।

6 राज्यों से 14 करोड़ की चीजें की थी जब्त

आयोग के मुताबिक, इससे पहले जिन 6 राज्यों गुजरात, हिमाचल प्रदेश, नगालैंड, मेघालय, त्रिपुरा और कर्नाटक में चुनाव हुए थे, वहां से 1400 करोड़ की चीजें बरामद की गई थीं। यह इन राज्यों में पिछले चुनाव के दौरान हुई बरामदगी का 11 गुना था।

मिजोरम, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में हो चुका मतदान

मिजोरम, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मतदान कराए जा चुके हैं। राजस्थान और तेलंगाना में क्रमशः 25 और 30 नवंबर को मतदान होगा और मतों की गिनती तीन दिसंबर को करायी जाएगी।

सार संक्षेप

उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व का समापन

नई दिल्ली। उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ सोमवार को छठ महापर्व संपन्न हो गया। चार दिन चले इस पर्व के दौरान जगह-जगह पर छठ पूजा का आयोजन किया गया था। बड़ी संख्या में महिलाएं अपने परिवार जनों के साथ उगते सूर्य को अर्घ्य देने पहुंची थी। छठ महापर्व की शुरुआत नहाय-खाय से होती है।

गोवा में 54वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव शुरू

गोवा। गोवा में सोमवार से 54वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव-आईएफएफआई शुरू हो गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव फिल्म पृथुल कुमार के अनुसार महोत्सव के दौरान 270 से अधिक फिल्में 4 स्थानों आईनॉक्स पंजिम, माविवनेज पैलेस, आईनॉक्स पोरवोरिम और जेड स्क्वायर सक्षाट अशोक पर प्रदर्शित की जाएंगी। 54वें आईएफएफआई के 'अंतरराष्ट्रीय खंड' में 198 फिल्में होंगी, जो 53वें आईएफएफआई से 18 अधिक हैं।

तेलंगाना में निर्माणाधीन इनडोर स्टेडियम ढहने से 2 की मौत

हैदराबाद। तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में सोमवार को एक निर्माणाधीन इनडोर स्टेडियम का एक हिस्सा गिरने से दो श्रमिकों की मौत हो गई। छह कर्मचारियों को मामूली चोटें आईं। मृतकों की पहचान बिहार के बब्लू और पश्चिम बंगाल के सुनील के रूप में हुई। पुलिस ने कहा कि बचाव अभियान जारी है क्योंकि एक अन्य कर्मचारी मलबे में फंसा हुआ है। यह घटना हैदराबाद से लगभग 40 किमी दूर मोइनाबाद ब्लॉक के कनकमामिडी में खेल परिसर में हुई।

अब मजदूरों को बचाने में रोबोट की ली जाएगी मदद

■ पिछले नौ दिनों से सुरंग में फंसे हैं 41 मजदूर
■ बचाव अभियान में लग सकते हैं 30 से 40 घंटे

देहरादून, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। सुरंग के अंदर पिछले नौ दिनों से फंसे 41 को जिंदगियों को बचाने के लिए अब रोबोट की मदद ली जाएगी। अभी अभियान में 30 से 40 घंटे और लग सकते हैं। सिलक्यारा सुरंग हादसे में फंसे 41 मजदूरों की जिंदगी बचाने के लिए रोबोट के जरिए दूसरी तरफ पाइप डालने समेत अन्य संभावनाएं तलाशी जाएंगी। यह रोबोट सुरंग के अंदर आए मलबे के ऊपर बची थोड़ी सी जगह से दूसरी तरफ जाएगा। यह जानकारी सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने दी। 12 नवंबर को यमुनोत्री हाईवे पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में भूस्खलन के बाद से 41 मजदूरों का जीवन संकट में है।

करीब छह एजेंसियां काम कर रही

वर्तमान में मजदूरों को बचाने के लिए पांच प्लान पर केंद्र व राज्य की करीब छह एजेंसियां काम कर रही हैं। जिसमें सिलक्यारा सुरंग के मुहाने से ऑगर मशीन से ड्रिलिंग, बड़कोट छोर से ड्रिलिंग, सुरंग के ऊपर और दाएं व बाएं तरफ से ड्रिलिंग की तैयारी हो चुकी है। सुरंग के ऊपर से ड्रिलिंग के लिए अस्थायी सड़क का निर्माण भी किया जा रहा है। लेकिन, अब इन पांच प्लान के साथ छठा प्लान भी तैयार किया जा रहा है। छोटा रोबोट ही जा सकता है सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि सुरंग के अंदर भूस्खलन के कारण जो मलबा आया है उसके और सुरंग की ऊपरी छत के बीच थोड़ी जगह है। जिससे एक रोबोट को भेजकर देखा जाएगा कि दूसकी तरफ कितनी जगह है। ताकि दूसरी तरफ पाइप डाला जा सके।

करीब 400 मीटर सुरंग की खुदाई शेष

बड़कोट छोर से अभी करीब 400 मीटर सुरंग की खुदाई शेष है। अंदर फंसे लोगों को बचाने के लिए बड़कोट छोर से भी खोदाई शुरू करवाई जा रही है। हालांकि अभी उस छोर से पूरी खोदाई की जगह केवल दो से ढाई मीटर व्यास की सुरंग तैयार की जाएगी।

ओपीएस को लेकर देश भर के सरकारी कर्मचारियों का प्रदर्शन कल दिल्ली में

■ छत्तीसगढ़ से भी होंगे शामिल
■ प्रधानमंत्री मोदी को ज्ञापन देंगे

रायपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय मजदूर संघ के अनुषांगिक संगठन सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ के आव्हान पर देश भर से केंद्र और राज्य सरकार के सरकारी कर्मचारी 22 नवंबर को जंतर मंतर नईदिल्ली में एकत्रित होकर पुरानी पेंशन बहाली (ओपीएस) की मांग को लेकर जंगी प्रदर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ज्ञापन देंगे।इस प्रदर्शन में रेलवे, प्रतिरक्षा, पोस्टल, स्वायत्तशासी, केंद्र व राज्य के शासकीय कर्मचारी अपने अपने महासंघ के नेतृत्व में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ से भी काफी संख्या आंदोलन में शामिल होने आज और कल विभिन्न साधनों से रवाना होंगे।ठक जानकारी जारी विज्ञप्ति में राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री ए के चेलक ने दी है।

राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष अरुण तिवारी तथा प्रदेश महामंत्री ए के चेलक ने बताया कि पुरानी पेंशन योजना, सी सी एस पेंशन नियम 1972 के तहत देश भर लागू करने की मांग लेकर यह राष्ट्र व्यापी आंदोलन कर केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित किया जायेगा। नए पेंशन योजना (एनपीएस) से कर्मचारी परेशान हैं। रिटायर होने पर मिलने वाली पेंशन से घर परिवार के साथ जीवन यापन में कठिनाई हो रहा है। छत्तीसगढ़, राजस्थान, पंजाब जैसे कुछ राज्यों ने ओपीएस लागू करने का प्रयास किया है, परंतु वह दिखावा बनकर रह गया है। राज्य सरकार असहाय की स्थिति में है। इसलिए देशभर में ओपीएस लागू करने के लिए केन्द्र सरकार पर दबाव बनाया जा रहा है ताकि देश भर में कर्मचारियों का भला हो सके।

प्रियंका ने भाजपा को घेरा

यह सिर्फ हिन्दुस्तान पाकिस्तान करते हैं

केकड़ी, 20 नवंबर (एजेंसी)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी राजस्थान में भाजपा के मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर लगातार हमलावर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि बीजेपी की नीति केवल लोगों को धर्म जाति के नाम पर लड़ाना है। सदा हिंदुस्तान और पाकिस्तान की बातें कर लोगों को भटकाती रहती है। इस दौरान प्रियंका गांधी ने सोमवार को वसुंधरा का नाम लिए बगैर उनके प्रति अपनी हमदर्दी जताई। प्रियंका गांधी ने राजस्थान की केकड़ी विधानसभा में प्रत्याशी रघु शर्मा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस सभा में भी प्रियंका गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जमकर घेरती हुई नजर आई। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जनता सोच समझकर आकलन करें, कि किस सरकार ने उन्हें राहत दी है और किस सरकार ने उन्हें नुकसान।आपकी एक बड़ी गलती आने वाले 5 सालों में बड़ा नुकसान कर सकती है। प्रियंका गांधी ने अपनी भाषण की शुरुआत ठेठ राजस्थानी भाषा में 'घणी राम राम सा' कहकर शुरुआत की। प्रियंका गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी को घेरते हुए शुरू की। उन्होंने कहा कि मोदी जी राजस्थान में लगातार जो भाषण दे रहे हैं। उनमें जो आरोप और बातें कर रहे हैं।

मप्र में मतदान के बाद सियासी दलों के निशाने पर नौकरशाह

भोपाल, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश में मतदान होने के बाद दोनों प्रमुख राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के निशाने पर नौकरशाह आ गए हैं। दोनों ही ओर से अधिकारियों को हिदायत दी जा रही है और सत्ता में आने पर सबक सिखाने तक की बात कही जा रही है। राज्य की 230 विधानसभा सीटों पर 17 नवंबर को मतदान हुआ है। मतदान के दौरान कई स्थानों पर छिटपुट हिंसा की घटनाएं हुई। छतरपुर जिले के राजनगर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस समर्थक सलमान खान की वाहन से कुचलकर मौत हो गई।

कांग्रेस के उम्मीदवार विक्रम सिंह नाती राजा ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कर भाजपा उम्मीदवार अरविंद पटेरिया सहित अन्य लोगों पर हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कराया। गिरफ्तारी न होने पर कांग्रेस आक्रामक हुई और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह राजनगर पहुंच गए और उन्होंने थाने के सामने धरना दिया। इतना ही नहीं वह खटोली पर रात भर वहीं सोए भी।

कश्मीर में 'चिल्लेकलां' से पहले ही भयानक सर्दी

सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। कश्मीर में चिल्लेकलां (भयानक सर्दी का मौसम) का आगमन अभी एक माह दूर है पर कश्मीरी अभी से ठंड से चिल्लाने लगे हैं। ऐसे में उन्हें चिंता है कि इस बार चिल्लेकलां के दौरान कितनी भयानक सर्दी पड़ेगी। कश्मीर में 21 और 22 दिसम्बर की रात से सर्दी के मौसम की शुरु आत मानी जाती है। करीब 40 दिनों तक के मौसम को चिल्लेकलां कहा जाता है। और इस दिन हुई बर्फबारी कई सालों के बाद सही समय पर हुई है। नतीजतन कुदरत का समय चक्र सुधरा तो कश्मीरियों की परेशानियां बढ़ गई क्योंकि पिछले कई सालों से बर्फबारी के समय पर न होने के कारण वे चिल्लेकलां को ही भुला बैठे थे।

40 दिनों तक चलता चिल्लेकलां

चिल्लेकलां करीब 40 दिनों तक चलता है और उसके बाद चिल्ले खुर्द और फिर चिल्ले बच्चा का मौसम आ जाता है। अभी तक चिल्लेकलां के दौरान 1986 में कश्मीर में तापमान शून्य से 9 डिग्री नीचे गया था जब विश्व प्रसिद्ध डल झील दूसरी बार जम गई थी। वैसे चिल्लेकलां के दौरान कश्मीर के तापमान में जो गिरावट देखी गई है उसके मुताबिक तापमान शून्य से 5 व 7 डिग्री ही नीचे जाता है। हालांकि समय चक्र के सुधार से कश्मीर में पानी की किल्लत और बिजली की कमी जैसी परेशानियों से निजात मिलने की उम्मीद तो जगती है लेकिन कश्मीरी परेशानियों के दौर से गुजरने को मजबूर इसलिए हो जाते हैं क्योंकि पिछले कई सालों से मौसम के खराब रहने के कारण राजमार्ग के बार-बार बंद रहने का परिणाम यह होता है कि कश्मीरियों को चिंता इस बात की रहती है कि उन्हें खाने पीने की वस्तुओं की भारी कमी का सामना किसी भी समय करना पड़ सकता है। पहले कश्मीरी सब्जियो सहित अन्य चीजों का भंडारण कर लेते थे मगर कई सालों से मौसम चक्र के वे इसे भुला बैठे थे। अब महंगे दामों पर खाने पीने की वस्तुएं खरीदनी पड़ती हैं।

देश

उवाच

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस मजबूती से लड़ेगी। इसके लिए प्रदेश में कार्यकर्ताओं व नेताओं से संवाद स्थापित किया जा रहा है। योगी का मॉडल फेल हो चुका है। प्रदेश में आए दिन लोगों की हत्याएं हो रही हैं और प्रदेश सरकार इस पर अंकुश लगाने में नाकाम है।

–अजय राय, कांग्रेस नेता

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	27.0	18.0
मुंबई	30.0	26.0
कोलकाता	28.0	20.0
चेन्नई	29.0	27.0

बाड़मेर में कांग्रेस की निर्दलीय उम्मीदवार से टक्कर

विधानसभा सीट पर पार्टियों में आपसी तकरार से मुकाबला बना दिलचस्प

बाड़मेर,20 नवम्बर (एजेंसियां)। बाड़मेर में कांग्रेस को भाजपा से नहीं, बल्कि निर्दलीय उम्मीदवार से कड़ी चुनौती मिल रही है। बाड़मेर विधानसभा सीट पर तीन बार चुनाव जीत चुके मेवाराम जैन चौथी बार अपनी किस्मत आजमाने के लिए मैदान में हैं। क्षेत्र में कामकाज को लेकर लोगों की बीच उन्हें कुछ नाराजगी भी झेलनी पड़ रही है, लेकिन इसके बाद भी उनके समर्थक उनके साथ हैं। वहीं, भाजपा ने टिकट के स्थानीय दावेदारों की आपसी प्रतिद्वंद्विता को समाप्त करते हुए दीपक कड़वासरा को अपना उम्मीदवार बनाया है। लोगों के बीच कमजोर पकड़ दीपक कड़वासरा की सबसे बड़ी कमी साबित हो रही है। जमीन पर चर्चा है कि केंद्रीय मंत्री अशोक चौधरी की दखल के कारण उन्हें टिकट मिल गया है, इससे उनकी छवि को खासा नुकसान हो रहा है। अशोक चौधरी का क्षेत्र में काफी विरोध हो रहा है। वे कड़वासरा के चुनाव प्रचार तक में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। भाजपा को बाड़मेर में इस स्थिति का नुकसान हो सकता है।

दोनों ही राष्ट्रीय दलों के उम्मीदवारों को सबसे कड़ी चुनौती भाजपा की बागी उम्मीदवार डॉ. प्रियंका चौधरी से मिल रही है। जाट समुदाय के प्रभावशाली राजनीतिक परिवार से आने वाली प्रियंका चौधरी को भाजपा का मजबूत संभावित प्रत्याशी माना जा रहा था। दीपक कड़वासरा को टिकट मिलने के बाद प्रियंका चौधरी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में कूद पड़ीं। स्थानीय निवासी उनकी जीत की प्रबल संभावना जता रहे हैं। जाट समुदाय अपने समाज से आने

■ भाजपा से टिकट न मिलने पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में कूदी प्रियंका चौधरी

वाली लड़की के साथ डटकर खड़ा हुआ है। जाट समुदाय ही नहीं, अन्य स्थानीय समुदाय भी उनके साथ हैं। प्रियंका चौधरी स्वयं अपने चुनाव प्रचार में खुद को हर समाज, हर वर्ग की बेटी बता रही हैं। वे पिछले 15 साल से जमीन पर राजनीतिक तैयारी करती रहीं और जनता के हर संघर्ष में साथ खड़ी रहीं। उन्हें अपने इस संघर्ष का सकारात्मक परिणाम यहां से जीत के रूप में मिल सकता है, उनके कार्रविवों का यही मानना है।

प्रियंका चौधरी को टिकट न मिलने से भाजपा कार्यकर्ता भी नाराज

भाजपा कार्यकर्ता अनिल खत्री ने कहा कि वे नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हैं। लोकसभा चुनाव में उन्हें जिताने के लिए पूरा संघर्ष करेंगे। राजस्थान में भी भाजपा की सरकार बनेगी, लेकिन बाड़मेर में भी भाजपा को वोट करेंगे, क्योंकि भाजपा की असली उम्मीदवार उन्हीं को होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि भाजपा यहां तीसरे-चौथे नंबर पर रहने वाली है। व्यापारी गोविंद कुमार कहते हैं कि मेवाराम के काम ठीक ठाक किया है, लेकिन अब उन्हें बदलाव चाहिए। लोग प्रियंका चौधरी के साथ खड़े हैं। उनकी जीत तय है क्योंकि जनता ने 15 साल उनके संघर्ष को देखा है। अशोक गहलोत के करीबी मेवाराम जैन पर भी प्रवर्तन निदेशालय की जांच की आंच आई थी। इसका उन्हें नुकसान होने की बजाय फायदा होता दिखाई पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों को लगता है कि कांग्रेस के मजबूत सहयोगी को केंद्र के इशारे पर कमजोर करने का काम किया जा रहा है। मेवाराम जैन को इसका लाभ मिल सकता है। स्थानीय निवासी रवि जैन बताते हैं कि 15 साल में मेवाराम जैन ने क्षेत्र का काफी विकास किया है। कांग्रेस के कद्दावर नेता हरीश चौधरी एक बार फिर मजबूत दावेदारी कर रहे हैं। बायतू सीट पर वे अपने काम जनता को गिना रहे हैं। रेगिस्तानी क्षेत्र में लोगों के लिए जल की सुविधा, कोरोना काल में लोगों की मदद उनकी बड़ी ताकत साबित हो रही है।

भाजपा ने तीन सीटों पर संतों पर लगाया दांव

जयपुर। राजस्थान में भाजपा ने तिजारा, पोखरण और हवा महल में कांग्रेस के मुस्लिम उम्मीदवारों के खिलाफ तीन हिंदू संतों को मैदान में उतारा है। राज्य के कुल 5.25 करोड़ मतदाताओं में से 62 लाख से ज्यादा मतदाता मुस्लिम हैं, लेकिन इस बार लंबे समय बाद भाजपा ने कुल 200 में से एक भी सीट पर किसी मुस्लिम नेता को टिकट नहीं दिया। बल्कि, तीन मुस्लिम बहुल सीटों पर संतों को मैदान में उतारा गया है। भगवा पार्टी के नेताओं ने कहा कि इसे ध्रुवीकरण के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, जिससे लंबे समय में भाजपा को फायदा होने की उम्मीद है। पोखरण में, पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान, केवल 872 वोटों ने विजेता को पराजित उम्मीदवार से अलग कर दिया था, इसलिए अब एक हिंदू संत को एक मुस्लिम धार्मिक नेता के बेटे के खिलाफ खड़ा किया गया है। कांग्रेस के मौजूदा विधायक सालेह मोहम्मद का मानना है कि लोग धार्मिक आधार पर नहीं बल्कि उनके विकास कार्यों के लिए वोट करेंगे। वह सीट पर सत्ता विरोधी रुझान को कम करने की उम्मीद कर रहे हैं। अनुमान है कि पोखरण में लगभग 2.22 लाख मतदाता हैं, उनमें से अधिकांश मुस्लिम या राजपूत हैं। यहां करीब 60,000 मुस्लिम, 40,000 राजपूत, 35,000 एससी/एसटी, 10,000 जाट, 6,000 विश्नोई, 5,000 माली और 3,000 ब्राह्मण मतदाता हैं। स्थानीय मुद्दे और पिछले पांच वर्षों में लोगों के साथ नेताओं के व्यक्तिगत संबंध भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

चुनावी दौर में पांच राज्यों में 1760 करोड़ की नकदी, माल-असबाब जब्त : आयोग

सबसे अधिक नकदी तेलंगाना में व सबसे कम मिजोरम में पकड़ी गई

नई दिल्ली, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय निर्वाचन आयोग ने सोमवार को बताया कि पांच राज्यों में इस समय चल रहे विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद उसने इन राज्यों में अब तक कुल 1760 करोड़ रुपए की नकदी, शराब और मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए उन्हें मुफ्त दिए जाने वाले सामान जब्त किए हैं। आयोग ने एक विज्ञप्ति में बताया कि यह जब्ती प्रवर्तन एजेंसियों के सहयोग और समन्वय के साथ की गई है। इन कार्रवाइयों में सबसे अधिक नकदी तेलंगाना में और सबसे कम (शून्य) नकदी मिजोरम में पकड़ी गयी है। इन राज्यों में इस बार की गयी जब्ती इन पांचों राज्यों में 2018 में कराये गये राज्य विधानसभा चुनावों के दौरान इस तरह की जब्ती की तुलना में करीब सात गुना है।

आयोग की चुनाव के दौरान जब्ती की कार्रवाई के लिये स्थापित प्रबंधन प्रणाली और प्रवर्तन एजेंसियों ने अब तक 373 करोड़ रुपए की नकदी, 215 करोड़ रुपए की शराब, 245 करोड़ रुपए की ड्रग, 371 करोड़ रुपए की बहुमूल्य धातुएं, 556 करोड़ रुपए के मुफ्त बांटने के सामान जब्त किए हैं। इस दौरान छत्तीसगढ़ में करीब 21 करोड़ रुपए की नकदी, दो करोड़ रुपए से अधिक की शराब, साढ़े चार करोड़ रुपए से अधिक के मादक द्रव्य, करीब 23 करोड़ रुपए की बहुमूल्य धातुएं और करीब 26 करोड़ 70 लाख रुपए के सामान जब्त किए

गए। मध्य प्रदेश में 33.72 करोड़ रुपए की नकदी, 69.85 करोड़ रुपए की शराब, 15.53 करोड़ रुपए के ड्रग्स, 84.1 करोड़ रुपए की महंगी धातुएं, और 120.53 करोड़ रुपए के सामान जब्त किए गए हैं। मिजोरम में 4.67 रुपए की शराब, 29.82 रुपये की ड्रग्स, और 15.16 रुपए के सामान की जब्ती की गई है। राजस्थान में 93.17 करोड़ रुपए की नकदी, 51.29 करोड़ की शराब, 91.71 करोड़ रुपए के ड्रग्स, 73.36 करोड़ रुपए की मूल्यवान धातुएं तथा 341.24 करोड़ रुपए मूल्य के बांटने के सामान पकड़े गए हैं। तेलंगाना में चुनाव में मतदाताओं को लुभा कर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की अवांछित गतिविधियों की रोकथाम के तहत जब्ती की कार्रवाई में सबसे अधिक 225.23 करोड़ रुपए की नकदी, 86.82 करोड़ रुपए की शराब, 103.74 करोड़ रुपए के ड्रग्स, 191.02 करोड़ रुपए की बहुमूल्य धातुएं तथा 52.41 करोड़ रुपए के सामान पकड़े गएं हैं। मिजोरम, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मतदान कराए जा चुके हैं। राजस्थान और तेलंगाना में क्रमशः 25 और 30 नवम्बर को मतदान होगा।

सार संक्षेप

मप्र कांग्रेस ने शाजापुर जिलाध्यक्ष को पद से हटाया

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस ने शाजापुर जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह बंटी को पद से हटा दिया है। उन पर चुनाव में पार्टी के खिलाफ काम करने का आरोप है। इस संबंध में उनसे सात दिन में जवाब मांगा गया है। मध्य प्रदेश विस चुनाव के बाद कांग्रेस ने अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ही अपने नेताओं पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है। चुनाव में पार्टी के खिलाफ काम करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मप्र कांग्रेस ने पार्टी के खिलाफ काम करने पर शाजापुर जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह बंटी को पद से हटा दिया है। सात दिन में जवाब मांगा है। इसमें संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। योगेंद्र सिंह बंटी पर पार्टी के खिलाफ काम करने और अपने समर्थकों को भाजपा में शामिल कराने का आरोप है।

राजस्थान में मतदान कार्मिकों ने डाक मतपत्रों से किया मतदान

जयपुर। राजस्थान में 25 नवम्बर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में लगे एक लाख 83 हजार से अधिक कार्मिक डाक मतपत्र से अपना मतदान कर चुके हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों, पुलिस अधिकारियों आदि द्वारा सभी जिलों में बने फेसिलिटेशन सेंटर्स पर अब तक एक लाख 83 हजार 467 मत डाले गए हैं। रविवार को 45 हजार 872 मतदान कार्मिकों द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया। गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों एवं अन्य जिलों में चुनाव कार्य में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए फेसिलिटेशन सेंटर स्थापित किये गए हैं। इन केंद्रों पर 24 नवम्बर तक मतदान किया जा सकेगा। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि इन सुविधा केंद्रों के अतिरिक्त प्रत्येक रिटर्निंग अधिकारी स्वयं के कार्यालय में एक सुविधा केन्द्र 22 से 24 नवंबर तक स्थापित

छग में 50 विस क्षेत्रों में महिलाओं ने पुरुषों से ज्यादा किया मतदान

रायपुर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में मतदान के मामले में महिलाएं का प्रतिशत पुरुषों से कहीं ज्यादा रहा है। इसके साथ ही 90 में से 50 विधानसभा क्षेत्रों में भी महिला मतदाता पुरुषों से आगे रही है। छत्तीसगढ़ में दो चरणों सात और 17 नवम्बर को हुए मतदान में कुल एक करोड़ 55 लाख 61 हजार 460 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमे 77 लाख 48 हजार 612 पुरुष मतदाता और 78 लाख 12 हजार 631 महिला मतदाता शामिल हैं। विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाली महिला मतदाताओं की कुल संख्या वोट डालने वाले पुरुष मतदाताओं की कुल संख्या से अधिक है। छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा क्षेत्रों में से 50 विधानसभा क्षेत्रों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने ज्यादा मतदान किया है। भरतपुर-सोनहत, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अंबिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, सारंगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, रामपुर, पालीतानाखार, जैजैपुर, मरवाही, सरायपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ़, राजिम, बिंद्रानवागढ़, सिहावा, डोंडीलोहारा, गुंडरदेही, संजरी-बालोद, धमतरी, दुर्ग शहर, पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, मोहलामानपुर, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों में आकर वोट डालने वाले महिला मतदाताओं की संख्या वोट डालने वाले पुरुष मतदाताओं की तुलना में अधिक है।

मप्र में मतदान के बाद सियासी दलों के निशाने पर नौकरशाह

भोपाल, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में मतदान होने के बाद दोनों प्रमुख राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के निशाने पर नौकरशाह आ गए हैं। दोनों ही ओर से अधिकारियों को हिदायत दी जा रही है और सत्ता में आने पर सबक सिखाने तक की बात कही जा रही है। राज्य की 230 विधानसभा सीटों पर 17 नवम्बर को मतदान हुआ है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के नेतृत्व में भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग और पुलिस महानिदेशक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। साथ ही चुनावी लाभ पाने के लिए अपने ही कार्यकर्ता की हत्या करने का आरोप कांग्रेसियों पर लगाया। भाजपा ने छतरपुर के एसपी समित साधी और राजनगर के धानेदार पर बगैर जांच के मामला दर्ज करने का आरोप लगाया। दोनों अधिकारियों के निलंबन तक की मांग कर डाली। इसी तरह सागर जिले के रहली में भी कांग्रेस उम्मीदवार ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले करने का आरोप लगाया और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी यहां पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री का रुख हमलावर है और उन्होंने अधिकारियों को हिदायतें भी दे डाली। एक अन्य मामला ग्वालियर में भी मतदान के दौरान सामने आया था जब जिलाधिकारी और कांग्रेस उम्मीदवार प्रवीण पाठक के बीच काफी बहस हुई थी। कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री सैयद जाफर ने तो एक्स पर लिखकर उन अधिकारियों का ब्योरा मांगा है, जिन्होंने बीजेपी के लिए काम किया है। उन्होंने लिखा है, जेब में भाजपा का बैज रखकर काम करने वाले अधिकारी सावधान...! कमलनाथ ने सभी प्रत्याशियों को पत्र लिखकर भाजपा की मदद करने वाले अफसरों की लिस्ट भेजने के दिए निर्देश। भाजपा सरकार के इशारों पर काम करने वाले अफसरों की शिकायत कांग्रेस के स्थानीय प्रत्याशियों एवं नेताओं ने की है, कुछ जगह यह शिकायत गंभीर प्रतीत हुई हैं। ऐसे अधिकारी और कर्मचारियों की सूची तैयार की जा रही है जो भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहे थे। उन्होंने आगे लिखा, कमलनाथ ने कहा कि 30 नवम्बर की शाम तक ऐसे अफसरों की सूची आवश्यक रूप से पहुंचाई जाए, जो भाजपा को अनैतिक लाभ पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

■ दोनों ही राष्ट्रीय दलों की ओर से अधिकारियों को दी जा रही हिदायत

■ सत्ता में आने पर सबक सिखाने तक की कही जा रही बात

मतदान के दौरान छिटपुट हिंसा की घटनाओं से राजनीति गरमाई

मध्य प्रदेश में मतदान के दौरान कई स्थानों पर छिटपुट हिंसा की घटनाएं हुईं। छतरपुर जिले के राजनगर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस समर्थक सलमान खान की वाहन से कुचलकर मौत हो गई। कांग्रेस के उम्मीदवार विक्रम सिंह नाती राजा ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कर भाजपा उम्मीदवार अरविंद पटेरिया सहित अन्य लोगों पर हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कराया। गिरफ्तारी न होने पर कांग्रेस आक्रामक हुई और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह राजनगर पहुंच गए और उन्होंने थाने के सामने धरना दिया। इतना ही नहीं वह खटोली पर रात भर वहीं सोए भी। इस मामले में भाजपा ने भी कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

मानकोंदूर में आयोजित आशीर्वाद सभा में बोले केसीआर

कांग्रेस के शासनकाल में किसान कर्ज में डूबे

मानकोंदूर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने सोमवार को मानकोंदूर में आयोजित आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के पचास साल के शासनकाल में कर्ज में डूबे किसानों का दल दूट गया और उनकी मौत होती रही। इंदिरम्मा के राज्य में चावल नहीं था। अगर इंदिराम्मा का राज्य अच्छा था तो एनटी रामाराव की पार्टी क्यों बनी। तब आपको दो रुपए प्रति किलो चावल मिलना शुरू हुआ। इंदिरम्मा के राज्य में आपातकाल की स्थिति थी, सभी को गिरफ्तार किया जा रहा था, सरकारों को उखाड़ फेंका जा रहा था। हमने 1956 में तेलंगाना को आंध्र में विलय नहीं करने का निर्णय लिया तो हमारी इच्छा के विरुद्ध उसे जबरन विलय कर दिया गया। कांग्रेस की गलती के कारण 58 साल तक तेलंगाना अस्तित्व में नहीं आया।

1969 के तेलंगाना आंदोलन में कांग्रेस सरकार ने तेलंगाना के 400 बच्चों को बटेर की तरह गोली मार दी थी। 2004 में वह तेलंगाना देने के लिए हमारे साथ गठबंधन करके केंद्र और राज्य में सत्ता में आए, लेकिन हमें तेलंगाना नहीं मिला। कांग्रेस पार्टी ने बीआरएस पार्टी को विभाजित करने की साजिश रची। हम डटकर लड़े और देश की 33 पार्टियों का समर्थन लेकर आए हैं, तब वे तेलंगाना देने तैयार हुए। बीआरएस पार्टी का गठन तेलंगाना राज्य की उपलब्धि और तेलंगाना के लोगों के अधिकारों के लिए हुआ है।

मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि बीआरएस पार्टी का कांग्रेस से 15 साल तक लड़ने का इतिहास है। तेलंगाना मिलने के बाद हालात और खराब हो गए। ताजा पानी, सिंचाई का पानी, बिजली नहीं था, हथकरघा श्रमिकों के बच्चे मर जाते थे। किसान आत्महत्या करते थे। कांग्रेस शासनकाल में पेंशन मात्र 200 रुपए थी। बीआरएस सरकार ने पेंशन को पहले 1,000 रुपए और फिर 2,000 रुपए तक बढ़ा दिया। चुनाव के बाद पेंशन बढ़ाकर 5000 रुपए कर दी जाएगी।

कांग्रेस की गलती के कारण 58 साल तक तेलंगाना अस्तित्व में नहीं आया : चंद्रशेखर राव

भाजपा को वोट देना लोगों को मारने जैसा : केसीआर

प्रधानमंत्री मोदी ने मोटर नहीं लगाने पर तेलंगाना को 25 हजार करोड़ रुपये का झटका दिया। भाजपा बेशर्मी से तेलंगाना के लिए वोट कैसे मांग सकती है। उस भाजपा को एक भी वोट मत देना जिसने तेलंगाना को एक भी मेडिकल कॉलेज या एक भी नवोदय विद्यालय दिए बिना 25 हजार करोड़ रुपए डुबो दिए हैं। यदि आप भाजपा को वोट देते हैं, तो यह लोगों को मारने जैसा है।

राजस्थान में 60 हजार से अधिक बुजुर्ग व दिव्यांगों ने घर बैठे डाले वोट

जयपुर, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में 25 नवम्बर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग की होमवोटिंग की पहल के प्रति बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं में उत्साह है और इसके प्रथम चरण में प्रदेश भर में इन श्रेणियों के 60 हजार से अधिक मतदाताओं ने घर बैठे अपने मताधिकार उपयोग किया। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि पहले चरण में 60 हजार 424 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया।

गुप्ता ने बताया कि होम वोटिंग के दौरान अब तक 1220 मतदाता घर पर नहीं मिले जबकि इस सुविधा के लिए पात्र 884 मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में 96.64 प्रतिशत बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग की है। इनमें 96.49 प्रतिशत बुजुर्ग एवं 97.56 प्रतिशत दिव्यांग शामिल हैं। विधानसभा आम चुनाव के तहत प्रदेश में 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक



दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा का विकल्प दिया गया है। प्रदेश में हीम वोटिंग के पहले पांच दिन में 47196 बुजुर्ग तथा 20,161 दिव्यांग एवं रविवार को 1485 बुजुर्ग एवं 286 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ लिया।

उन्होंने बताया कि पात्र 62 हजार 927 मतदाताओं ने विकल्प के तौर पर होम वोटिंग सुविधा के लिए आवेदन किया है। विशेष मतदान दल ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान करवा रहे हैं।

पोस्टल बैलेट के माध्यम से पहले चरण में 19 नवम्बर तक घर पर ही

चुनाव *मध्य प्रदेश के मालवा निमाड़ में उम्मीद से कम वोटिंग ने बढ़ाई कांग्रेस-भाजपा की चिंता*

13 सीटों पर बीते विधानसभा चुनाव से भी कम हुआ मतदान

इंदौर, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। विधानसभा चुनाव 2023 के मतदान के अंतिम आंकड़े चुनाव आयोग द्वारा जारी कर दिए गए हैं। प्रदेश में 2533 उम्मीदवारों का भाग्य वोटिंग मशीनों में बंद हो गया है, बस इंतजार है तो 3 दिसंबर का। उस दिन सभी के भाग्य का फैसला हो जाएगा। मालवा-निमाड़ में विधानसभा की 66 सीटें हैं। इसमें से 22 अनुसूचित जनजाति।

नौ अनुसूचित जाति और 35 सामान्य के लिए आरक्षित हैं। सभी दलों के नेताओं ने मालवा निमाड़ में चुनावी सभाओं को सम्बोधित किया है। मालवा-निमाड़ में हुए मतदान की बात करें तो वर्ष 2018 के मुकाबले मात्र 0.47 प्रतिशत मतदान ज्यादा हुआ है, जबकि 2013 के मुकाबले 2018 में 3.39 प्रतिशत मतदान अधिक हुआ था। मालवा निमाड़ में मतदान के प्रति जागरूकता या मतदाताओं की बेरुखी एक चिंता का विषय है। मालवा निमाड़ की 66 सीटों पर 2018 के मुकाबले सबसे कम मतदान बड़वानी में हुआ, जो वर्ष 2018 में 5.25 प्रतिशत कम है, जबकि 2018 में यह सीट भाजपा के पास थी। पिछले विधानसभा चुनाव में हुए मतदान प्रतिशत करीब 13 स्थानों पर इस बार मतदान कम हुआ है, मांधाता, खंडवा, पंधाना, बड़वाह, पेटलावद, गंधवानी, मनावर, बदनावर, महू, जावद, देवास, खातेगांव और बागली में कम मतदान में शामिल है। इन 13 कम मतदान सीटों पर 7 भाजपा और 6 कांग्रेस के पास थी, जाहिर है दोनों के पास सीटों का सामान्य अंतर है। इलाके की 26 सीटों पर पिछले चुनाव के मुकाबले एक प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। इसमें से पिछले चुनाव में 13 स्थान कांग्रेस, 12 भाजपा और 1 निर्दलीय के पास था।

■ मालवा-निमाड़ में हैं विधानसभा की 66 सीटें

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.), फोन नं. 0771 - 4222611, 4222612
ई-मेल: recovery.raipur@bankofbaroda.com

अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस

यह बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदारों / जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की थई थी। उक्त मांग नोटिसों में, अंकित धनराशि को संबंधित कर्जदारों से, उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले कर्जदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अतः एतद् द्वारा संबंधित कर्जदारों/जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया है जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	शाखा का नाम /फोन नं.	उधारकर्ता /जमानतदार का नाम	प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण	मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक/भौतिक कब्जा तिथि
01	न्यू राजेन्द्र नगर शाखा रायपुर 9109993950	श्री जिवेंद्र सिंह चंदेल और श्रीमती चंद्रिका सिंह	मकान नं. 28, फेज - 2, खुशी वाटिका, बीआईपी रोड, अमलीडीह, रायपुर, छ.ग. - 492006 संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अविभाज्य अंग जिसमें शामिल नगर निगम हाउज़ नं. - 52/06, यूआईडी नं. RPA446000021, प्लाट/हाउज़ नं. 06, परिवर्तित आवासीय भूमि से संबंधित खसरा नं - 251/9 (पुराना खसरा नं 251/4), क्षेत्रफल- 492 वर्गमीटर 45.72 वर्गमीटर या 0.0046 हेक्टेयर, " खुशी वाटिका " स्थित फ्लैट / मौजा-अमलीडीह, प.ह.नं. 69/70, शहीद डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड, वार्ड नं - 46, आरआईसी रायपुर- 01, तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.) है जो श्रीमती चंद्रिका सिंह के नाम पर है सीमाएं: उत्तर- चेतन साहू की भूमि, दक्षिण- गोचाल का मकान, पूर्व- रोड, पश्चिम- विश्रामघर का मकान.	12.09.2023 रु.12,83,842.00 + ब्याज + अन्य प्रभार 18.11.2023 सांकेतिक कब्जा

उपरोक्त एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा।

हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं।

दिनांक: 21.11.2023, स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

दुनिया रंग-बिरंगी

द रेलवे मेन में जगमोहन का किरदार निभाना भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण था : सनी हिंदुजा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सनी हिंदुजा का कहना है कि वेबसीरीज द रेलवे मेन में जगमोहन का किरदार निभाना उनके लिये भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण था। सनी हिंदुजा को एस्पिरेंट्स सीजन 1 और सीजन 2 के साथ-साथ स्पिन-ऑफ शो संदीप भैया में संदीप भैया के किरदार के लिए खास पहचान मिली। अब, वह यशराज फिल्म्स की शुरुआती वेब सीरीज, द रेलवे मेन में अपने परफॉर्मन्स के लिए तारीफ बटोर रहे हैं। सनी ने जगमोहन कुमावत का किरदार निभाया है, जो एक सिद्धांतवादी पत्रकार है जो वास्तविक जीवन के बराबर से प्रेरित है। शो में, वह एक बड़ी आपदा का सामना कर रहे अपने शहर की सुरक्षा के लिए न्याय की तलाश में निकलता है।

'बन टिक्की' से बॉलीवुड में कमबैक करेंगी जीनत अमान

मुंबई, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। जानीमानी अभिनेत्री जीनत अमान फिल्म 'बन टिक्की' से बॉलीवुड में कमबैक करने जा रही है। जीनत अमान काफी समय से फिल्मों से दूर हैं। जीनत अमान मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की फिल्म 'बन टिक्की' के साथ फिल्मों में कमबैक करने की तैयारी कर रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ शबाना आजमी और अभय देवोल मुख्य भूमिका में होंगे।

मनीष मल्होत्रा ने बताया कि द ग्रेट शबाना आजमी और जीनत अमान दोनों का मैं बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं। उनकी फिल्मों से लेकर उनके गानों से लेकर उनके कपड़ों तक। वे एक-दूसरे से बहुत अलग हैं और दोनों के पास यादगार फिल्में हैं, जो हम सभी को पसंद हैं। यह मेरे लिए बहुत खुशी की बात है कि जीनत अमान और शबाना जी दशकों के बाद हमारे दूसरी प्रोडक्शन फिल्म बन टिक्की के लिए एक साथ आ रही हैं। यह एक संवेदनशील फिल्म है, जिसे फराज आरिफ अंसारी द्वारा लिखा और निर्देशित किया गया है। दोनों के साथ फिल्म में अभय देओल नजर आएंगे। शूटिंग इस महीने शुरू हो रही है और हम सभी इस अनूठी फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हैं।

'बन टिक्की' का निर्माण मनीष मल्होत्रा के बैनर, स्टेज 5 प्रोडक्शंस के तहत ज्योति देशपांडे, दिनेश मल्होत्रा और मरिजके देसूजा द्वारा किया जा रहा है।

गर्भवती महिलाओं में एनीमिया का बढ़ रहा प्रकोप

- मानव शरीर में लौह तत्वों की कमी एनीमिया का मुख्य कारण
- खून की कमी की वजह से शिशु का भी वजन कम

देहरादून, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के देहरादून स्थित संजय ऑर्थोपीडिक, स्पाइन एवं मैटरनिटी सेन्टर द्वारा सोमवार को आयोजित वेबिनार में राष्ट्पति द्वारा सम्मानित स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुजाता संजय ने गर्भावस्था के दौरान खून की कमी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान, महिलाओं में एनीमिया की शिकायत आम हो रही है। इसलिए उन्हें नित्य प्रति आयरन की खुराक लेना चाहिए।

इस जन-जागरूकता व्याख्यान में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश एवं पंजाब राज्यों के 145 से अधिक मेडिकल नर्सिंग छात्र-छात्राओं एवं किशोरियों ने भाग लिया।

डॉ. सुजाता ने वेबिनार में बताया कि मानव शरीर में लौह तत्वों की कमी एनीमिया का मुख्य कारण है। इससे ज्यादातर महिलाएं और बच्चे पीड़ित होते हैं। इसके शिकार किसी भी मौसम में हो सकते हैं।

इसकी अनदेखी खतरनाक हो सकती है। गर्भावस्था के दौरान खून की कमी की वजह से गर्भवती महिला को समय से पहले प्रसव दर्द होना आम बात है। खून की कमी की वजह से शिशु भी कम वजन वाला और कमजोर पैदा होता है और कई बार खून की कमी की वजह से प्रसव के दौरान बच्चा-बच्चा की मौत भी हो जाती है। उन्होंने कहा कि जच्चा-बच्चा स्वस्थ्य रहे, इसके लिए गर्भावस्था में महिलाओं को आयरन, विटामिन, मिनरल की ज्यादा जरूरत होती है। भोजन में पोषक तत्वों की कमी महिलाओं को एनीमिक बना देती है। एक स्वस्थ महिला में हिमोग्लोबिन की मात्रा 12 ग्राम होनी चाहिए।

डॉ. सुजाता के अनुसार, महिलाओं को गर्भावस्था में सबसे बड़ा खतरा एनीमिया का होता है। महिलाओं को खान-पान में पोषक तत्वों का अभाव रहने की वजह से मातृ मृत्यु-दर के अधिकतर मामलों में खून की कमी प्रमुख कारण बनती हैं। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ और तंदुरुस्त रहने के लिए अन्य पोषक तत्वों के साथ-साथ आयरन की भी जरूरत होती है। आयरन ही हमारे शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण करता है। यह कोशिकाएं ही शरीर में हीमोग्लोबिन बनाने का काम करती हैं। हीमोग्लोबिन फेफड़ों से ऑक्सीजन लेकर रक्त में आक्सीजन पहुंचाता है। इसलिए आयरन की कमी से शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी हो जाती है और हीमोग्लोबिन कम होने से शरीर में ऑक्सीजन की कमी होने लगती है। इसकी वजह से कमजोरी और थकान महसूस होती है, इसी स्थिति को एनीमिया कहते हैं। एक अध्ययन में यह भी देखने को मिला कि मलिन बस्तियों की महिलाओं को आयरन की गोलियां के बारे में तो जानकारी होती है, लेकिन वह एनिमिया से अंजान होती हैं। उन्हें यह भी पता होता है कि सरकार की ओर से उन्हें आयरन की गोलियां मुफ्त में दी जाती हैं। डॉ. सुजाता ने बेवीनार में यह भी बताया कि गर्भवस्था के दौरान एनीमिया की कमी जन्म लेने बच्चे के लिए काफी घातक साबित हो सकता है। जिसमें शिशु जन्म के दौरान माँ की मौत, प्रीमेच्योर बच्चा पैदा होना, जन्म के वक्त बच्चे का वजन काफी कम होना, मृत बच्चे का भी जन्म लेना और बच्चे के दिमाग पर भी असर पड़ सकता है। डॉ. सुजाता ने एनिमिया के बचाव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि गर्भावस्था में महिलाओं को संतुलित आहार लेना आवश्यक होता है। जैसे पत्ते वाली हरी साग-सब्जियां खाना चाहिए। साथ ही मौसमी फलों के सेवन के साथ टमाटर, चुकंदर, पीन खजूर, गुड़, सेब, दूध आदि का सेवन जरूर करना चाहिए।

विश्व कप के बाद आलिया, करीना ने टीम इंडिया पर बरसाया प्यार, कहा 'हमारा दिल जीत लिया'

मुंबई, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड कप फाइनल मैच हारने के बाद बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट और करीना कपूर खान ने भारतीय टीम की प्रशंसा करते हुए नोट शेयर किया और खिलाड़ियों के प्रति अपना प्यार और सम्मान दिखाया। आलिया ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर टीम इंडिया की एक तस्वीर शेयर की और लिखा कि हमारा दिल अपने हमेशा के लिए जीत लिया है। अच्छा खेला टीम इंडिया ने... हमारा सिर गर्व से ऊंचा है।

करीना ने भी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर भारतीय टीम की एक तस्वीर साझा की और कहा कि टीम इंडिया के लिए प्यार और सम्मान, कड़ा मुकाबला, लेकिन अच्छी तरह से खेली भारतीय टीम। गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए वर्ल्ड कप 2023 के मैच में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया ने हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी की और 240 रन पर आउट हो गया। इस बीच, वर्कफ्रेंज की बात करें तो आलिया 'जिगरा' में नजर आएंगी। वहीं, करीना की अगली फिल्म 'द बर्किंघम मर्डर्स' और 'द क्रू' हैं।

टीम इंडिया के लिए शाहरुख खान का संदेश, 'मैच में आपने शानदार जज्बा दिखाया'

सुपरस्टार शाहरख खान ने वर्ल्ड कप फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद टीम इंडिया के लिए एक शानदार नोट लिखा। उन्होंने देश को गौरवान्वित करने के लिए खिलाड़ियों को धन्यवाद दिया। रविवार को, ऑस्ट्रेलिया ने अहमदाबाद में फाइनल मैच में मेजबान भारत को 6 विकेट से हरा दिया। एक्स पर शाहरख ने लिखा कि जिस तरह से भारतीय टीम ने इस पूरे टूर्नामेंट को खेला है वह सम्मान की बात है और उन्होंने शानदार भावना और दृढ़ता दिखाई है। 'यह एक खेल है और इसमें हार-जीत लगी रहती हैं... लेकिन क्रिकेट में हमें इतना गौरवान्वित करने के लिए टीम इंडिया को धन्यवाद... आप पूरे भारत में बहुत खुशी लाती हैं। प्यार और रिस्पेक्ट।

सुनील शेट्टी ने की टीम इंडिया की सराहना, कहा कि हमारा सिर हमेशा गर्व से ऊंचा रहेगा



'मैं हूं ना', 'बॉर्डर', 'ए जेंटलमैन' और अन्य फिल्मों के लिए मशहूर बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने भारतीय क्रिकेट टीम की सराहना की है। वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलियाई टीम से भारत को हार मिली, जिससे क्रिकेट फैंस का दिल टूट गया।हालांकि, सुनील ने टीम के प्रयासों और प्रदर्शन की सराहना की है। एक्टर ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि ऑस्ट्रेलिया को वर्ल्ड कप फाइनल पर जीत पर बधाई! लेकिन, पूरे टूर्नामेंट में टीम इंडिया की ताकत को नजरअंदाज न करें, जिसने लगातार 10 मैच जीते हैं। उन्होंने आगे कहा कि बल्लेबाजों और गेंदबाजों के समान रूप से शानदार परफॉर्मेंस वाली वर्ल्ड-क्लास टीम।

उपन्यास 'फायर बर्ड' को जेसीबी साहित्य पुरस्कार

नई दिल्ली, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। लेखक पेरूमल मुरुगन के उपन्यास 'फायर बर्ड' को वर्ष 2023 के जेसीबी साहित्य पुरस्कार दिया गया है। राष्ट्रीय राजधानी के ताज मानसिंह होटल में आयोजित भव्य समारोह में मुरुगन को पुरस्कारस्वरूप 25 लाख रुपए और अनुवादक जननी कन्नन को 10 लाख रुपए की नकद राशि प्रदान की गई।

समारोह में जेसीबी इंडिया लिमिटेड के सीईओ और प्रबंध निदेशक दीपक शट्टी ने मुरुगन को एक सुंदर कलाकृति 'मिरर मेल्टिंग' सम्मान के रूप में प्रदान किया। मुरुगन और कन्नन किसी कारणवश समारोह में उपस्थित नहीं हो सके जिसके कारण पुस्तक की तमिल प्रकाशक और अंग्रेजी संस्करण की संपादक मानसी सुब्रमण्यम ने पुरस्कार ग्रहण किये।

इस मौके पर शेट्टी ने कहा कि भारत के प्रति लॉर्ड बैमफोर्ड परिवार की प्रतिबद्धता और स्नेह के प्रतीक के रूप में साहित्य के लिए जेसीबी साहित्य पुरस्कार की शुरूआत की गई थी। मात्र छह वर्षों की अवधि में, इसने अपनी मौलिकता के कारण साहित्य जगत में अपने लिए एक विशिष्ट जगह बना ली है, जो विभिन्न संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करने वाली भारतीय भाषाओं में लेखन को पुरस्कृत करती है और उनकी सफलता के महोत्सव में शामिल होती है।

सलेम अद्वूर और नमक्कल के सरकारी आर्ट कॉलेज में तमिल भाषा के प्रोफेसर रहे मुरुगन ने 12 उपन्यास, 6 लघुकथा संग्रह, 6 कविता संग्रह, और अन्य कई नॉन फिक्शन किताबें लिखी हैं। इनमें से 10 उपन्यासों को को अंग्रेजी में अनुवाद किया गया है। उनके लिखे उपन्यासों में सीजन्स ऑफ द पाम (वर्ष 2005 में किरियामा पुरस्कार के लिए चयनित), करंट शो, वन पार्ट वुमन, ए लोनली हार्वेस्ट, ट्रेल बाय साइलेंस, पूनाची या द स्टोरी ऑफ ए गोट, रिजॉल्व, एस्ट्रुअरी, राइजिंग हीट और पायर शामिल हैं।

इन दिनों अमेरिका में निवासरत कन्नम पेशे से आर्किटेक्ट, अनुवादक, सिंगर और मैराथन रनर हैं। उन्होंने हाल ही में अपना पहला अनुवाद पेरूमल मुरुगन लिखित पहले उपन्यास 'राइजिंग हर्ट' का अनुवाद किया है। इसके अलावा तमिल संस्कृति से जुड़ी पुरानी दंतकथाओं, पाककला और वास्तुशिल्प की जानकारियों के संग्रह और प्रचार में उनकी रुचि है।

'धूम' निर्देशक संजय गढ़वी के अंतिम संस्कार में पहुंचे तब्बू, आशुतोष गोवारिकर

मुंबई, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। सोमवार को निर्देशक संजय गढ़वी का अंतिम संस्कार ओशिवारा श्मशान घाट में हुआ। उनके अंतिम संस्कार में एक्ट्रेस तब्बू, फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर और सिद्धार्थ आनंद पहुंचे।

'धूम' फ्रेंचाइजी के डायरेक्टर का रविवार को मुंबई में निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी पत्नी जिना और दो बेटियां हैं। संजय गुजराती लोक साहित्य के एक प्रमुख व्यक्ति मनुभाई गढ़वी के बेटे हैं।

उन्होंने अपने निर्देशन की शुरुआत 'तेरे लिए' से की थी। 'मेरे यार की शादी है' के बाद, उन्होंने 'धूम' के साथ जबरदस्त सफलता दर्ज की, और इसके बाद इसका सीक्वल 'धूम 2' आया।

एक्टर अभिषेक बच्चन ने रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर संजय गढ़वी की एक अनदेखी तस्वीर शेयर की है। उन्होंने लिखा कि संजू, जब मैंने पिछले हफ्ते आपसे बात की थी और हम अपनी शूटिंग और यादों को याद कर रहे थे, तो मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मुझे इस तरह की पोस्ट लिखनी पड़ेगी।

रविवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक भावुक नोट लिखा कि संजू, जब मैंने पिछले हफ्ते आपसे बात की थी, और हम अपनी शूटिंग और यादों को याद कर रहे थे तो मैंने कभी अपने पागलपन भरे सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मुझे इस तरह की पोस्ट लिखनी पड़ेगी।

उन्होंने आगे लिखा कि आपको मुझ पर विश्वास था, तब भी जब मुझे विश्वास नहीं था। आपने मुझे मेरी पहली हिट दी। मैं इसे कभी नहीं भूल सकता या यह व्यक्त नहीं कर पाऊंगा कि इसका मेरे लिए क्या मतलब था। मैं आपकी दोस्ती को हमेशा संजो कर रखूंगा।

अबूझमाड़ के खिलाड़ी अब अमेरिका में दिखाएंगे जलवा

अबूझमाड़ को सबसे पहले 1960 के दशक में चेंदरू के कारण मिली पहचान

जगदलपुर, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले का अबूझमाड़ क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है जिसे पूर्ण रूप से आज तक भी नहीं बूझा जा सका है, किंतु इस क्षेत्र के कुछ लोगों के कारण अबूझमाड़ भारत ही नहीं वरन पूरी दुनिया में मशहूर हो गया।

पिछले दिनों एक टीवी शो, इंडियाज गॉट टैलेंट 10 के शो में अबूझमाड़ मल्लखंभ अकादमी के बच्चों और युवाओं ने भाग लेते हुए अपनी कला का लोहा मनवा लिया और अबूझमाड़ को एक नई पहचान दी। अब ये बच्चे अमेरिका में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले हैं।नारायणपुर के अबूझमाड़ को सबसे पहले पहचान 1960 के दशक में चेंदरू के कारण मिली। नारायणपुर का चेंदरू मंडावी अपने अद्भुत शौर्य का परिचय देते हुए भारत ही नहीं वरन पूरी दुनिया में बस्तर का नाम रोशन किया। आदिवासी अंचल के 10 वर्षीय बालक चेंदरू मंडावी ने विदेशी फिल्म में वह अनूठा कारनामा कर दिखाया जो आज तक किसी ने नहीं किया। 1955 में प्रारंभ हुई स्वीडिश फिल्म द जंगल सागा में बतौर मुख्य भूमिका निभाने वाला अंतरराष्ट्रीय फिल्म का नायक चेंदरू, बाघों और तेंदुओं के बीच रहता हुआ दिखा गया और उसने फिल्म में मानव और वन्य प्राणियों के बीच रहकर मानवता का परिचय दिया। फिल्म निर्माण में लगभग दो वर्ष का समय लगा। फिल्म पहली बार स्वीडन में 26 दिसंबर 1957 में दिखाई गई। वर्ष 1958 में कांस फिल्म फेस्टिवल में भी इसे प्रदर्शित किया गया था।

यहां के मल्लखंभ के खिलाड़ी अब अमेरिका जाने वाले हैं।

कोच मनोज प्रसाद ने बताया कि खिलाड़ी अब अमरीका गॉट टैलेंट में जलवा दिखाने तैयार हैं। इसके लिए खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है।

अमरीका गॉट टैलेंट सीजन-19 का हिस्सा बनने के लिए कोच की कार्यक्रम के साथ दो मीटिंग हो चुकी है। दिसंबर में अंतिम बैठक ऑनलाइन होगी। इसके बाद खिलाड़ियों के जाने का फैसला हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन-10 में खिलाड़ियों ने विनर का खिताब अपने नाम किया था। जिसके बाद अमरीका गॉट टैलेंट के प्रोड्यूसर ने इसमें दिलचस्पी दिखाई। इससे प्रोड्यूसर जॉन एवं लुके के साथ कोच मनोज प्रसाद की आपसी संपर्क के बाद बातचीत हुई।

54वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव शुरू

गोवा, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। गोवा में सोमवार से 54वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव-आईएफएफआई शुरू हो रहा है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन और अन्य इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव फिल्म पृथुल कुमार के अनुसार, हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता माइकल डगलस सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार स्वीकार करेंगे।

पृथुल कुमार ने कहा कि इस वर्ष आईएफएफआई को 105 देशों से रिकॉर्ड संख्या में 2,926 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं, जो पिछले वर्ष की तुलना में है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन और अन्य इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव फिल्म मलयालम फिल्म 'अट्टम' है, और गैर-फीचर सेक्शन में मणिपुर की 'एंड्रो ड्रीम्स' है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज (ओटीटी) पुरस्कार की शुरुआत ओटीटी प्लेटफार्मों की समृद्ध सामग्री और इसके रचनाकारों को स्वीकार करने, प्रोत्साहित करने और सम्मानित करने के उद्देश्य से की गई है।

उन्होंने कहा कि 15 ओटीटी प्लेटफार्मों से 10 भाषाओं में 32 प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। विजेता श्रृंखला को पुरस्कार राशि के रूप में प्रमाण पत्र और 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा, जिसकी घोषणा समापन समारोह में की जाएगी।

जम्मू कश्मीर में मौसम के दो रंग

कश्मीर में ठंड और कोहरा, जम्मू में चटक धूप

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर में मौसम के जो दो रूप देखने को मिल रहे हैं उसने कईयों को परेशानी में डाल रखा है। अगर कश्मीर में कोहरे और सर्दी के कारण छात्र व पर्यटक परेशान हैं तो जम्मू में चटक धूप परेशान किए हुए है। कश्मीर में रात का तापमान शून्य को छू जाने के बाद स्कूलों में सर्दियों की छुट्टियां एकाध दिन में घोषित होने की उम्मीद की जा रही है।

आज सुबह तीसरे दिन श्रीनगर में घना कोहरा छाया। यहां लोगों को कड़ाके की ठंड का अहसास हुआ। वहीं, जम्मू शहर में सोमवार की शुरुआत चटक धूप के साथ हुई। श्रीनगर मौसम विभाग के अनुसार 27 से 30 नवम्बर के दौरान छिटपुट स्थानों पर बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

कई इलाकों में कोहरा छाए रहने के साथ, जम्मू कश्मीर में ठंड की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में सोमवार को मौसम का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर में लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जो पिछली रात के 0.9 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से 0.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि राजधानी शहर में साल के इस समय में तापमान सामान्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस कम था।

■ कश्मीर के स्कूलों में सर्दियों की छुटिट्यां घोषित होने की उम्मीद बढ़ी

कोहरा इतना घना छाया हुआ था कि स्कूल बसों और वाहनों को इस सर्दी में भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। एक छात्र ने बताया कि सुबह के शुरुआती घंटों में कोहरा बहुत घना होता है। वहीं जब भी कोई घर से बाहर निकलता है तो 50 फीट से अधिक दृश्यता नहीं होती है। यातायात के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए फ्लड लाइट को सेवा में लगाया गया है। वहीं बारिश होने पर स्थिति बदल सकती है। उन्होंने चिंता जताई कि यहां सर्दी की शुरुआत के साथ ही ठंड भी कड़ाके की पड़ने वाली है। इस बीच प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन आफ जम्मू एंड कश्मीर (पीएसएजेके) ने सरकार से शून्य से नीचे तापमान और कोहरे की स्थिति के कारण प्राथमिकता के तौर पर स्कूलों, खासकर निचली कक्षाओं के लिए शीतकालीन छुट्टियों की घोषणा करने का आग्रह किया है।

एसोसिएशन ने चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कई अभिभावकों और स्कूलों से प्रतिनिधित्व प्राप्त करने की सूचना दी। पीएसएजेके के एक प्रवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि छोटे बच्चों को ऐसे मौसम में जल्दी उठने और स्कूल के लिए तैयारी करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। प्रवक्ता का कहना था कि हम एक विकसित राष्ट्र नहीं हैं जहां घर, बसें और स्कूल सभी केंद्रीय रूप से गर्म हैं। हमें मौसम के अनुसार समायोजन करना होगा। यहां तक कि माता-पिता के लिए भी, अपने बच्चों को स्कूलों के लिए तैयार करना एक कठिन काम है।

रायपुर, मंगलवार 21 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में टीम इंडिया और खेल भावना की हार

रविवार 19 नवंबर 2023 का दिन भारत के लिए ऐतिहासिक हो सकता था। 1983 और 2011 की तरह टीम इंडिया क्रिकेट विश्वकप तीसरी बार जीत सकती थी। लेकिन खेल है तो हार-जीत लगी रहती है। और इस बार टीम इंडिया सभी मैचों में अपराजेय रहने के बावजूद फाइनल का मुकाबला हार गई। इसका मतलब यही है कि भारतीय टीम मजबूत है, उसके पास बेहतरीन खिलाड़ी हैं, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पास अकूत धन-संपत्ति है, जिससे वो सभी तरह की सुविधाएं और साधन खिलाड़ियों को मुहैया करा सकती है। यह सब होने के बावजूद भारतीय टीम ठीक-ठाक स्कोर बनाकर भी हार गई, तो इस हार को गरिमा के साथ स्वीकार करने में ही क्रिकेट की शोभा है, जिसे भद्रजनों का खेल भी कहा जाता है। लेकिन अफसोस कि इस बार क्रिकेट विश्वकप की मेजबानी करते हुए भारत में न केवल भारतीय टीम हारी, बल्कि खेल भावना भी नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में बुरी तरह मात खाती नजर आई।

दरअसल खेल भावना की हार की पटकथा तो उसी दिन से लिखनी शुरु हो गई थी, जब सरदार पटेल के नाम पर बने स्टेडियम को मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर किया गया। इतने बड़े देश में कई और नए स्टेडियम बनाए जा सकते हैं और इनमें से किसी का भी नाम प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर हो सकता था, लेकिन तुच्छ राजनैतिक सोच के कारण नाम बदलने का जो सिलसिला शुरु हुआ है, उसका एक और उदाहरण नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में देखने मिला। 1 लाख 32 हजार लोगों को बिठाने की क्षमता वाले स्टेडियम का जब फिर से उद्घाटन हुआ था, तो यहां कोई खेल प्रतियोगिता आयोजित न होकर नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम किया गया। खेल और राजनीति के घालमेल का यह मोदीयुगीन उदाहरण था। इसके बाद ऐसी कई और मिसालें देखने मिली हैं।

महिला पहलवानों ने अपने साथ हुए यौन शोषण की न केवल शिकायत की, बल्कि इसके लिए अदालत तक से गुहार लगा दी, जंतर-मंतर पर लंबा धरना-प्रदर्शन किया। लेकिन जिस ब्रजभूषण शरण सिंह पर मुख्यत: आरोप हैं, वो आज भी संसद में मौजूद है और पीड़ित खिलाड़ी इंसाफ की बाट जोह रहे हैं। इन खिलाड़ियों के समर्थन में संसद में ही मौजूद नामचीन खिलाड़ी पी टी उषा ने कोई आवाज नहीं उठाई, उल्टा उन्हें नसीहत दे दी। लेकिन भारत को पहला विश्वकप दिलाने वाले कपिल देव ने महिला खिलाड़ियों के हक में आवाज उठाई थी, तो वे इस बार नरेन्द्र मोदी स्टेडियम नहीं पहुंच पाए। कपिल देव ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि वे तो चाहते थे कि उनके साथ पहली बार विश्वकप उठाने वाली पूरी टीम फाइनल मुकाबला देखने पहुंचती, लेकिन बीसीसीआई शायद इतने जरूरी कामों में व्यस्त है कि उन्हें फाइनल मुकाबला देखने के लिए आमंत्रित ही नहीं किया गया। वैसे ये देखना रोचक है कि कपिल देव के किरदार को सिनेमा में उतारने वाले रणवीर सिंह अपनी पत्नी दीपिका पादुकोण के साथ नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में मौजूद थे। फिल्मी, उद्योग और आध्यात्मिक व्यापार से जुड़े कई नामी लोग स्टेडियम में टीम इंडिया का हौसला बढ़ाने के लिए मौजूद थे। भारत रत्न सचिन तेंदुलकर और जग्गी वासुदेव अगल-बगल ही बैठे थे और उन दोनों को आपस में बात करते हुए देखा गया। हालांकि सचिन के आखिर विश्वकप में उन्हें जीत का तोहफा देने वाले कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी भी इस फाइनल मुकाबले में नहीं रहे। शायद बीसीसीआई के लिए क्रिकेट के अहम हस्ताक्षरों से कहीं जरूरी उन लोगों की मौजूदगी थी, जिनके कारण यह खेल सोने का अंडा देने वाली मुर्गी की तरह बना हुआ है। खेल भावना में हार का यह एक और उदाहरण है।

विश्वकप मुकाबले में भारत की जीत की उम्मीदें लगाए दर्शकों को काफी मायूसी हुई और यह जायज भी है। लेकिन इसके लिए बहुत से लोगों ने, जिनमें कई राजनेता भी शामिल हैं, नरेन्द्र मोदी को जिम्मेदार ठहराना शुरु कर दिया। अगर इस हार का ठीकरा मोदी सरकार की खेल नीति की वजह से फोड़ा जाता, तब भी बात समझ में आती। मगर कई लोगों ने नरेन्द्र मोदी के लिए पनौती शब्द का इस्तेमाल किया, सोशल मीडिया पर भी यह शब्द ट्रेंड करने लगा। यह सरासर खेल भावना के विरुद्ध बात है। खेल से तो शारीरिक और मानसिक तंदरुस्ती अच्छी होती है, इसमें अंधविश्वास जैसी बीमारी की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी शिकायत का कारण हो सकती है, क्योंकि जब देश में मणिपुर की गंभीर समस्या है, जब उत्तरकाशी की सुरंग में आठ दिनों से मजदूर फंसे हुए हैं, ऐसे संकटों के बीच प्रधानमंत्री मोदी खेल का आनंद लेने के लिए पहुंचे, यह सही बात नहीं है। श्री मोदी से इस बात की भी शिकायत की जा सकती है कि उनके शासन में देश ये कैसे मुकाम पर आ पहुंचा है, जहां धर्म और राष्ट्रवाद के उन्माद में हम मेहमाननवाजी और सामान्य शिष्टाचार भी भूलते जा रहे हैं। इसी स्टेडियम में पिछले महीने पाकिस्तान के साथ हुए मुकाबले में दर्शकों ने जय श्री राम के नारे लगाकर भारत की अतिथि परंपरा को ठेस पहुंचाई थी। उसके बाद रविवार को आस्ट्रेलियाई टीम के साथ भी ऐसा ही व्यवहार किया गया। उनकी जीत और अच्छे प्रदर्शन पर वाहवाही की जगह सन्नाटा पसरा रहा। लाख की क्षमता वाले स्टेडियम में जब विजेता टीम विश्वकप उठा रही थी तो उसकी हौसलाअफजाई के लिए उंगलियों पर गिने जाने लायक दर्शक मौजूद थे, खुद प्रधानमंत्री आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को मंच पर ट्राफी के साथ अकेले छोड़कर चले गए। श्री मोदी के गृहराज्य और उनके नाम पर बने स्टेडियम में विजेता टीम के साथ यह अफसोसनाक व्यवहार हुआ, इसकी शिकायत होनी चाहिए। पनौती जैसे शब्दों के साथ विरोध करने वाले अपने पक्ष को ही कमजोर कर रहे हैं।

आखिरी बात, नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत विश्वकप जीतता तो भाजपा इसे भी चुनावी मुद्दे की तरह इस्तेमाल करती। एक टीवी चैनल ने तो शीर्षक ही लगा दिया था कि मोदी पहुंचे स्टेडियम, अब भारत की जीत पक्की। मोदी राजनीति के धुरंधर खिलाड़ी हो सकते हैं, लेकिन क्या बचपन से उन्होंने क्रिकेट की दीक्षा भी ली है, इस तथ्य का खुलासा होना अभी बाकी है। बहरहाल, आस्ट्रेलिया की लगातार छठवीं जीत और भारतीय टीम की हार के बीच भारत में खेल भावना क्यों हारती जा रही है, इसकी समीक्षा जरूरी है। आस्ट्रेलिया के अखबार तो हमारे इस रवैये की समीक्षा कर ही रहे हैं।

क्या भाजपा लोकप्रियतावाद के रास्ते पर बढ़ रही है ?

विधानसभाई चुनाव के मौजूदा चक्र में पांच में से तीन राज्यों—मिजोरम, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश— में वोट डाले जा चुके हैं और चौथे राज्य—राजस्थान—में इसी हफ्ते के आखिर में वोट पड़ जाएंगे। उसके बाद, इस चक्र में से तेलंगाना ही बचेगा, जहां मतदान इस महीने के आखिरी दिन, 30 नवंबर को होना है। लेकिन, तेलंगाना का मामला वैसे भी इस चक्र में कुछ अलग सा है। विधानसभाई चुनावों के इस चक्र में शामिल यह इकलौता दक्षिणी राज्य, ऐसा इकलौता राज्य भी है जहां एक क्षेत्रीय पार्टी— बीआरएस (पहले तेलंगाना राष्ट्र समिति)—सत्ता में है। दूसरी तरफ, मिजोरम की तरह, इस चक्र का यह एक और ऐसा चुनाव मुकाबला है, जहां केंद्र में सत्ताधारी भाजपा, अपनी सारी कोशिशों तथा सारे पैंतरों के बावजूद, चुनावी हाशिए पर ही है। प्राय: सभी चुनावी रिपोर्टें और चुनाव-पूर्व सर्वे इस पर एकमत हैं कि तेलंगाना में वास्तविक चुनावी मुकाबला बीआरएस और कांग्रेस के बीच ही है, जबकि भाजपा काफी पीछे तीसरे स्थान के लिए होड़ कर रही है। इस माने में तेलंगाना के विधानसभाई चुनाव की कहानी के संकेत, मिजोरम की तरह, चुनाव के इस चक्र की मुख्य कहानी से अलग ही रहने जा रहे हैं। इसीलिए, हैरानी की बात नहीं है कि अब तक बाकायदा इसकी चर्चाएं भी शुरू हो गयी हैं कि चुनाव के इस चक्र के मोटे तौर उत्तरी भारत के लिए क्या संकेत हैं और विशेष रूप से आगामी आम चुनाव के लिए, सीधे चुनावी नतीजों के अलावा क्या संकेत नजर आते हैं।

इस सिलसिले में एक स्वत: स्पष्ट रुझान की ओर स्वाभाविक रूप से अनेक टिप्पणीकारों का ध्यान गया है। विशेष रूप से उत्तरी भारत के तीनों राज्यों—छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश तथा राजस्थान—में, इस चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच जिस तरह कल्याणकारी कदमों के वादों की होड़ लगी हुई है, इससे पहले कम से कम हिंदीभाषी इलाके में शायद ही कभी देखने को मिली हो। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में, जहां कांग्रेस सत्ता में है, कांग्रेसी सरकारों में इन कल्याणकारी कदमों के वादों को और बढ़ाने की और भाजपा की ओर से, उनसे बढ़कर वादे करने की होड़ लगी हुई है। इसी प्रकार, मध्य प्रदेश में जहां भाजपा सरकार में रही है, उसकी ओर से बढ़-चढ़कर वादे करने की कोशिश की गई है और उसे चुनौती दे रही कांग्रेस ने भी उसके एक-एक वादे का मुकाबला करने की कोशिश की है। इस कोशिश में दोनों ओर के चुनाव घोषणापत्रों में जैसे सभी संभव तबकों के लिए रियायतों के वादों को समेट लिया गया है।

विभिन्न तबकों के लिए रियायतों के वादों की इस होड़ में, जिसमें एक प्रकार से दोनों पक्ष एक जैसे ही वादे करते नजर आते हैं, एक दिलचस्प मुकाबला और जुड़ गया है। यह मुकाबला है, अपने इन वादों की विश्वसनीयता का भरोसा दिलाने और प्रतिद्वंद्वी के वादों को हवा-हवाई साबित करने के मुकाबले का। जाहिर है कि इस मुकाबले में छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान में कांग्रेस और मध्य प्रदेश में भाजपा, अपनी पिछली सरकार के रिकार्ड के आधार पर, अपने वादों की विश्वसनीयता साबित करने में लगी हुई हैं और दूसरी ओर, जो पार्टियां सत्ता में नहीं हैं, वे संबंधित राज्यों की पिछली सरकारों के रिकार्ड के दावों पर भी सवालिया निशान लगाने में जुटी हुई हैं। इस सब के बीच भाजपा ने, जो कि इन तीनों हिंदीभाषी राज्यों में एक प्रकार से प्रधानमंत्री मोदी के ही नाम पर चुनाव लड़ रही है और जिसने इस चक्र में अपने इकलौते मुख्यमंत्री, शिवराज चौहान तक की मुख्यमंत्री पद की दावेदारी पर खुद ही संदेह खड़े कर दिए हैं, फिर पूर्व-मुख्यमंत्रियों—वसुंधरा राजे और रमन सिंह—की तो बात ही क्या करना, एक नया काम यह किया है कि इन सारे वादों को बाकायदा 'मोदी की गारंटियां' का नाम दे दिया है। यह दूसरी बात है कि इस संदर्भ में 'गारंटियां' शब्द के उपयोग को, कांग्रेस अपनी शब्दावली में से बौद्धिक चोरी का मामला बता रही है।

राजेन्द्र शर्मा

> मुद्दा सिर्फ विभिन्न तबकों के लिए रियायतों की इन घोषणाओं के मामले में मुख्य प्रतिद्वंद्वियों के रूप में कांग्रेस और भाजपा के बीच होड़ होने का ही नहीं है। अव्वल तो यह नहीं भूलना चाहिए कि भाजपा इस होड़ में कोई स्वेच्छा से शामिल नहीं हुई है। उसका स्वाभाविक रुख तो, जिसे उसके शीर्ष सिद्धांतकारों ने फिलहाल ताक पर भले रख दिया हो, पर त्यागा अब भी नहीं है।

इस सबसे कुछ टिप्पणीकारों ने यह कहना शुरू कर दिया है कि अब इन चुनावों में मुकाबला, जनता के लिए रियायतों के वादों के बीच हो चला है। इसके साथ उसी सांस में यह भी जोड़ दिया जाता है कि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के मुद्दे और प्रयास, पीछे पड़ गए लगते हैं! लेकिन, ऐसा कोई निष्कर्ष निकालना सही नहीं होगा। बेशक, इसमें कोई शक नहीं है कि एक बार फिर चुनाव सामने देखकर, प्रधानमंत्री मोदी ने और जाहिर है कि उनसे संकेत ग्रहण कर संघ-भाजपा के समूचे नेतृत्व ने, कथित 'मुफ्त की रेवड़ियों' के प्रति अपनी हिकारत को अचानक सिर्फ त्याग ही नहीं दिया है, जोर-शोर से खुद भी अपनी ओर से इस तरह की रियायतें देने की कसमें खाने में लगे हुए हैं। यह दूसरी बात है कि 'मोदी की गारंटी' की शब्दावली का सहारा लेने के बावजूद, अपने वादों को विश्वसनीय बनाने के लिए उन्हें 'मुफ्त की रेवड़ियों' के प्रति हिकारत के अपने सुप्रीमो के रिकार्ड के चलते, कुछ न कुछ अतिरिक्त मेहनत भी करनी पड़ रही है।

फिर भी मुद्दा सिर्फ विभिन्न तबकों के लिए रियायतों की इन घोषणाओं के मामले में मुख्य प्रतिद्वंद्वियों के रूप में कांग्रेस और भाजपा के बीच होड़ होने का ही नहीं है। अव्वल तो यह नहीं भूलना चाहिए कि भाजपा इस होड़ में कोई स्वेच्छा से शामिल नहीं हुई है। उसका स्वाभाविक रुख तो, जिसे उसके शीर्ष सिद्धांतकारों ने फिलहाल ताक पर भले रख दिया हो, पर त्यागा अब भी नहीं है, इस सब को ज्यादा से ज्यादा एक जरूरी भटकाव मानने का ही है। बेशक, इसके बावजूद विपक्ष के ज्यादा से ज्यादा असरदार होते दबाव में, संघ-भाजपा को इसके आरोपों का खंडन करने के लिए कि उसके पास 'हिंदू-मुस्लिम करने' के सिवा, जनता को देने के लिए कुछ है ही नहीं, जनता को देने के लिए अपनी ओर से पेशकशें करनी जरूर पड़ रही हैं, लेकिन उसकी यह मुद्रा चुनावी-कार्यनीतिक मुद्रा ही है। इससे भी महत्वपूर्ण यह कि इस तरह की चुनावी कार्यनीतिक मुद्रा के अपनाए जाने में, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के पैंतरों को पीछे रखे जाना खोजना सही नहीं होगा। यह ज्यादा से ज्यादा इतना दिखाता है कि संघ-भाजपा खांटी सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के नारे पर चुनाव नहीं लड़ने जा रहे हैं बल्कि जनहितकारी वादों का भी सहारा लेने जा रहे हैं। लेकिन, खांटी सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के नारे पर चुनाव लड़ने की कल्पना तो वास्तविकता न होकर, बहस में या आलोचना में पेश किया जाने वाला एक कैरीकेचर भर ही हो सकती है। जनतांत्रिक चुनाव में लोगों को उनके हितों का ख्याल रखने का भरोसा तो किसी भी राजनीतिक पार्टी को दिलाना ही होता है।

तो क्या हम जो देख रहे हैं, उसे सांप्रदायिक और लोकप्रिय, इन दो अलग-अलग तत्वों के मिश्रण के रूप में देखा जाना सही होगा? पहली नजर में जरूर यह इस प्रकार के मिश्रण का मामला लग सकता है और इस मिश्रण में कोई लोकप्रिय तत्व की अधिकता या प्रमुखता भी खोज सकता है। लेकिन, संघ-भाजपा के मामले में इन दो प्रकार के तत्वों की उपस्थिति को इस तरह से देखना भ्रामक होगा। असल में इस मामले में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का आवेग, एक बुनियादी खाके का काम करता है और इस बुनियादी खाके में ही लोकप्रिय तत्व समेत दूसरे सभी तत्व संयोजित हो जाते हैं। इसके लिए संघ-भाजपा अपने लिए, चुनाव प्रचार के दौरान ही नहीं बल्कि उससे आगे-पीछे, एक प्रकार से समग्रता में अपनी गतिविधियों के जरिए, एक धार्मिक-राजनीतिक यानी बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक पहचान बनाती है। और यही पहचान, उनके लोकप्रियतावाद को भी परिभाषित करती है। जैसे वे आदिवासियों के हित की दुहाई तो देंगे, लेकिन उसके साथ ही उसमें ईसाई-आदिवासीविरोधी तत्व जोड़ देंगे। वे रोजगार की बात तो करेंगे, लेकिन फौरन उसके साथ अनारक्षण का आग्रह या अन्य पिछड़े वर्ग के आरक्षण पिछड़े गैर-हिंदुओं को बाहर करने का आग्रह ले आएंगे। जनतंत्र की दुहाई देंगे और अल्पसंख्यकों के अधिकारों का छीनने के जतन कर रहे होंगे।

इस सिलसिले में विधानसभाई चुनाव के इस चक्र में ही तथाकथित 'तुष्टीकरण' विरोध को, भाजपा के बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक संदेश का मुख्य वाहक बना दिया गया है, उसे याद रखना जरूरी है। इस बार के अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण से शुरू कर के मोदी ने, बार-बार प्रयोग कर 'तुष्टीकरण' विरोध को, अपने अल्पंख्यक और विशेष रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यकविरोधी मंतव्यों का संकेतक बना दिया है। सबसे बढ़कर राजस्थान में कन्हैयालाल टेलर की हत्या के प्रसंग के बहाने से, जाहिर है कि बिना किसी ठोस आधार के प्रधानमंत्री मोदी से लेकर नीचे तक, संघ-भाजपा की सेनाएं जिस तरह 'तुष्टीकरण' का शोर मचाती मिल जाएंगी, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की ही पुकार है। यह उनके लिए अयोध्या में राम मंदिर की दुहाई से भी ज्यादा असरदार पुकार है।

हैरानी की बात नहीं होगी कि विधानसभाई चुनावों के मौजूदा चक्र के नतीजों के बाद, संघ-भाजपा को विभिन्न तबकों के लिए रियायतों के वादों के रूप में और भी ज्यादा लोकप्रियतावाद की मिलावट करनी पड़े। लेकिन, यह मिलावट सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खाके में अन्य तत्वों के संयोजन के रूप में की जा रही होगी। और राम मंदिर की दुहाई से भी बढ़कर, 'तुष्टीकरण' विरोध का शोर, इस सांप्रदायिक ध्रुवीकरण औजार बनाया जाएगा।

(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)

युद्धविराम ही रोक सकता है इस मानवीय त्रासदी को

■ नित्य चक्रवर्ती

इजरायल-हमास युद्ध सोमवार को 45वें दिन में प्रवेश कर गया। लड़ाई अब एकतरफा हो गयी है। इजरायली रक्षा बल हमास आतंकवादियों द्वारा 7 अक्तूबर को इजरायलियों पर 'आतंकी' हमले के जवाब में आतंकियों को खत्म करने के नाम पर नागरिक क्षेत्रों और अस्पतालों सहित गाजा पट्टी पर बमबारी कर रहे हैं। 18 नवंबर तक, फिलिस्तीनियों की मौत का आंकड़ा 13,000 से अधिक था और30,000से अधिक घायल हुए थे।

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के स्पष्ट समर्थन से समर्थित इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुले तौर पर घोषणा की है कि हमासबलों के पूर्ण उन्मूलन तक इजरायली हमलों पर कोई रोक नहीं लगेगी। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के अनुसार, इस प्रक्रिया में, नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की हत्याएं हुई हैं, जो मरने वालों की संख्या का 70प्रतिशत है। गाजा पट्टी के 28 अस्पतालों में से 18 को दवाओं की अभूतपूर्व कमी और बिजली और पानी की कटौती के कारण बंद कर दिया गया है, जबकि दस अस्पताल ऑक्सीजनसिलेंडर सहित न्यूनतम आवश्यकता के बिना ही छोटे पैमाने पर काम कर रहे हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक शुक्रवार को टीवी पर उस समय लगभग रो पड़े जब उन्होंने कहा कि जब तक युद्धविराम लागू नहीं होता और सामान्य चिकित्सा आपूर्ति गाजा के कब्जे वाले निवासियों तक नहीं पहुंचती, हजारों लोग इलाज के बिना मर जायेंगे। , के कारण अत्याधुनिक रॉकेट सहित हमास के बहुत हथियार नष्ट हो गये, लेकिन मारे गये हमास सैनिकों की संख्या में बहुत अधिक वृद्धि नहीं हुई। एक सैन्य अनुमान में छह सौ से कम हमास सैनिकों के मारे जाने की बात कही गयी है।

> दक्षिण अफ्रीकी सांसदों ने आर्थिक स्वतंत्रता सेनानियों के विपक्षी दल द्वारा पेश किए गये एक प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की और सत्तारूढ़ अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा दक्षिण अफ्रीका में इजरायली दूतावास को बंद करने और देश के साथ सभी राजनयिक संबंधों को तब तक खत्म करने की मांग की, जब तक कि वह गाजा में युद्धविराम पर सहमत न हो जाये।

प्रधान मंत्री नेतन्याहू के लिए, 7 अक्टूबर के हमले ने उन्हें फिलिस्तीन को इज़राइल के जागीरदार राज्य में बदलने का अवसर दिया। सुदूर दक्षिणपंथी नेता ने एक संगीत हॉल में एक कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों सहित नागरिकों की भयानक हत्या के बाद अपने लोगों की भावनाओं का पूरा फायदा उठाया और हमास आतंकवादियों के पूर्ण पैमाने पर विनाश कार्यक्रम को लागू करने का विकल्प चुना। सुरक्षा परिषद को छोड़कर संयुक्त राष्ट्र निकायों ने युद्धविराम के लिए प्रस्ताव पारित किये हैं। डब्ल्यूएचओ और अन्य निकाय केवल नागरिकों के संहार को समाप्त करने के लिए रो रहे हैं, लेकिन किसे परवाह है। संयुक्त राष्ट्र हमेशा की तरह दंतहीन है। चूंकि अमेरिका समर्थन कर रहा है इसलिए इजराइल संयुक्त राष्ट्र के उपदेशों की बहुत कम परवाह कर रहा है।

जहां तक चीन और रूस का संबंध है, दोनों के अपने-अपने भू-राजनीतिक खेल हैं जहां फिलिस्तीनी त्रासदी को संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ उनके संबंधित द्विपक्षीय संबंधों की तुलना में पिछवाड़े जैसा व्यवहार मिलता है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 15 नवंबर को सैनफ्रांसिस्को में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ चार घंटे की बैठक की। चीनी नेता इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे कि यह ग्रह दो महाशक्तियों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त बड़ा है। शी ने इजराइल-हमास युद्ध के बारे में सामान्य शब्दों में बात की। ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं थी कि चीनी राष्ट्रपति ने नेतन्याहू को तत्काल युद्धविराम घोषित करने के लिए मनाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति पर बहुत दबाव डाला हो।

गौरतलब है कि 7 अक्टूबर को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का 71वां जन्मदिन था। दिन भर वह अपने उत्सवों में व्यस्त रहे। उन्होंने तीन दिन बाद प्रतिक्रिया दी लेकिन यह इजराइल के बजाय संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ अधिक था। राष्ट्रपति पुतिन पश्चिम एशियाई क्षेत्र में अमेरिका की विफलता और रूस द्वारा इस अंतर को भरने की संभावना पर विचार कर रहे हैं। रूस हाल के वर्षों में इज़राइल के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने की प्रक्रिया में है। वह इज़राइल के साथ अपने संबंधों में अचानक किसी भी गिरावट का स्वागत नहीं करता है। रूस से हमास को सीधे तौर पर कोई सहायता देने की उम्मीद नहीं है। जरूरत पड़ने पर पुतिन कुछ मदद के लिए ईरान का इस्तेमाल कर सकते हैं।

कुल मिलाकर, फ़िलिस्तीनियों को दो बड़ी शक्तियों सहित हमास और उनके मित्र राष्ट्रों द्वारा अधर में छोड़ दिया गया है। गाजा की आबादी 23 लाख है। इसमें से 12 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हो चुके हैं। यदि इजरायलीबलों को गाजा पट्टी में काम करने की खुली छूट दी गयी तो शेष आबादी को इजरायली हमलों का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। अब तक, फिलिस्तीन के लोगों ने हमास आतंकवादियों की घोर गलती की भारी कीमत चुकायी है। हत्याओं के मामले में इजरायलियों की ओर से जवाबी कार्रवाई कहीं अधिक रही है।

वैश्विक दक्षिण के केवल कुछ देशों ने ही इजरायल सरकार के खिलाफ कुछ कार्रवाई करने की हिम्मत दिखायी है। राष्ट्रपति सिरिलरामफोसा ने गुरुवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका ने गाजा में इजरायल द्वारा किये गये कथित युद्ध अपराधों की जांच के लिए प्रस्ताव अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) में भेजा है। महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक महत्व का यह बयान तब आया जब गाजा के सबसे बड़े अस्पताल पर अवैध इजरायली हमला हुआ था। इज़रायल ने कहा कि कमांड सेंटर अस्पताल परिसर में स्थित था लेकिन अभी तक आईडीएफ को ऐसी कोई जगह नहीं मिली है। यह एक तरह से उस परिदृश्य की पुनरावृत्ति थी जो 2003 में बगदाद पर अमेरिकी बमबारी के साथ हुआ था, इस दलील पर कि परमाणु बम सामग्री एक विशिष्ट स्थान पर छिपी हुई थी। आखिरकार, अमेरिकी सैनिकों को ऐसी कोई चीज़ नहीं मिली लेकिन जनसंहारतो पहले ही हो चुका था।

दक्षिण अफ्रीकी सांसदों ने आर्थिक स्वतंत्रता सेनानियों के विपक्षी दल द्वारा पेश किए गये एक प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की और सत्तारूढ़ अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा दक्षिण अफ्रीका में इज़रायली दूतावास को बंद करने और देश के साथ सभी राजनयिक संबंधों को तब तक खत्म करने की मांग की, जब तक कि वह गाजा में युद्ध विराम पर सहमत न हो जाये।

ब्राज़ील के राष्ट्रपति लूला ने भी इज़रायल को कड़ी चेतावनी दी और तत्काल युद्धविराम का जोरदार आह्वान किया। मेक्सिको, होंडुरास, कोलंबिया, बोलीविया, ग्वाटेमाला और चिली सहित अन्य वामपंथी लैटिन अमेरिकी शासनों ने संयुक्त राष्ट्र में अपने संबंधित राजदूतों को तत्काल युद्धविराम के लिए काम करने का निर्देश दिया है। वैश्विक दक्षिण के कुछ देशों के इस कड़े कदम के विपरीत, भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ग्लोबल साउथ बैठक में अपने आखिरी बयान में भी नागरिक की हत्या को रोकने की बात की, लेकिन यह उल्लेख नहीं किया कि नागरिक हत्याओं के लिए मुख्य रूप से इज़रायल जिम्मेदार था, जिसमें मरीजों से भरे अस्पतालों पर बमबारी भी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी इन दिनों अमेरिका के पूर्ण सहयोगी के रूप में काम कर रहे हैं।

फिलहाल, युद्धविराम में हर दिन की देरी का मतलब है कुछ और सैकड़ों फिलिस्तीनियों की मौत। नेतन्याहू राष्ट्रपति बाइडेन के अलावा किसी की भी नहीं सुनेंगे। अगर अगले कुछ दिनों में युद्धविराम नहीं हुआ तो यह पूरी तरह से मानवीय आपदा होगी।

पावन प्रसंग

मनो अवसाद व चिंता का उपचार आध्यात्मिकता

पिछले दशक से लेकर अब तक यदि देखा जाए तो भारत सहित पूरी दुनिया में इंटरनेट के उपयोग में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। शिक्षा संचार-व्यवसाय, प्रबंधन, शोध अनुसंधान के क्षेत्र व ज्ञान विज्ञान की सुलभ जानकारी की दृष्टि से इंटरनेट का महत्व भी अत्यधिक हो गया है, परंतु इसके दुरुपयोग ने अनेक तरह के समस्याओं को भी उत्पन्न कर दिया है। व्यक्ति किसी आवश्यकता की दृष्टि से इंटरनेट आदत व्यसन का रूप लेकर समस्या कब बन जाती है, यह समझ पाना मुश्किल है। इंटरनेट का व्यसन बच्चों से लेकर हर आयु वर्ग के लोगों में सहज देखा जा सकता है।

यह हमारे आधुनिक समाज की एक विकट समस्या बन चुकी है। मनोवैज्ञानिकों ने इस समस्या पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए तथ्यात्मक रूप से यह समझाने का प्रयास किया है कि इंटरनेट पर अधिक समय बिताना अनेक प्रकार की मनोशारीरिक समस्याओं को जन्म दे रहा है। सोशल मीडिया का अधिक प्रयोग भी व्यक्ति के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है।

इंटरनेट के बेतहाशा उपयोग और इससे उत्पन्न समस्याओं को लेकर विश्व भर में अनेक शोधकार्य किए जा रहे हैं विशेषज्ञों की मान्यता है कि इंटरनेट की आभासी दुनिया मनुष्य को उसके जीवन की वास्तविक स्थिति से भटका देती है, जिसके फलस्वरूप उसके निजी और सामाजिक जीवन में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। तनाव, चिंता, असुरक्षा, अवसाद, निराशा, आत्मसम्मान की कमी और कुसमायोजन जैसे मनोवैज्ञानिक समस्याओं का एक बड़ा कारण इंटरनेट का ज्यादा प्रयोग करना है। यह समस्या और ज्यादा गंभीर तब हो जाती है, जब बच्चे और युवाओं को बुरी तरह इसकी गिरफ्त में देखते हैं। विडंबना यह है कि किसी भी स्तर पर ऐसा कोई तंत्र अभी नहीं है, जो इंटरनेट का उपयोग कब, कैसे कितना करना है, इस बात का प्रशिक्षण देता हो। साथ ही इंटरनेटजनित अर्थात साइबर उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान की कोई समुचित उपचार विधि भी मौजूद नहीं है। ऐसे में आवश्यकता है कि इंटरनेट की आभासी दुनिया का व्यसन न विकसित हो, इसके प्रति सजगता और जो समस्या उत्पन्न हो चुकी है, उसकी जीवनशैली में आवश्यक सुधार कर समाधान प्राप्त करना। सजगता और समाधान के इन दोनों पहलुओं को समाहित करते हुए एक विशिष्ट शोधकार्य योग विज्ञान विभाग के अंतर्गत संपन्न किया गया है।

इसके लिए सर्वसुलभ विधि है- योग, साधना आदि की दृष्टि से तो इसका महत्व है ही, साथ ही सामान्य जीवन में भी प्रत्येक दिन को अधिक सार्थकता, सजगता और कर्तव्यनिष्ठ होकर जीने तथा तनावमुक्त बने रहने में भी आत्मबोध, तत्वबोध साधना का नियमित अभ्यास अत्यन्त सहायक होता है। अपने एक दिन के जीवन का श्रेष्ठतम व सार्थक उपयोग ही इस साधना का मर्म है। आत्मबोध, तत्वबोध का साधक भविष्य की चिंता से मुक्त हो जाता है, क्योंकि वह अपने दैनिक कार्यों-कर्तव्यों को सम्यक व कुशलतापूर्वक करने में विश्वास करता है साथ ही स्वयं व परिस्थितियों के प्रति सजग बना रहता है। उसमें सहज आत्मविश्वास और सकारात्मक जैसे गुण विकसित हो उठते हैं। फलस्वरूप वह जीवन के अंत:बाह्य पक्षों में आसानी से समायोजन कर पाता है।

दूसरा उपाय है-प्रार्थना। प्रार्थना चिंतामुक्त जीवन जीने में सहायक एक प्रभावी एवं सर्वसुलभ साधना है। प्रार्थना में व्यक्ति अपने मनोभावों को पूर्ण समर्पण के साथ परमात्मा के समक्ष बड़ी ही सहजता से प्रकट कर देता है। प्रार्थना की तकनीक में आंतरिक भावनाओं की प्रबलता होती है। भावनात्मक परिष्कार से चिंतन भी शुद्ध और सकारात्मक बनता है, जिसका सीधा प्रभाव व्यक्ति के कर्म, व्यवहार और आचरण पर पड़ता है।

युग निर्माण योजना

आपके पत्र

पलायन के दर्द से गुज़रता गांव

देश का दूर दराज़ ग्रामीण क्षेत्र आज भी बिजली, पानी, सड़क, अस्पताल और शिक्षा जैसी कई बुनियादी ज़रूरतों से जूझ रहा है। इसमें रोज़गार प्रमुख है जो ग्रामीणों को पलायन के लिए मजबूर करती है। परिवार के लिए दो वक़्त की रोटी की व्यवस्था करने के लिए लोग अपने गांव से निकल कर दूसरे शहरों और राज्यों का रुख करते हैं। जहां वह खेतों, फैक्ट्रियों और दिहाड़ी मज़दूर के रूप में 16 से 17 घंटे कड़ी मेहनत करते हैं। जिसके बाद भी वह मुश्किल से 15 से 20 हज़ार रुपए महीना कमा पाते हैं। पलायन का आंकड़ा सबसे अधिक उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड में देखने को मिलता है, जहां प्रति वर्ष लाखों लोग रोज़गार की खातिर दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, सूरत, मुंबई और कोलकाता का रुख करते हैं। गांव में रोज़गार का कोई साधन उपलब्ध नहीं होने की वजह से लोग पलायन करने को मजबूर हो जाते हैं और पीछे छोड़ जाते हैं परिवार वालों से बिछड़ने का दर्द।

बिहार के कई ऐसे गांव हैं जहां प्रति वर्ष ग्रामीणों की एक बड़ी आबादी रोज़गार के लिए पलायन करती है। इनमें अधिकतर संख्या अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और पसमांदा तबके की है। जो आर्थिक रूप से काफी कमज़ोर होते हैं। इन्हीं में एक उचला गांव भी है। बुद्ध की धरती बोध गया से करीब 54 किमी दूर बांकेबाज़ार ब्लॉक के रौशनगंज पंचायत स्थित इस गांव के अधिकतर परिवार का कोई एक सदस्य रोज़गार के बेहतर ख्वाब के साथ महानगरों की ओर पलायन करता है। करीब 350 परिवारों वाले इस गांव में उच्च वर्ग और अनुसूचित जाति की मिश्रित आबादी निवास करती है। उच्च वर्ग जहां खेती के लिए पर्याप्त ज़मीन और रोज़गार के स्थानीय साधन के साथ आर्थिक रूप से संपन्न है तो वहीं अनुसूचित जाति के अधिकतर परिवारों के पास कृषि योग्य उतनी ज़मीन नहीं है कि उनके परिवार की आजीविका चल सके। जिसकी वजह से इस समुदाय के ज़्यादातर पुरुष गांव से निकल कर महानगरों का रुख करते हैं और कामगार या दैनिक मज़दूर के रूप में काम करते हैं।

हाल ही में पंजाब से मज़दूरी करके गांव लौटे 47 वर्षीय संजय कुमार बताते हैं कि गांव में अनुसूचित जाति के लगभग 60 प्रतिशत पुरुष बाहर जाकर कमाते हैं। यह सभी कृषि या कारखानों में मज़दूर के रूप में काम करते हैं। जहां आमदनी कम और काम के घंटे ज़्यादा होते हैं। छोटे उद्योगों में फैक्ट्री मालिकों द्वारा उनका आर्थिक शोषण भी किया जाता है। लेकिन काम का दूसरा विकल्प नहीं होने के कारण वह इसे सहने को मजबूर होते हैं। संजय बताते हैं कि कई बार उन्हें तीन महीने तक वेतन नहीं मिलता है, ऐसे में न केवल घर वालों बल्कि स्वयं उनकी आर्थिक स्थिति भी डगमगा जाती है। वह कहते हैं कि अगर गांव में रहकर रोज़गार मिल जाए तो पलायन की समस्या खुद ही ख़त्म हो जायेगी।

इस संबंध में गांव के वार्ड न. 8 की पंच शकुंतला देवी कहती हैं कि जाति भेदभाव के कारण गांव के गरीब लोगों को घर पर ही रहकर काम नहीं मिल पाता है और वह पलायन को मजबूर होते हैं। वह आरोप लगाती हैं कि अक्सर संबंधित अधिकारी अथवा जनप्रतिनिधि अपनी ही जाति के लोगों या करीबियों को बेरोज़गारी भत्ता या रोज़गार का लाभ दिलवा देते हैं। जिससे ज़रूरतमंद वंचित रह जाते हैं और उन्हें मजबूरन पलायन करनी पड़ती है। बहरहाल, पलायन रोकने के लिए बिहार सरकार उद्यमी योजना सहित अन्य कई योजनाएं चला रही हैं। इसका प्रभाव भी दिखने लगा है और पिछले कुछ वर्षों में पलायन की संख्या घटी भी है। लेकिन सवाल यह उठता है कि उचला गांव के इन अनुसूचित जाति परिवारों तक इसका लाभ क्यों नहीं पहुंच रहा है? केवल योजनाओं के बनाने से समस्या का हल मुमकिन नहीं है। ज़रूरत है ऐसे तंत्र विकसित करने की जिससे योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मिल सके।

यशोदा कुमारी, बिहार

अमेरिकी रक्षा मंत्री ऑस्टिन यूक्रेन पहुंचे

कीव। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सोमवार को कहा कि वह यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंच गये हैं। श्री ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका यूक्रेन का समर्थन करना जारी रखेगा। श्री ऑस्टिन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, मैं अभी यूक्रेन के नेताओं से मिलने के लिए कीव पहुंचा हूं। मैं आज यहां एक महत्वपूर्ण संदेश देने आया हूं कि अमेरिका रूस के आक्रामक रुख के खिलाफ इस जंग में वर्तमान और भविष्य में भी यूक्रेन के साथ खड़ा रहेगा।

देश विदेश

गजा में तलाशी और बचाव अभियान में शामिल हुईं इजरायली महिला सैनिक

सेनाओं के प्रबंधन में मदद करने में प्रमुख भूमिका निभा रही

तेल अवीव, 20 नवंबर (एजेंसियां)। इजरायली सेना द्वारा 27 अक्टूबर को गाजा में जमीनी आक्रमण शुरू करने के बाद पहली बार, महिला सैनिक हमास-नियंत्रित क्षेत्र में तलाशी और बचाव कार्यों में शामिल हुई हैं। होम फ्रंट कमांड के सर्च और रेस्क्यू ब्रिगेड के तहत मिक्स्ड-जेंडर वाली शचर बटालियन की महिला लड़ाकू सैनिक मैदान पर बलों के नेतृत्व में ऑपरेशन में शामिल हुईं। बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल यार्डन ने कहा, शचर बटालियन के पुरुष और महिला सैनिक जीत हासिल करने के लिए सब कुछ करेंगे और हम इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमें इसी के लिए प्रशिक्षित किया गया है और हम यही करेंगे।

बटालियन सर्च और रेस्क्यू ब्रिगेड से जुड़ी हुई है, जो ऑपरेशन से संबंधित आवश्यकताओं के अनुसार संरचनाओं और इमारतों से निकासी और बचाव प्रयासों का नेतृत्व करती है। अपने बयान में, लेफ्टिनेंट कर्नल यार्डन ने आगे कहा कि यूनिट वर्तमान में 162 डिवीजनों की सेनाओं के प्रबंधन में मदद करने में एक प्रमुख भूमिका निभा रही हैं और मुख्य मिशन इमारतों को तोड़ने में ब्रिगेड और बटालियनों की सहायता करना और आवश्यकता पड़ने पर एक महत्वपूर्ण बचाव बल के रूप में काम करना है।

गजा में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा 13,000 पार

गजा। गाजा के सरकारी मीडिया कार्यालय ने घोषणा की है कि 7 अक्टूबर को इजरायल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी में फिलीस्तीनी मरने वालों की संख्या 13,000 से अधिक हो गई है। मीडिया कार्यालय के महानिदेशक इस्माइल अल-थवाब्ता ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मृतकों में 5,500 बच्चे और 3,500 महिलाएं थीं, जबकि 30,000 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अल-थवाब्ता ने कहा कि लापता लोगों की संख्या 6,000 से ज्यादा हो गई है, जिनमें 4,000 बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं, जो अभी भी इजरायली हमलों से नष्ट हुई इमारतों के मलबे में दबे हुए हैं। 7 अक्टूबर को दक्षिणी इजरायल पर हमास के अचानक हुए हमले का बदला लेने के लिए इजरायल पिछले कुछ हफ्तों से गाजा पर हमले कर रहा है, जिसके दौरान हमास के आतंकवादियों ने लगभग 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी और 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया था।

यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में इजरायली मालवाहक जहाज पर किया कब्जा

सना। यमन के हूती विद्रोहियों ने पुष्टि की है कि उन्होंने लाल सागर में एक इजरायली मालवाहक जहाज का अपहरण कर लिया है। हौथी सैन्य प्रवक्ता येह्या सरिया ने रविवार को समूह के अल-मसीरा टीवी द्वारा प्रसारित एक बयान में कहा, %%हूती ने लाल सागर में एक सैन्य अभियान के कार्यान्वयन की घोषणा की, जिसके परिणामों में एक इजरायली जहाज की जब्ती भी शामिल थी।%% समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रवक्ता ने कहा कि समूह इजरायल के खिलाफ सैन्य अभियान तब तक जारी रखेगा जब तक कि गाजा पट्टी के खिलाफ उनकी आक्रामकता बंद नहीं हो जाती।

सुडोकू 6382

	8		6				5	
					2	3		
3	2					6	1	
			9	2		7		
			1		7			
		4		6	3			
	9	7					4	3
		8	7					
	4				1		2	

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 21 नवम्बर, 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 8

राशिफल

मेष - आप सामाजिक काम में उपस्थित होंगे। मित्रों तथा स्नेहियों के साथ बहुत आनंद मना सकेंगे। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा और उनके पास से लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। आप कहीं घूमने जाने की योजना बना सकते हैं।

वृषभ - जो लोग नए काम की शुरुआत करना चाहते हैं या उसकी योजना बनाना चाहते हैं, उनके लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप नौकरी या व्यवसाय में लाभदायक परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। पदोन्नति होगी।

मिथुन - समय आपके अनुकूल नहीं होने के कारण आपके काम पूरे होने में देर होगी। आपके शरीर में थकान का अनुभव रहेगा। किसी तकलीफ से परेशान हो सकते हैं। ऑफिस में अधिकारी के नकारात्मक व्यवहार का शिकार बनेंगे।

कर्क - नकारात्मक मानसिकता के कारण आज निराशा अनुभव करेंगे। बाहर खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होने की आशंका बनी रहेगी। आपके गरम मिजाज पर अंकुश रखना होगा। परिजनों के साथ भी मतभेद हो सकता है।

सिंह - पति- पत्नी के बीच मामूली कारणों को लेकर मतभेद हो सकता है। जीवनसाथी का स्वास्थ्य चिंता का कारण होगा। सांसारिक विषयों में आपका मन नहीं लगेगा।

कन्या - आपका तन-मन स्वस्थ रहेगा। घर में सुख- शांति का वातावरण रहेगा। आपको खुशी, वित्तीय लाभ तथा कार्य में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में भी अच्छा लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

तुला - आज आप अपनी सृजनशीलता और कल्पनाओं का बहुत अच्छी तरह उपयोग कर सकेंगे। संतान की प्रगति से खुशी का अनुभव करेंगे। किसी बात का अत्यधिक विचार करने से मन उदास रह सकता है।

वृश्चिक - आज आप तन-मन से अस्वस्थता महसूस करेंगे। छोटी- बड़ी चिंता आपको सता सकती है। कुटुंबजनों तथा सम्बंधियों के साथ मतभेद हो सकता है। मां का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

धनु - आप आध्यात्मिक विषयों तथा रहस्यमयी विद्याओं की तरफ आकर्षण महसूस करेंगे। कोई काम करना चाहते हों, तो समय आपके अनुकूल रहेगा। अपने घर में मित्रों तथा संबंधियों का स्वागत करके आनंद अनुभव करेंगे।

मकर - आपको वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखना चाहिए। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद न हो इसका ध्यान रखें। शेयर बाजार में निवेश करने की योजना बना सकेंगे। आपको वित्तीय लाभ हो सकेगा।

कुंभ - आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। परिजनों, मित्रों और सगे- सम्बंधियों के साथ आपका घरेलू वातावरण सुखद रहेगा। आप स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। घूमने जाने या प्रवास पर्यटन की योजना बन सकती है।

मीन - आर्थिक विषय और पूंजी निवेश में आपको विशेष ध्यान रखने पड़ेगा। आपका ध्यान विचलित होगा और बेचैनी अनुभव होगा। आध्यात्मिक काम के पीछे खर्च हो सकता है।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

ऑस्ट्रेलियाई लोग चंद्रमा रोवर के नाम के लिए करेंगे मतदान

कैनबरा, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी (एएसए) ने सोमवार को देश के पहले चंद्रमा रोवर के लिए चार नामों की शॉर्टलिस्ट की घोषणा की, जिन्हें आम जनता से 8,000 से ज्यादा सबमिशन में से चुना गया था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार से 1 दिसंबर तक ऑस्ट्रेलियाई लोग इस पर मतदान कर सकेंगे कि रोवर का नाम कूलामोन, काकिरा, मेटशिप या रू-वर रखा जाएगा या नहीं। विजेता की घोषणा 6 दिसंबर को की जाएगी। उम्मीदवारों को प्रासंगिकता, रचनात्मकता और उन्हें प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति द्वारा प्रदान किए गए तर्क के आधार पर एएसए जज पैनल द्वारा प्रस्तुतियां से चुना गया था। कूलामोन एक जहाज है जिसका इस्तेमाल स्वदेशी आस्ट्रेलियाई लोगों द्वारा इकट्ठा करने और ले जाने के लिए किया जाता है, दक्षिण ऑस्ट्रेलिया (एसए) के कौरना आदिवासी लोगों की भाषा में काकीरा का मतलब चंद्रमा है। मेटशिप ऑस्ट्रेलिया में दोस्ती के नेशनल करेक्टर ट्रेट्स के लिए एक कल्चरर शब्द है और रू-वेर ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित कंगारुओं को शामिल करता है। नाम दिए जाने के बाद, रोवर को नासा के साथ उसके आर्टेमिस मिशन पर एक समझौते के तहत चंद्रमा पर भेजा जाएगा, जिसे 2026 या 2027 में लॉन्च करने का लक्ष्य है।

टेक्सास के गवर्नर ने 2024 में राष्ट्रपति पद के लिए डोनाल्ड ट्रंप का किया समर्थन

ह्यूस्टन, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर एक सीमावर्ती शहर की यात्रा के दौरान टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने 2024 में राष्ट्रपति पद के लिए डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया। उन्होंने आप्रवासन (इमीग्रेशन) से निपटने के तरीके को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन की आलोचना की। सीएनएन ने रविवार को टेक्सास के एडिनबर्ग में पूर्व राष्ट्रपति के साथ एक कार्यक्रम में रिपब्लिकन गवर्नर के हवाले से कहा, हमें संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड जे. ट्रम्प की वापसी की जरूरत है। भीड़ को संबोधित करते हुए, ट्रम्प ने सीमा से निपटने के तरीके को लेकर बिडेन की आलोचना की और तर्क दिया कि अमेरिका के पास अब इतिहास की सबसे असुरक्षित सीमा है, मेरा मानना है कि, वास्तव में, दुनिया की।

बाइडेन की उम्र मतदाताओं के लिए चिंता का सबब

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन 81 वर्ष के हो गये हैं और उनकी उम्र देश के मतदाताओं के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। उनका जन्मदिन इस तथ्य पर सुर्खियों में हैं कि अगर श्री बाइडेन अगले साल दोबारा राष्ट्रपति निर्वाचित होते हैं तो वह अमेरिकी इतिहास में सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति होंगे क्योंकि उनका कार्यकाल पूरा होने तक वह 86 वर्ष के हो जाएंगे। दूसरी तरफ पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जिनसे अगले साल श्री बाइडेन का सामना होने की संभावना है, इस तथ्य के बावजूद कि वह 77 वर्ष के हैं, अभी तक मतदाताओं के बीच उम्र को लेकर चिंता की वजह नहीं बने हैं।

वर्ग पहेली 6382

१		२		■	■	३		४	
	■		■	५			■		■
६					■	७			८
	■		■	९			■	■	
■	१०		११		■	■	१२		
■		■		■	१३			■	
१४		१५		■		■	१६	१७	
	■		■	१८		१९	■		■
२०			■		■	२१			२२
	■	२३					■	■	

बायें से दायें:-

१. छत्तीसगढ़ राज्य का एक जिला
३. गणेश
४. पूर्ति करने की क्रिया
६. वह व्यक्ति या संस्थाा जिसे राजकीय पत्र प्रदान किया गया हो
७.एक तरह का फूल जिसमें रात में सुगंध होती है
९. व्यापार
१०. रविवार
१२. नेपाली पहाड़ी मजदूर
१३. मुख्य, प्रधान, मुखिया
१४. संदर्भ, प्रसंग, प्रतिपादन, निर्माण
१६. एक प्रकार का ज्योतिष विद्या
१८. रोकने वाला, रुकावट डालने वाला
२०. अतिरिक्त (उर्दू)
२१. गणेश
२३. दीपक, सूर्य, तिमिरहर

ऊपर से नीचे:-

१. यात्रियों, पथिकों के निशुल्क ठहरने-रुकने के लिए जगह, सराय
२. तदुपरांत
३. वह शासन व्यवस्था जिसमें चुने हुए प्रतिनिधि शासन संचालित करते हैं
४. दृश्य (उर्दू)
५. नाव खेने की डांडी
८. अर्धविक्षिप्त (उर्दू)
१०. तलबगार, इच्छा रखने वाला
११. हाथी, निवारण
१२. किरीट, मुकुट, शिरोभूषण
१३. इंतजाम, व्यवस्था
१४. सराहा गया
१५. कहावत, कहानी (उर्दू)
१७. सहायता (उर्दू)
१८. बंद करना, मना करना, रुकावट डालना१९. १९. दाग, धब्बा
२२. बचाव करने की क्रिया

वर्ग पहेली-6381

१ दृ	ष्टि	२ गो	च	३ र	■	४ सु	प्र	५ सि	द्ध
ढा	■	पा	■	६ ज	न्मा	ध	■	पा	■
७ यु	ग	ल	■	नी	■	र	स	८ ही	९ न
ध	■	■	■	१० क	स	ना	■	■	र्त
■	११ अ	धि	१२ भा	र	■	■	१३ अ	र्त	न
■	चं	■	जि	■	१४ कु	मु	द	■	प्रि
१५ प्र	भा	१६ वि	त	■	मा	■	१७ ब	१८ जा	य
ति	■	ष	■	१९ प	री	२० क्षा	■	य	■
२१ यो	ज	क	■	ह	■	२२ र	ह	ज	२३ नी
मी	■	२४ न्या	या	ल	य	■	■	■	चे

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

7वें रेशम मार्ग एक्सपो में बेल्ट एंड रोड के नए विकास पर चर्चा

बीजिंग, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। 7वां रेशम मार्ग अंतर्राष्ट्रीय एक्सपो 16 से 20 नवंबर तक पश्चिमोत्तर चीन के शैनशी प्रांत की राजधानी शीआन में हो रहा है। इस दौरान, ताजिकिस्तान और अज़रबैजान सहित 50 से अधिक देशों और क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने सहयोग करने पर चर्चा की, जिसका उद्देश्य है कि बेल्ट एंड रोड के संयुक्त निर्माण को उच्च गुणवत्ता और उच्च स्तर के नए विकास की प्राप्ति में मदद मिल सके। मौजूदा एक्सपो के दौरान बेल्ट एंड रोड के सह-निर्माण वाले देशों (क्षेत्रों) का आर्थिक और व्यापारिक सहयोग गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें शीआन में कंबोडिया के महावाणिज्य दूतावास के कौंसल जनरल ने कहा कि कंबोडिया बेल्ट एंड रोड पहल के संयुक्त निर्माण में एक सक्रिय भागीदार है।

बेल्ट एंड रोड पहल में कंबोडिया और चीन के बीच सहयोग में बुनियादी ढांचे, व्यापार और निवेश, कनेक्टिविटी आदि सहित कई क्षेत्र शामिल हैं। कंबोडिया को इन सहयोग से बहुत लाभ हुआ है और अपने राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में भी मदद मिलेगी। वहीं, चीन में अज़रबैजान के दूतावास के वाणिज्यिक प्रतिनिधि कार्यालय के वाणिज्यिक प्रतिनिधि तेमुर नादिरोघ्लु ने कहा कि बेल्ट एंड रोड पहल के संयुक्त निर्माण से लाभ मिलकर अज़रबैजान ने अपने भौगोलिक लाभों का पूरा लाभ उठाते हुए बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए यूरेशिया में क्षेत्रीय परिवहन केंद्र बन गया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

जजों की नियुक्ति में ...

नहीं थी। हमने सरकार को सूचित कर रखा है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा हमने हाईकोर्ट्स में 14 जजों की नियुक्ति की सिफारिश की है, लेकिन नियुक्ति सिर्फ गुवाहाटी हाईकोर्ट में हुई। सरकार की इस पसंद-नापसंद से जजों के वरिष्ठता के क्रम पर असर पड़ता है। वकील जज बनने के लिए अपनी मंजूरी वरिष्ठता के लिए ही तो देते हैं। जब इस पर अमल नहीं होगा, तो वे जज बनने को क्यों राजी होंगे?

आधे से ज्यादा नाम लटका रखे हैं

पिछली बार हमने जो नाम दोहराए थे, उनमें से 8 अब तक पेंडिंग हैं। हमें पता है वे नाम क्यों लटकाए गए हैं। हमें सरकार की चिंता भी मालूम है। आधे से ज्यादा नाम सरकार ने क्लियर नहीं किए। हमारी जानकारी के अनुसार, आपने 5 लोगों के लिए तबादला आदेश जारी किए हैं, लेकिन 6 अन्य के लिए नहीं, उनमें से 4 गुजरात से हैं। यह अच्छा संकेत नहीं है। इस पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी कि कोर्ट सरकार को थोड़ा और वक्त दे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कॉलेजियम ने 11 जजों के ट्रांसफर की सिफारिश केंद्र सरकार से की थी। इसमें से 5 जजों का तो ट्रांसफर हो गया, लेकिन 6 के अभी भी रुके हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र इसका समाधान लेकर आए। 5 दिसंबर को अगली सुनवाई होगी।

आज का इतिहास

1877-प्रसिद्ध वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन ने विश्व के सामने पहला फोनोग्राफ पेश किया।
1906-चीन ने अफीम के व्यापार पर रोक लगाई।
1921-प्रिंस ऑफ वेल्स (सम्राट एडवर्ड अष्टम) बॉंबे (अब मुंबई) पहुंचे और कांग्रेस ने देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया।
1941-गुजरात की पहली मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल का जन्म।
1947-आजादी के बाद देश में पहली बार डाक टिकट जारी किया गया।
1956-एक प्रस्ताव लाकर शिक्षक दिवस को स्वीकृति दी गई थी।
1962-भारत-चीन सीमा विवाद के दौरान चीन ने संघर्षविराम का ऐलान किया।
1963-केरल के थुंबा क्षेत्र से रॉकेट छोड़े जाने के साथ ही भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम शुरु हुआ।
1979-मक्का में काबा मस्जिद पर मुस्लिम उग्रवादियों का अधिकार।
1986-मध्य अफ्रीकी गणराज्य ने संविधान अंगीकार किया।
1999-चीन द्वारा अपने प्रथम मानव रहित अंतरिक्ष यान 'शेनझू' का प्रक्षेपण किया गया।
2001-संयुक्त राष्ट्र ने अफ़ग़ानिस्तान में अंतरिम प्रशासन के गठन का प्रस्ताव रखा।
2002-मुस्लिम लीग (कायदे आजम) के नेता जफ़रउल्ला ख़ान जमाली पाकिस्तान के प्रधानमंत्री निर्वाचित।
2005-श्रीलंका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने पूर्व प्रधानमंत्री रत्नसिरी विक्रमनायके को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया।

तैयारी *भारत में अमेरिका के राजदूत गार्सेटी बोले*

भारत में अमेरिकी वीजा जारी करने की गति तेज की जा रही

नई दिल्ली, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। वाशिंगटन के राजदूत एरिक गार्सेटी ने सोमवार को बताया कि अमेरिका भारत में वीजा जारी करने की गति तेज कर रहा है। अधिक कर्मचारी हैदराबाद वाणिज्य दूतावास में शामिल हो रहे हैं। बेंगलुरु और अहमदाबाद में जल्द ही नए वाणिज्य दूतावास खुलेंगे। गार्सेटी ने कहा, कुछ और लोग पहले ही हैदराबाद वाणिज्य दूतावास में शामिल हो चुके हैं। हम शहर में कर्मचारियों की संख्या बढ़ा रहे हैं।

नए वाणिज्य दूतावास स्थापित करने के लिए बेंगलुरु और अहमदाबाद में परिसरों को लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रविवार को भारत-ऑस्ट्रेलिया विश्व कप क्रिकेट फाइनल देखने के लिए शहर की यात्रा के दौरान उन्होंने उस नए परिसर को देखा, जिसे अमेरिका अहमदाबाद में वाणिज्य दूतावास स्थापित करने के लिए ले रहा है। गार्सेटी ने कहा कि बैकलॉग को खत्म करने के लिए बढ़ाए गए अभियान के तहत हाल के हफ्तों में भारत में जारी किए जाने वाले अमेरिकी वीजा की संख्या एक तिहाई बढ़ गई है। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि छात्रों और पर्यटकों के लिए अमेरिकी वीजा के लिए प्रतीक्षा समय कम हो गया है और यह इस बात पर निर्भर करता है कि आवेदन किस कार्यालय में किया गया है, यह छह महीने से एक साल तक है।

हालांकि, अमेरिका का ध्यान भारतीय नागरिकों को वीजा जारी करने में तेजी लाने पर था। उन्होंने यह भी कहा कि देरी की समस्या बड़ी संख्या में आवेदकों के बढ़ने के कारण है, इसलिए सटीक समय अंतराल बताना मुश्किल है।

उन्होंने कहा कि यह समस्या ब्राजील और मैक्सिको जैसे अन्य बड़े देशों में भी है।

भारत को रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है अमेरिका

नई दिल्ली। अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि अमेरिका भारत को न केवल एक रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है, बल्कि शांति स्थापित करने और तत्काल मुद्दों को हल करने में मदद करने के लिए वैश्विक रूप से प्रमुख मानता है। भारत-अमेरिका 2 प्लस 2 मंत्रिस्तरीय वार्ता और आगे की राह पर बोलते हुए गार्सेटी ने कहा कि दोनों देशों द्वारा बेचे जाने वाले और सह-विकसित किए जाने वाले हथियारों के अलावा उनकी सेनाओं के बीच करीबी परिचालन स्तर का सहयोग बढ़ते रक्षा संबंधों की दिशा में एक बड़ा कदम है।

दुनिया को जानें

ईरान ने हाइपरसोनिक मिसाइल का अनावरण किया

तेल अवीव, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने सोमवार को हाइपरसोनिक मिसाइल फतह-द्वितीय का अनावरण किया। ईरानी मीडिया के मुताबिक, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनी ने आशूरा एयरोस्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी में फतह 11 का अनावरण किया। जून 2023 में ईरान ने फतह-द्वितीय का सफल परीक्षण किया था। उन्नत संस्करण में हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल (एचजीवी) शामिल है, जो हथियार को अधिकतम गति तक पहुंचने में मदद करता है। बताया गया है कि ये मैक 5-20 (6170- 24700 किलोमीटर प्रति घंटे) की गति तक पहुंच सकता है। ईरानी मीडिया ने यह भी बताया कि फतह-द्वितीय की क्षमता इजरायल और अमेरिका की उन्नत एंटी-बैलिस्टिक मिसाइलों से अधिक है। गाजा में हमास के साथ चल रहे युद्ध और वेस्ट बैंक में ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के साथ झड़पों के बीच ईरान का नई मिसाइल पेश करना एक महत्वपूर्ण घटना है। इजरायल ने हमेशा ईरान को हमास और हिजबुल्लाह दोनों के समर्थन आधार के रूप में देखा है।

खेल जगत

अवार्ड्स के लिए नामित होने पर सविता ने कहा, यह टीम वर्क का नतीजा है

बेंगलुरु, 20 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता ने एफआईएच हॉकी स्टार्स अवार्ड्स में गोलकीपर ऑफ द ईयर श्रेणी में लगातार तीसरी बार चुने जाने पर कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं लगातार दो बार यह पुरस्कार जीतूंगी। सविता, जिन्होंने 2021 और 2022 में एफआईएच पुरस्कार जीते थे। उन्होंने कहा कि उनकी उपलब्धि टीम वर्क का परिणाम है। सविता ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं लगातार दो वर्षों तक यह पुरस्कार जीतूंगा, और अब तीसरी बार इसके करीब हूं। मैं वास्तव में बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। यह मेरे, मेरे परिवार और मेरे साथियों के लिए भी गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा, टीम खेल में कोई भी उपलब्धि व्यक्तिगत प्रयासों पर आधारित नहीं होती बल्कि टीम वर्क का परिणाम होती है। आपकी कड़ी मेहनत के लिए पहचाना जाना बहुत अच्छी बात है और यह पूरी टीम को प्रेरित करती है।

वर्ल्ड कप 2023 की आईसीसी टीम, विराट-रोहित समेत 6 भारतीय को मिली जगह

नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। आईसीसी ने वर्ल्ड कप 2023 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट का ऐलान कर दिया है। इस टीम में दमदार प्रदर्शन करने वाले छह भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली है, जिसमें भारत के कप्तान रोहित शर्मा, करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली और मोहम्मद शमी का नाम भी शामिल है।

टूर्नामेंट में भारत उपविजेता रहा। अहमदाबाद में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से छह विकेट की हार के साथ उसकी दस मैचों की अजेय जीत का सिलसिला समाप्त होने के बाद टीम के छह खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट की टीम में जगह बनाई। जिसमें अग्रणी रन-स्कोरर और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट कोहली के साथ-साथ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले शमी भी शामिल हैं। 50 ओवर के विश्व कप में लगातार दूसरी बार टूर्नामेंट की टीम में जगह बनाने वाले रोहित शर्मा ने भारत के लिए शीर्ष क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शून्य पर आउट होने के बाद रोहित शर्मा अफगानिस्तान के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए, जहां उन्होंने सिर्फ 84 गेंदों में 131 रनों की तूफानी पारी खेलकर अजेय रहे।

विराट कोहली टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। राहुल ने पूरे टूर्नामेंट में कई महत्वपूर्ण पारियां खेलीं, जैसे चेन्नई में नाबाद 97 रन और साथ ही बेंगलुरु में अपने घरेलू मैदान पर नीदरलैंड पर नियमित जीत में शतक। उन्होंने फाइनल में भारत के लिए सर्वाधिक 66 रन बनाए। लेकिन, इस बार अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए।

जडेजा ने भी गेंद से प्रभावित किया। शमी को भारत की प्लेइंग-11 में देर से शामिल किया गया, लेकिन उसके बाद उन्होंने बड़ा प्रभाव छोड़ा। न्यूजीलैंड पर सेमीफाइनल में सात विकेट लेने की सफलता के बाद उन्होंने विश्व कप नॉकआउट खेल में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। न्यूजीलैंड (5/54) और श्रीलंका (5/18) के खिलाफ शानदार प्रदर्शन ने शमी को विकेट चार्ट में शीर्ष पर पहुंचाने में मदद की।

रोहित की तरह ही बुमराह को लगातार दूसरे विश्व कप में 20 विकेट लेने के बाद शामिल किया गया है। जो 2019 में उनके टैली से दो अधिक है।

नई गेंद से खतरा पैदा करने वाले बुमराह ने भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श और स्टीवन स्मिथ के शुरुआती विकेट चटकाए। टूर्नामेंट की टीम में अन्य खिलाड़ियों में ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और लेग स्पिनर एडम जम्पा शामिल हैं, जिन्होंने रविवार को ऑस्ट्रेलिया को छठा विश्व कप खिताब दिलाने में मदद की।

2023 वर्ल्ड कप की आईसीसी टीम

क्विंटल डिकॉक (विकेटकीपर), रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, डेरिल मिशेल, केएल राहुल, ग्लेन मैक्सवेल, जसप्रीत बुमराह, दिलशान मदुशंका, एडम जम्पा, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी।

छठी बार वनडे वर्ल्ड कप जीतने पर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कहा, 'अविश्वसनीय' व 'अद्भुत अहसास'

अहमदाबाद, 19 नवंबर (एजेंसियां)। रविवार को ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर छठी बार वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इस यादगार जीत को ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने %अविश्वसनीय% और अद्भुत अहसास बताया, जबकि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने इसे 2015 में अपनी जीत से भी बड़ी उपलब्धि करार दिया। भारत के 240 रनों के जवाब में ट्रैविस हेड की शतकीय पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने वनडे क्रिकेट के इतिहास में छठी बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

इस जीत को ट्रैविस हेड ने एक शानदार दिन करार दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अपने पहले दो मैच हारने के बाद वापसी करते हुए खिताब जीता है। ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाने में हेड का साथ देने वाले मार्नस लाबुशेन ने कहा कि यह अब तक की सबसे अच्छी उपलब्धि है जिसका वह हिस्सा रहे हैं।

ग्लेन मैक्सवेल, जिन्होंने दोहरा शतक बनाकर ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान के खिलाफ जीत दिलाई और सेमीफाइनल में जगह पक्की की। वो भी अपनी टीम की इस जीत से काफी खुश नजर आए। वहीं, तेज गेंदबाज हेजलवुड ने कहा कि यह जीत 2015 विश्व कप में उनकी जीत से भी बड़ी है। हेजलवुड ने कहा, मुझे लगता है कि यह (2015 विश्व कप जीत) से भी बड़ा है।

स्टीव स्मिथ ने इसे अविश्वसनीय प्रदर्शन बताया। उन्होंने कहा, यह अविश्वसनीय है और हां, यह शानदार प्रदर्शन था। गेंदबाजों ने माहौल तैयार किया और आज शाम क्षेत्ररक्षण बहुत अच्छा था। खेल को आगे बढ़ाया और अपनी ताकत के अनुसार खेलते रहे। यह हमारे लिए आदर्श शुरुआत नहीं थी, लेकिन हमें खुद पर विश्वास था।

ओ डॉनेल की भविष्यवाणी, ट्रैविस हेड हैं ऑस्ट्रेलिया के फ्यूचर कप्तान

नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर साइमन ओ डॉनेल का मानना है कि भारत के खिलाफ विश्व कप फाइनल में 241 रनों के सफल चेज के दौरान ट्रैविस हेड के साथ बल्लेबाजी करते समय उनकी मानसिकता ऐसी बल्लेबाजी करने की थी, जैसे कि यह एक टेस्ट मैच हो। सात ओवरों की समाप्ति पर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 47/3 था। फिर, लाबुशेन ने हेड के साथ 192 रन की साझेदारी की। लाबुशेन ने 110 गेंदों में नाबाद 58 रन बनाए और अपनी टीम की जीत पक्क की। इस मैच जिताऊ पारी के बाद लाबुशेन ने कहा, जब मैं बल्लेबाजी के लिए इंतजार कर रहा था तो मैं काफी घबराया हुआ था। लेकिन, जब आप मैदान पर उतरते हैं, तो वास्तव में कुछ भी नहीं बदलता है। लाबुशेन ने कहा, आप गेंद को देख रहे होते हैं और आप बस जोन में आने की कोशिश करते हैं। मेरी मानसिकता यह थी कि आप इसे टेस्ट मैच की तरह लें। जब आप ट्रैविस हेड के साथ बल्लेबाजी कर रहे होते हैं, तो आमतौर पर रन-रेट का कोई दबाव नहीं होता है। जब आप 230 (241) जैसे कम स्कोर का पीछा कर रहे होते हैं, जब तक कि आप वास्तव में संघर्ष नहीं कर रहे हों, रन-रेट का ज्यादा दबाव नहीं होगा। यह सिर्फ अच्छा और सकारात्मक होने के बारे में था। एश्टन एगर के चोटिल होने के बाद लाबुशेन को अंतिम समय में विश्व कप टीम में शामिल किया गया और उन्होंने टूर्नामेंट के विभिन्न चरणों में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसका परिणाम ऑस्ट्रेलिया के लिए छठा विश्व कप खिताब था।

उन्हें उनमें से किसी एक प्रारूप को छोड़ना होगा। जिससे उनका वर्क लोड सही से मैनेज हो पाए।

फाइनल में अपने अर्धशतक पर क्या बोले लाबुशेन?

ऑस्ट्रेलियाई मध्यक्रम बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने कहा कि भारत के खिलाफ विश्व कप फाइनल में 241 रनों के सफल चेज के दौरान ट्रैविस हेड के साथ बल्लेबाजी करते समय उनकी मानसिकता ऐसी बल्लेबाजी करने की थी, जैसे कि यह एक टेस्ट मैच हो। सात ओवरों की समाप्ति पर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 47/3 था। फिर, लाबुशेन ने हेड के साथ 192 रन की साझेदारी की। लाबुशेन ने 110 गेंदों में नाबाद 58 रन बनाए और अपनी टीम की जीत पक्क की। इस मैच जिताऊ पारी के बाद लाबुशेन ने कहा, जब मैं बल्लेबाजी के लिए इंतजार कर रहा था तो मैं काफी घबराया हुआ था। लेकिन, जब आप मैदान पर उतरते हैं, तो वास्तव में कुछ भी नहीं बदलता है। लाबुशेन ने कहा, आप गेंद को देख रहे होते हैं और आप बस जोन में आने की कोशिश करते हैं। मेरी मानसिकता यह थी कि आप इसे टेस्ट मैच की तरह लें। जब आप ट्रैविस हेड के साथ बल्लेबाजी कर रहे होते हैं, तो आमतौर पर रन-रेट का कोई दबाव नहीं होता है। जब आप 230 (241) जैसे कम स्कोर का पीछा कर रहे होते हैं, जब तक कि आप वास्तव में संघर्ष नहीं कर रहे हों, रन-रेट का ज्यादा दबाव नहीं होगा। यह सिर्फ अच्छा और सकारात्मक होने के बारे में था। एश्टन एगर के चोटिल होने के बाद लाबुशेन को अंतिम समय में विश्व कप टीम में शामिल किया गया और उन्होंने टूर्नामेंट के विभिन्न चरणों में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसका परिणाम ऑस्ट्रेलिया के लिए छठा विश्व कप खिताब था।

रोहित, द्रविड़ ने महसूस की फाइनल में दिल तोड़ने वाली हार की टीस

- हमने अपनी ओर से हर मुमकिन कोशिश की : रोहित शर्मा
- हम हम वन डे विश्व कप के केवल फाइनल में अच्छा नहीं खेले
- पिच बिजली के दूधिया प्रकाश में बल्लेबाजी के लिए बेहतर हो गई थी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 20 नवंबर (देशबन्धु)। भारत का लगातार दस जीत के साथ फाइनल में पहुंच कर ऑस्ट्रेलिया से आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 के फाइनल में अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में छह विकेट से हार के साथ तीसरी बार यह खिताब जीतने के सपने के टूटने का दर्द यूं तो देश के सभी क्रिकेट प्रेमियों को है। लगातार दस भारत के बाद फाइनल में दिल तोड़ने वाली हार की सबसे ज्यादा टीस और दर्द टीम के कप्तान रोहित शर्मा और चीफ कोच राहुल द्रविड़ ने महसूस की। भारत की इस हार के बाद टीम के कप्तान रोहित शर्मा और चीफ कोच राहुल द्रविड़ की आंखों में आंसू थे।

ट्रेविड हेड के शतक और कप्तान पैट कमिंस की अगुआई में तेज गेंदबाजों की त्रिमूर्ति की रफ्तार और धार की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हरा कुल बार आईसीसी वन डे क्रिकेट खिताब जीत कर भारतीय टीम और मेजबान देश के क्रिकेट प्रेमियों को ऐसा %दर्द' दिया जिसकी टीस वह भुलाना उनके लिए कतई आसान नहीं होगा। कप्तान रोहित शर्मा के पांच शतकों के बावजूद भारत 2019 के संस्करण के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मात्र 18 रन से हार गया था। 2023 के संस्करण में खुद अनुकरणीय और दे दनादन अंदाज में बल्लेबाजी कर भारत को अजेय रहकर फाइनल में पहुंचाने के बाद आखिर बाधा पर लडखड़ा कर गिरने से और राहुल द्रविड़ का 2003 में बतौर उपकप्तान ऑस्ट्रेलिया से 125 रन से हारने के बाद इस बार उन्हें बतौर चीफ कोच उससे 2023 के फाइनल में हार से जीत के रेत की तरह मुट्ठी से फिसल जाने की कसक द्रविड़ और रोहित शर्मा से बेहतर शायद ही कोन अन्य समझ सकता। पुरानी कहावत है कामयाबी के लिए पुरुषार्थ के साथ थोड़ा सा भाग्य का भी साल जरूरी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप जीतने के बेहद करीब पहुंचाने इससे चूकने पर भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार रात टीम ऐसा ही दर्द और टीस महसूस की। रविवार रात भारत की वन डे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार पर कप्तान रोहित शर्मा और चीफ कोच राहुल द्रविड़ की आखों से छलके आंसू और फाइनल सहित 11 मैचों में तीन शतकों और छह शतकों सहित कुल सबसे ज्यादा 765 रन बना मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे भारत के विराट कोहली का गमगीन चेहरा बहुत कुछ इस सभी के दिल के दर्द को बयां कर रहा था। भारत की फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार पर निराश कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, %मेरी यह मानना है कि बिजली के दूधिया प्रकाश में पिच बल्लेबाजी के लिहाज से बेहतर हो गई। हम यह जानते थे कि पिच का मिजाज ऐसा रहेगा लेकिन हम इस हार के लिए कोई बहाना नहीं बनाना चाहते। मुझे अपनी भारतीय टीम पर गर्व है कि हमने पूरे वन डे विश्व कप में हमारी टीम छाई रही। हम बस फाइनल में अच्छा नहीं खेले और इसमें नतीजा हमारे पक्ष में नहीं रहा। हमने अपनी ओर से हर मुमकिन कोशिश की। मेरे कहने का मतलब यह है कि हमने यदि 20-30 रन और बनाए होते तो बेहतर होता। मेरा मानना है जब विराट और केएल राहुल बल्लेबाजी कर रहे थे तब हमने 25वे 30 वें ओवर की बाबत बात की। हमारी निगाहें 270-280 रन का स्कोर बनाने पर लगी थी लेकिन बदकिस्मती से हम बराबर विकेट गंवाते चले गए। वहीं शुरू में तीन विकेट सस्ते में गंवाने के बाद ट्रेविड हेड और मनस लबुशेन ऑस्ट्रेलिया के लिए बड़ीभागीदारी कर फाइनल हमें बाहर कर दिया।

वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 फाइनल में हम अपनी क्षमता के मुताबिक नहीं खेले : द्रविड़

भारत की ऑस्ट्रेलिया के हाथों रविवार को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप फाइनल में छह विकेट से हार के बाद टीम के चीफ कोच राहुल द्रविड़ ने अपनी आंखों के आंसुओं को रोकने की पुरजोर कोशिश लेकिन वे बह निकले। द्रविड़ ने भारत की फाइनल में हार के बाद माना कि उनकी टीम एक बेहतर टीम से हारी। द्रविड़ से जब यह पूछा गया कि उनकी टीम सूखी पिच पर 240 रन पर क्यों सिमट तो उन्होंने कहा, %जब भी फाइनल में हमने पारी को संभाल उसे रफ्तार देने की कोशिश तो हमने विकेट गंवा दिया। इसीलिए हमारी पारी रफ्तार नहीं पकड़ सकी। मैं इस बात से इत्तफाक नहीं रखता कि हमारी टीम फाइनल में रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डरी हुई थी। फाइनल में पहले पॉवरप्ले के बाद हमारा स्कोर 'दो विकेट पर 80 रन था। बदकिस्मती से चाहे वह एडिलेड में टी-20 विश्व कप का सेमीफाइनल हो, ओवल में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल हो या फिर रविवार वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 का फाइनल हम अपनी क्षमता के मुताबिक नहीं खेले और खेल में ऐसा मुमकिन है।'

सार संक्षेप

डेविस कप 2023 : जोकोविच, मरे, सिनर स्पेन में अंतिम-8 मुकाबले के लिए तैयार

मलागा (स्पेन)। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता और वर्तमान विश्व नंबर-1 नोवाक जोकोविच एक्शन में लौटेंगे क्योंकि उनका लक्ष्य सर्बिया को दूसरा डेविस कप खिताब दिलाना है। डेविस कप फाइनल इस सप्ताह स्पेन के मलागा में खेला जाएगा, जहां आठ टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। टेनिस के विश्व कप के रूप में प्रसिद्ध, डेविस कप के 2023 संस्करण के टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जोकोविच को एंडी मरे की अगुवाई वाली ग्रेट ब्रिटेन से कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा, जो 21 नवंबर से खेला जाएगा। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने सोमवार को बताया कि टूर्नामेंट रोमांचक होने वाला है। जिसमें मौजूदा चैंपियन कनाडा के साथ फिनलैंड, इटली, नीदरलैंड, चेकिया, ऑस्ट्रेलिया, सर्बिया और ग्रेट ब्रिटेन मलागा में अंतिम 8 में शामिल होंगे। जोकोविच और मरे के अलावा, जननिक सिनर भी अपने-अपने देशों के लिए टूर्नामेंट के महत्वपूर्ण चरण में शामिल होंगे। दिलचस्प बात यह है कि जोकोविच ने रविवार को निज़ी एटीपी फाइनल्स में सिनर को हराया था। सर्बियाई दिग्गज, जो इस साल पहले ही तीन ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं, सीजन का अंत शानदार तरीके से करना चाहेंगे। इसके अलावा 2023 टेनिस कैलेंडर अपने अंतिम पड़ाव पर है। डेविस कप के लिए दांव हमेशा की तरह ऊंचे हैं और प्रशंसक कोर्ट पर कुछ आकर्षक लड़ाइयों की उम्मीद कर सकते हैं।

शेन वॉटसन ने हेड और कमिंस की जमकर की तारीफ

नई दिल्ली। दो बार के विश्व कप विजेता शेन वॉटसन ने अहमदाबाद में मेजबान भारत पर ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप फाइनल में यादगार जीत के बाद ट्रैविस हेड और पैट कमिंस की प्रशंसा की है। अहमदाबाद में खेले गए विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराकर छठी बार ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। इस जीत में ऑस्ट्रेलिया के हीरो रहे ट्रैविस हेड, जिन्हें प्लेयर ऑफ द मैच से भी नवाजा गया है। हेड ने पहले रोहित शर्मा का शानदार कैच लपका और भारतीय टीम को बड़ा झटका दिया। फिर, शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम की जीत पक्की की।

भारत जीत का प्रबल दावेदार था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने बाजी मारी : ब्रेट ली

नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के महान तेज गेंदबाज ब्रेट ली का मानना है कि भारत निश्चित रूप से ट्रॉफी जीतने का प्रबल दावेदार था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की दृढ़ता ने उनसे जीत छीन ली। भारत टूर्नामेंट से पहले प्रबल दावेदार था और उसने प्रतियोगिता में परिचित परिस्थितियों में लगातार 10 मैच जीते।

लेकिन, अहमदाबाद में रविवार को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से छह विकेट से हार के बाद उनका अजेय क्रम समाप्त हो गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम 240 रन पर सिमट गई। जिसे ऑस्ट्रेलिया ने ट्रैविस हेड की 120 गेंदों में 137 रनों की शानदार पारी की बदौलत 43 ओवर में हासिल कर लिया।

आंकड़ों को देखे तो मुकाबला भारत को जीतना था

ब्रेट ली ने फॉक्सस्पोर्ट्स.कॉम.एयू से कहा, यदि आप आंकड़ों पर नजर डालें और इस अभियान में क्या हुआ है, तो भारत को जीतना चाहिए था। भारत टूर्नामेंट में पसंदीदा था। लेकिन, कभी हार न मानने की पुरानी ऑस्ट्रेलियाई मानसिकता है और यह बड़े टूर्नामेंटों में बहुत काम आती है। फाइनल मुकाबले के दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि टीम के बीच उस दृढ़ता, समर्पण और आत्म-विश्वास के साथ आप वास्तव में कुछ भी कर सकते हैं।

लीग चरण में भारत और अफ्रीका से हारा था ऑस्ट्रेलिया

लीग चरण में भारत और दक्षिण अफ्रीका से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया के अभियान की शुरुआत खराब रही। लेकिन, उन्होंने श्रीलंका पर जीत के साथ वापसी की, जिससे विश्व कप खिताब जीतने के लिए लगातार नौ मैच जीतने का सिलसिला शुरू हुआ। 2003 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य ली ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के शानदार प्रदर्शन का श्रेय कप्तान पैट कमिंस को दिया।

खराब फील्डिंग और बल्लेबाजी बनी भारत की दुश्मन

अहमदाबाद, 20 नवंबर (एजेंसियां)। भारत रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में घरेलू मैदान पर दो पुरुष वनडे विश्व कप खिताब जीतने वाला एकमात्र देश बनने का सुनहरा मौका चूक गया। पूरा देश जिस जीत की उम्मीद कर रहा था, वो एक दर्दनाक हार में बदल गई। भारतीय खिलाड़ियों के आंखों में जो आंसू खुशी के देखने थे, वो गम के दिखे क्योंकि कंगारूओं ने फाइनल मुकाबले में बाजी मारी और भारत का ट्रॉफी जीतने का सपना तोड़ दिया।

ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे सफल खिलाड़ी ट्रैविस हेड (137) रहे, जिन्होंने अपनी शतकीय पारी के दम पर भारत की हार की कहानी लिखी। उनकी शानदार बल्लेबाजी ने भारतीय गेंदबाजों को खूब छकाया। इस मुकाबले में वाहे बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी हो या क्षेत्ररक्षण ऑस्ट्रेलिया पूरी तरह से रोहित एंड कंपनी पर हावी थी। वहीं, भारतीय टीम पिछड़ती नजर आई।

बहुत धीमी और मुश्किल पिच पर पहले बल्लेबाजी करने से भारत पहले ही बैकफुट पर आ गया था। बड़ी मुश्किल से भारत ने 240 का लक्ष्य सेट किया। मगर, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने शुरुआती झटके लगने के बावजूद इसे

आसानी से हासिल किया। भारत, जिसने लगातार दस जीत के साथ विश्व कप में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया था। ऐसा लग रहा था कि वह पूरी तरह तैयार था। कोच द्रविड़ ने स्वीकार किया कि टीम मजबूत स्कोर से 30-40 रन पीछे रह गई।

सुडोकू 6382 का हल

7	8	1	6	3	9	4	5	2
4	5	6	8	1	2	3	7	9
3	2	9	4	7	5	6	1	8
5	1	3	9	2	8	7	6	4
8	6	2	1	4	7	9	3	5
9	7	4	5	6	3	2	8	1
1	9	7	2	8	6	5	4	3
2	3	8	7	5	4	1	9	6
6	4	5	3	9	1	8	2	7

[अर्थ जगत]

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

भारती एयरटेल	1.48 प्रतिशत
एचसीएल टेक	1.18 प्रतिशत
विप्रो	1.16 प्रतिशत
टेक महिन्द्र	0.61 प्रतिशत
टीसीएस	0.48 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

बजाज फाइनेंस	2.11 प्रतिशत
एम एंड एम	1.91 प्रतिशत
अल्ट्रा टेक	1.37 प्रतिशत
बजाज फिनसर्व	1.05 प्रतिशत
टाटा मोटर्स	1.02 प्रतिशत

सर्राफा

दिल्ली

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	47,310
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	31,400
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	70,096
वायदा	70,183
चांदी सिक्का लिवाली	870
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	67.77	78.57
पौंड स्टर्लिंग	90.94	105.45
यूरो	76.54	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दड़ा	2500-2600
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

चावल

चीनी एस	3640-3740
चीनी एम	3800-3900
मिल डिलीवरी	3520-3620
गुड़	4300-4400

दाल-दलहन

चना	6450-6550
दाल चना	7450-7550
मसूर काली	7800-7900
उड़द दाल	10600-10700
मूंग दाल	9900-10000
अरहर दाल	10400-10500

पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नई दिल्ली, 20 नवम्बर (एजेंसियां) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी लौटने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

नवंबर में अब तक क्रिप्टो में 173 मिलियन डॉलर का नुकसान

■ साइबर अपराधियों द्वारा पोलोनिक्स के हॉट वॉलेट खत्म कर दिए जाने के बाद हैकरों ने पोलोनिक्स से 114 मिलियन डॉलर से अधिक की चोरी कर ली

नई दिल्ली, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। नवम्बर महीने में अब तक क्रिप्टोकरेंसी में 173 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है, जिसमें दो घटनाओं से 91 फीसदी नुकसान हुआ है।

ब्लॉकचेन और स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट सुरक्षा कंपनी सर्टिक के अनुसार, नवम्बर ने पहले ही 2023 में चौथा सबसे बड़ा मासिक घाटा दर्ज किया है। यह उछाल क्रिप्टोक्यूरेंसी एक्सचेंज पोलोनीक्स की हालिया हैक से प्रेरित था। साइबर अपराधियों द्वारा पोलोनिक्स के हॉट वॉलेट खत्म कर दिए जाने के बाद हैकरों ने पोलोनिक्स से 114 मिलियन डॉलर से अधिक की चोरी कर ली है। अरखाम डेटा से पता चला है कि एक एथेरियम वॉलेट, जिसे अब 'पोलोनिक्स हैकर' के रूप में टैग किया गया है, ने 357 लेनदेन में पोलोनिक्स से कुल 114 मिलियन डॉलर मूल्य के टोकन भेजे। सर्टिक अलर्ट ने एक्स पर पोस्ट किया, 'नवंबर में घाटा अब तक 173 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया है, जिसमें दो घटनाएं 91 फीसदी नुकसान का हिस्सा हैं।' इसमें कहा गया है, 'नवंबर में पहले से ही इस साल किसी भी महीने का चौथा सबसे अधिक घाटा है।' सुरक्षा फर्म ने यह भी बताया कि फिशिंग स्कीम के चलते लगभग 27 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ। इस बीच, क्रॉस-चेन क्राइम के जरिए क्रिप्टोकरेंसी में 7 बिलियन डॉलर से ज्यादा की अवैध रूप से हेराफेरी की गई है, जिसमें उत्तर कोरिया के लाजर समूह को जुलाई 2022 और इस साल जुलाई के बीच लगभग 900 मिलियन डॉलर की चोरी से जोड़ा गया है। ब्लॉकचेन एनालिटिक्स फर्म एलिप्टिक के अनुसार, विकेंद्रीकृत एक्सचेंज (डीईएक्स), क्रॉस-चेन ब्रिज और सिक्का स्वैप सर्विसेज ने 7 बिलियन डॉलर के अवैध फंड को प्रोसेस्ड किया है।

कुछ महीनों तक काफी धीमी हो सकती है ऐप-आधारित ऋण सेवा

नई दिल्ली, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की एक रिपोर्ट के अनुसार ऐप-आधारित ऋण सेवा में नए प्लेयर्स के आने से इसमें अब कम से कम कुछ महीनों के लिए बहुत धीमी वृद्धि देखी जा सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से पता चलता है कि व्यक्तिगत ऋण और क्रेडिट कार्ड खंड ने पिछले दो वर्षों में 22 प्रतिशत की सीएजीआर दर्ज की है।

आरबीआई यह जांचने के लिए ऋणदाताओं पर बारीकी से नजर रखता है कि क्या किसी विशेष खंड में वृद्धि अधिक हो रही है। सावधानी के तौर पर, यदि आरबीआई को चिंता महसूस होती है तो वह ऋणदाताओं को विकास को धीमा करने के लिए सूचित करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ध्यान देने योग्य बात यह है कि आरबीआई ने आवास ऋण और वाहन वित्त में उच्च वृद्धि के बारे में चेतावनी नहीं दी है क्योंकि इन ऋणों के लिए आनुषंगिक (कोलैटरल) बेहतर प्रतीत होता है, जबकि उपभोक्ता ऋण के लिए आनुषंगिक (कोलैटरल) कमजोर होता है।

आगे कहा गया, 'परिणामस्वरूप उपभोक्ता क्षेत्रों में चूक से ऋणदाताओं की लाभप्रदता में बाधा आ सकती है। इस कदम का उद्देश्य पूरे क्षेत्र में हाल ही में देखी गई तेजी से वृद्धि को रोकना है। इस कार्रवाई से एनबीएफसी और डिजिटल फिनटेक ऋणदाता काफी प्रभावित होंगे क्योंकि उनके पास विविधीकृत बैलेंस शीट नहीं है।' एनबीएफसी ग्राहकों पर लागत का बोझ डालने में सक्षम नहीं हो सकती हैं, जिससे निकट अवधि में मार्जिन पर कुछ दबाव पड़ सकता है।

दुनिया में सबसे ज्यादा प्रॉब्लम सॉल्वर भारत में

■ कर्मचारियों के साथ भारत एआई अपनाने के मामले में सबसे आगे खड़ा

■ यूगॉव सर्वे नौ बाजारों में 15,000 डेस्क कर्मचारियों पर किया गया, जिनमें 2000 कर्मचारी भारत से थे

■ इस अध्ययन में सामने आया कि भारत में सबसे ज्यादा आम कार्यबल प्रॉब्लम सॉल्वरों का है

नई दिल्ली, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। कार्यस्थल पर अलग-अलग तरह के कर्मचारियों के साथ भारत एआई अपनाने के मामले में सबसे आगे खड़ा है, जिसे सबसे ज्यादा प्रॉब्लम सॉल्वर और एक्सप्रेशनिस्ट अपना रहे हैं। प्रॉब्लम सॉल्वर और एक्सप्रेशनिस्ट भारत में एआई एडॉप्शन का नेतृत्व कर रहे हैं। वर्कप्लेस प्रोडक्टिविटी प्लेटफॉर्म स्लैक ने आज अपनी नई ग्लोबल रिसर्च के परिणाम जारी किए, जिसमें भारत में कार्यस्थल पर काम करने वाले लोगों और टेक्नॉलॉजी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को अपनाने पर उनके प्रभाव का अध्ययन किया गया है। यह यूगॉव सर्वे नौ बाजारों में 15,000 डेस्क कर्मचारियों पर किया गया, जिनमें 2000 कर्मचारी भारत से थे। इसमें भारतीय डेस्क कर्मचारियों की पसंद और व्यवहार के बारे में अद्वितीय जानकारी सामने आई।

इस अध्ययन में सामने आया कि भारत में सबसे ज्यादा आम कार्यबल प्रॉब्लम सॉल्वरों का है, जिसमें 23 प्रतिशत कार्यबल शामिल है। प्रॉब्लम सॉल्वर टेक और ऑटोमेशन में निपुणता रखते हैं, और एआई एवं कार्य की प्रक्रियाओं को स्ट्रीमलाईन करने के लिए अत्यधिक उत्साहित हैं। उनमें से 92 प्रतिशत अरली टेक एडॉप्टर हैं, और 77 प्रतिशत एआई की ओर उत्सुक हैं। अपने काम में एआई का उपयोग करने के लिए प्रॉब्लम सॉल्वर का उत्साह स्पष्ट दिखाई देता है। उनमें से 43 प्रतिशत प्रोडक्टिविटी बढ़ाने के लिए एआई का उपयोग करना चाहते हैं। अध्ययन में सामने आया कि ये लोग 54 प्रतिशत हैं, जो भारत में एआई के सबसे ज्यादा उपयोग में अपना योगदान देते हुए एक्सटर्नल टेक प्रशिक्षण चाहते हैं, इसके बाद 34 प्रतिशत के साथ सिंगापुर का स्थान है।

एक्सप्रेशनिस्ट के पास एक मजबूत विज्युअल कम्युनिकेशन स्टाईल होता है, जो भारत के कार्यबल में 21 प्रतिशत हैं। वो एमोजी, जीआईएफ और मेमेज़ द्वारा कार्यस्थल के संवाद को कम औपचारिक और ज्यादा दिलचस्प बनाते हैं। विश्व में 72 प्रतिशत एक्सप्रेशनिस्ट संचार बढ़ाने के लिए इन विज्युअल टूल्स का उपयोग करते हैं, जबकि ऐसे डेस्क कर्मियों की संख्या 29 प्रतिशत है। उनका मानना है कि कार्यस्थल का संचार मनोरंजक और दिलचस्प होना चाहिए, और वर्चुअल कनेक्शन स्थापित करने और अपेक्षा के अनुरूप संदेश पहुँचाने के लिए इन विज्युअल एलिमेंट्स का उपयोग होना चाहिए। एक्सप्रेशनिस्ट का वर्चस्व दक्षिण कोरिया (15 प्रतिशत) और सिंगापुर (12 प्रतिशत) में भी है।

दूसरी तरफ, भारत में डिटेक्टिव कम हैं। ये तफ्तीश करने वाले लोग अपनी जिज्ञासा और जानकारी साझा करने की प्रवृत्ति के लिए जाने जाते हैं। डिटेक्टिव्स सुव्यवस्थित होते हैं, और 93 प्रतिशत स्वतंत्र रूप से समस्या को हल करना पसंद करते हैं। यद्यपि फ्रांस (38 प्रतिशत), ब्रिटेन (34 प्रतिशत), अमेरिका (33 प्रतिशत), और जर्मनी (33 प्रतिशत) में डिटेक्टिव्स की संख्या ज्यादा है, लेकिन भारत में ये केवल 16 प्रतिशत हैं। अध्ययन में सामने आया कि इसका कारण भारत में तुलनात्मक रूप से ज्यादा युवा कार्यबल है, क्योंकि डिटेक्टिव ज्यादा उम्र के कार्यबल में अधिक होते हैं। रोड वॉरियर्स, जो लचीलेपन और दूरस्थ संपर्कों के साथ काम करते हैं, वो जापान (28 प्रतिशत) और सिंगापुर (26 प्रतिशत) में ज्यादा हैं। भारत के कार्यबल में उनकी संख्या केवल 18 प्रतिशत है।

शेयर बाजार फिसला

मुंबई, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर के कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर ऑटो, रियलटी, यूटिलिटी और कमोडिटी जैसे समूहों में हुई बिकवाली के कारण आज शेयर बाजार गिरावट में रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 139.58 अंक टूटकर 65665.15 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 37.80 अंक लुढ़ककर 19694 अंक पर रहा। बीएसई में छोटी और मझौली कंपनियों में भी बिकवाली देखी गयी जिससे मिडकैप 0.06 प्रतिशत टूटकर 33361.52 अंक पर और स्मॉलकैप 0.39 प्रतिशत फिसलकर 39751.33 अंक पर रहा। बीएसई के अधिकांश समूह गिरावट में रहे जिसमें ऑटो 0.69 प्रतिशत, कमोडिटी 0.66 प्रतिशत, कैपिटल गुड्स 0.43 प्रतिशत, रियलटी 0.33 प्रतिशत और यूटिलिटी 0.44 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। बढ़त में रहने वालों में आईटी 0.64 प्रतिशत, टेक 0.52 प्रतिशत, टेलीकम्युनिकेशंस 0.44 प्रतिशत, हेल्थकेयर 0.31 प्रतिशत और एनर्जी 0.02 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है।

बीएसई में कुल 3980 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1997 गिरावट में और 1840 बढ़त में रहा जबकि 143 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर जर्मनी का डैक्स 0.26 प्रतिशत, जापान का निक्केई 0.59 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.16 प्रतिशत की गिरावट में रहा जबकि हांगकांग 1.86 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.46 प्रतिशत की बढ़त में रहा।



	अंतिम भाव ₹ में	% बदलाव
बजाज फाइनेंस	7,067.30	-2.11
एम एंड एम	1,553.85	-1.91
अल्ट्रा टेक	8,672.85	-1.37
बजाज फिनसर्व	1,598.35	-1.05
टाटा मोटर्स	674.05	-1.02
हिंद यूनिलीवर	2,505.75	-0.94
एशियन पेंट्स	3,139.60	-0.88
जेएसडब्ल्यू स्टील	762.70	-0.76
एल एंड टी	3,088.15	-0.70
एक्सिस बैंक	988.55	-0.60

बीएसई का सेंसेक्स सात अंकों की मामूली गिरावट के साथ 65787.51 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 65844.01 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन बिकवाली के दबाव में यह 66547.80 अंक तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस के 65974.73 अंक की तुलना में 0.21 प्रतिशत अर्थात 139.58 अंक गिरकर 65655.15 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से 19 लाल निशान में और 11 हरे निशान में रही।

एनएसई का निफ्टी लगभग सपाट 19731.15 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 19756.45 अंक के उच्चतम और 19670.50 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। पिछले दिवस के 19731.80 अंक की तुलना में 37.80 अंक अर्थात 0.19 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19694 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 27 को नुकसान हुआ जबकि 21 को लाभ हुआ और दो में कोई बदलाव नहीं हुआ।

आयशर ने लांच की हेवी-ड्यूटी ट्रकों की नॉन-स्टॉप सीरीज

नई दिल्ली, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड की बिजनेस यूनिट आयशर ट्रक्स एंड बसेस ने आज आयशर नॉन-स्टॉप सीरीज के लॉन्च की घोषणा की, जो हैवी ड्यूटी वाले ट्रकों की एक नई सीरीज है जिसे देश में तेजी से बदलती लंबी दूरी के ट्रांसपोर्टेशन के लिए डिज़ाइन किया गया है।

चार नए हेवी-ड्यूटी ट्रकों वाली नॉन-स्टॉप सीरिज पॉवरफुल और फ्यूल एफिशिएंट इंजनों से लैस है और फ्लिट ओनर्स को बेहतर परफॉर्मेंस और बेहतर अपटाइम प्रदान करने के लिए एक कनेक्टेड सर्विस इकोसिस्टम द्वारा सपोर्टेट है। आयशर प्रो 6019 एक्सपीटी , टिपर; आयशर प्रो 6048एक्सपी, हॉलेज ट्रक; आयशर प्रो 6055एक्सपी और आयशर प्रो 6055एक्सपी 4गुना2, ट्रैक्टर-ट्रक, आयशर के भारी, मध्यम और हल्के ड्यूटी ट्रकों और बसों की एक्सटेंसिव लाइन-अप के कॉम्प्लीमेंट करता हैं। वीईसीवी के एमडी और सीईओ विनोद अग्रवाल ने कहा, 'हमें एचडी ट्रकों की नॉन-स्टॉप रेंज पेश करने में बहुत गर्व है जो इंडस्ट्री में स्टैंण्डर्ड स्थापित करेगा, जो न केवल हमारे कस्टमरों की सफलता के लिए हमारे डेडिकेशन का रिप्रजेंट करेगा बल्कि हमारे देश में लॉजिस्टिक्स की एफिशियंसी और कॉस्ट में सुधार की दिशा में भी। हमारे इंडस्ट्री के लीडिंग अपटाइम सेंटर और माय आयशर ऐप द्वारा सपोर्टेड, यह नई रेंज आयशर कस्टमरों के लिए अधिक प्रोडक्टिविटी और प्रोफीबिलटी प्रदान करेगी।

वीईसीवी के एचडी ट्रक बिजनेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गगनदीप सिंह गंधोक ने कहा , आयशर अपने ग्राहकों को एक मजबूत हेवी-ड्यूटी पोर्टफोलियो प्रदान करता है, जो एक कनेक्टेड सर्विस इकोसिस्टम द्वारा सपोर्टेड है जिसके परिणामस्वरूप प्रोडक्टिविटी और प्रॉफिबिलटी में वृद्धि होती है।

सार संक्षेप

एडब्लूएस पर जनरेटिव एआई-पॉवर्ड चैटबॉट और वॉयसबॉट सॉल्यूशंस

नई दिल्ली। अमेज़न डॉटकॉम कंपनी अमेज़न वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) ने कन्वर्सेशनल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनी यलोडॉटएआई ने अपने जनरेटिव एआई-पॉवर्ड वॉयसबॉट और चैटबॉट सॉल्यूशंस के लिए एडब्लूएस को अपना क्लाउड प्रदाता बनाया है। कंपनी ने आज यहां कहा कि ये डायनामिक एआई एजेंट ग्राहकों से लक्ष्य पर केंद्रित बात करके उनका अनुभव बेहतर बनाएंगे और उनकी जरूरतों को समझकर उन्हें व्यक्तिगत समाधान प्रदान करेंगे। कंपनी के कस्टमर सर्विस डायनामिक एआई एजेंट 135 से ज्यादा भाषाओं में 35 से अधिक टेक्स्ट एवं वॉयस-आधारित चैनलों द्वारा उच्च गुणवत्ता की सपोर्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) का उपयोग करते हैं। यलोडॉटएआई ने पूरे विश्व में अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए अपना समाधान एडब्लूएस मार्केटप्लेस में उपलब्ध कराया है, जो स्वतंत्र सॉफ्टवेयर विक्रेताओं की ओर से हजारों सॉफ्टवेयर लिस्टिंग का एक डिजिटल कैटालॉग है, जिसके द्वारा एडब्लूएस पर चलने वाले सॉफ्टवेयर ढूंढना, उनका परीक्षण करना, उन्हें खरीदना और फिर स्थापित करना आसान हो जाता है।

सुगम्य शौचालयों पर 1554 स्थानीय प्लंबर और राजमिस्त्री प्रशिक्षित

नई दिल्ली। सुगम्य पारिवारिक शौचालय परियोजना के तहत सुगम्य शौचालयों पर 1554 से अधिक स्थानीय प्लंबर और राजमिस्त्री को प्रशिक्षित किया गया है। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर एक्सेसिबिलिटी/सुगम्यता संगठन स्वयं, एवं सहयोगी एजेंसी फाउंडेशन फॉर एक्सेसिबल एक्वानिर एंड सेनिटेशन के साथ मिल कर सुगम्य पारिवारिक शौचालय परियोजना के प्रमुख निष्कर्षों को जारी किया है। प्रारंभिक मूल्यांकन सर्वे से पता चला कि कम गतिशीलता वाले 76 प्रतिशत से अधिक व्यक्तियों को सुगम्यता,स्वच्छता जैसी सुविधाओं तक पहुंचने के लिए बहुत ही संघर्ष करना पड़ता है। स्वयं ने 2019 में इस परियोजना की शुरुआत की और 4 वर्षों में, 24,500 से अधिक स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), संयुक्त दायित्व समूह (जेएलजी), और समुदाय-आधारित संगठनों (सीबीओ) को संवेदनशील बनाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप 1.5 करोड़ व्यक्तियों तक पहुंचने में मदद मिली है सुगम्य शौचालयों पर 1554 से अधिक स्थानीय प्लंबर और राजमिस्त्री को प्रशिक्षित किया है। आशा और प्रगति की एक किरण के रूप में उभरते हुए, इस परियोजना के तहत स्वयं के संवेदीकरण और प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने ग्रामीण भारत को सुगम्य सड़कों के निर्माण के द्वारा भविष्य के लिए तैयार होने में मदद की है। हालाँकि शौचालय को एक बुनियादी आवश्यकता के रूप में मान्यता दी गई है, फिर भी वरिष्ठ नागरिक, दिव्यंगजन , गर्भवती महिलाए, बच्चों आदि सहित कम गतिशील लोगों की एक बड़ी संख्या इस सुविधा से वंचित है।

दाल दलहन और मीठे के बाजार में उबाल

नई दिल्ली, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आवक कम रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में दाल दलहन के साथ ही मीठे के बाजार में तेजी रही जबकि खाद्य तेलों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 64 रिंगिट गिरकर 3805 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.31 सेंट की बढ़त के साथ 51.98 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चीनी और गुड़ में 100-100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में तेजी रही। इस दौरान चना और दाल चना 150 -150 रुपए प्रति क्विंटल, मसूर दाल 150 रुपए प्रति क्विंटल, उड़द दाल और अरहर दाल 500 रुपए प्रति क्विंटल उबल गयी जबकि मूंग दाल में टिकाव रहा।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

आगरा-लखनऊ, पूर्वांचल, बुंदेलखंड, गोरखपुर लिंक एवं गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे लगेंगे उद्योग

लखनऊ, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) ने औद्योगिक केंद्रों के लिए स्थलों को चिन्हित कर लिया है। योजना के अनुसार यूपीडा प्रदेश में पांच एक्सप्रेसवेज के किनारे औद्योगिक केंद्रों की स्थापना करेगा।

इनमें आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे एवं गंगा एक्सप्रेसवे शामिल हैं। इस पर योगी सरकार अनुमानित सात हजार करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च करेगी। प्रदेश के कुल 12 जनपदों को जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेसवे पर 11 स्थलों को औद्योगिक गलियारे के लिए चुना गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1522 हेक्टेयर है। इस पर करीब 2300 करोड़ के अनुमानित व्यय का अनुमान है। इसी तरह, 7 जनपदों को जोड़ने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे 6 स्थलों को चिन्हित किया गया है। इसका प्रस्तावित क्षेत्रफल 1884 हेक्टेयर है, जिस पर 1500 करोड़ से ज्यादा व्यय का अनुमान है। इसी तरह, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से जुड़े 10 जनपदों में 5 स्थलों का चयन किया गया है। इसका कुल क्षेत्रफल 532 हेक्टेयर है, जिसके विकास पर करीब 650 करोड़ का व्यय अनुमानित है। वहीं, 9 जनपदों को जोड़ने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर औद्योगिक गलियारे के लिए 5 स्थानों को चिन्हित किया गया है, जिसका प्रस्तावित क्षेत्रफल 1,586 हेक्टेयर है और अनुमानित व्यय 2300 करोड़ होने की संभावना है। पांचवां और अंतिम एक्सप्रेसवे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे है। इसके 4 जनपदों में 2 स्थानों को औद्योगिक केंद्रों के लिए चुना गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल 345 हेक्टेयर होगा और अनुमानित व्यय 320 करोड़ होने की संभावना है।

कुल मिलाकर इन पांचों एक्सप्रेसवेज पर 30 स्थलों को चिन्हित किया गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल 5,800 हेक्टेयर से ज्यादा है। यूपीडा की ओर से चिन्हित सभी 30 स्थलों से जुड़े 108 ग्रामों को प्रदेश सरकार की ओर से अधिसूचित किया जा चुका है। वहीं, भूमि क्रय के लिए संबंधित 6 जिलाधिकारियों को 200 करोड़ रुपए भी जारी किए जा चुके हैं। साथ ही भूमि क्रय के लिए बुंदेलखंड औद्योगिक प्राधिकरण की तर्ज पर 1,500 करोड़ रुपए अवमुक्त किए जाने का आदेश भी निर्गत किया जा चुका है। जनपद स्तर पर भूमि क्रय के लिए दरों का निर्धारण फिलहाल प्रक्रिया में है।

डॉ. रमन सिंह की फिर होगी ऐतिहासिक जीत: मोहम्मद अकरम

राजनांदगाव, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। पूर्व राज्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन उर्दू अकादमी के अध्यक्ष मोहम्मद अकरम कुरैशी ने अपने एक जारी बयान में कहा कि राजनांदगांव सीट से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की लोकप्रियता लगातार बरकरार है यहां के आम मतदाताओं ही नहीं अपितु कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी इस चुनाव में डॉक्टर साहब को ही पसंद किया है। भले उन्होंने कांग्रेस के पैराशूट प्रत्याशी गिरीश देवांगन के पक्ष में प्रचार किया हो लेकिन सत्यता यही है। और 03 दिसंबर को डॉक्टर साहब को पिछले सारे रिकॉर्ड को तोड़ते हुए ऐतिहासिक जीत मिलेगी।

श्री कुरैशी ने आगे कहा कि कांग्रेस का भरोसे की सरकार का नारा खुद की पीठ थपथाने जैसी है। उनका यह नारा सिर्फ नारे तक ही सीमित है। जमीनी तौर से देखा जाए तो स्वयं भूपेश बघेल मुख्यमंत्री को राजनांदगांव के कांग्रेस नेताओं पर भरोसा नहीं है और उन्होंने पिछले दो चुनाव में पैराशूट प्रत्याशी उदाहरण है और उनके प्रचार के लिए भी स्थानीय नेताओं पर पूरा भरोसा नहीं किया है। बाहर से भी उनके प्रचारक चुनाव तक डटे रहे। जनता ने महसूस कर लिया है कि कांग्रेस के 5 साल के कार्यकाल में रमन का चमन उजड़ गया है। विकास कार्य सारे ढ़प हो चुके हैं। कल्पना की जा सकती है कि अगर और 5 साल कांग्रेस की सरकार रही तो राजनांदगांव की और कितनी दुर्गति हो जाएगी इस राजनांदगांव की जनता ने अच्छी तरह समझ लिया है। चुनाव परिणाम आने पर होली, दिवाली और ईद एक साथ मनेगी। जनाब कुरैशी ने कहा कि कांग्रेस में 75 पार की जो बात कही गई है। वह भाजपा के लिए फिट बैठ रही है इस बार कांग्रेस मजबूत विपक्ष की भी काबिल ना हो क्योंकि उनके शासनकाल में हुए भ्रष्टाचार को जनता ने मजबूरी में सहा है।

■ कहा – भाजपा की बनेगी स्पष्ट बहुमत से सरकार

सड़क दुर्घटना में मृतक परिजनों को मिलेगी नौकरी

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। शनिवार की रात को सड़क दुर्घटना में संयंत्र कर्मी की मौत के बाद आज शव को रोक कर हंगामा किया गया। नौकरी के लिए लिखित में आश्वासन की मांग को लेकर काफी देर तक शव को रोका गया। प्रबंधन ने स्पष्ट कर दिया था कि नियमित कर्मचारी हैं, इसलिए आश्रित के जॉब को लेकर कोई समस्या नहीं है। ड्यूटी जाते समय सड़क हादसा हुआ है, नियम के तहत जॉब दिया जाएगा। इसके लिए पहले पोस्टमार्टम कराना जरूरी है। काफी जद्दोजहद के बाद आज सोमवार दोपहर में परिवार राजी हुआ और पोस्टमार्टम कराया गया। पंचनाम रविवार को ही कराया जा चुका था। पोस्टमार्टम के बाद शव के अंतिम संस्कार के लिए सभी लोग रवाना हो गए। खुर्सीपार के रहने वाले आर.कोटेश्वर राव शनिवार को नाइट शिफ्ट ड्यूटी के लिए जा रहे थे। रोलिंग मिल गेट से पहले ही किसी ट्रक की चपेट में आ गए। बताया जा रहा है कि ट्रक ने पीछे से टक्कर मारा. जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई थी। मृतक के रिश्तेदार आंध्र प्रदेश से पहुंचने वाले थे. इसलिए रविवार को शव नहीं उठाया गया। इस बीच आश्रित की नियुक्ति को लेकर भी हंगामा शुरू हो गया था। साथी कर्मचारी की मौत के बाद पीड़ित परिवार के साथ यूनियन नेता भी सुपेला शासकीय अस्पताल स्थित मरच्यूरी पर डटे रहे। आइआर डिपार्टमेंट के सीनियर मैनेजर रोहित हरित ने परिवार को समझाया। मृतक के दो बेटे हैं। वार्ता में सीटू के उपाध्यक्ष डीवीएस रेड्डी, इंटक से उप महासचिव रमाशंकर सिंह, सचिव विंसेंट पटेरा, राकेश तिवारी, उज्ज्वल दत्ता उपस्थित है।

निगम के उपायुक्त का औचक निरीक्षण में 150 नदारत

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन का मतदान संपन्न होने के बाद निगम में जनहित के कार्यों को पटरी पर लाने हेतु आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त ने निगम मुख्यालय के सभी विभागों का औचक निरीक्षण कर विभाग प्रमुख एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की जॉच किये तो 150 अधिकारी एवं कर्मचारी अपने विभाग में अनुपस्थित पाये गये। आयुक्त रोहित व्यास ने चुनाव का मतदान संपन्न होने के बाद अधिकारी कर्मचारी अपने कार्य पर मुस्तैद रह कर जनहित के कार्यो को गति प्रदान करेए इस उद्देश्य को लेकर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी को निगम मुख्य कार्यालय सुपेला के सभी विभागों का अवलोकन कर अधिकारी एवं कर्मचारियों की कार्यालयीन समय 10 बजे उपस्थिति की जॉच किये जाने के निर्देश दिये गये थे।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00080 माना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440726200011

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00080 के अंतर्गत ग्राम मोना के वर्तमान भूमिस्वामी घसिया, बखरया, पन्नालाल, नंदकुमार, पवन कुमार पिता/पति पुनकाराम, सुरेश कुमार, ईश्वर पिता शिवकुमार, सीताबाई पिता/पति बेवा शिवकुमार, शिवप्रसाद पिता पुनकाराम, गुनमत, त्रिवेणीबाई, ललिता पिता/पति-पिता पुनकाराम पता चित्रेश्वर, पूर्णिमा, उमा., कमलेश, द्वारका, संतोष, सकुन पिता/पति-पिता दउवा पता माना बस्ती के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 727/1 0.3770, 726/1 0.0000, 719/2 0.0890, 629/1 0.3280, 729/1 0.1210 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मालती बाई पिता/पति रमेश पता कचना धमतरी छ.ग., संजू यदु पिता/पति स्व. परसराम यादव पता यादव मोहल्ला माना बस्ती माना रायपुर छ.ग., साधना यादव पिता/पति राजकुमार यादव पता मानपुर महासमुंद खट्टा छ.ग., ना.बा. सुमन यादव, ना.बा. ओमकार यादव, ना.बा. डिकेश्वरी यादव पिता/पति वली एवं पिता संरक्षक बबला यादव पता चांदी बाजार रायपुर छ.ग., दशरथ यदु पिता/पति स्व. घसिया यदु पता माना बस्ती माना रायपुर छ.ग., सतरूपा यादव पिता/पति पुनाराम यादव पता महामायापारा वार्ड कुम्हारी दुर्ग छ.ग., नीरा यादव पिता/पति रूपलाल यादव पता ग्राम सोनासिल्ली महासमुंद छ.ग., लता यदु पिता/पति रमेश यदु पता ब्राम्हण पारा फिंगेश्वर गरियाबंद छ.ग., परमेश्वरी यदु पिता/पति स्व. लीलाधर यदु पता माना बस्ती माना रायपुर छ.ग., सीमा यादव पिता/पति महेश कुमार यादव पता गोकुल नगर फिंगेश्वर गरियाबंद छ.ग., भूपेन्द्र कुमार यादव पिता/पति विष्णु यादव पता मोहंदी महासमुंद छ.ग., पार्वती यदु पिता/पति मुरली यदु पता ग्राम माना बस्ती रायपुर छ.ग., राहुल यादव पिता/पति स्व. लीलाधर यदु पता माना बस्ती माना रायपुर छ.ग., सुखदेव यदु पिता/पति स्व. परसराम यदु पता माना बस्ती रायपुर छ.ग., शरद कुमार यादव पिता/पति स्व. कमलेश यादव पता सेमरा अभनपुर रायपुर छ.ग., रमेश यादव पिता/पति स्व. लीलाधर यदु पता माना बस्ती माना रायपुर छ.ग., आशा बाई यदु पिता/पति बिसेन कुमार यदु पता सुंदरकेरा अभनपुर रायपुर छ.ग., अमरीका बाई यादव पिता/पति स्व. कमलेश यादव पता सेमरा अभनपुर रायपुर छ.ग., सती यादव पिता/पति गनपत यादव पता यादव पारा रायपुरा रायपुर छ.ग., रामअवतार यादव पिता/पति स्व. परसराम यादव पता माना बस्ती रायपुर छ.ग., अनुपा यादव पिता/पति कृष्ण कुमार यादव पता आदर्श नगर मोहित सीमेंट शॉप के पास वार्ड नंबर 53 पोटिया काला हलौद दुर्ग छ.ग., मधु यादव पिता/पति स्व. कमलेश यादव पता सेमरा अभनपुर रायपुर छ.ग., रेनु बाई यादव पिता/पति नागेश्वर यादव पता वार्ड नंबर 06 बेलर गरियाबंद छ.ग., तिलकराम यदु पिता/पति स्व. परसराम यादव पता माना बस्ती माना रायपुर छ.ग., रमा यादव पिता/पति धनेश्वर यादव पता कोटराभाठा पलौद रायपुर छ.ग., ना.बा. खुबलाल यादव पिता/पति वली माँ संरक्षक अमरीका बाई यादव पति स्व. कमलेश यादव पता सेमरा अभनपुर रायपुर छ.ग., संतोष यदु पिता/पति स्व. घसिया राम यदु पता माना बस्ती माना रायपुर छ.ग., ललित यादव पिता/पति स्व. परसराम यादव पता माना बस्ती माना रायपुर छ.ग., विष्णु यदु पिता/पति केसों राम यदु पता वार्ड नंबर 06 मोहंदी महासमुंद छ.ग., बबला यादव पिता/पति राम लाल यादव पता चांदी बाजार रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन /फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.12.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.11.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SOHAN LAL S/O SALIK RAM NAGRAJ, resident of LAL BAHADUR SHASTRI WARD, WARD NO-09, NARHARPUR, UTTAR BASTAR, KANKER (C.G) 494333 have changed my old name SOHAN LAL S/O SALIK RAM NAGRAJ, so in future I should be recognized by my new name that is SOHAN LAL NAGRAJ S/O SALIK RAM NAGRAJ, in all Government and other documents.

SOHAN LAL NAGRAJ
LAL BAHADUR SHASTRI WARD, WARD NO-09, NARHARPUR, UTTAR BASTAR, KANKER (C.G) 494333

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.नं. 00051 कोटा 3 ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440723000005

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00051 के अंतर्गत ग्राम कोटा 3 के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव पति ओमप्रकाश श्रीवास्तव पिता/पति पता डंगनिया के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 101/20 0.0130 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती गायत्री श्रीवास्तव पिता/पति श्री प्रदीप कुमार श्रीवास्तव पता साईनाथ कॉलोनी कोटा रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.11.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.नं. 00082 सेजबाहर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440 727100026

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00082 के अंतर्गत ग्राम सेजबाहर के वर्तमान भूमिस्वामी ईशु कुमार दिनेश भुनेश्वर पिता/पति रामगोपाल साहू देवासीर बाई पति रामगोपाल साहू पता निर्मला गीता खेमेश्वरी पिता/पति पुरूषोत्तम साहू पता सा. देह, बृजलाल पिता/पति शिवलाल पता, श्री महादेव मंदिर द्वारा सर्वराकार गैंदलाल कामता पिता/पति रतीराम केजीबाई बिमला पिता रतीराम पता, राधेश्याम नारायण रमाशंकर सावित्री डामिन डेरहिन पिता/पति सुरूजलाल फेरहिन पति सुरूजलाल पता, ईश्वर उनीत महेन्द्र पिता/पति भागीरथी साहू देहुति पति भागीरथी साहू पता, जयकिशन आशीष रीना पिता/पति संतोष साहू सरोज पति संतोष साहू पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 50 0.3320, 123 1.0280 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्री महादेव मंदिर द्वारा सर्वराकार गैंदलाल कामता पिता/पति रतीराम केजीबाई बिमला पिता रतीराम पता सेजबहार रायपुर, बृजलाल पिता/पति शिवलाल पता सेजबहार रायपुर, जयकिशन आशीष रीना पिता/पति संतोष साहू सरोज पति संतोष साहू पता सेजबहार रायपुर, राधेश्याम नारायण रमाशंकर सावित्री डामिन डेरहिन पिता/पति सुरूजलाल फेरहिन पति सुरूजलाल पता सेजबहार रायपुर, ईश्वर उनीत महेन्द्र पिता/पति भागीरथी साहू देहुति पति भागीरथी साहू पता सेजबहार रायपुर, दिनेश भुनेश्वर पिता/पति रामगोपाल साहू देवसीर बाई पति रामगोपाल साहू पता सेजबहार रायपुर, निर्मला गीता खेमेश्वरी पिता/पति पुरूषोत्तम साहू पता सेजबहार रायपुर, यशोदा सही पति स्व. ईशु साहू, दीपक कुमार साहू, भैरव सिंग साहू, भगवती साहू पिता/पति स्व. ईशु साहू पता सेजबहार रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.12.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.11.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
उद्घोषणा

क्रमांक 14703/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 20/11/23

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर (इंदिरा गांधी व्यावसायिक परिसर) योजना के अन्तर्गत श्री वासुदेव नचरानी पिता श्री नामदेव नचरानी को भूखण्ड क्रमांक ए-10 ए क्षेत्रफल 688 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित हैं। आबंटिती द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री होल्ड किये जाने पर यदि किसी कोई आपत्ति दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 20.11.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
उद्घोषणा

क्रमांक 14649/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 20/11/23

प्राधिकरण की टिकरापारा (164 जनता मकान) योजनान्तर्गत जनता मकान क्रमांक 60 क्षेत्रफल 328 वर्गफुट श्री नदीम अहमद पिता स्व. तफसीर अहमद एवं श्रीमती शहीना परवीन पति श्री तारिक नासिर खान को 30 वर्षीय पट्टे पर धारित है। आबंटिती द्वारा उक्त मकान को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मकान को फ्री होल्ड किये जाने पर यदि किसी कोई आपत्ति दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक .... को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
उद्घोषणा

क्रमांक 14668/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023
रायपुर दिनांक 20/11/23

प्राधिकरण की कटोरातालाब योजनांतर्गत श्री राजेश जैन (भण्डारी) पिता स्व. श्री रंगराज जैन भण्डारी को भूखण्ड क्रमांक डी-35/1 क्षेत्रफल 1650 वर्गफुट आबंटित है। देवेन्द्र जैन पिता श्री उगम राज जैन, श्री नितेश जैन पिता श्री उगम राज जैन दोनों निवासी मकान नंबर 860 वार्ड नंबर 11 शिवाजी चौक राजिम जिला गरियाबंद (छ.ग.) द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 13.09.2023 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रेता कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 20.11.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

ई-कोर्ट मा.क्र./202310111500045/
अ-6/वर्ष 2022-2023
ग्राम डूमरतालाब प.ह.नं. 53
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
दिनांक 09.11.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ललित कुमार जैन पिता स्व. श्री मोहनलाल जैन निवासी एमआईजी 215 बी भारतमाता स्कूल के सामने टाटीबंध रायपुर छ.ग. के द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम डूमरतालाब प.ह.नं. 53 तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 227 शामिल खसरा नंबर 228/2 रकबा 0.081 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के पिता मोहनलाल जैन पिता स्व. श्री कंवरलाल जैन के नाम पर दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि के भू-स्वामी आवेदक के पिता मोहनलाल जैन पिता स्व. श्री कंवरलाल जैन की मृत्यु दिनांक 05.02.2021 को हो चुकी है। इस प्रकार उक्त आवेदित भूमि मृतक भूमिस्वामी के विधिक वारिसान में 01.पत्नि श्रीमती ललिता देवी जैन 02. (पुत्र) ललित कुमार जैन 03. (पुत्र) रोहित कुमार जैन 04. (पुत्री) सपना कांकरिया है, इनके अतिरिक्त अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है। इस प्रकार उक्त आवेदित भूमि में मृतक भूमिस्वामी के नाम को राजस्व अभिलेख से विलोपित कर विधिक वारिसानगण अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 29.11.2023 तक प्रस्तुत कर सकते है। निय अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

श्री शंकराचार्य सेक्टर 10 भिलाई में कक्षा तीसरी में अध्यनरत विराट के के बी सी हॉट सीट पर चयन होने पर जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष तुलसी सोनी, उपाध्यक्ष दिनेश जैन, एस के भगत, ललित वर्मा, दिनेश नलोडे, मोरध्वज चंद्राकर, अजय राय, सचिव मिथिलेश बंजारे, सह सचिव संजय खंडेलवालस रॉकी देवांगन, सदस्य आर के ताम्रकारस जवाहर सिंह राजपूतस हरीश सोनी ने जिले के प्रतिभावान शतरंज खिलाड़ी विराट को कौन बनेगा करोड़पति जूनियर हाट सीट पर चयन होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। जिला शतरंज संघ दुर्ग ने विराट के माता-पिता के अलावा अंतर्राष्ट्रीय महिला शतरंज खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक किरण अग्रवाल को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई प्रेषित की है ।

स्कूल बना असामाजिक तत्वों का अड्डा

जगदलपुर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। शहर सीमा से सटे घाटपदमूर पंचायत के नेगीगुड़ा प्राथमिक शाला की बांउड्रीवाल को असामाजिक तत्वों ने जगह-जगह से तोड़ दिया है। स्कूल की बाउंड्री टूटने के बाद अब यह स्कूल परिसर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। रोजाना रात में आवारा किस्म के युवा स्कूल परिसर में प्रवेश कर रहे हैं और यहां शराबखोरी से लेकर अन्य काम किए जा रहे हैं।

गांव के जोगेश्वर सेठिया, ईश्वर सेठिया, मोहन कश्यप, गंगा बघेल ने बताया कि टूटी बांउड्रीवाल को बनाने के गांव के लोगों के साथ ही स्कूल की मैडम भी लगातार सरपंच से निवेदन कर रही थीं और मैडम बांउड्रीवाल बनाने की मांग करते-करते रिटायर हो गईं,

लेकिन बाउंड्री नहीं बन पाई अब जो नई मैडम आई है वो भी लगातार बाउंड्री वाल बनाने के लिए सरपंच सचिव से निवेदन कर रहीं हैं कि बांउड्रीवाल जरूरी है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। इस मामले में गांव के सरपंच लखीधर बघेल का कहना है कि जल्द ही स्कूल की बाउंड्री बना ली जाएगी।

तीन कांग्रेसी नेता निष्कासित

बस्तर में भाजपा प्रत्याशी का किया था प्रचार

जगदलपुर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने जगदलपुर से अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ गतिविधियों में काम करने के आरोप में तीन कांग्रेसी नेताओं पर कार्रवाई की है। पूर्व महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष कमल झज्ज, विक्रम शर्मा और कुक्की झारी को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर जगदलपुर में शहर जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य ने निष्कासन की कार्रवाई करते हुए 3 नेताओं को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित किया है। गौरतलब है कि पूर्व महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष कमल झज्ज ने डेढ़ वर्ष पहले अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था लेकिन पार्टी की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। चुनाव के दौरान भी उन्हें मनाने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने सोशल मीडिया पर भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी किरण देव का प्रचार किया और इसी को आधार बनाकर कांग्रेस ने उन्हें निष्कासित कर दिया। इसके अलावा जगदलपुर में विक्रम शर्मा और कुक्की झारी पर भी पार्टी विरोधी गतिविधि करने पर निष्कासन की कार्रवाई की गई है।

कोरबा में मालगाड़ी डी रेल

कोयला डस्ट की वज़ह से हुआ हादसा

कोरबा, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। कोरबा के रेलवे स्टेशन में एक मालगाड़ी हादसे का शिकार हो गया है। चलती ट्रेन के चार चक्के पीछे से उतर गए थे। सूचना मिलते ही रेल अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई।गनीमत है कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद स्श्वष्टरुऔर रेलवे के अधिकारी जांच में जुट गए। बताया जा रहा है कि ट्रैक में अधिक मात्रा में कोल डस्ट जमा होने के कारण हादसा हुआ है। इस घटना के चलते कोई भी ट्रेनें प्रभावित नहीं हुई है। वहीं रेलवे अधिकारी घटना की जांच में जुटे है। फ़िलहाल पटरी से उतरे डिब्बों का मरम्मत कार्य शुरू हो चुका है।

मिली जानकारी के मुताबिक कोरबा के स्श्वष्टरु के जुनाडीह साइडिंग में रेलवे ट्रैक पर अधिक कोल्डेस्ट जमा होने के कारण मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया था। हादसे के बाद स्श्वष्टरु के खदान से कोयला परिवहन कई घंटे तक बाधित रहा, जिससे रेलवे और स्श्वष्टरु को लंबी चपत लगी है। सोमवार की तड़के सुबह जुनाडीह साइडिंग में मालगाड़ी के दसवें वैगन के पीछे के चारों पहिए डी रेल हो गए थे। इस घटना की सूचना मिलने पर स्श्वष्टरुऔर रेलवे के अधिकारी कर्मचारी तत्काल पहुंचे, वहीं रेलवे और स्श्वष्टरुके मेंटेनेंस विभाग ने तत्काल इस मामले पर कार्यवाही करते हुए ट्रेन रूट को फिर से शुरू कराया। जिसके बाद कोयला परिवहन शुरू हुआ।

वन्य जीव साही का शिकार करने गए एक युवक की गुफा के अंदर मिली लाश

सूरजपुर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। सूरजपुर में वन्य जीव साही का शिकार करने गए एक युवक की गुफा के अंदर लाश मिली है। बताया जा रहा है कि गुफा के अंदर जहरीले पत्ते जलाकर युवक वन्य जीव साही का शिकार करना चाह रहा था, लेकिन जहरीले पत्तों से निकले धुएं की वजह से दम घुट गया और उसकी मौत हो गई।

मामले की जानकारी डीडीआरएफ की टीम को दी गई। पुलिस की मौजूदगी में रेस्क्यू कर लाश को गुफा से बाहर निकाला गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान अलय कुमार पिता रामप्रसाद अगरिया 22 वर्ष है।

पुलिस ने बताया कि घटना 17 नवंबर को रमकोला जंगल में युवक शिकार करने गया था। सुरंग वाले गुफा में साही जानवर होने की उम्मीद में बाहर निकालने जहरीले पत्तों से धुंआ करने लगा। काफी देर बाद किसी जंतु के बाहर नहीं निकलने पर वह गुफा में घुस गया था, लेकिन दोबारा बाहर नहीं निकल पाया। युवक के साथ मौजूद ग्रामीणों ने घटना की सूचना पंचायत प्रतिनिधियों को दी।

सूचना पर 19 नवंबर को सूरजपुर जिला सेनानी संजय गुप्ता के मार्गदर्शन में डीडीआरएफ की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत से नाइट विजन कैमरा, बीए सेट के साथ और अन्य उपकरण की मदद से लाश को बाहर निकाला गया। इस दौरान टीम प्रभारी बीरबल गुप्ता, बृज बिहारी गुप्ता, धनसाय, बेला प्रताप, देवनारायण, कृष्णा सिंह, महबूब ने रेस्क्यू कर शव को बाहर निकाला। लाश को परिजनों को सौंप दिया गया है।

एसईसीएल ने दर्ज किया इतिहास का सबसे तेज़ 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन

बिलासपुर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। वित्तीय वर्ष 2023-24 में एसईसीएल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन हासिल कर लिया है। कंपनी द्वारा स्थापना के बाद से हासिल किया गया यह सबसे तेज़ 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन है। पिछले वर्ष की तुलना में कंपनी ने 32 दिन पहले ही 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन का आंकड़ा हासिल कर लिया है।

इस उपलब्धि में कंपनी की मेगा परियोजनाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कंपनी की गेवरा खदान ने 30.76 मिलियन टन, कुसमुंडा ने 23.72 मिलियन टन, एवं दीपका ने 17.39 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है। इसके साथ कुल 100 मिलियन टन में कंपनी की मेगा परियोजनाओं द्वारा लगभग 71त्न का योगदान दिया है। एसईसीएल इस वित्तीय वर्ष में कंपनी पहले ही अपने इतिहास का सबसे तेज़ 100 स्रूष्टह्वरू ओबीआर एवं 100 मिलियन टन डिस्पैच दर्ज कर चुकी है। विदित हो कि एसईसीएल ने पिछले वित्तीय वर्ष में अपने इतिहास का सर्वाधिक 167 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया था एवं इस वर्ष में 197 मिलियन टन के लक्ष्य की ओर अग्रसर है।

छठ घाट से घर लौटे युवक की चाकू मारकर हत्या

- इलाके में फैली सनसनी

भिलाई, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। छठ महापर्व के बीच दुर्ग के भिलाई में एक युवक क चाकू मारकर हत्या कर दी गई है. घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. यह मामला खुर्सीपार थाना क्षेत्र का है. हत्या की घटना में जिस आरोपी की संलिप्तता सामने आई है. वह पूर्व में भी हत्या के आरोप में जेल जा चुका है.

जानकारी के अनुसार, खुर्शीपार थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिनी माता नगर में रात्रि लगभग 9 बजे चाकू मार कर युवक की हत्या कर दी गई. बताया जा रहा है कि खुर्सीपार थाना क्षेत्र में छठ मनाकर लौटे 23 वर्षीय विजय पासवान की उसके पड़ोसी भूषण साहू ने हत्या कर दी. विजय रविवार शाम को छठ मनाकर घर लौटा था. इसके बाद वो कबीर मंदिर जैतखाम के पास टहलने गया था. इसी दौरान भूषण ने कटर से उसका गला काट कर वारदात को अंजाम दिया है. हत्या की वारदात में जिस आरोपी की संलिप्तता सामने आई है. उक्त आरोपी पूर्व में भी हत्या के आरोप में जेल जा चुका है.

खुर्शीपार थाना प्रभारी निरीक्षक उम्मेद कुमार टंडन ने हत्या की वारदात की पुष्टि की है. उन्होंने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है. यह अभी नहीं बताया जा सकता की हत्या की वारदात में कितने आरोपी थे. हत्या की वारदात में जुगनू नामक आरोपी की पुलिस ने शहर से भागने के पहले ही हिरासत में ले लिया है. एक अन्य आरोपी भूषण जिसकी तलाश की जा रही है. पुरानी रंजिश पर से वारदात को अंजाम दिया गया है.

बोलेरो ने दो युवकों को कुचला, मौके पर मौत

पिथौरा, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे नहीं थम रही है, जिले के पिथौरा में एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवारों को कुचल दिया. इस हादसे में 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है. सरायपाली थाना क्षेत्र का मामला. मिली जानकारी के अनुसार, सरायपाली ईवास इंग्लिश मीडियम स्कूल के पास एक तेज रफ़्तार बोलेरो ने बाइक सवारों को कुचल दिया. हादसा इतना भीषण था कि 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. मृतक युवकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है. पुलिस मृतकों की शिनाख्त करने में जुटी हुई है।

NECC

21.11.2023	अंडा	मुर्गी	काकरेल
फार्म	5.50	83	170
चिल्हर	6.50	98	195

डिलीवरी 565 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

ईवीएम पर निगरानी रहे

छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिये दो चरणों में मतदान हो जाने के बाद अब सवाल ईवीएम की सुरक्षा का है। राज्य की 70 सीटों के लिये दूसरे एवं अंतिम चरण का मतदान शुक्रवार को सम्पन्न हुआ जबकि माओवाद के महेनज़र इस समस्या से प्रभावित बस्तर सम्भाग की 10 और दुर्ग सम्भाग की 10 सीटों के लिये 7 नवम्बर को पहले मतदान हुआ था। इसके साथ ही 90 क्षेत्रों के प्रतिनिधि कौन होंगे, इसका निर्धारण होना अब शेष है। मतगणना के साथ ये नतीजे 3 दिसम्बर को घोषित किये जायेंगे। तब तक के लिये ईवीएम को मतगणना केन्द्रों में कड़ी निगरानी में रखा गया है। प्रशासन के मार्गदर्शन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सैकड़ों जवान इसकी सुरक्षा पूरी मुस्तैदी से कर रहे हैं। आशा है कि जब तक परिणाम नहीं निकलते, इनकी सुरक्षा के प्रबन्ध चाक-चौबन्द रहेंगे। प्रशासन से उम्मीद है कि इनके साथ किसी तरह की छोड़-छाड़ नहीं होने दी जायेगी।

पिछले साल हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनावों के बाद से शासकीय निगरानी में स्ट्रांग रूम्स में रखी हुई हजारों ईवीएम संदेहास्पद हो गई थीं क्योंकि कई मशीनें राजनैतिक दलों की जानकारी के बिना बाहर ले जाती हुई पाई गई थीं। वहां समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ऐसे अनेक वाहनों को पकड़ा जिनमें ये मशीनें मिली थीं। हालांकि तब तक काफी देर हो गई थी। सपा की यह सक्रियता मतगणना यानी मशीनें खुलने के एक-दो दिन पहले ही देखी गई थी। वहां सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी कमजोर स्थिति में होने के बावजूद चुनाव जीत गई थी। इससे सबक लेते हुए पश्चिम बंगाल चुनाव में तृणमूल कांग्रेस तथा हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने परिणाम आते तक मशीनों की कड़ी निगरानी की थी। अब ज्यादातर राज्यों में यह धारणा बन गई है कि ईवीएम के साथ स्ट्रांग रूम्स में रखने के दौरान छेड़छाड़ होती है और परिणामों को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मोड़ा जाता है। हालांकि निर्वाचन आयोग निष्पक्ष होने का दावा करता रहा है और वह यह भी कहता है कि मशीनों के साथ छेड़-छाड़ सम्भव नहीं है।

इन तमाम दावों, आरोपों-प्रत्यारोपों के बाद भी कहा जा सकता है कि ईवीएम को लेकर अधिकतर जनता आश्वस्त नहीं है। कुछ समय पहले ही एक दक्षिण भारतीय भाजपा नेता ने यह बयान देकर इस संदेह को और भी पुख्ता कर दिया था कि 'वोट किसी को भी डाला जाये, अंततः जायेगा तो भाजपा को ही'। इन तमाम परिस्थितियों की दृष्टि से आवश्यक है कि प्रशासन व अर्द्ध सुरक्षा बलों के साथ ही सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि 3 दिसम्बर तक हर उस जगह पर उपस्थित रहें जहां पर ईवीएम रखी हुई हैं। मशीनों की वे सतत निगरानी करें तथा कोई गड़बड़ी दिखने पर निर्वाचन अधिकारियों से तत्काल शिकायत करें।

उल्टा पुल्टा

चिंटू से एक आदमी ने पूछा- बेटा, आपके पापा का क्या नाम है?
चिंटू- अंकल, अभी उनका नाम नहीं रखा मैंने, बस प्यार से पापा ही कहता हूं!!!

सेक्टर स्तरीय अंतर महाविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज जगदलपुर बना चैंपियन

जगदलपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। स्थानीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल मैदान में सेक्टर स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बस्तर संभाग के विभिन्न महाविद्यालय की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच सोमवार को पीजी कॉलेज कांकेर और पीजी कॉलेज जगदलपुर के बीच खेला गया। इस आकर्षक मुकाबले में दोनों ही टीम के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट हैंडबॉल खेल का प्रदर्शन किया। कांकेर टीम के खिलाड़ियों ने 14 गोल किए वहीं जगदलपुर पीजी कॉलेज के खिलाड़ियों ने 20 गोल दाग कर प्रतियोगिता का शील्ड अपने नाम किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि प्रोफेसर रात्रि और कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रभारी प्राचार्य अमिताशु झा ने किया। क्रीड़ा अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सेक्टर स्तरीय टीम में शामिल किया जाएगा जो प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

25 दिसम्बर को तुलसी पूजन आयोजन हेतु सक्षम ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

20 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक बस्तर जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में सक्षम करेगा तुलसी चौरा साज सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

जगदलपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। सक्षम द्वारा 25 दिसम्बर को तुलसी पूजन का आयोजन किया जाता है। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी तुलसी पूजन का आयोजन किया जाना है। आयोजन का उद्देश्य धर्म का प्रचार व् धर्मातरण रोकना है। सक्षम का यह आयोजन 20 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक होगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के आयोजन व शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 20 से 24 दिसम्बर तक तुलसी चौरा साज सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 25 दिसम्बर संध्या 5 से 7 बजे तक सुन्दर कांड पाठ के पश्चात सांस्कृतिक आयोजन जिसमें नृत्य व गीत गायन होंगे। 26 दिसम्बर को सभी आयोजन के विजेताओं को पुरस्कार वितरण पश्चात 2 बजे से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 27 दिसम्बर 2 बजे आद्यनारायणी द्वारा कलश यात्रा जगदलपुर के विभिन्न मार्गों में निकाली जाएगी। 28 दिसम्बर को संजय मार्किट हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ व प्रसाद वितरण। 29 दिसम्बर संध्या 4 बजे सुन्दर कांड पाठ व प्रसाद वितरण। समस्त आयोजन माई दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में होना तय किया गया है। 26 व 27 दिसम्बर को क्रमशः शोभा यात्रा व कलश यात्रा का शुभारम्भ माई दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से गोल बाजार, श्रीराम चौक, महारानी अस्पताल चौक, संजय मार्केट (हनुमान मंदिर), मांई दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में समापन होगा।

मिशन साहसी कार्यक्रम से छात्राएं बनेगी सशक्त : अभाविप

अभाविप बस्तर ने विश्वविद्यालय को सौंपा ज्ञापन

जगदलपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर मिशन साहसी का आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अनेकों विद्यालय और महा विद्यालय की छात्रा बहनें आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने आगामी सेमेस्टर परीक्षा की तिथि बढ़ाने के लिए शहीद महेंद्रकर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम पर विश्वविद्यालय कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा। अभाविप जगदलपुर नगर मंत्री शैलेश ध्रुव ने कहा कि मिशन साहसी के तहत छात्राओं को किसी भी परिस्थिति से सुलझने के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से तैयार किया जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से मार्शल आर्ट सिखाया जा रहा है। दैनिक दिनचर्या से जुड़ वस्तुओं का उपयोग जैसे दुपट्टा, हेयर पिन, चुड़ी, चप्पल इत्यादि को आत्मरक्षा के लिए कैसे इस्तेमाल किया जाये,यह सब विशेषज्ञों की निगरानी में सिखाया जा रहा है।

आखिर मिशन साहसी है क्या: मिशन साहसी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शुरू किया गया एक अभियान है, जिसके तहत छात्राओं को स्वावलंबी, साहसी और निडर हेतु प्रशिक्षित किया जाता है। प्रक्षिशण के दौरान विशेषज्ञों के द्वारा तरह ङ्क तरह के आत्मरक्षा के गुण सिखाये जाते हैं। मिशन साहसी के तहत अभाविप द्वारा देश भर में बीस लाख से अधिक छात्राओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। अभाविप ने यह अभियान समस्या नहीं समाधान को ध्यान में रखते हुए लिया है। नगर मंत्री ध्रुव ने बताया कि शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय की आगामी सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म नेटवर्क एवं टेक्निकल कारणों से अनेकों विद्यार्थियों का फॉर्म लॉक नहीं हो पाया है। यानी की फॉर्म पूरी तरह से विश्वविद्यालय को स्वीकार नहीं हुआ है। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय एक जनजाति क्षेत्र में विद्यमान है, बसा हुआ है, जिसमें दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र से अधिकतर विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं। अज्ञानता वश अभी तक अनेकों विद्यार्थी सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित रह गए हैं। फार्म की समयावधि बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों एवं भूले भटके विद्यार्थियों को अवश्य लाभ होगा।

इस दौरान गुरप्रीत, अश्विन, परिवेद, जसमनी, मीनाक्षी, श्वेता, गंगा, अभिषेक, भुपेश अभाविप के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

साई जन्मोत्सव पर हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

जगदलपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। श्री सत्य साईं सेवा संगठन, छत्तीसगढ़ द्वारा भगवान श्री सत्य साईं बाबा के 98 वें जन्मदिन के पावन अवसर पर श्री सत्य साईं सेवा समिति, जगदलपुर द्वारा 20 से 21 नवंबर तक दो दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर जगदलपुर समिति के युवाओं द्वारा रक्तदान किया। इस कार्य में रक्त बैंक के समस्त कर्मचारी डॉ. डाकेश राजे, अमर, तिलक, राजेश्वरी, माधवी, रोमा, विमल ने अपना सहयोग दे रहे हैं। जर्नल प्रमुख के. एस. रमैया, जिलाध्यक्ष संजय वैष्णव, समिति संयोजक डी.रमलू राव, सेवा प्रभारी कुणाल सूर्यवंशी, पूर्व समिति संयोजक मुकेश रायकवार, जिला आईटीआई प्रमुख विजय साईं बी. नागेश, बी. संतोष आदि समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

आदर्श महाविद्यालय में मतगणना की तैयारी का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

जगदलपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने सोमवार को विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत शासकीय आदर्श महाविद्यालय धरमपुरा में स्थित मतगणना केन्द्र में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों 85 बस्तर, 86 जगदलपुर तथा 87 चित्रकोट के मतगणना हेतु तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और सभी आवश्यक व्यवस्था निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों दिए।

इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए जिला चुनाव अधिकारी एवं कलेक्टर विजय ने कहा कि 7 नवंबर को मतदान की प्रक्रिया पूर्ण हुई थी अब पूरे प्रदेश में 3 दिसंबर को काउंटिंग होगा। उसके साथ ही बस्तर जिले के तीनों विधानसभा के मतों की गणना भी 3 दिसंबर को आदर्श महाविद्यालय में की जाएगी इसकी पूरी व्यवस्था कर दी गई है। तीनों विधानसभा के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए गए हैं व सभी प्रत्याशियों को यह जानकारी दे दी गई है कि सभी विधानसभा में 14 टेबल लगाए जा रहे हैं और प्रत्येक टेबल पर एक मतगणना अभिकर्ता नियुक्त कर सकते हैं। मतपत्र के आधार पर इनकी संख्या भी बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि मतों की गणना के लिए 200 कर्मचारियों को लगाया गया है। महिला कर्मचारियों के उत्साह को देखते हुए उन्हें भी मतगणना के कार्य में लगाने के बात उन्होंने कही है। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेभूरकर, नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एके सिंह सहित तीनों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग ऑफिसर और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

विश्वविद्यालय में कैंपस इंटरव्यू का हुआ आयोजन

चोलामंडलम कंपनी द्वारा लिया गया छात्र-छात्राओं का इंटरव्यू

जगदलपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर के विद्यार्थियों के लिए कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा एम.बी.ए. अध्ययनशाला भवन में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन सोमवार को किया गया, जिसमें चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एवं फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों द्वारा विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं का साक्षात्कार लिया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव, विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के प्रभारी अधिकारी डॉक्टर स्वप्न कुमार कोले सहित चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एवं फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अनेक अधिकारी, विश्वविद्यालय के एम.बी.ए. एवं बी.एड. अध्ययनशाला के शिक्षक एवं अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कैंपस इंटरव्यू के आयोजन में एम.बी.ए. एवं बी.एड. अध्ययनशाला के शिक्षकों तथा ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सदस्यों का सहयोग रहा।

चोरी के वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

घर अंदर घुसकर नगदी रकम, सोने का मंगलसूत्र, चांदी का पायल, दो मोबाईल की गई चोरी

जगदलपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। ग्राम नेगानार नाकापारा के एक घर में चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। 18 नवंबर को रात्रि 2 बजे प्रार्थी अपने घर में सोया हुआ था कि एक व्यक्ति दबे पैर चुपचाप प्रार्थी के घर से निकल रहा था जिसे देख कर प्रार्थी चिल्लाया तो चोर बाहर निकल कर भागने लगा। प्रार्थी का बेटा शंकर आवाज सुनकर उठा और चोर के पीछे भागा और चोर को पकड़ भी लिया परंतु चोर शंकर के हाथ में दांत से काट कर छुड़ाकर भाग गया। प्रार्थी जब घर वापस आकर देखा तो आलमारी में रखे 20,000 रूपये, एक सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी चांदी का पायल, दो मोबाईल व आधार कार्ड कीमती 48,000/-रूपये को चोर ने चोरी कर लिया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर, अनुसंधान में लिया गया। आरोपी के धरपकड़ हेतु प्रार्थी व गवाहों के निशानदेही के आधार पर एम.सी.पी. व नाकेबंदी कर एक संदेही को पकड़ कर पुछताछ करने पर अपना नाम गोपाल साउद निवासी बीजापुर तहसील पारा वर्तमान पता अटल आवास हाउसिंग बोर्ड कालोनी, थाना कोतवाली जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.) का होना बताया और घटना के दिन ग्राम नेगानार के एक घर से नगदी रकम व एक सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी चांदी के पायल, दो मोबाईल फोन, आधार कार्ड तथा पेनकार्ड को चोरी कर छिपा कर रखना स्वीकार किया, जिसे विधिवत् जप्त कर, कब्जा में लिया गया। आरोपी के खिलाफ घटना पारित करने का अपराध सबुत पाये जाने से गिरफ्तार कर, न्यायिक रिमांड पर न्यायालय रवाना किया गया।

गुरुनानक जयंती पर सिख समाज द्वारा नगर कीर्तन

जगदलपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सिख समाज के द्वारा नगर कीर्तन निकाला जा रहा है। प्रतिदिन सुबह शहर के किसी मोहल्ले से नगर कीर्तन निकलता है और नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए शांति नगर स्थित गुरुद्वारा पहुंचती है। इस नगर कीर्तन में काफी संख्या में सिख समाज के महिला एवं पुरुष के साथ सभी वर्ग के लोग शामिल होते हैं। प्रातः काल का सारा वातावरण गुरु नानक देव के भजन से गुंजायमान होता है। यह क्रम कार्तिक पूर्णिमा गुरु नानक जयंती तक चलेगी।

उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पूरा हुआ छठ महापर्व

घाटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, छठ पर्व पर गंगामुंडा तालाब में पूजा करती महिलाएं व युवती

जगदलपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। बस्तर में सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद आस्था का महापर्व छठ पूजा पूर्ण हो गया। इस अवसर पर शहर के प्रमुख घाटों में श्रद्धालुओं का सैलाब देखने मिला। छठ व्रतियों ने पुत्र की लंबी उम्र एवं परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान व्रतियों सहित सभी भक्तों ने महापर्व के भक्तिमय पल को यादगार बना दिया। सोमवार को सुबह सूर्य के उदय होते ही श्रद्धालुओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस दौरान व्रतियों ने अर्घ्य अर्पित कर मंगल कामना की। इस दौरान सूर्य देवता की जय, छठ माई के जयघोष से पूरा नगर गुंजायमान होता रहा। वहीं बच्चें जमकर पटाखा फोड़ कर खुशिया मनाते दिखे। सुबह चार बजे से ही व्रती नदी व तालाबों में कमर भर पानी में खड़ी होकर सूर्य के उदय होने की प्रतीक्षा करते रहे। सूर्य उदय होने तक उनकी आंखें आकाश की निहारती रहीं। उदय होने के बाद उन्हें दूध व जल का अर्घ्य दिया और अनेक प्रकार के फल अर्पित किया और आरती की। ऐतिहासिक गंगामुंडा तालाब में इस बार सात घाट बनाया गया था। इस बार श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए नगर प्रशासन ने सात घाट बना दिया था, जिसके चलते इस बार श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत मिली। इसी तरह सनसिटी स्थित तालाब, महादेव घाट, पुराना पुल इंद्रावती नदी घाट समेत अन्य स्थानों पर व्रतियों ने छठी माई की पूजा कर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान पूजन में शामिल होने जन सैलाब उमड़ा रहा। वहीं भगवान सूर्य का लाल गोला जब सामने आया तो श्रद्धालुओं के उत्साह की सीमा नहीं रही, जयघोष गूंज उठा व व्रतियों ने अर्घ्य व प्रसाद अर्पित कर मंगलकामना की। उत्सव व उल्लास का वातावरण था। छठ घाटों पर रात से ही हो गई थी चहल-पहल। रात तीन बजे से ही मोहल्लें की गलियों व घाटों की ओर जाने वाले रास्तों पर छठ मइया के मंगल गीत गूंजने लगे थे। चार बजते-बजते नदी व तालाबों पर हजारों की संख्या में व्रती पहुंच गए। हल्की ठंड लिए चल रही हवाएं सिहरन पैदा कर रही थीं, लेकिन आस्था उन पर भारी थी। सूर्योदय में बादल के चलते कुछ विलंब जरूर हुआ लेकिन सूर्यदेव के उदय होते ही माहौल में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। व्रतियों ने ऊर्जा के देव भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर अपनी आस्था को पूरा किया।

क्या कहती हैं व्रती महिलाएं: गंगामुंडा तालाब घाट पर पहुंची मैत्री संघ गली से मुन्नी सिंह कहती हैं कि 20 वर्ष से व्रत कर रही हूं। छठी मईया की कृपा से मेरा सारा काम सकुशल हो रहा है। महापर्व छठ पूजा का इंतजार मुझे पूरे साल रहता है।

घाटों में पहुंचकर रेखचंद और जतीन ने दी छठ पर्व की बधाई: शहर के महादेव व दलपत सागर घाट पहुंचकर निवर्तमान विधायक रेखचंद जैन व कांग्रेस विधायक प्रत्याशी जतिन जायसवाल ने व्रतियों एवं उनके परिजनों को छठ पर्व की बधाई दी। इस दौरान घाटों पर उदयाचलगामी सूर्य की पूजा करने बड़ी संख्या में व्रती व उनके परिजन मौजूद रहे। छठ पर्व की बधाई देने के दौरान समाज सेवी निर्मल लोहड़ा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता परमजीत जसवाल, यशपाल ठाकुर, गौरनाथ नाग, हेमू उपाध्याय, संतोष सिंह, सैमुअल नाथ, प्रशांत जैन, रोजवीन दास, कुलदीप भदौरिया, विनोद कुकड़े, रोहित सिंह बैस, नरसिंग पांडेय आदि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

अस्पताल व घर गए परिचितों से मिलने: छठ घाट के बाद जैन विगत कुछ दिनों से बीमार चल रहे मदन मोहन मालवीय वार्ड के पार्षद सूर्या पाणि को देखने एमपीएम अस्पताल गए। पाणि से कुशलक्षेम पूछने के बाद शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इसके पश्चात पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने अपने सहयोगियों के साथ आड़ावाल पहुंचकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय सिंह का हालचाल जाना। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

छठ महापर्व पर दीपों से जगमगाया गंगामुंडा घाट, मिथिला समाज ने संस्कृति एकता के लिए प्रजवलित किए दीप: छठ महापर्व के पावन अवसर पर गंगामुण्डा छठघाट शिव मंदिर के पास बस्तर मिथिला युवा मंच एवं युवाओं महिलाओं समस्त समाज के लोगों के द्वारा गंगा मुंडा छठ घाट पर 1501 दीप जलाया गया। इस अवसर पर मिथिला समाज लक्ष्मण झा ने बताया कि बस्तर में सुख समृद्धि, सामाजिक समरसता, प्रकृति पूजा सदा बनी रहे एवं यह पूजा सूर्य भगवान की की कीर्ति फैले एवं हर घर रौशनी से जगमगाये ऐसी कामना दीप प्रज्वलन के साथ की गई। साथ ही युवाओं के द्वारा घाट की साफ सफाई भी की गई। >> शेष पृष्ठ 9 पर >>

आयुक्त ने लालबाग मैदान की स्थिति को संज्ञान में लिया

सफाई विभाग को मैदान की सफाई व्यवस्था को लेकर लगाई फटकार और अन्य सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए

जगदलपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन लगातार सफाई अभियान चलाकर शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में प्रयासरत रहता है । इसी तारतम्य में आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर नगर निगम स्वच्छता विभाग के द्वारा आज शहर के लालबाग मैदान में सफाई अभियान चलाकर मैदान की सफाई किया गया। आयुक्त श्री मंडावी ने लालबाग मैदान का वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने संबंधी निर्देश देते हुए फटकार लगाई साथ ही सभी व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए । ज्ञात हो कि विगत दिनों चुनावी कार्यक्रम में वीआईपी का दौरा के दौरान मैदान में डाले गए जेएसबी मेटेरियल को हटाने के संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से चर्चा किया गया ,साथ ही दीपावली पर्व के चलते लालबाग मैदान में फटाका दुकान भी लगाया गया था जिसका नगर निगम के द्वारा सफाई करने के पश्चात आज पुनः लालबाग मैदान के चारों तरफ घास के पौधों,खरपतवार एवं प्लास्टिक एवं कांच के बोतलों को सफाई कर्मचारियों के द्वारा पूरे मैदान में सफाई कर मैदान को सुव्यवस्थित किया । नगर निगम के द्वारा लालबाग मैदान की सफाई के पश्चात वहां खेल रहे खिलाड़ियों व आसपास के रहवासियों ने नगर निगम प्रशासन का साधुवाद किया । आयुक्त हरेश मंडावी ने कहा कि शहर की साफ सफाई व्यवस्था को व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रयासरत है। नगर निगम स्वच्छता विभाग के कर्मचारी एंव पूरी टीम लगातार कार्य कर रही है । सभी के सहयोग से शहर को स्वच्छ व सुंदर बनायेगें ।

कांग्रेस दूसरी बार पूर्ण बहुमत से बनाएगी सरकार : हफीज खान

राजनांदगांव, 20 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हफीज खान ने जारी बयान में कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव सभी 90 सीटों पर लड़ा गया, जिसका सकारात्मक परिणाम तीन दिसंबर को मिलेगा। श्री बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस दूसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है।

श्री खान ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा पहले ही घबराई हुई नजर आई। शायद यही वजह रही कि प्रदेश में भाजपा द्वारा पूरे चुनाव के दौरान सर्वाधिक स्टार प्रचारकों को बुलवाकर चुनावी सभाएं ली गईं। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छत्तीसगढ़ में करीब दर्जनभर चुनावी सभाएं लेनी पड़ी। इतना ही नहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई बड़े नेताओं को प्रदेश के मतदाताओं को लुभाने के लिए चुनावी सभाओं को संबोधित करना पड़ा। दूसरी ओर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर ही पूरा भरोसा जताया। पूरे चुनाव के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस की राष्ट्रीय नेत्री प्रियंका गांधी को पूरे चुनाव के दौरान प्रचार के लिए छत्तीसगढ़ भेजा, लेकिन इन नेताओं के द्वारा भाजपा की तुलना में बहुत कम चुनावी सभाएं ली गईं। इन सबके बावजूद पूरे विधानसभा चुनाव के परिदृश्य में अकेले भूपेश बघेल ही छाए रहे, साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी कुमारी शैलजा एवम छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश में कांग्रेस के प्रत्याशियों को जीतने के लिए प्रयास करते रहे। यूं कहें कि कांग्रेस का पूरा चुनावी कैंपेन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ही इर्दगिर्द घूमता रहा। चूंकि प्रदेश के आम मतदाता इस बात को भलीभांति जान और समझ चुके हैं कि कांग्रेस जो कहती है, उसे करके भी दिखाती है, इसीलिए पांच सालों में प्रदेश में लोगों का विश्वास कांग्रेस के प्रति बढ़ा है, जिसका सकारात्मक परिणाम भी आने वाला है। इसके उलट करीब दस सालों से केन्द्र की सत्ता में बैठी भाजपा सरकार के वायदों और जुमलों को देश की जनता सहित प्रदेश की भी जनता देखती आ रही है कि भाजपा वाले किस तरीके से वोट बटोरने के लिए लोगों को झूठ बोलकर गुमराह करके सत्ता हथियाते हैं, लेकिन इस बार प्रदेश की जनता ने भाजपा को नकारकर कांग्रेस को दोबारा सत्ता की कमान सौंपने का मन बना लिया है। तीन दिसंबर को मतगणना के बाद छत्तीसगढ़ में लगातार दूसरी बार कांग्रेस पार्टी भूपेश बघेल के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है।

- **पूरे विधानसभा चुनाव में अकेले छाए रहे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल**
- **भाजपा को हार का डर, इसलिए पीएम सहित कई बड़े नेताओं को बुलाया**

कुम्हारी में छठ पर्व को लेकर दिखा भारी उत्साह

कुम्हारी, 20 नवंबर (देशबन्धु)। लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ। 18 नवम्बर को खरना के बाद 19 नवम्बर दिन रविवार को सांध्य बेला में कुम्हारी स्थित बड़े तालाब घाट पर छठ को लेकर इस बार जबरदस्त उत्साह देखने को मिला बड़ी संख्या में लगभग 300 परिवारों के हजारों की संख्या में पहुँचे व्रती महिलाओं ने 38 घंटे निर्जला उपवास रख अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया खरना से शुरू हुआ यह महापर्व अस्त सूर्य देव को पहला अर्घ्य देने के बाद सोमवार सुबह दूसरा अर्घ्य दिया जाएगा। रविवार को बड़े तालाब घाट पर पहुंचे लोगों ने ढोल-नगाड़े पटाखों की शोर शराबे के साथ छठ पर्व उत्साह पूर्वक मनाया इनके पहले घाटों को दीपों व फूलों से सजाया गया। आये हुए व्रतियों ने बताया कि 20 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिनों के पर्व का समापन होगा। बताते चले कि दीपावली व गोवर्धन पूजा के बाद चार दिवसीय छठ पूजा की तैयारियां कुम्हारी क्षेत्र सहित आस पास के गांवों में शुरू हो गई हैं। कुम्हारी नगर के स्टेशन चौक, बाजार चौक, वार्ड क्रमांक 14-15, परसदा, कुगदा, जंजगिरी समेत आसपास के इलाकों के रहवासियों के द्वारा छठ पर्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। छठ पूजा के लिए व्रती महिलाओं व पुरुषों के द्वारा कोसी, पीतल, बांस का सूप, दउरा, साड़ी, गन्ना, नारियल, फल सहित पूजा-अर्चना के लिहाज से हर सामानों को टोकरी में भर कर घाटों में ले जाया गया।

इस बार प्रदेश में फिर से बनेगी कांग्रेस की सरकार : रतन सिंगी

खैरागढ़, 20 नवंबर (देशबन्धु)। खैरागढ़ नगर पालिका परिषद के एल्डरमेन रतन सिंगी ने दूसरे चरण के मतदान के बाद कहा कि भाजपा इस चुनाव को प्रभावित करने के लिए छत्तीसगढ़ की शांत फिजा को खराब करने का षड्यंत्र रचा था. लेकिन वो असफल रही प्रदेश के जागरूक मतदाता नागरिक भाजपा के बहकावे में नहीं आए रतन सिंगी ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस 75 से अधिक सीट जीतकर पुनः सरकार बनाने जा रही है. प्रथम व दूसरे चरण के मतदान के बाद में किसान, माता, बहनें, युवा, श्रमिक व्यापारियों का रूझान कांग्रेस के प्रति मिल रहा है. विधानसभा का यह चुनाव मोदी के झूठ, जुमले व कांग्रेस पर भरोसे का चुनाव रहा कांग्रेस की सरकार बनते ही जनता से किये सभी वादों पर काम शुरू होगा मोदी की गारंटी व भाजपा के झूठे एवं मनगढ़त आरोप को जनता ने खारिज कर दिया है. रतन सिंगी ने आगे कहा कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार में अपनी सरकार की योजनाओं व कांग्रेस सरकार के पिछले कामों को आधार मानकर काम किया वही भाजपा ने नकारात्मकता के आधार पर चुनाव प्रचार किया केन्द्र की मोदी सरकार व भारतीय जनता पार्टी ने संवैधानिक संस्थानों व जांच एजेंसियों का दुरूपयोग किया षड्यंत्र रचे, दुर्भावना पूर्वक छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार को बदनाम करने कुत्सीत प्रयास किया, जिसे छत्तीसगढ़ की जनता ने पूरी तरह से खारिज कर दिया कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मतदाताओं ने भरोसा जताया है. इसके विपरीत भाजपा के लोग ही भाजपा के घोषणा पत्र पर भरोसा करने को तैयार नहीं हुये जिस तरह से प्रथम चरण के चुनाव में जनता ने भाजपा को नकारा था, उसी तरह दूसरे चरण के मतदान में भी छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है. पिछली बार 2018 में दो तिहाई से बड़ी बहुमत मिली थी, अबकी बार तीन चौथाई से बड़ी बहुमत के साथ छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

किसानों को भूपेश पर पूरा है भरोसा

प्रदेश में शेष 13 दिन बाद विधानसभा चुनाव का होगा नतीजा

सभी प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद

खैरागढ़, 20 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव का नतीजा ठीक 13 दिन बाद परिणाम जनता के सामने होगा प्रदेश में हुए प्रथम चरण का चुनाव 7 नवंबर को 20 विधानसभा का चुनाव सम्पन्न हुआ था. वहीं दूसरे चरण का विधानसभा चुनाव 17 नवम्बर को हुआ है. जिसका परिणाम 3 दिसंबर को जनता के सामने होगा कांग्रेस पार्टी भूपेश बघेल के चेहरे पर व प्रदेश में किए गए अपने कामों के प्रति कांग्रेस पार्टी चुनाव लड़ी थी. वही भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में नरेंद्र मोदी के चेहरे पर व केंद्र सरकार की योजनाओं पर चुनाव लड़ी थी. दोनों पार्टी कांग्रेस भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश की जनता को अपने पक्ष में करने के लिए नए स्कीम लॉन्च कर घोषणा पत्र जारी किया था. अब प्रदेश की जनता किस पार्टी पर अपना मुहर लगाती है. बहुत ही जल्द परिणाम आम जनता के सामने होगा मतदाताओ ने अपना वोट डाल दिया है. सभी प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है. 3 दिसंबर को परिणाम आने के बाद कांग्रेस व भाजपा पार्टी के द्वारा किए गए सच और झूठ का फैसला हो जायेगा।

दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक बास्केटबॉल टीम सेमीफायनल में पहुंचे

राजनांदगांव, 20 नवंबर (देशबन्धु)। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव एवं युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक बास्केटबॉल टीम ने सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक बास्केटबॉल टीम ने चार्टर फाइनल में स्प्रिंगडेल स्कूल अमर्तसर को 71-42 अंको से परास्त किया जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक बास्केटबॉल टीम ने चार्टर फाइनल में डी ए वी लुधियाना 70-19 अंको से परास्त कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

इसके पूर्व युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की टीम ने प्रिय चार्टर फाइनल में आक्सफोर्ड स्कूल केरल को 61-26 अंको से जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की टीम ने प्रिय चार्टर फाइनल में आर्मी पब्लिक स्कूल नारंगी आसाम को 81-51 अंको से परास्त किया ।

इसके पूर्व युगांतर की टीम ने आर्मी पब्लिक स्कूल प्रयागराज को 69-33 अंको से, दूसरे मैच में गुजरात पब्लिक स्कूल बड़ोदरा को 71-21अंको से, तीसरे लीग मैच में नेशनल पब्लिक स्कूल बेंगलुरू को 82-62 अंको से परास्त किया ।जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक बास्केटबॉल टीम ने अपने पहले लीग मैच में डी पी एस हैदराबाद को 81- 39 अंको से, दुसरे मैच में वेल्मल इंटरनेशनल स्कूल चेन्नई को एकतरफा मैच में परास किया, तीसरे मैच में द मान स्कूल दिल्ली को 60-33 अंको से परास्त कर प्रि चार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की और से साहिल, विश्वजीत सिंह, शुभम सिंह, प्रदीप कुमार, तुषार,कालवा सर्वज्ञ राव, प्रथमेश, अभिषेक पाठक, लक्ष्य जायसवाल, हिमांशु सिंह, लक्ष्य शर्मा एवं अथर्व प्रताप सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टीम की कोच कालवा राधा राव है ।

दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की और से शिवु कुमार, शुभम कश्यप, हिमांशु सिंह, दिपांशु यादव, अदम्य गर्ग, हर्ष, गणेश मालवीय, भव्य देवांगन, तनय भारत, श्लोक दुधमोगरे, गुलशन कुमार एवं शिवम बुरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी टीम को विजयी बनाया। टीम की कोच कालवा राधा राव है ।

प्रदेश में भारी बहुमत से बनेगी भाजपा की सरकार : विजेन्द्र

डोंगरगढ़, 20 नवंबर (देशबन्धु)। भाजपा विधानसभा क्षेत्र के मीडिया प्रभारी विजेंद्र सिंह ठाकुर ने पहले एवं दूसरे चरण के मतदान के बाद दावा किया है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के पक्ष में लहर चल रही है। एक बार फिर से भारी बहुमत से भारतीय जनता पार्टी सरकार बनेगी। विजेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि पहले चरण में 13 से 14 सीटों में भाजपा आगे है। एवं दूसरे चरण में 42 से 45 सीट पर भाजपा आगे रहेंगी । श्री ठाकुर ने भाजपा के संकल्प पत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी बताते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के हर वर्ग का ध्यान रखा जाएगा युवाओं को रोजगार किसानों को उनका हक महिलाओं को उनका अधिकार छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद तेंदुपत्ता संग्रहण 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा करेंगे। संग्रहण के दिनों में बढ़ोत्तरी कर 15 दिन करेंगे और अतिरिक्त संग्रहण करने वालों को 4,500 रुपये का बोनस देंगे। आदिवासी साथियों के पैरों में काटे न चुभें, इसके लिए चरणपादुका योजना को फिर शुरू करेंगे। फड़मुंशियों को कमीशन के अतिरिक्त 25 हजार रुपये वार्षिक मानदेय प्रदान करेंगे। भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में ही 18 लाख आवास के लिए सरकार राशि जारी करेंगी। महिलाओं को साल में ?12000 वा सीजीपीएससी घोटाले के दोषियों पर कड़ी करवाई करेंगी। दो वर्ष में रिक्त पदों पर भर्ती करके युवाओं को हमारी सरकार रोजगार देंगी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना के तहत प्रदेश में युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी के साथ ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करेंगी।

कांग्रेसजनों ने पूर्व प्रधानमंत्री को किया नमन

डोंगरगढ़, 20 नवंबर। ब्लॉक शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी श्रीमती इंदिरा गांधी के जयंती के अवसर पर हाईस्कूल परिसर में स्थित उनके प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कांग्रेस जनों ने देश के विकास में उनके योगदानों को याद करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के प्रयासों से देश विकास के पथ में अग्रसर हो कर दुनिया के शक्तिशाली राष्ट्र में शामिल हुआ। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य कांग्रेस प्रत्याशी हर्षिता स्वामी बघेल संध्या देशपांडे संजय श्रीवास्तव धीरज मेश्राम अनिल मेश्राम रिम्मी भाटिया हरिश भंडारी शिशुपाल भारती रामजी तरने प्रमोद ठाकुर जितेन्द्र भाटिया रूपचंद खोबरागड़े नरेश करसे विजय अग्रवाल बबलू खोबरागड़े ललिता साखरे किरण मेश्राम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

डाक सहायक को बिदाई

पिथौरा, 20 नवंबर (देशबन्धु)। उपडाक घर पिथौरा में पिछले डेढ़ वर्षो से पदस्थ डाक सहायक कोमल सिंह को उनके गृह ग्राम प्रयागराज इलाहाबाद स्थानांतरण होने पर पिथौरा डाकघर में द्वारा सादगी पूर्ण माहौल में विदाई दी गई कोमल इसके पूर्व महासमंद उप डाकघर में अपनी सेवाएं दे चुके हैंविदाई कार्यक्रम के दौरान उप डाकपाल भूपेंद्र साहू पोस्टमैन दिगेंद्र सोनी, दीपकगौतम, एमटीएस पवन गुप्ता, मुकेश यादव, पंकज कंदोई मनीषा, अजीत पटेल, आदित्य, परीक्षित हु मै श,सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित थे डाक कर्मियो द्वारा डाक सहायक को श्रीफल एवं गिफ्ट भी प्रदान किया गया तथा उसके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

प्रादेशिकी का शेष...

उगते सूर्य को अर्घ्य देने ...

लक्ष्मण ने बताया कि तीन वर्षों से लगातार दीप प्रज्वलित किया जा रहा है। हर वर्ष लगातार दीप में वृद्धि भी हो रही है सभी बढ़चढ़ कर इसमें भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से किरण देव, संजय पांडे, रामाश्रय सिंह, शशि नाथ पाठक, लल्लन झा, अभय, अभिषेक झा, अमित झा, सनी झा, बृजेश झा, विकास सहारे, प्रदीप इंद्रजीत झा, घनश्याम झा, रुक्मणी यादव, सुधा बसंत मिश्रा, ओम झा, पूजा झा, सागर झा, बॉबी गिरधर नाग, लता वर्मा, नागेश्वर राव आदि मौजूद रहे।

23 को देवउठनी एकादशी पर तुलसी की पूजा

खरोरा, 20 नवंबर (देशबन्धु)। छठ महापर्व स्वच्छता का सबसे बड़ा प्रतीक है । प्राचीन काल से ही पर्व के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। पंडित सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि- छठ महापर्व में माता षष्टि यानी छठ मैंया और भगवान सूर्य की पूजा आराधना की जाती है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक छठ मैया ब्रह्मा जी की मानस पुत्री और भगवान सूर्य नारायण की बहन है ।षष्टि देवी यानी छठ मैया संतान प्राप्ति की देवी है ।और शरीर का मालिक भगवान सूर्य है ।जो हमारे शरीर को अपने प्रकाश किरण से निरोग बना कर रखते हैं ।यह एक ऐसा व्रत है जिसमें ब्रति 36 घंटे तक निर्जला उपवास करती है ।यह भी माना जाता है, जो ब्रति इस व्रत को विधि विधान से करते हैं उनकी मनोकामना जरूर पूरी होती है। यह पर्व मुख्य तीन दिन का होता है।

प्रथम दिन नहाए खाए,दूसरा दिन खरना और शाम को ढलते सूर्य अर्घ देना तथा तीसरे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ देते हैं। फिर पारण किया जाता है ।यह एक ऐसा महापर्व है ।जिसमें ढलते सूर्य और उगते सूर्य को अर्घ दिया जाता है ।इससे जीवन में आने वाली हर तरह की शारिरीक कष्ट दूर हो जाता है। इस व्रत में बिना सिलाई किए वस्त्र धारण करने का विधान है। तथा चादर बिछाकर भूमि शयन करने का विधान है ।षष्टि देवी को मातृका देवी भी कहते हैं ।यह भगवान शंकर की बड़ी बहू देवसेना,जो भगवान कार्तिकेय जी की पत्नी है ।उन्हीं का अंश माना जाता है। देवी भागवत में इसकी वर्णन है,जब घर परिवार में संतान की उत्पत्ति होती है।

धान खरही में आगजनी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

गंडई पंडरिया, 19 नवंबर। नगर के वार्ड नं 1 पंडरिया में 17 नवंबर की शाम को धान की खरही में आग लगने से धान जलकर राख हो गया। जिससे किसान टीकम साहू को लगभग एक लाख का नुकसान पहुंचा है। गंडई पुलिस ने किसान टीकम साहू के लिखित रिपोर्ट अनुसार तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं के तहत न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

जानकारी अनुसार 17 नवंबर दिन शुक्रवार को प्रार्थी टीकम साहू पिता स्व. मानसिंह साहू उम्र 54 साल साकिन वार्ड क्र. 01 पंडरिया गंडई ने थाना गंडई में लिखित आवेदन पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 15 नवंबर 2023 को अपने ट्यूबवेल वाले घर में था। शाम करीबन 07.00 बजे घर के पास में रखे दो एकड की धान के खरही में आग की रोशनी दिखाई दिया। साथ ही किसी के चलने का आवाज सुनाई दिया। घर से निकलकर देखा तो उसके गांव के ही रहने वाले भगवानी साहू, कुश साहू, शिवकुमार का बेटा छोटू उसके धान खरही में आग लगाकर भाग रहे था। जिसे आग की रोशनी से पहचान किया हूँ धान की खरही जलने से मेरा 1,00000 रू. का नुकसान हुआ है। टीकम साहू के रिपोर्ट पर आरोपीयों के विरूद्ध धारा 436, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उच्चाधिकारियों के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में थाना से टीम तैयार कर प्रार्थी के बताये अनुसार संदेही भगवानी साहू पिता नंदू साहू उम्र 45 साल साकिन वार्ड क्र. 01 बहेराभाठा पंडरिया गंडई, कुश साहू पिता डेरहा राम साहू उम्र 23 साल साकिन वार्ड नं. 01 पंडरिया गंडई। शंकर साहू उर्फ छोटू साहू पिता शिवकुमार साहू उम्र 18 साल 10 माह निवासी वार्ड क्र. 02 दैहान चौक पंडरिया थाना गंडई को उनके निवास स्थान में घेराबंदी कर पकडकर थाना लाकर आगजनी की घटना घटित करने के संबंध में पूछताछ किया गया जिन्होने प्रार्थी टीकम साहू के धान खरही में आगजनी की घटना घटित करना स्वीकार करने पर आरोपियों को गिरफ्तारी के कारणों से अवगत कराकर गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

गंडई पुलिस की कार्रवाई

सूर्य उपासना के साथ मनाया गया छठ महापर्व

36 घंटे उपवास रहकर महिलाओं ने परिवार की सुख समृद्धि की कामना

बचेली, 20 नवंबर (देशबन्धु)। प्रति वर्ष कि भांति इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश बिहार सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति, बचेली के द्वारा छठ पुजा का आयोजन 19 नवंबर व 20 नवंबर को सी डब्लू एस छठ घाठ पर किया गया इस दौरान समाज कि महिलाओ द्वारा 36 घंटे का कठिन निर्जला उपवास रखा गया। कार्तिक माह की चतुर्थी तिथि को पहले दिन नहाय खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन डूबते सूर्य और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। जिसमे समाज के लोग और नगरवासी काफी संख्या में इस पुजा मे शामिल हुवे और छठी मईया से मनोकामनाएं पूर्ण करने की कामनाये कि साथ ही छोटे छोटे बच्चों द्वारा छठ घाट पर खूब जम कर अतिसबाजी कि गई। पूजा समाप्ति के पश्चात सभी भक्तगणो को प्रसाद वितरण किया गया।

समाज के उपाध्यक्ष कमलेश दुबे से जानकारी प्राप्त हुई कि मुख्य रूप से यह पर्व सूर्य उपासना के लिए किया जाता है, ताकि पूरे परिवार पर उनका आशीर्वाद बना रहे। साथ ही यह व्रत संतान के सुखद भविष्य के लिए भी किया जाता है। मान्यता है कि छठ का व्रत करने से निसंतान को संतान की प्राप्ति होती है और सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती है। यह छठ महापर्व उत्तर प्रदेश, बिहार एवं झारखंड के लोगो का मुख्य पर्व है इस पर्व को मानने के लिये लोग देश-विदेश से अपने घर लौटते है और परिवार के साथ इस पर्व को मानते है।

इस अवसर पर प्रथम बार दंतेश्वरी म्यूजिकल ग्रुप, बस्तर के द्वारा 19 नवंबर को संध्या 4.30 से एवं 20 नवंबर को प्रात: 4.30 से छठ गीत एव भक्ति गीत की प्रस्तुति की गई।

इस पूजा को सफल बनाने मे समाज के एके बंसल (अध्यक्ष), कमलेश दुबे (उपाध्यक्ष), एसएस चौहान (सचिव), संजय सिंह (सयुक्त सचिव), महेन्द्र केसरी (कोषाध्यक्ष) एव समाज के अन्य सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा में घर-घर संपर्क व आमंत्रण अभियान

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम भक्तों में दिख रहा जबरदस्त उत्साह

बचेली, 20 नवंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिला के गीदम नगर में आयोजित विभिन्न संगठनों की बैठक में समाज के ज़िम्मेदार एवं प्रबुद्ध नागरिकों के द्वारा श्री रामलला प्राणप्रतिष्ठा अभियान के दौरान 1 जनवरी से 15 जनवरी तक घर-घर संपर्क एवं आमंत्रण अभियान चलाया जाएगा। जिसमें नगर एवं ग्राम के समस्त राम भक्तों से संपर्क कर उन्हें बताया जायेगा कि श्रीराममंदिर निधि समर्पण अभियान के दौरान आप सबने जो समर्पण किया था उसी समर्पण अथवा सहयोग से श्रीराममंदिर का निर्माण चल रहा है जिसका कि गर्भग्रह पूर्ण हो चुका है और उसमें श्रीरामललाजी कि प्राणप्रतिष्ठा की जायेगी जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित है ऐसा सभी श्रीरामभक्तों को निमंत्रण दिया जाएगा। श्रीरामलला प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में संपन्न होगा प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा जारी की गई है । श्रीरामलला प्राणप्रतिष्ठा को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है और लोग इस कार्यक्रम में बढ़चढ़कर भागलेंगे एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना शतप्रतिशत योगदान देंगे तथा अन्य लोगों से भी अभियान का हिस्सा बनने तथा अभियान में सहयोग करने के लिये प्रेरित करेंगे । च्च्रामकाज किन्हे बिनु मोहि कहां विश्राम च्च ऐसा वाक्य दोहराते हुए अपनी खुशी प्रकट करते हुए कहा कि हम बहुत ही भाग्यशाली है जो 500 साल तक चले संघर्ष के बाद बन रहे श्रीराममंदिर को साकार होता हुआ देख रहे है और उसमें प्रभु श्रीरामजी इच्छा से सहयोग कर पा रहे है । श्रीराममंदिर समर्पण अभियान के दौरान जिले से लगभग 4900000 लाख रुपये कि समर्पणनिधि रामभक्तों ने भेजी थी।

नवाचारी शिक्षण समूह इंद्रधनुष के अखिलेश ठाकुर ने किया रक्तदान

कोण्डागांव, 20 नवंबर (देशबन्धु)। भंज अस्पताल में सिकलसेल से ग्रसित 26 वर्षीय मरीज हलेंद्र गहलोत मड़ानार को नवाचारी शिक्षण समूह इंद्रधनुष के छात्रावास अधीक्षक अखिलेश ठाकुर द्वारा उज्जवला ब्लड बैंक पहुंचकर 5वीं बार नि:शुल्क रक्तदान कर मरीज को लाभान्वित किया गया। ज्ञात हो कि जिला कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में संवेदना कार्यक्रम के तहत कोंडागांव की टीम इंद्रधनुष द्वारा शिक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार जन सहयोग प्रदान कर सराहनीय प्रयास किया जा रहा है।

मारंगपुरी में मनाई गई सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती

कोण्डागांव, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के विकास खंड बड़ेराजपुर के ग्राम मारंगपुरी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती को बड़े ही हर्ष उल्लासपूर्वक मनाया गया। गांव की गलियों में भव्य कलश यात्रा करके कलार समाज से जुड़े लोगों ने भगवान सहस्त्रबाहु की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं छायाचित्र पर माल्यार्पण करके जयंती कार्यक्रम की शुरुआत किया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों ने भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। इस आयोजन ने उपस्थितजनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष नाथूलाल नेवरा, उपाध्यक्ष महेश कुमार नाग, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण पांडे, सचिन महेंद्र कुमार बघेल, क्षेत्राधिकार रमेश प्रधान, शंकरचंद पांडे, सहसचिव रामविलास दीवान, संतोष पांडे, युवा प्रकोष्ठ परमानंद कश्यप, युवा सचिव गोपीचंद नेवरा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती तराबाई पांडे, महिला सचिव कमलेश्वरी कश्यप संभागीय कार्यकारिणी पंचकोड प्रधान, चमार सिंह पांडे जिला कार्यकारिणी, सुनील कुमार पोयाम, बसंत पांडे एवं समाज के समस्त सामाजिक भाई बहन मौजूद रहे।

गुरुनानक जयंती पर सिख समाज ने निकाली नगर कीर्तन प्रभातफेरी

जगदलपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सिख समाज के द्वारा नगर कीर्तन निकाला जा रहा है। प्रतिदिन सुबह शहर के किसी मोहल्ले से नगर कीर्तन निकलता है और नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए शांति नगर स्थित गुरुद्वारा पहुंचती है। इस नगर कीर्तन में काफी संख्या में सिख समाज के महिला एवं पुरुष के साथ सभी वर्ग के लोग शामिल होते हैं। प्रात: काल का सारा वातावरण गुरु नानक देव के भजन से गुंजायमान होता है। यह क्रम कार्तिक पूर्णिमा गुरु नानक जयंती तक चलेगी।

समिति के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते है 25 तक

जगदलपुर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। संभागीय संयुक्त शिक्षा कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार उच्च न्यायालय बिलासपुर, द्वारा पदोन्नति उपरांत संशोधन निरस्तीकरण संबंधी याचिका एवं अन्य याचिकाओं में पारित निर्णय 3 नवम्बर 2023 के परिपालन में उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करने हेतु 25 नवम्बर 2023 तक का समय निर्धारित किया गया है। शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक ने बताया कि उच्च न्यायालय बिलासपुर में जिन याचिकाकर्ताओं ने उपरोक्तानुसार पदोन्नति उपरांत संशोधन निरस्तीकरण संबंधी याचिका दायर की है। उन्हें इसकी सूचना संभागीय संयुक्त शिक्षा कार्यालय द्वारा भेजी गई है। यदि किसी याचिकाकर्ता को सूचना नहीं मिली है तो वे स्वयं अपना अभ्यावेदन, याचिका के प्रथम पृष्ठ की सत्यापित प्रति जिसमें याचिकाकर्ता का नाम एवं प्रकरण क्रमांक का उल्लेख हो, के साथ जिस जिले में वह पदस्थ हैं वहां के जिला शिक्षा अधिकारी या संभागीय संयुक्त शिक्षा कार्यालय में उपस्थित होकर कार्यालय में गठित सेल के समक्ष जमा कर सकते हैं।

रेल्वे क्रासिंग पर जाम से राहत दिलाएगा अण्डर ब्रिज

दंतेवाड़ा, 20 नवंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा के आंवराभाटा रेल्वे क्रासिंग पर ओव्हर ब्रिज का निर्माण तो फिलहाल अधर में है, लेकिन यहां लगने वाले जाम से थोड़ी सी राहत मिल सकती है। वैकल्पिक तौर पर रेल्वे, इसी रेल लाईन पर आगे की ओर अण्डर ब्रिज का निर्माण करेगा।

शंखनी नदी पर बने रेल्वे लाईन के मुख्य ब्रिज के ठीक पहले यह अण्डर ब्रिज होगा। इसके लिए लगभग 4 करोड़ की राशि रेल्वे को दी जा चुकी है। इसका निर्माण शीघ्र पूर्ण होगा। एप्रोच रोड भी तैयार किया जाएगा, जिसका टेण्डर हो चुका है और आचार संहिता हटते ही इस पर काम शुरू होगा। अभी एक छोटा सा अण्डर ब्रिज पहले से बना हुआ है, जिस पर कभी-कभी दुपहिया चालक गुजरते हैं, लेकिन यहां पानी भरा होने के कारण इसका इस्तेमाल करना जोखिम भरा है। इसी वजह से नया अण्डर ब्रिज बनाया जाएगा, जिस पर दुपहिया के साथ-साथ कार और दूसरे छोटे वाहन भी गुजर सकेंगे। इसकी सड़क टेकनार चौक पर आकर मिलेगी। रेल्वे लाईन के दोहरीकरण में तेजी के बाद रेल्वे ट्रेफिक और बढ़ने की संभावना है।

- रेल लाईन पर लोहे के ब्रिज के पहले तैयार होगा
- रेल्वे को सौंपी जा चुकी है 4 करोड़ की राशि
- रेल्वे ओव्हर ब्रिज के लिए नई सरकार में होगा फैसला

अभी रेल्वे क्रासिंग पर आए दिन जाम की स्थिति रहती है। लोग आधे से एक घंटे तक परेशान रहते हैं। रेल्वे की डबल लाईन क्रासिंग के पास बिछने लगी है। यहां निर्माण जारी होने के कारण भी लोगों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है। प्रशासन ने अण्डर ब्रिज के निर्माण का फार्मूला अपनाया है, इससे थोड़ी सी राहत लोगों को मिल सकती है। रेल्वे को इसका निर्माण शीघ्र करने कहा गया है। भविष्य में ओव्हर ब्रिज आंवराभाटा में ही बनेगी, इसका सर्वे दो बार हो चुका है। शायद नई सरकार में इस पर निर्णय हो। जानकारी यह भी मिली है कि ओव्हर ब्रिज के लिए पूरी तैयारी हो चुकी थी, लेकिन राजनीतिक स्तर पर कुछ विरोध के चलते मामला ठण्डे बस्ते में चला गया, लेकिन अब रेल्वे लाईन दोहरीकरण के बाद यह लगने लगा है कि ओव्हर ब्रिज का निर्माण शीघ्र हो। बहरहाल अण्डर ब्रिज भी अगर जल्दी बन जाती है तो लोगों की परेशानी कम होगी।

समर्थन मूल्य पर मक्का उपार्जन होगा 28 फरवरी तक

कोण्डागांव, 20 नवंबर (देशबन्धु)। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले के 49 लेम्प्स समितियों द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य 2090 रूपये प्रति चिंटल की दर से अधिकत्तम 10 चिंटल प्रति एकड पर 01 नवम्बर से 28 फरवरी 2024 तक मक्का उपार्जन/क्रय किया जाएगा।

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर मक्का खरीदी के लिए किसान पंजीयन कराया जा रहा है, जिसके तहत छत्तीसगढ़ स्टेट सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड के जिला प्रबंधक द्वारा जिले के समस्त किसान भाईयों से अपील की गयी है, कि वे अपने उत्पादित मक्के का विक्रय हेतु अपने क्षेत्र के लेम्प्स समिति के शाखा प्रबंधक से संपर्ककर पंजीयन करायें। ताकि समर्थन मूल्य पर आपकी फसल का उपार्जन सुनिश्चित हो सके। इस हेतु जिले में 49 लेम्प्स समितियों द्वारा उपार्जन का कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत अड़ेगा, अमरावती, अरण्डी, ईरागांव, उरन्दाबेड़ा, केशकाल, काटागांव, किबईबालेंगा, कोण्डागांव, कोनगुड, कोरगांव, खालेमुरवेण्ड, गम्हरी, गिरोला, गोलावण्ड, चिपावण्ड, छिनारी, तोड़ासी (बड़ेखौली), देवगांव, दहीकोंगा, धनोरा, फरसगांव, बड़ेकनेरा, बड़ेडोगर, बड़ेराजपुर, बड़ेबेन्दरी, बनियागांव, बफना, बम्हनी, बवई, बहीगांव, बोरगांव, बांसकोट, भण्डारसिवनी, मुनगापदर, मर्दापाल, मुलमुला, मसोरा, माकड़ी, रांधना, लजोडा, लुभा, लिहागांव, विश्रामपुरी, शामपुर, सलना, सिंगनपुर, सोनाबाल एवं हीरापुर की समितियों के माध्यम से किसानों का मक्का क्रय किया जावेगा, जिसके लिए मक्का उत्पादन करने वाले किसानों को अपना पंजीयन अवश्य रूप से कराना होगा। मक्का उपार्जन का कार्य 1 नवम्बर 2023 से 28 फरवरी 2024 तक किया जायेगा, जिसके लिये शासन द्वारा 2,090 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। इस हेतु भारत शासन द्वारा निर्धारित मापदंड अनुसार अच्छे किस्म का मक्का खरीदा जाना है, जिसमें नमी का निर्धारित मापदंड अधिकतम 14 प्रतिशत है। कृषकों को मक्का विक्रय की राशि लेम्प्स समितियों के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। उपार्जन के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या के निराकरण के लिए किसान सीधे जिला प्रबंधक के मोबाईल नम्बर 9425562121 एवं टोल फ्री नम्बर 1800-233-3663 से संपर्क कर सकते हैं। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मक्का खरीदी की अधिकत्तम सीमा 10 क्विंटल प्रति एकड़ लिकिंग सहित निर्धारित की गई है।

जिले के 49 लेम्प्स समितियां किसानों से क्रय करेंगी मक्का, खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में

सेमेस्टर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी 22 तक कर सकेंगे ऑनलाईन आवेदन

जगदलपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर द्वारा आयोजित की जाने वाली सेमेस्टर परीक्षा जुलाई-दिसम्बर 2023 सत्र 2023-24 की परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिये ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने से वंचित आवेदक के लिए विश्वविद्यालय के पोर्टल 21 नवंबर से 22 नवंबर को दो दिवस के लिए विलंब शुल्क 100/-रू. के साथ ऑनलाईन आवेदन कर आवश्यक दस्तावेज की स्कैन्ड कापी अपलोड कर सकेंगे। ऑनलाईन परीक्षा आवेदन की हार्डकापी के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर संबंधित महाविद्यालयों में ऑनलाईन वेरीफाई कराकर दिनांक 21 से 23 नवंबर को जमा करेंगे। ऑनलाईन परीक्षा आवेदन की हार्डकापी के साथ आवश्यक दस्तावेज सहित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र परीक्षार्थियों की सत्यापित सूची एवं अशेष प्रमाण पत्र के साथ महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि दिनांक 25 नवंबर को निर्धारित किया गया है।

आस्ट्रेलिया से करारी हार के बाद खेल प्रेमी निराश

दंतेवाड़ा में भी सन्नाटा छाया रहा

दंतेवाड़ा, 20 नवंबर (देशबन्धु)। विश्व कप क्रिकेट के फाइनल में आस्ट्रेलिया से करारी हार के बाद दंतेवाड़ा के खेल प्रेमी भी निराश हुए। सेमी फाइनल में न्यूजीलैंड से शानदार जीत के बाद फाइनल में भी जीत की उम्मीद लोगों को थी। भारतीय टीम के निराशाजनक प्रदर्शन से यहां भी सन्नाटा छाया रहा। टॉस जीतने के बाद आस्ट्रेलिया ने भारत को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया था। 240 के न्यूनतम स्कोर में ही भारतीय टीम सिमट गयी। कप्तान रोहित शर्मा सहित चार महत्वपूर्ण बल्लेबाजों के आउट होते ही मैच का रूख समझ आ गया था। गेंदबाजों पर भी काफी भरोसा दर्शकों ने जताया, लेकिन तीन विकेट के बाद आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज क्रीज पर जमे रहे और खिताब अपने नाम कर लिया। दंतेवाड़ा में मैच देखने लोगों ने चौक चौराहों पर प्रोजेक्टर का भी इंतजाम किया था। तीन विकेट गिरने पर पटाखे भी फोड़े, लेकिन इसके बाद कोई विकेट नहीं गिरा तो लोगों को लगने लगा कि भारतीय टीम का विश्व कप जीतना मुश्किल है। विश्व कप के सभी 10 मैच जीतने वाली टीम फाइनल का 11 वॉ मैच हार जाएगा ऐसा किसी ने सोचा नहीं था। बहरहाल भारतीय टीम की पराजय के बाद यहां भी सन्नाटा छाया रहा।

उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही पूर्ण हुआ छठ महापर्व

दंतेवाड़ा, 20 नवंबर (देशबन्धु)। चार दिनों से चला आ रहा लोक आस्था का महापर्व छठ आज कार्तिक माह की सप्तमी तिथि को सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही सम्पन्न हो गया। अर्घ्य देने भोर से ही छठ व्रतधारियों का डंकनी नदी घाट पर जमावाड़ा लगना शुरू हो गया था। उगते सूर्य की पूजा अर्चना पश्चात अर्घ्य देकर छठी मईया से लोगों ने सुख समृद्धि की कामना की।

उत्तर भारतीय समाज के लोगों का प्रमुख पर्व छठ पूजा जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा समेत बचेली, किरंदुल, गीदम व बारसूर क्षेत्र में धुमधाम के साथ मनाया गया। सूर्य षष्ठी पर रविवार शाम अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठव्रती कार्तिक पक्ष के सप्तमी तिथि पर आज अल सुबह डंकनी नदी घाट पहुंचकर पारंपरिक रूप से नदी के अंदर कमर तक पानी में घंटों खड़े रहकर उगते सूरज की आराधना की और जल व दुध से भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। लोक आस्था व सूर्योपासना का महापर्व छठ का हिन्दू धर्म विशेषकर बिहारी समुदाय में विशेष महत्व है। छठ एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें न केवल उदय होते सूरज की पूजा की जाती है बल्कि डूबते सूरज को भी पूजा जाता है।

छठ व्रतियों ने षष्ठी तिथि पर रविवार शाम डंकनी नदी घाट पर पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्य देवता की पूजा अर्चना की। अर्घ्य देने उपरांत महिलाओं ने घाट पर बने चौरा मंडप की विधि विधान से पूजा अर्चना कर छठ के गीत गाए और छठी मईया से संतान की सलामती एवं सुख समृद्धि की कामना की। रविवार की शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद आज सप्तमी तिथि को सुबह पुन: उसी घाट पर पहुंचकर व्रतधारियों ने उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर भगवान भास्कर की पूजा की पूजा की। अर्घ्य देने घाट पर भोर से ही व्रतियों का आना जाना प्रारंभ हो गया था।

- दक्षिण बस्तर में धुमधाम से मना लोक आस्था का पर्व
- अल सुबह डंकनी नदी घाट पर श्रद्धालुओं का लगा जमावाड़ा
- अस्ताचल के साथ उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा

व्रती महिलाओं ने पूजा की टोकरी जिसे बिहार में दउरा कहा जाता है में अलग-अलग तरह के फल, केला, गन्ना, नारियल, सेव अनानास, मूली, सिंघाड़ा आदि पूजन सामग्री सहित दउरा को सिर पर रखकर नंगे पांव परिवार समेत डंकनी नदी घाट छठ पूजा स्थल पर पहुंचे। इस दौरान परिवार की महिलाएं छठी मईया की गीत गाते चल रही थी।

डंकनी नदी घाट पर पहुंच व्रतधारी महिलाओं ने डंकनी नदी के अंदर घंटों खड़े रहकर उदयीमान होते सूर्य की पूजा की । महिलाएं हाथों में प्रसाद से भरे सूप थामी परिक्रमा कर रही थी तो वहीं पुरूष लोटे में जल व दुध से अर्घ्य देकर दे रहे थे। इस मौके पर व्रतियों ने छठी मईया के गीत भी गाए। यूपी बिहार का पारंपरिक व्यंजन ठेकवां का भोग सूर्यदेव को चढ़ाया गया। ठेकवा के अलावा सिंघाडा, सीताफल, केला, अदरक, हल्दी, नींबू, घाघर, शकरकंद व अन्य फल अर्पित किए गए। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही 36 घण्टे से चला आ रहा व्रतियों के निर्जला उपवास का कठिन दौर आज समाप्त हो गया। सूर्यदेव को अर्घ्य देने के उपरांत व्रतधारियों ने घाट पर उपस्थित सभी लोगों को छठ का प्रसाद वितरण किया।

हर वर्ष की तरह इस बार भी डंकनी नदी घाट पर सीआरपीएफ की ओर से घाट पर टेंट एवं पालिका की ओर से लाईटिंग की व्यवस्था की गई थी। व्रतियों के घाट पर उतरने के लिए सड़क से लेकर घाट तक मुरूम मिटटी डाला गया था, ताकि लोगों को घाट तक उतरने में कोई परेशानी न हो पाए। हर साल की तरह इस बार भी छठ पर माकुल व्यवस्था सीआरपीएफ 111 एवं पालिका की ओर से की गई थी। छठ पूजा आयोजन समिति ने नदी घाट पर व्रतधारियों के लिए तमाम व्यवस्था मुहैया कराए जाने पर सीआरपीएफ 111वीं वाहिनी एवं नगर पालिका प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

उल्टा पुल्टा

टीचर (चिंटू से)- होमवर्क क्यों नहीं किया?
चिंटू- मैम, मैं जब पढ़ने बैठा तो लाइट चली गई।
टीचर- तो लाइट आने के बाद क्यों नहीं की पढ़ाई?
चिंटू- बाद में मैंने इस डर से पढ़ने नहीं बैठा कि कहीं मेरी वजह से फिर से लाइट न चली जाए।

संपादकीय

ईवीएम पर निगरानी रहे

छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिये दो चरणों में मतदान हो जाने के बाद अब सवाल ईवीएम की सुरक्षा का है। राज्य की 70 सीटों के लिये दूसरे एवं अंतिम चरण का मतदान शुक्रवार को सम्पन्न हुआ जबकि माओवाद के मद्देनज़र इस समस्या से प्रभावित बस्तर सम्भाग की 10 और दुर्ग सम्भाग की 10 सीटों के लिये 7 नवम्बर को पहले मतदान हुआ था। इसके साथ ही 90 क्षेत्रों के प्रतिनिधि कौन होंगे, इसका निर्धारण होना अब शेष है। मतगणना के साथ ये नतीज़े 3 दिसम्बर को घोषित किये जायेंगे। तब तक के लिये ईवीएम को मतगणना केन्द्रों में कड़ी निगरानी में रखा गया है। प्रशासन के मार्गदर्शन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सैकड़ों जवान इसकी सुरक्षा पूरी मुस्तैदी से कर रहे हैं। आशा है कि जब तक परिणाम नहीं निकलते, इनकी सुरक्षा के प्रबन्ध चाक-चौबन्द रहेंगे। प्रशासन से उम्मीद है कि इनके साथ किसी तरह की छोड़-छाड़ नहीं होने दी जायेगी।

पिछले साल हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनावों के बाद से शासकीय निगरानी में स्ट्रांग रूम्स में रखी हुई हजारों ईवीएम संदेहास्पद हो गई थीं क्योंकि कई मशीनें राजनैतिक दलों की जानकारी के बिना बाहर ले जाती हुई पाई गई थीं। वहां समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ऐसे अनेक वाहनों को पकड़ा जिनमें ये मशीनें मिली थीं। हालांकि तब तक काफी देर हो गई थी। सपा की यह सक्रियता मतगणना यानी मशीनें खुलने के एक-दो दिन पहले ही देखी गई थी। वहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी कमजोर स्थिति में होने के बावजूद चुनाव जीत गई थी। इससे सबक लेते हुए पश्चिम बंगाल चुनाव में तृणमूल कांग्रेस तथा हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने परिणाम आते तक मशीनों की कड़ी निगरानी की थी। अब ज्यादातर राज्यों में यह धारणा बन गई है कि ईवीएम के साथ स्ट्रांग रूम्स में रखने के दौरान छेड़छाड़ होती है और परिणामों को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मोड़ा जाता है। हालांकि निर्वाचन आयोग निष्पक्ष होने का दावा करता रहा है और वह यह भी कहता है कि मशीनों के साथ छेड़-छाड़ सम्भव नहीं है।

इन तमाम दावों, आरोपों-प्रत्यारोपों के बाद भी कहा जा सकता है कि ईवीएम को लेकर अधिकतर जनता आश्वस्त नहीं है। कुछ समय पहले ही एक दक्षिण भारतीय भाजपा नेता ने यह बयान देकर इस संदेह को और भी पुख्ता कर दिया था कि 'वोट किसी को भी डाला जाये, अंततः जायेगा तो भाजपा को ही'। इन तमाम परिस्थितियों की दृष्टि से आवश्यक है कि प्रशासन व अर्द्ध सुरक्षा बलों के साथ ही सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि 3 दिसम्बर तक हर उस जगह पर उपस्थित रहें जहां पर ईवीएम रखी हुई हैं। मशीनों की वे सतत निगरानी करें तथा कोई गड़बड़ी दिखने पर निर्वाचन अधिकारियों से तत्काल शिकायत करें।

कांग्रेस को अपनों से खतरा, 27 सीटों पर बागी बिगाड़ सकते है जीत का समीकरण

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

रायपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के बागी और भितरघाती सीटों का समीकरण बिगाड़ सकते हैं। दोनों पार्टियों की समीक्षा बैठकों में यह फीडबैक मिला है। इसमें सबसे अधिक नुकसान कांग्रेस को हो रहा है। इससे कांग्रेसियों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। बीस बागियों में 12 कांग्रेस और आठ भाजपा के हैं। इनके अलावा 15 सीटों पर कांग्रेस को भितरघातियों से भी नुकसान पहुंचने की आशंका है। इस तरह कांग्रेस को 27 सीटों पर नुकसान हो रहा है, जिससे कांग्रेस का 75 पार का दावा सिमटता नजर आ रहा है। कांग्रेस और भाजपा के बीच अब बराबरी की टक्कर दिख रही है। तीन दिसंबर को परिणाम आने के बाद ही पता चल पाएगा कि बागियों और भितरघातियों ने किस पार्टी को कितना नुकसान पहुंचाया है।

टिकट की पहली सूची आने के बाद से ही कांग्रेस बागियों और भितरघातियों से परेशान रही। पार्टी ने ऐसे लगभग 50 नेताओं पर निष्कासन, निलंबन समेत अन्य कार्रवाई भी की है। वहीं आधा दर्जन से अधिक नेताओं को नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण भी मांगा है। हालांकि कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने दावा किया है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की ही सरकार बनेगी। अच्छा फीडबैक मिला है। 75 पार सीटों के दावों पर उन्होंने कहा कि अभी इसमें ओवर कांफिडेंस नहीं होना चाहिए।

बिलासपुर महापौर निलंबित, अन्य पर भी कार्रवाई

कांग्रेस ने बिलासपुर के महापौर रामशरण यादव को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। उन पर पार्टी संगठन के खिलाफ अनर्गल वार्तालाप करने का आरोप है। वहीं जिन बागियों को छह साल के लिए निलंबित किया है, उनमें जशपुर से प्रदीप खेस, जांजगीर से गुड्डू महराज, सरायपाली किस्मतलाल नंद, पामगढ़ से गोरेलाल वर्मन, रायगढ़ से शंकर अग्रवाल, मुंगेली से रूपलाल कोसे, भाटापारा से मनोहर साहू, संजारी बालोद से मीना साहू, पाली तानाखार से छत्रपाल सिंह कंवर, कवर्धा से योगेश्वर राज सिंह, सामरी से प्रभातबेला मरकाम, लैलूंगा से महेंद्र सिदार, वैशाली नगर से अजहर अली, अंतागढ़ से अनूप नाग, कांति नाग, दंतेवाड़ा से अमूलकर नाग, महासमुंद से विश्वजीत बेहरा और बिलासपुर से प्रेमचंद जायसी शामिल हैं।

इन सीटों पर एक से अधिक पर कार्रवाई

रायपुर उत्तर से अजीत कुकरेजा, आनंद कुकरेजा, सागर दुल्हानी, बिल्हा से शिव ध्रुव, निर्मल दिवाकर, लोरमी से महेंद्र सिदार, सागर सिंह बेस, सूरज बर्मन, बालोद से सत्येंद्र साहू, पीमन साहू, ललिता साहू, तुकाराम, हलधर, कौंडागांव से मनीष श्रीवास्तव, शिशिर श्रीवास्तव, सुरेश पाटले, कसडोल से गोरेलाल साहू, मनोज अंडिल, मरवाही से गुलाब सिंह राज, शंकर पटेल, मुढ़िका सिंह सरोटी, नारायण आर्मो, अजीत सिंह श्याम, गजरूप सिंह सलाम, दयाराम वाकरे, विवेक पोर्ते, तूफान सिंह धुर्वे और प्रताप सिंह मरावी शामिल हैं।

कांग्रेस के बागी

जशपुर विधानसभा सीट से प्रदीप खेस कांग्रेस प्रत्याशी विनय भगत के खिलाफ, सक्ती विधानसभा अनुभव तिवारी प्रत्याशी डा. चरणदास महंत के खिलाफ, जैजैपुर से टेकचंद चंद्रा प्रत्याशी बालेश्वर साहू के खिलाफ, पामगढ़ से गोरेलाल बर्मन, शेषराज हरबंश के खिलाफ, पाली-तानाखार से छत्रपाल सिंह, दुलेश्वरी सिदार के खिलाफ, लोरमी से सागर सिंह बैस, थानेश्वर साहू के खिलाफ, मुंगेली से रूपलाल कोसरे, संजीत बनर्जी के खिलाफ, सरायपाली से विधायक किस्मतलाल नंद, चातुरी नंद के खिलाफ, रायपुर उत्तर से अजीत कुकरेजा, कुलदीप जुनेजा के खिलाफ, धमतरी से लोकेश्वरी साहू, ओंकार साहू के खिलाफ, बालोद से मीना साहू , संगीता सिन्हा के खिलाफ और कसडोल से गोरेलाल साहू ने कांग्रेस प्रत्याशी संदीप साहू के खिलाफ चुनाव लड़ा है।

भाजपा के बागी

भटगांव विधानसभा सीट से राम बाई देवांगन भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी राजवाड़े के खिलाफ, जशपुर से शिव भगत ,रायमुनि भगत के खिलाफ, रायगढ़ से गोपिका गुप्ता, ओपी चौधरी के खिलाफ, मस्तूरी से चांदनी भारद्वाज, डा. कृष्णमूर्ति बांधी के खिलाफ, वैशालीनगर से जेपी यादव और संगीता केतन शाह दोनों प्रत्याशी रिकेश सेन के खिलाफ, गुंडरदेही से आरके राय, वीरेंद्र साहू के खिलाफ, रायपुर उत्तर से सावित्री जगत ने भाजपा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा के खिलाफ चुनाव लड़ा है।

एसीबी, आरटीआई से बाहर सूचना नहीं दे सकेगी एजेंसी

रायपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करने वाली राज्य एजेंसी एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) पर सूचना का अधिकार (आरटीआई) लागू नहीं होगा। राज्य सरकार ने एसीबी को आरटीआई के नियमों से बाहर रखने नई अधिसूचना जारी कर दी है। सरकार की तरफ से यह अधिसूचना पिछले महीने 10 नवंबर को जारी किया गया है इस अधिसूचना के जरिये सरकार ने एसीबी को आरटीआई से छूट दिया गया है। एसीबी में दर्ज होने वाले एफआईआर व जांच के संबंधित जानकारी आरटीआई के तहत आम लोगों को प्रदान करने और एसीबी को आरटीआई के दायरे में लाने का मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा था। इसको लेकर एक जनहित याचिका दाखिल की गई थी। आरटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा ने एसीबी को सूचना का अधिकार के नियमें छूट देने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

रायपुर एयरपोर्ट में भी अब आयकर इंटेलिजेंस की टीम रहेगी तैनात, संदिग्धों की होगी धरपकड़

रायपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। सीआइएसएफ और रायपुर विमानतल अथारिटी की सूचना पर ही स्वामी विवेकानंद विमानतल में आयकर विभाग की कार्रवाई होती थी। आयकर विभाग हवाला कारोबार या काला धन के लेनदेन में लिप्त कारोबारियों की धड़पकड़ करते थे। लेकिन अने वाले दिनों में आयकर इंटेलिजेंस की पूरी टीम यहां काम करेगी और गलत काम करने वाले लोगों की धड़पकड़ करेगी।

बताया जा रहा है कि आयकर विभाग की यह विंग सीआइएसएफ और रायपुर विमानतल अथारिटी के साथ समन्वय कर वहां से काला धन, हवाले की रकम के लेनदेन में लिप्त लोगों की धड़पकड़ करेगा। सेटअप के लिए वित्तीय मंजूरी मिलते ही यह विंग रायपुर विमानतल में काम भी करने लगेगा। रायपुर विमानतल में ही आयकर की टीम के लिए अलग से कार्यालय भी खुलेगा।

केंद्रीय वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग ने आयकर अन्वेषण ब्यूरो के अधीन तीन गैर महानगरीय विमानतलों में एयर इंटेलिजेंस यूनिट की स्थापना करने के आदेश दिए है। बताया जा रहा है कि इसमें स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर के साथ ही भोपाल और इंदौर के विमानतल भी है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अवर सचिव वैभव श्रीवास्तव ने डीजी आयकर अन्वेषण ब्यूरो (सीजी एमपी) भोपाल को पत्र लिखकर इसका बजट प्रस्ताव भेजने कहा है।

आइटीओ, इंस्पेक्टर के साथ रहेगी 10 सदस्यीय टीम

रायपुर विमानतल में आधा दर्जन से ज्यादा आइटीओ, आइटी इंस्पेक्टर और लिपिक तैनात रहेंगे। यह अमला सीआइएसएफ के जवानों के साथ बैगेज, लगेज, स्कैनर पर बारीकी से नजर रखेगा और कुछ भी गलत दिखने पर कार्रवाई करेगा। बताया जा रहा है कि यह नया रायपुर स्थित आयकर अन्वेषण ब्यूरो के अधीन होगा। विभाग को उम्मीद है कि इस विंग के खुलने से हवाला कारोबार हतोत्साहित होगा।

ढाई साल की बच्ची को कुत्तों ने घसीटा, 12 जगहों पर बना घाव

रायपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी में एक बार फिर कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। गली-मोहल्लों में कुत्तों का झुंड अब बच्चों को निशाना बना रहा है। रविवार की देर रात रामनगर के गुलमोहर पार्क में घटना देखने को मिली। जहां रात 11 से 11.30 बजे के बीच अन्य बच्चों के साथ खेल रही ढाई साल की बच्ची को कुत्तों के झुंड ने अपना शिकार बना लिया।

कालोनी में कई बच्चे खेल रहे थे, उन्हीं के साथ रितेश अग्रवाल की बेटी भी खेल रही थी। इसी दौरान बच्ची अन्य बच्चों से थोड़ा अलग होकर सड़क के दूसरी ओर गई, जहां कुत्तों के झुंड ने बच्ची पर हमला कर दिया और घसीट कर ले जाते रहे। आसपास लोगों ने जब हल्ला शोर मचाया, तब कुत्ते बच्ची को छोड़कर भागे। इस पूरे घटनाक्रम में बच्ची को 12 से अधिक जगह पर खरोच और चोट आई है।

बच्चों के हाथ, पीठ, गले सहित कई जगहों पर चोट आई है। वहीं बच्ची के पिता ने बताया कि अगर कुछ देर और विलंब होता तो और ज्यादा चोटें आ सकती थीं। इसके बाद बच्ची को निजी अस्पताल ले जाया गया और इलाज करवाया गया। अब बच्ची की स्थिति बताई गई है।

पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं

शहर में कुत्तों के हमले की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार ऐसी घटनाएं देखने को मिल चुकी हैं। पिछले वर्ष भी रामनगर, कचना सहित कई अन्य जगहों में इस तरह की घटनाएं देखने को मिली थीं। उस समय भी कुत्तों ने बच्चों को अपना शिकार बनाया था।

घटना की शिकायत के बाद निगम ने करवाई नसबंदी

निगम के अफसरों के अनुसार सुबह सात बजे आवारा कुत्तों को लेकर निदान 1100 पर जनशिकायत की गई। इस पर डाग कैचर वाहन की टीम ने त्वरित रूप से रामनगर गुलमोहर पार्क क्षेत्र और उसके आसपास अभियान चलाकर सात श्वानों और संख्या को तीन श्वानों की धरपकड़ की। निदान 1100 में प्राप्त जनशिकायत का त्वरित निदान किया। साथ ही त्वरित रूप से उनकी नसबंदी भी की गई।

मुख्यमंत्री बनने को लेकर सिंहदेव का बयान व्यक्तिगत : दीपक बैज

रायपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। टी एस सिंहदेव के मुख्यमंत्री बनने के बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, वो बयान हमारे वरिष्ठ नेता का व्यक्तिगत बयान हैं। भाजपा को मुद्दा चाहिए, वो बड़े लीडर उनका सोचना कहना छत्तीसगढ़ के लिए मायने रखता है. ये उनका व्यक्तिगत बयान है कांग्रेस की समीक्षा बैठक को लेकर दीपक बैज ने कहा दो दिनों तक समीक्षा हुई। प्रत्याशियों से चर्चा हुई। पार्टी ने बेहतर चुनाव लडा है।2023 में कांग्रेस फिर से सरकार बना रही है। छत्तीसगढ़ में 75 प्लस सीटों पर जीत कर आएंगे।

समीक्षा बैठक पर हुई शिकायतों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कुछ शिकायतें आई। कुछ प्रत्याशियों, जिलाध्यक्षों ने शिकायत की है शिकायतों को पार्टी ने गंभीरता से लिया है शिकायतों का परीक्षण करएंगे, गलत होगा तो कार्रवाई होगी।

अब 16 दिसंबर को होगा नेशनल लोक अदालत

रायपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन पूर्व में नौ दिसंबर को राज्य में किया जाना था, जिसे राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा अब 16 दिसंबर को आयोजित किए जाने का फैसला लिया गया है। अब नेशनल लोक अदालत का आयोजन 16 दिसंबर को रायपुर, गरियाबंद, तिंल्दा, राजिम, देवभोग में भी किया जाएगा।

> ■ रायपुर, गरियाबंद, तिंल्दा, राजिम, देवभोग में होगा

इस बार नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरण निराकरण करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष जिला न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी द्वारा नियमित रूप से समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक ली जा रही है। सुक्ष्मता के साथ लोक अदालत की तैयारी पर निगरानी रखी जा रही है। नेशनल लोक अदालत में क्लेम संबंधी, परिवार के विवाद संबंधी, श्रम संबंधी, बैंक संबंधी, चेक बाउंस संबंधी, यातायात संबंधी, जलकर, बीएसएनल, नगर निगम संबंधी, विद्युत संबंधी धारा 138 एनआइए, संबंधी मामलों को चिन्हांकित कर रखा जा रहा है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी द्वारा रायपुर के नगरवासियों से अपील की है कि यदि उनका मामला सिविल न्यायालय या राजस्व न्यायालय में लंबित है और वह सरल और सुगम तरीके से राजीखुशी से अंतिम रूप से अपने प्रकरण का निराकरण कराना चाहते हैं तो 16 दिसंबर दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय परिसर में उपस्थित होकर अपने प्रकरण में नेशनल लोक अदालत के माध्यम से लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण मिश्रा ने कहा कि राज्य का कोई भी नागरिक नेशनल लोक अदालत की अधिक जानकारी के लिए नालसा के हेल्प लाइन नंबर 15100 पर काल करके जानकारी ले सकता है या निकट के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या तालुका विधिक सेवा समिति में भी संपर्क करके जानकारी लिया जा सकता है।

पेंशन मामलों का शीघ्र निराकरण

- सरकारी एवं अर्द्धसरकारी कार्यालयों से सेवानिवृत हो चुके अधिकारी, कर्मचारियों के पेंशन मामलों का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। पेंशन लोक अदालत के आयोजन का उद्देश्य पेंशनधारियों की शिकायतों को देखना है, जिससे पेंशन भोगियों का मौके पर ही उनके मामला का निराकरण किया जा सके। पेंशन बकाया, पेंशन वृद्धि के बकाया एवं पेंशन संबंधी उनके मामलों के संबंध में पेंशनधारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर में संचालित पेंशन लोक अदालत में अपना मामला प्रस्तुत कर सकते हैं।

कैंसर रोगी को पहली बार इंट्रा ल्यूमिनल ब्रेकीथैरेपी दी गई

रायपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में रायपुर निवासी 58 वर्षीय कैंसर रोगी को इंट्रा ल्यूमिनल ब्रेकीथैरेपी की मदद से राहत प्रदान की है। इस नई सुविधा के बाद अब कैंसर के गंभीर रोगियों को रेडिएशन के दुष्प्रभावों से बचाते हुए उन्हें त्वरित राहत प्रदान की जा सकेगी।

रायपुर निवासी 58 वर्षीय कैंसर के गंभीर रोगी को आहरानाल का कैंसर है। यह आहारानाल के बीच में स्थित है जो हृदय और फेफड़ों के पास है। प्रथम चरण में रोगी को बाह्य रेडिएशन थैरेपी दी गई जिससे आहारानाल का कैंसर ट्यूमर का आकार कम हुआ मगर अंदरूनी हिस्से में स्थित कैंसर का इलाज भी जरूरी था। रोगी फेफड़े की गंभीर बीमारी सीओपीडी से भी ग्रसित था जिससे सर्जरी संभव नहीं हो पा रही थी। इसे देखते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. सिद्धार्थ नंदा के निर्देशन में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी की टीम में शामिल डॉ. शिव शंकर मिश्रा, एसआर और डॉ. स्वरूपा, जेआर एवं मेडिकल फिजिस्ट अंकित ने इंट्रा ल्यूमिनल ब्रेकीथैरेपी करने का निर्णय लिया। इसमें गले से आहारानाल में कैंसर के स्थान तक एक एंडोस्कोपिक ट्यूब डाली गई जिसकी मदद से कैंसर ट्यूमर को सटीकता के साथ विकिरण चिकित्सा प्रदान की गई। इसके बाद रोगी की हालत में काफी सुधार है और एक हफ्ते बाद पुनः यह प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

इस प्रक्रिया में सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. देबब्रतोति मोहंती और डॉ. चेतन आनंद ने भी भाग लिया। डॉ. नंदा के अनुसार यह एम्स में प्रथम बार है जब कैंसर रोगी को इस प्रकार इंट्रा ल्यूमिनल ब्रेकीथैरेपी प्रदान की गई है। इसकी मदद से अधिक सटीकता और कम से कम साइड इफेक्ट्स के साथ विकिरण चिकित्सा सुनिश्चित की जाती है। निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने चिकित्सकों की टीम को इस संयुक्त प्रयास के लिए बधाई दी है।

रायपुर सहित 4 जिलों में एकसाथ लाखों की चोरी

रायपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। ठंड के साथ बाहरी चोर गैंग का उत्पात शुरू हो गया है। 48 घंटे में बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। रायपुर, दुर्ग, कांकेर और महासमुंद में चोरों ने लगभग एक ही तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। चोरों ने चार कारोबारियों के यहां से 50 लाख रुपये से ज्यादा के डायमंड, सोने-चांदी के जेवर और नकदी रकम पार कर दी। जिन शहरों में चोरी की घटनाएं हुईं हैं, अब रायपुर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम उन जगहों की पुलिस से संपर्क कर चोरों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

रायपुर में दो कारोबारियों के यहां चोरी की घटनाएं हुई हैं। उनमें से एक जगह का सीसीटीवी सामने आया है। फुटेज में एक चोर चोरी कर भागते दिखाई दे रहा है। सीसीटीवी के आधार पर आगे की जांच की जा रही है। पुलिस को चोरी के बारे में उन्हें कुछ जानकारी मिली है, लेकिन अब तक हाथ खाली है। चोरी की वारदात कुछ ही घंटों में हुई। इससे साफ है कि सूना मकान देखकर चोर अंदर गए और पूरा सामान पार कर दिया। रायपुर के दो स्थानों के अलावा दुर्ग तथा कांकेर में जिन कारोबारियों के यहां चोरी की घटनाएं हुई हैं, वह 48 घंटे के भीतर हुईं हैं। चोरी की घटनाएं मतदान के दिन शुक्रवार और उसके दूसरे दिन शनिवार को हुई है। चोरों को इस बात की जानकारी थी कि मतदान के दिन पुलिस व्यस्त रहेगी। साथ ही दूसरे दिन पुलिस चुनावी ड्यूटी के बाद थकी रहेगी। इस बात का चोरों ने फायदा उठाया और चोरी की वारदात की।

ये गैंग हो जाते हैं सक्रिय

साहिबगंज, बिहार के चादर गैंग, ईरानी, सोनझरा, तिरची, चादर, बावरिया, कंजर, औरैया, भील, नट और पारधी गिरोह यहां चोरी की वारदात को अंजाम देते आए हैं। ये गिरोह शादी सीजन या ठंड में एक माह पहले से शहर में सक्रिय हो जाते हैं। इनमें से कई गैंग मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करते हैं। ये उन दुकान या मकान को निशाना बनाते हैं, जहां से आसानी से प्रवेश कर सकें। सीसीटीवी का डीवीआर भी लेकर जाते हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार बाहरी चोर गिरोह का तरीका कुछ इसी तरह से रहता है। वे एक साथ आते हैं। अलग-अलग जिलों में यह गिरोह बंट जाता है। 10-10 लोग अलग-अलग बंट जाते हैं।

श्वानों की नसबंदी में जुटा निगम

रायपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। श्वान नसबंदी पशु क्रूरता अधिनियम एवं एनिमल बर्थ कण्ट्रोल नियम 2001 के प्रावधानों अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में श्वानों की डॉग कैचर वाहन भेजकर उनकी धरपकड़ एवं श्वानों की नसबन्दी का कार्य प्रतिदिन निरन्तर बैरन बाजार के पशु चिकित्सालय में किया जा रहा है. धरपकड़ किये गये सभी श्वानों का नसबंदी के पश्चात एन्टी रेबीज वैक्सीनशन भी किया जाता है. वहाँ दो पशु चिकित्सक डॉक्टर दीवान एवं डॉक्टर साहनी द्वारा प्रतिदिन डॉग कैचर वाहन एवं प्रशिक्षित टीम की सहायता से धरपकड़ कर लाये गये श्वानों की नसबन्दी का कार्य किया जा रहा है.

माह में लगभग 425 नसबंदी

आज सुबह 7 बजे आई जनशिकायत पर डॉग कैचर वाहन की टीम ने त्वरित रूप से रामनगर गुलमोहर पार्क क्षेत्र एवं उसके आसपास अभियान चलाकर 7 श्वानों एवं संध्या को 3 श्वानों की धरपकड़ की एवं निदान 1100 में प्राप्त जनशिकायत का त्वरित निदान किया. धरपकड़ किये गये श्वानों की नसबंदी की गयी. प्राप्त जनशिकायतों पर त्वरित रूप से श्वानों की डॉग कैचर वाहन की सहायता से धरपकड़ कर श्वान नसबंदी का कार्य प्रतिदिन निरन्तर जारी है. प्रतिदिन लगभग 16-17 श्वानों, हर माह लगभग 425 श्वानों, हर वर्ष लगभग 5300 से अधिक श्वानों की डॉग कैचर वाहन की सहायता से धरपकड़ एवं श्वानों की नसबंदी का कार्य सतत जारी है. कोई भी नागरिक निदान 1100 में श्वानों से सम्बंधित शिकायत दर्ज करवा सकता है. नागरिकों की शिकायत मिलते ही श्वानों की धरपकड़ डॉग कैचर वाहन भेजकर अभियान चलाकर की जाती है एवं प्राप्त जनशिकायतों का त्वरित निदान किया जाता है.

ब्लेड से वार युवक घायल

भिलाईनगर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। खुर्सीपार थाना अंतर्गत शिवाजी नगर में अपने घर के सामने खड़े व्यक्ति को जान से मारने की धमकी दे आरोपी ने ब्लेड से उसके चेहरे पर वार कर दिया। लहुलुहान पीड़ित ने थाना पहुंच घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी मन्नू के खिलाफ धारा 294, 323, 506बी के तहत कार्रवाई की है। खुर्सीपार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवराज साहू ने बताया कि मकान नम्बर 73, अटल आवास शिवाजी नगर खुर्सीपार निवासी दीपक यादव 40 वर्ष कल दोपहर घर के सामने खड़ा था तभी मन्नु वहां पहुंचा और गाली गलौज करते हुए दीपक को जान से मारने की धमकी देने लगा। जब दीपक ने उसे गाली देने से मना किया तो मन्नू ने अपने पास रखे ब्लैड से उसके चेहरे पर वार कर दिया। मौके पर दीपक की पत्नी सुशीला और भाई राजकुमार के बीच बचाव करने पर आरोपी वहां से भाग निकला।

श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा में घर-घर संपर्क व आमंत्रण अभियान

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम भक्तों में दिख रहा जबरदस्त उत्साह



बचेली, 20 नवंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिला के गीदम नगर में आयोजित विभिन्न संगठनों की बैठक में समाज के ज़िम्मेदार एवं प्रबुद्ध नागरिकों के द्वारा श्री रामलला प्राणप्रतिष्ठा अभियान के दौरान 1 जनवरी से 15 जनवरी तक घर-घर संपर्क एवं आमंत्रण अभियान चलाया जाएगा। जिसमें नगर एवं ग्राम के समस्त राम भक्तों से संपर्क कर उन्हें बताया जायेगा कि श्रीरामर्मंदिर निधि समर्पण अभियान के दौरान आप सबने जो समर्पण किया था उसी समर्पण अथवा सहयोग से श्रीरामर्मंदिर का निर्माण चल रहा है जिसका कि गर्भग्रह पूर्ण हो चुका है और उसमें श्रीरामललाजी कि प्राणप्रतिष्ठा को जायेगी जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित है ऐसा सभी श्रीरामभक्तों को निमंत्रण दिया जाएगा। श्रीरामलला प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में संपन्न होगा प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा जारी की गई है । श्रीरामलला प्राणप्रतिष्ठा को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है और लोग इस कार्यक्रम में बढ़चढ़कर भागलेंगे एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना शतप्रतिशत योगदान देंगे तथा अन्य लोगों से भी अभियान का हिस्सा बनने तथा अभियान में सहयोग करने के लिये प्रेरित करेंगे । च्च्यामकाज किन्हे बिनु मोहि कहां विश्राम च्च ऐसा वाक्य दोहराते हुए अपनी खुशी प्रकट करते हुए कहा कि हम बहुत ही भाग्यशाली है जो 500 साल तक चले संघर्ष के बाद बन रहे श्रीराममंदिर को साकार होता हुआ देख रहे है और उसमें प्रभु श्रीरामजी इच्छा से सहयोग कर पा रहे है । श्रीरामर्मंदिर समर्पण अभियान के दौरान जिले से लगभग 4900000 लाख रुपये कि समर्पणनिधि रामभक्तों ने भेजी थी।

फसल कटाई विवाद को लेकर पति ने उतारा पत्नी को मौत के घाट

बिलाईगढ़/भटगांव/बलौदाबाजार, 20 नवंबर (देशबन्धु)। भटगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सलौनीकला मे बीती रात दिल दहला देने वाली घटना में एक पति ने अपने पत्नी को मार कर घटना को अंजाम दिया। पुलिस द्वारा जांच कार्यवाही करते हुए आरोपी भरत चंद्रा को धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जानकारी के अनुसार नगर भटगांव से लगे ग्राम पंचायत सलौनीकला मे 19 नवम्बर शाम 7 बजे भरत लाल चंद्रा वल्द द्वारिका प्रसाद चन्द्रा उम्र 58 वर्श ने अपने ही पत्नी भगवती चंद्रा उम्र 50 वर्श को घर मे रखे सील लोड़ा से मार मार कर हत्या कर दिया। दोनो के बीच फसल कटाई को लेकर विवाद हुआ जिसमे मृतिका भगवती चंद्रा हार्वेस्टर से धान कटाना चाहती थी और उसका पति भरत चंद्रा हाथ से धान की कटाई करना चाहता था। इसी बात को लेकर दोनो के बीच झगड़ा हो गया और भरत चंद्रा ने पास मे रखे सील लोड़ा से अपने पत्नी को सिर मे गर्दन मे वार कर हमला कर दिया और मौके पर ही भगवती चंद्रा की मौत हो गया। घटना के समय घर मे पति पत्नी के अलावा कोई और नही था। उनका बेटा कृश्ण कुमार घर से बाहर चला गया था। जब घर आया तो देखा और भटगांव थाना मे सूचना दिया उक्त सूचना पर भटगांव थाना प्रभारी अमृत लाल भार्गव अपने दल बल के साथ पहुंच कर भरत चंद्रा को हिरासत मे लिया गया। जहां षव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को वापस पर आरोपी भरत चंद्रा को धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

गुरुनानक देव का संदेश देने निकाली जा रही प्रभात फेरी

सरायपाली, 20 नवंबर (देशबन्धु)। गुरुनानक जयंती के तहत शहर में सिख समाज द्वारा विविध आयोजन हो रहे हैं। शहर में 14 नवंबर से प्रभातफेरी निकाली जा रही है। भजन कीर्तन के माध्यम से समाजजन गुरु के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में जुटे हुए हैं। सिख समाज द्वारा निकाली जा रही प्रभातफेरी में महिलाएं भी बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं। रास्तेभर वाद्ययंत्रों के साथ गुरु की महिमा का बखान किया जा रहा है।

गुरुनानक देव की जयंती को सिख समाज द्वारा उत्साह के साथ मनाया जाता है। सप्ताहभर से विविध आयोजन हो रहे हैं। गुरु की जयंती को महोत्सव के रुप में मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत सिख समाज द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें शामिल युवती, महिलाएं, बच्चे एवं युवा वर्ग भजन कीर्तन एवं अन्य माध्यम से गुरु के संदेश को जन जन तक पहुंचा रहे है। प्रभातफेरी राजाना शहर के अलग अलग क्षेत्रों में पहुंच गुरु पर्व की खुशियां बाटने में लगी हुई है। 28 नवंबर को गुरुनानक जयंती सिख समाज द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा। सरायपाली गुरुद्वारा में सुबह से देर रात तक होने वाले बृहद कार्यक्रम की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। आयोजन को सफल बनाने समाजजन जुटे हैं। समाज के प्रधान स.रणजीत सिंह आहूजा जी ने बताया कि 21 नवंबर से कार्यक्रम शुरू हो रहे हैं 26 नवंबर तक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 25 नवंबर को श्री अखंड पाठ होगा। गुरूद्वारा में हजुरी रागी जत्था द्वारा कीर्तन किया जाएगा

बागबाहरा के एक घर से 15 लीटर अवैध शराब जब्त

बागबाहरा, 20 नवंबर (देशबन्धु)। नगर के वार्ड नंबर 14 पोटर पारा में किराए के मकान में अवैध रूप से बिक्री करने हेतु रखी गई 15 लीटर शराब को बागबाहरा पुलिस ने छापा मारकर जब्त किया है। पुलिस ने थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर नगर के वार्ड नंबर 14 पोटर पारा के संतोषी चंद्राकर के किराए के मकान में अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब रखी गई थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां मोहल्ले के आकोशित लोगों ने दरवाजा को तोड दिया था। कमरे के अंदर तीन पैकेट में भरी महुआ शराब, एक प्लास्टिक की बोरी में 19 पौंवा अंग्रेजी शराब भरी हुई सील बंद 3.12 लीटर कीमती दो हजार 280 रूपए, एक प्लास्टिक थैला में पांच बोतल बीयर भरी हुई कुल 3.750 लीटर कीमती 1 हजार 100 रूपए, तीन पैकेट में भरी हुई 05-05 लीटर महुआ शराब कुल 15 लीटर कीमती 3 हजार रुपए को जब्त किया गया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुटी है । उक्त वार्ड में धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब की बिक्री को लेकर गुस्साए लोगों ने शनिवार को थाने का घेराव कर थाना प्रभारी महेश साहू को ज्ञापन सौंपा था।

सेमेस्टर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी 22 तक कर सकेंगे ऑनलाईन आवेदन

जगदलपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर द्वारा आयोजित की जाने वाली सेमेस्टर परीक्षा जुलाई-दिसम्बर 2023 सत्र 2023-24 की परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिये ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने से वंचित आवेदक के लिए विश्वविद्यालय के पोर्टल 21 नवंबर से 22 नवंबर को दो दिवस के लिए विलंब शुल्क 100/-रू. के साथ ऑनलाईन आवेदन कर आवश्यक दस्तावेज की स्कैन्ड कापी अपलोड कर सकेंगे। ऑनलाईन परीक्षा आवेदन की हार्डकापी के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर संबंधित महाविद्यालयों में ऑनलाईन वेरीफाई कराकर दिनांक 21 से 23 नवंबर को जमा करेंगे। ऑनलाईन परीक्षा आवेदन की हार्डकापी के साथ आवश्यक दस्तावेज सहित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र परीक्षार्थियों की सत्यापित सूची एवं अशेष प्रमाण पत्र के साथ महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि दिनांक 25 नवंबर को निर्धारित किया गया है।

खुर्सीपर एक्सीडेंट का सीटू टीम ने किया खुलासा

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। जनरल एस्टेब्लिशमेंट के कर्मी आर कोटेश्वर राव की खुर्सीपार जीई रोड चौक से रेलवे फाटक के बीच पीछे से ट्रक कि टक्कर से मौके पर ही मृत्यु के मामले की जानने के लिए सीटू के टी जोगा राव एवं डीवीएस रेड्डी मौके पर पहुंच कर देखा तत्पश्चात थाने में जाकर मृतक के परिजन एवं पुलिस से भी मुलाकात कर कई मुद्दों पर चर्चा की। सीट ने खुर्सीपर गेट वाले रोड के सुरक्षा का मुद्दा कल रात जब यह दुर्घटना घटी तब ना एंट्री का टाइम चल रहा था।

सीटू का कहना है कि अपने मान्यता काल एवं उसके बाद भी लगातार खुर्सीपर गेट एवं बोरिया गेट में ट्रकों की आवाजाही एवं नो एंट्री में रफ्तार के साथ ट्रकों को घुसने से नियंत्रित करने के लिए संयंत्र की सुरक्षा विभाग प्रबंधन, प्रशासन एवं सीआईएसएफ के सामने मुद्दों को उठा चुका है। इस पर प्रबंधन, पुलिस प्रशासन, सीआईएसएफ एवं सीटू के बीच बैठक भी हो चुकी थी। तथा कुछ मुद्दों पर सहमति भी बनी लेकिन अभी भी खुर्सीपर की स्थिति जस की तस बनी हुई है एवं नियमों का उल्लंघन करके असुरक्षित तरीके से ट्रकों की आवाजाही जारी है। सीटू के अनुसार 40 फीट रोड में मात्र 25 फीट रोड ही मिलता है। इस्तेमाल करने को सीटू ने बताया कि जी रोड से खुर्सीपार रेलवे फाटक तक 40 फीट चौड़ा रोड है। जिस पर दोनों तरफ पक्की दुकान लगी हुई है। यह दुकान अपने सामान को रोड के ऊपर 5 से 10 फीट तक के घेर कर लगा देते हैं जिसके चलते लगभग 10 से 15 फीट तक का रोड दुकानों के सामानों से पट जाता है अर्थात मात्र 20 से 25 फीट रोड ही भारी वाहनो के आने जाने के लिए इस्तेमाल हो पता है जिसके चलते जाम एवं दुर्घटना होने की स्थिति हमेशा बनी रहती है। टोल बचाने के लिए राजहरा एवं राजनांदगांव जाने वाले भारी वाहन गुजरते हैं।

ट्रक को इस रास्ते पर आना ही नहीं था पुलिस से पूछने पर यह बात स्पष्ट हुई की वह ट्रक राजहरा की तरफ जा रहा था गौर करने वाली बात यह है कि राजहरा एवं राजनंदगांव के तरफ जाने वाली ट्रको से आयरन ओर लेकर रायपुर सिलतरा एवं औद्योगिक क्षेत्र जाने वाली ट्रके भिलाई इस्पात संयंत्र के ड्यूटी रोड का इस्तेमाल करती है, ताकि नाका में टोल देने से बचा जा सके जांच के दौरान आज टीम ने रोड के बीची-बीच खराब होकर खड़ी एक ऐसे ट्रक देखी जो आयरन ओर लेकर माइंस से रायपुर सिलतरा जा रही थी सीटू ने फिर से दोहराई अपनी पुरानी मांग सीटू ने भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन से मांग की कि बाहरी भारी वाहनों का संयंत्र ड्यूटी रोड में पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जाए जिनका संबंध भिलाई इस्पात संयंत्र से नहीं है। साथ ही साथ ड्यूटी टाइम पर भारी वाहनों का आवाजाही पूरी तरह से रोका जाए।

कायस्थ समाज का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

रायपुर, 20 नवंबर। होटल प्रकाश पैलेस रायपुर में कायस्थ समाज का दीपावली मिलन समारोह दोपहर 2 बजे से कायस्थ युवक-युवती का परिचय सम्मेलन में जिसमें 51 परिवारों ने भाग लिया और अपना परिचय दिया। इस कार्यक्रम में कायस्थ समाज के जगदलपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, महासमुंद, बिलासपुर, अम्बीकापुर, नागपुर के समाज के अध्यक्ष/संयोजक भी शामिल हुए। शाम 6 बजे से कायस्थ कल्चर ग्रुप के द्वारा सुगम संगीत की प्रस्तुति दी, चित्राशजनों ने संगीत का भरपूर आनंद उठाया। रात्रि 8 बजे से मंचासीन मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार श्रीवास्तव डायरेक्टर दुरदर्शन केन्द्र रायपुर, अध्यक्षता संजय श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष आरडीए विशेष अतिथि श्री ए.पी. सिंग, श्रीमती अनुराधा खरे, अनिल व्यास, राम प्रकाश श्रीवास्तव प्रदेश संयोजक कायस्थ समाज छत्तीसगढ़, डॉ. अनिल वर्मा, राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा चित्रगुप्त भगवान की पूजा अर्जना की, के बाद अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा तलाश ए हमसफर 2023 पत्रिका का विमोचन किया गया पत्रिका में 1300 युवक-युवतियों के बायोडाटा फोटो सहित का विवरण दिया गया है। कु.पद्मा ब्यौहार (करंटे), यश श्रीवास्वत (बास्केटबाल), डॉ. पलका श्रीवास्तव (समाजसेवा), डॉ. रीजू श्रीवास्तव (समाजसेवा), डॉ. सारिका श्रीवास्तव (समाजसेवा), श्रीमती गौरवा वर्मा (उत्कृष्ट कार्य), वरूण श्रीवास्तव आईबीसी-24 (उत्कृष्ट कार्य), राजेन्द्र कुमार निगम (समाजसेवा), राजेश खरे (समाजसेवा), डॉ. शिव शरण श्रीवास्तव (साहित्य क्षेत्र),सतीश चंद्र श्रीवास्तव नई दुनियां (उत्कृष्ट कार्य), रवि श्रीवास्तव (साहित्य क्षेत्र), बिगेडियर डॉ. एच. एस. अग्रवाल (देश सेवा) का सम्मान किया गया। संजय श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में समाज को एकजुट होने का आहवान किया एवं अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में बच्चों को लाने की अपील की। डॉ. अनिल वर्मा अध्यक्ष सुषेण वैद स्मृति सेवा समिति रायपुर द्वारा सभी चित्राशबंधुओं को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुये आभार व्यक्त किया।

निधन

सुदर्शन यादव

राजनंदगांव, 20 नवंबर। ठेठवार पारा वार्ड नंबर 38 निवासी सुदर्शन यादव का आज 19 नवम्बर को तकरीबन रात 10 बजे दिन रविवार को निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा कल 20 नवम्बर दिन सोमवार दोपहर 12 बजे उनके निज निवास स्थान ठेठवार पारा के पास से निकाली जाएगी। उनका अंतिम संस्कार लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र और एक पुत्री सहित भरापुरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गए। ज्ञात हो कि वे प्रेस कर्मी गेंदलाल यादव के पिता थे।



मारंगपुरी में मनाई गई सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती

कोण्डागांव, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के विकास खंड बड़ेराजपुर के ग्राम मारंगपुरी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती को बड़े ही हर्ष उल्लासपूर्वक मनाया गया। गांव की गलियों में भव्य कलश यात्रा करके कलार समाज से जुड़े लोगों ने भगवान सहस्त्रबाहु की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं छायाचित्र पर माल्यार्पण करके जयंती कार्यक्रम की शुरुआत किया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों ने भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। इस आयोजन ने उपस्थितजनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष नाथूलाल नेवरा, उपाध्यक्ष महेश कुमार नाग, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण पांडे, सचिन महेंद्र कुमार बघेल, क्षेत्राधिकार रमेश प्रधान, शंकरचंद पांडे, सहसचिव रामविलास दीवान, संतोष पांडे, युवा प्रकोष्ठ परमानंद कश्यप, युवा सचिव गोपीचंद नेवरा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती तराबाई पांडे, महिला सचिव कमलेश्वरी कश्यप संभागीय कार्यकारिणी पंचकोठ प्रधान, चमार सिंह पांडे जिला कार्यकारिणी, सुनील कुमार पोयाम, बसंत पांडे एवं समाज के समस्त सामाजिक भाई बहन मौजूद रहे।

चुनाव उपरांत बागियों पर हो सकती है कार्रवाई

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में पार्टी के खिलाफ कार्य करने वाले कांग्रेस व भाजपाई पर कार्यवाही करने के लिये सूची तैयार की जा रही है। इसके लिये विधान सभा चुनाव में प्रत्याशियों की राय भी ली जा रही है। बताया जा रहा है कि इसमें कुछ प्रत्याशियों द्वारा अपनी राय से पार्टी के आला कमान को अब तक अवगत नही कराया जा सका है, जिसके कारण इस कार्यवाही में विलंब हो रहा है। बयाया जा रहा है कि कांग्रेस व भाजपाइयों ने अपन अपने प्रत्याशियों को नुकसान पहुंचाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। प्रत्याशी तय होने के बाद से पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहें। प्रत्याशी के लिए अंदर ही अंदर और कभी कभी खुलकर काम करते हुए नजर आए हैं। मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस व भाजपा के छाया पार्षद भी शामिल हैं। जो प्रत्याशी के विरोध में काम करते हुए दिखे हैं। बात सिर्फ पार्षद व छाया पार्षदों की नहीं हुई है। संगठन के पदाधिकारी का भी नाम लिया जा रहा है। अब आज अचानक इन सबकी बातें क्यों हो रही हैघ्घ्घ्इसका जवाब है कि संगठन ने केंद्र और प्रदेश से ऑब्जर्वर भेजा था। अलग.अलग सीट के लिए ऑब्जर्वर आए थे। जिन्होंने अपनी पूरी रिपोर्ट बनाई है। सूत्रों के हवाले से ये खबर पक्की है कि ऑब्जर्वर की सूची में जिनके नाम हैं, उनमे दो दर्जन से ज्यादा लोगों के नाम शामिल हैं। इन सबके खिलाफचुनाव परिणाम के बाद गाज गिरने वाली है। पार्टी विरोधी काम में संलिप्त तथा ऑब्जर्वर की ओर से पार्षद और संगठन के खिलाफकाम करने वालों के नाम सामने आ गए हैं। ये नाम भेज दिए गए हैं। इस मामले में प्रदेश आलाकमान ने ये कह दिया है कि इस पर अभी कुछ भी नहीं कहा जाएगा। पार्टी और प्रत्याशी के खिलाफ काम करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी।

दुर्घटना में मृतक के परिजनों को मिलेगी नौकरी

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। शनिवार की रात को सड़क दुर्घटना में संयंत्र कर्मी की मौत के बाद आज शव को रोक कर हंगामा किया गया। नौकरी के लिए लिखित में आश्वासन की मांग को लेकर काफी देर तक शव को रोका गया। प्रबंधन ने स्पष्ट कर दिया था कि नियमित कर्मचारी हैं, इसलिए आश्रित के जॉब को लेकर कोई समस्या नहीं है। ड्यूटी जाते समय सड़क हादसा हुआ है, नियम के तहत जॉब दिया जाएगा। इसके लिए पहले पोस्टमार्टम कराना जरूरी है। काफी जद्दोजहद के बाद आज सोमवार दोपहर में परिवार राजी हुआ और पोस्टमार्टम कराया गया। पंचनाम रविवार को ही कराया जा चुका था। पोस्टमार्टम के बाद शव के अंतिम संस्कार के लिए सभी लोग रवाना हो गए। खुर्सीपार के रहने वाले आर.कोटेश्वर राव शनिवार को नाइट शिफ्ट ड्यूटी के लिए जा रहे थे। रोलिंग मिल गेट से पहले ही किसी ट्रक की चपेट में आ गए। बताया जा रहा है कि ट्रक ने पीछे से टक्कर मारा. जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई थी। मृतक के रिश्तेदार आंध्र प्रदेश से पहुंचने वाले थे. इसलिए रविवार को शव नहीं उठाया गया। इस बीच आश्रित की नियुक्ति को लेकर भी हंगामा शुरू हो गया था। साथी कर्मचारी की मौत के बाद पीड़ित परिवार के साथ यूनियन नेता भी सुपेला शासकीय अस्पताल स्थित मरच्यूरी पर डटे रहे। आइआर डिपार्टमेंट के सीनियर मैनेजर रोहित हरित ने परिवार को समझाया। मृतक के दो बेटे हैं। वार्ता में सीटू के उपाध्यक्ष डीवीएस रेड्डी, इंटक से उप महासचिव रमाशंकर सिंह, सचिव विंसेंट पटेरा, राकेश तिवारी, उज्ज्वल दत्ता उपस्थित है।

उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व का हुआ समापन

रायपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। आस्था का पर्व छठ पूजा के चौथे दिन उदय होते सूर्य की पूजा कर अर्घ्य देने बड़ी संख्या व्रती महिला और पुरुष पहुंचे ।तडके तालाब में आकार सूर्य देव को अर्घ्य देकर संतान के स्वस्थ दीर्घायु जीवन और अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए परिवार की खुशहाली के लिये भगवान सूर्य से प्रार्थना की ।इसके साथ ही छठ महापर्व का समापन हो गया।

सोमवार सुबह राजधानी के महादेव घाट सहित अन्य जगहों पर बने छठ घाटों पर बड़ी संख्या में व्रतधारी महिलाएं पहुंची। ब्रह्ममुहूर्त में स्नान करके सूर्य उदय से पहले ही अर्घ्य देने का सिलसिला प्रारंभ हुआ। घाट के किनारे आतिशबाजी की गई। अर्घ्य देने के बाद महिलाएं ठेकुआ का प्रसाद ग्रहण करके निर्जला व्रत का पारणा किया।

राजधानी रायपुर के महादेवघाट, व्यास तालाब सहित शहर से लगे समीपस्थ ग्रामों के तालाबों में नगर निगम व जिला पंचायत प्रशासन के द्वारा छठ पर्व को देखते हुए विशेष व्यवस्था की गई थी ताकि पूजा करने वाले व्रतियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। तालाबों को सजाया गया था जो कि आकर्षण का केंद्र रहे।

चार दिनों तक चलने वाले व्रत का प्रारंभ खरना से प्रारंभ होता है और 36 घंटे का निर्जला व्रत रख अस्ताचल सूर्य की पूजा और उदयाचल सूर्य की पूजा कर व्रत पूरा किया जाता है। उत्तर भारत के इस प्रमुख त्योहार को आज पूरे विश्व में मनाया जाता है ।जिस पर श्रद्धालुओं का कहना है कि छठी मइया हमारे परिवार की रक्षा करती है और हर संकट को दूर करती है।

इन इलाकों में छाया भक्तिभाव

महादेवघाट के अलावा दूसरा सबसे बड़ा छठ पर्व का आयोजन बिरगांव के व्यास तालाब में हुआ। अन्य इलाकों में हीरापुर, कबीरनगर, टिकरापारा के नरैय्या तालाब, कचना तालाब, मठपारा के मलसाय तालाब, समता कालोनी के आमा तालाब, गुढियारी के मच्छी तालाब, अमलीडीह, माना आदि जगहों पर छठ पूजा में श्रद्धा-उल्लास छाया रहा।

आंवला नवमी पर्व आज

रायपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को आंवला नवमी का पर्व मनाया जाता है, इसे अक्षय नवमी भी कहा जाता है. अक्षय नवमी का शास्त्रों में वही महत्व बताया गया है, जो वैशाख मास की तृतीया यानी अक्षय तृतीया का महत्व है. आंवला भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय फल है और आंवले के वृक्ष में सभी देवी देवता निवास भी करते हैं, इसलिए इस वृक्ष की पूजा अर्चना की जाती है. आंवले के पेड़ की 11 बार हाथ जोड़कर परिक्रमा करें. इस दिन कद्दू व सोने का दान देना बहुत शुभ माना जाता है. साथ ही गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आएं।

मनोकामना पूर्ति के लिए होगी आंवला के वृक्ष की पूजा

आंवला नवमी तिथि और शुभ मुहूर्त: नवमी तिथि का प्रारंभ 21 नवंबर सुबह 3 बजकर 16 मिनट से नवमी तिथि का समापन 22 नवंबर रात 1 बजकर 8 मिनट तक।

शुभ योग: आंवला नवमी के दिन कई शुभ योग भी बन रहे हैं, जिससे इस दिन का महत्व भी काफी बढ़ गया है. इस के दिन शाम 8 बजकर 1 मिनट से अगले दिन 6 बजकर 49 मिनट तक रवि योग रहेगा. साथ ही इस दिन हर्षण योग भी बन रहा है. हालांकि इस पूरे दिन पंचक भी लग रहा है.

गलत समय में सीएम बनना चाहते है सिंहदेव : रमन सिंह

रायपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने डिप्टी सीएम सिंहदेव के मुख्यमंत्री वाले बयान पर तंज कसा है। रमन ने कहा कि गलत समय में उनकी इच्छा जागृत हुई है, यहां भाजपा की सरकार बन रही है।

दरअसल मीडिया से सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री ने तमाम मुद्दों पर चर्चा की। तभी मंत्री टीएस सिंहदेव के चुनाव नहीं लड़ने और सीएम उम्मीदवारी पर पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह से सवाल दागा गया। जिसके जवाब में उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वह सही बोल रहे हैं, उनके मन की पीड़ा है। पांच साल से वह इंतजार कर रहे हैं। यह वादा कर उनको पांच साल घुमा कर रख दिया गया, पर उनकी भी इच्छा गलत समय पर जागृत हुई है। अब भाजपा की सरकार बन रही है।

छत्तीसगढ़ में भाजपा को बहुमत मिलने पर मुख्यमंत्री पद के लिए रमन सिंह ने अपनी दावेदारी पर भी स्पष्ट बात रखी। डॉ. सिंह ने कहा कि चेहरा हमारी पार्टी ने तय नहीं किया है, सामूहिक नेतृत्व हमने पहले से तय किया है। विधायक दल की बैठक में चयन हो जाएगा, उसमें कहीं विलंब नहीं होगा।

केन्द्र के समान 4 फीसदी महंगाई भत्ता की अनुमति प्रदान करें चुनाव आयोग

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को लिखा पत्र

रायपुर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार ने कर्मचारी-अधिकारी सहित पेंशनरों को केन्द्र के समान 4 फीसदी महंगाई भत्ता देने की घोषणा की थी लेकिन चुनाव के कारण आचार संहिता लगने से मामला लंबित है। वहीं चुनाव संपन्न हो चुके है साथ ही हिन्दू पर्वों के कारण कर्मचारियों की जेबे खाली हो चुकी है। ऐसे में कर्मचारी अब 4 फीसदी महंगाई भत्ता की बाट जोह रहे हैं। इस देखते हुए प्रदेश कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने चुनाव आयोग से मांग की है कि कर्मचारी हित में आचार संहिता को शिथिल करते हुए 4 फीसदी महंगाई भत्ता देने सरकार को अनुमति प्रदान की जाए ताकि कर्मचारियों को राहत मिले। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि इस संबंध में मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत सरकार नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ को पत्र के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया है।

कांग्रेस में सिर फुटव्वल के हालात : केदार गुप्ता

सिंहदेव के आखरी चुनाव वाले बयान पर भाजपा प्रवक्ता का निशाना

रायपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में दोनों चरणों के मतदान सफलतापूर्वक हो गए हैं। अब लोगों को 3 दिसंबर के दिन होने वाले मतगणना का इंतजार है। बता दें कि इस बार हुए विधानसभा चुनाव में सभी पार्टियों ने जोरो-शोरो से मेहनत की है। वहीं, दिग्गज नेताओं ने भी चुनाव प्रचार-प्रसार में जोर प्रदेश में अपनी सरकार लाने के लिए सभाएं और रैलियां की है। इसी बीच टीएस बाबा के यह मेरा आखिरी चुनाव है“समर्थक चाहते हैं, कि मैं मुख्यमंत्री बनूं वाले बयान पर बीजेपी प्रवक्ता केदार गुप्ता का बयान सामने आया है।

बीजेपी प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा है, कि बाबा के दुःखी होने का समय जनता ने तय कर दिया है। मतदाता कांग्रेस की सरकार को उखाड़ कर फेंक रहे हैं। बाबा अब मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। बाबा कांग्रेस के अच्छे नेता रहे हैं। हम चाहेंगे कि वे हमारे साथ नेता प्रतिपक्ष बनकर रहें। केदार गुप्ता ने कहा है, कि भाजपा की सरकार बन रही है। अच्छा विपक्ष होगा तो काम करने मे आनंद आता हैं।

कांग्रेस की समीक्षा बैठक पर बीजेपी प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा, कि मुझे लगता हैं, कांग्रेस की समीक्षा ही छग का एक्जिट पोल हैं। ये आपस में लड़ रहे हैं, इनका सर्वनाश तय है। बीजेपी विपक्ष में हैं, लेकिन आजतक कोई गंभीर शिकायत नहीं आई। कुछ शिकायत आई तो आपस में बैठ के सुलझा लेंगे। कांग्रेस में अभी चुनाव परिणाम नहीं आए हैं और सिर फुटव्वल की स्थिति है।

वहीं, महिला वोटर्स के बढ़ने पर कांग्रेस के बयान पर हमारी योजनाओं से महिलाएं लाभान्वित हुई इसलिए बढ़ा वोट का प्रतिशत पर बीजेपी प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में महिलाएं प्रताड़ित होती रही। युवाओं को नग्न प्रदर्शन करना पड़ा। महिलाओ के साथ लगातार दुष्कर्म की घटनाएं घटी। शराबबंदी का वादा पूरा नहीं किया। बीजेपी ने महिलाओं के सम्मान की बात कही, 12 हजार रुपये आर्थिक सहयोग की बात कही इसलिए महिलाओं ने बीजेपी को वोट दिया। इसलिए बीजेपी की सरकार बनेगी ये तय हैं।

अनियमित कर्मचारियों को नई सरकार से आस

रायपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। गोपाल प्रसाद साहू प्रांतीय संयोजक छत्तीसगढ़ अनियमित कर्मचारी मोर्चा ने बताया कि प्रदेश के अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने, पृथक कर्मचारियों की बहाली, अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालीन करने एवं आउट सोर्सिंग/ठेका/सेवा प्रदाता सिस्टम को बंद करने सहित विभिन्न मांगों पर सकारात्मक पहल करने नई सरकार से सकारात्मक उम्मीद है7 प्रदेश में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों [आउट सोर्सिंग (प्लेसमेंट), सेवा प्रदाता, ठेका, जाबदर, संविदा, दैनिक वेतन भोगी, कलेक्टर दर, श्रमायुक्त दर पर कार्यरत श्रमिक, मानदेय, अशंकालिक,] अपने नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर विभिन्न मंचों के माध्यम से निरंतर संघर्षरत है7उल्लेखनीय है प्रदेश के लाखों अनियमित कर्मचारी प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है7 ये विगत 5, 10, 15, 20, 25 वर्षों से अधिक समय से आर्थिक एवं मानसिक शोषण के शिकार प्रशासनिक रूप से हो रहे है तथा नियमित कर्मचारी से आधे से कम वेतन में कार्य करने मजबूर है7 वर्तमान में इनकी स्थिति मध्यकालीन बन्धुआ मजदूर से बदतर है7 बेरोजगारी, आर्थिक असुरक्षा, पारिवारिक जिम्मेदारी, प्रशासनिक दबाव के कारण ये अनियमित कर्मचारी अपने विरुद्ध हो रहे अन्याय का विरोध खुलकर नहीं कर पाते है। उपरोक्त कारणों से समाज के पढ़े-लिखे नव-युवा/युवतियां मानसिक अवसाद से ग्रसित हो रहे है।

क़ानूनी बाध्यताएं चन्द्रमोहन नेगी विरुद्ध हिमांचल प्रदेश सरकार ~ 17 अप्रैल 2020 के परिपेक्ष्य में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियमितीकरण हेतु उमादेवी विरुद्ध सचिव कर्नाटक सरकार द्वारा पारित च्व्एक बारज्ञ की बाध्यताएं समाप्त कर दी है/वर्तमान सरकार ने अपने घोषणा के अनुरूप अनियमित, संविदा एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने, छटनी न करने तथा आउट सोर्सिंग बंद करने का वादा पूरा नहीं किया और इन वर्ग के कर्मचारियों का वेतन में अपेक्षाकृत वृद्धि नहीं की, जिससे इन वर्ग के कर्मचारी व्यथित है/छत्तीसगढ़ अनियमित कर्मचारी मोर्चा नई सरकार के समक्ष उपरोक्त समस्याओं को सक्षमता से रखने के उद्देश्य से 100 से अधिक अनियमित संगठनों का बैठक 3 दिसम्बर के बाद आहूत करेगा, जिसमे आगामी रणनीतियों पर समग्र विचार-विमर्श किया जावेगा।

मौसम साफ, तापमान में आई गिरावट



रायपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में नवंबर की शुरुआत से ही हल्की ठंड महसूस होने लगी थी लेकिन बीते कुछ दिनों से मौसम स्थिर बना हुआ है ।राजधानी रायपुर के लालपुर मौसम केंद्र के अनुमान के मुताबिक छत्तीसगढ़ में अगले दो दिनों तक प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा ।वही सोमवार को प्रदेश का मौसम ड्राई रहा।

प्रदेश में उत्तर पूर्व से हल्की ठंडी हवाएं भी चल रही है, लेकिन मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में बादल छाए रहने के कारण ठंड में थोड़ी कमी आई है।

मौसम विज्ञानी जनक राम साहू के मुताबिक सोमवार और मंगलवार को दक्षिण छत्तीसगढ़ और मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ जगहों पर बादल छाए रह सकते हैं। अगले तीन दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। जिसके बाद फिर से ठंड बढ़ेगी।

गर्म कपड़ों का सजा बाजार: ठंड की दस्तक के साथ ही राजधानी सहित प्रदेशभर में गर्म कपड़ों का बाजार सज गया है। हालांकि ठंड कम पड़ने की वजह से बाजारों में अभी भीड़ नहीं देखने को मिल रही है। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार दो दिनों बाद न्यूनतम व अधिकतम तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। ऐसे में दो दिनों बाद गर्म कपड़ों के बाजार में रौनक देखने को मिल सकती है।

सेवा पथ संस्था ने 9 कन्याओं की निकाली ऐतिहासिक बारात

रायपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। एक बेटी का पिता होना जहाँ एक ओर समाज में गर्व करने वाली बात है, वहीं वर्तमान कुरीतियों के कारण अभिशाप भी होती जा रही है। बेटी के विवाह में भव्य आयोजन करने की आडंबर और एक दूसरे से अधिक दहेज देने की होड़ का अनुसरण करते करते मध्यम वर्गीय पिता अपनी बेटी की शादी तो धूमधाम से कर लेता है, उसके बाद वो पूरी जिन्दगी मेहनत करके उस शादी का कर्ज चुकाते चुकाते बुढ़ा हो जाता है। यानी कि एक बेटी के पिता का फर्ज निभा पाना बहुत ही कष्टदायक है।

सेवा पथ संस्था के मिडिया प्रभारी विक्की पंजवानी ने बताया कि इन्हीं ज्वलंत समस्याओं और कुरीतियों को ध्यान में रखते हुए सामाजिक संस्था सेवा चौथी बार 19 नवंबर 2023, रविवार के शुभ मुहूर्त पर एक साथ एक ही मंच पर माँ दुर्गा जी के नौ स्वरूपी 9 कन्यादान का नि:शुल्क विवाह सम्पन्न कराया गया । जिसमें सभी वर-वधु का एक साथ मुकुट बंधन, बारात, लेडीस संगीत, माता स्वरूपी कन्याओ की आरती, फेरे (वेदी) और विशाल मंच पर संगीतमय रिसेप्शन जैसे मांगलिक कार्यक्रम पूरे विधि विधान से सम्पन्न कराये गये।

संस्था के सदस्य पहलाज खेमानी और राजा बजाज ने बताया की संस्था सेवा पथ विगत वर्षो में 3 बार कन्यादान का ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित कर चुकी है। पुन: चौथी बार यह नि:शुल्क कन्यादान सम्पन्न करा रही है। इससे समाज की दशा और दिशा बदलने में सहायक होगी साथ ही साथ जो माता पिता अपने बच्चों के विवाह के लिए चिंतित है उन्हें भी इन कुरीतियों से निजात मिलेगी। इस आयोजन मे विवाह करने वाले वर-वधुओं की इच्छा अनुसार दूल्हों के अलावा 9 कन्याओं की भी अनुठी बारात निकाली गई जो कि छत्तीसगढ़ मे पहली बार ऐसा हुआ है और इस मातास्वरुपी नौ कन्याओ की ऐतिहासिक बारात को देखकर सभी उत्साहित थे.

संस्था की वरिष्ठ महिला सेवादार श्रीमती शकुंतला लखवानी व श्रीमती सुलोचना नारायणी ने बताया कि इस कन्यादान में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश व उड़ीसा के वर-वधु आकर विवाह के पवित्र बंधन जुड़कर अपनी गृहस्थी शुरू करेंगे। संस्था द्वारा दहेज मुक्त विवाह की एक अनुकरणीय पहल की गई, जिसमें किसी भी बेटी के पिता को कोई आर्थिक बोझ नहीं उठाना पड़ेगा। संस्था के सदस्य आनंद जगवानी व अनिल नैनवानी ने जानकारी दी कि इस कन्यादान के पावन महायज्ञ में धमतरी, बेमेतरा, कांकेर, गोंदिया, तिल्दा, भाटापारा, बलौदाबाजार, राजनांदगांव, बिलासपुर आदि शहरों के पूज्यनीय संतजन व पूज्य पंचायतें, प्रमुख महिला संगठन व सिंधु महाराज मंडल सहित समाजसेवी संस्थाओं ने सहयोग का प्रण किया है, वे स्वयं उपस्थित होकर श्रमदान भी देंगे व वर-वधु को आशीर्वाद भी दिया।

इस आयोजन में वर-वधु के अतिथियों व समाज के सज्जनों सहित लगभग 3000 लोगों का समावेश हुआ। जिसमे उनके रहने, खाने की व्यवस्था और मांगलिक कार्यक्रमों का हिन्दू संस्कारों के अनुसार विधि विधान से सम्पन्न कराया गया । इस आदर्श आयोजन में रायपुर के अलावा महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश की सामाजिक संस्थाओं के लगभग 300 सेवादार सेवायें देकर इस महायज्ञ का समापन हुआ।

सेमीफाइनल पहुंचने में प्रदेश की महिला हॉकी टीम ने बनाई हैट्रिक

भुवनेश्वर में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज हॉकी प्रतियोगिता

रायपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। भुवनेश्वर में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज हॉकी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ महिला टीम ने अपने हौसलों और अनुभवों के दम पर सेमीफाइनल में पहुँच चुकी है लगातार तीसरे वर्ष छत्तीसगढ़ की टीम सेमीफ़ाइनल में पहुँच हैट्रिक बनाई हैं।

मोनिका वैरागडे के 2-0 से हॉकी के दूसरे मैच में छत्तीसगढ़ टीम ने उत्तराखण्ड टीम को हराया। छत्तीसगढ़ महिला टीम ने अपने तीसरे मैच में केरला टीम को शानदार 17-0 से हराया ।छत्तीसगढ़ टीम की उपकप्तान मोनिका वैरागड़े ने मैच में प्रवेश करते ही गोल मार कर अपनी टीम के हौसलों को बुलंद कर दिया और उन्होंने इस मैच में 8 गोल मार कर बेहतरीन प्रदर्शन किया।

तुलसी साहू ने बेहतर तालमेल के साथ टीम की जीत के लिए 3 गोल दागे ।टीम की सबसे अनुभवी खिलाडी रश्मि तिर्की ने बेहतरीन मूवमेंट बनाकर टीम को खिलाते हुये 3 गोल दागे। सविता चंद्राकर ने अच्छे मूवमेंट को अंजाम देते हुए 2 गोल दाग कर अपनी टीम में अपनी भूमिका निभाई। समला ने 1 गोल कर टीम की जीत को 17-0तक पहुचाया। छत्तीसगढ़ टीम की सभी खिलाड़ियों का ताल मेल ही उनकी इस जीत का आधार रहा।

पेंशनर्स महासंघ ने निर्वाचन आयोग को एक्स से पोस्ट कर डीए, डीआर हेतु अनुमति मांगा

रायपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर फेडरेशन के प्रदेश संयोजक तथा भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने भारत निर्वाचन आयोग को एक्स में पोस्ट कर छत्तीसगढ़ राज्य को डीए डीआर हेतु तुरन्त अनुमति देने मांग की है।

जारी विज्ञप्ति में उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 8 नवंबर को एक्स पोस्ट में दिए गए संदेश जिसमें च्डीए के लिए निर्वाचन आयोग से विधिवत अनुमति प्राप्त करने हेतु निर्देश दिया हैज्। दीपावली के पूर्व दिए गए इस संदेश पर ऐसा प्रतीत होता है वित्त विभाग ने प्रस्ताव भेजने में जानबूझकर विलम्ब कर दिया। इसीलिए दीपावली के पूर्व और दीपावली के बाद भी अनुमति का अता पता नहीं है। एक्स के पोस्ट में राजस्थान को अनुमति देने के बाद छत्तीसगढ़ को अनुमति देने में विलम्ब पर निर्वाचन आयोग की नीति पर प्रश्न उठाया है।

इसी क्रम में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा ने भी भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कर्मचारी हित में केंद्र के समान 4ब्र प्रतिशत डीए डीआर की अनुमति देने मांग की है।

जारी विज्ञप्ति में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के विभिन्न जिलों के पदाधिकारी वीरेन्द्र नामदेव,द्रोपदी यादव,जे पी मिश्रा,दिनेश उपाध्याय, आर जी बोहरे,सी एम पांडेय,राकेश जैन,हेमंत टांकसाले,नागेश कापेवार,प्रवीण त्रिवेदी,शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रदीप सोनी,सुरेश शर्मा,एस के चिलमवार,लोचन पांडेय,सुरेश मिश्रा,एस के एस श्रीवास्तव,आलोक पांडेय आदि ने डीए/डीआर देने में विलम्ब के लिए मुख्यमंत्री और अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराते हुए भारत निर्वाचन आयोग से एरियर सहित तुरंत 4 प्रतिशत डीए /डीआर की अनुमति देने की मांग किया है।

तुलसी विवाह 24 को

वैवाहिक कार्यक्रमों की होगी शुरुआत

रायपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। हिंदू रीति-रिवाज में तुलसी विवाह का विशेष महत्व है। इस दिन तुलसी जी और शालिग्राम स्वरूप भगवान विष्णु का विवाह संपन्न कराया जाता है। ऐसा माना जाता है कि जो लोग इस दिन शुभ मुहूर्त में तुलसी माता का विवाह कराते हैं उनका वैवाहिक जीवन सुखी रहता है। आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी होंगी और आपको संतान की प्राप्ति होगी।

पंचान के अनुसार, तुलसी विवाह हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी के अगले दिन आयोजित किया जाता है। इस दिन देशभर में तुलसी विवाह बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। साथ ही शादी-ब्याह जैसे मांगलिक आयोजन भी शुरू हो जाते हैं। तो आइए जानते हैं इस साल तुलसी विवाह कब पड़ रही है और इसका क्या महत्व है।

तुलसी विवाह हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी के अगले दिन मनाया जाता है। लेकिन ब्रिटिश कैलेंडर के अनुसार इस बार 23 नवंबर को एकादशी है और अगले दिन 24 नवंबर को देवदाशी तिथि है. देवदाशी तिथि पर घर में तुलसी माता और भगवान शालिग्राम के विवाह का आयोजन किया जाता है।

तुलसी विवाह कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की देवदाशी तिथि को होता है। पंचान के अनुसार देवदाशी तिथि का आरंभ 23 नवंबर गुरुवार को रात्रि 9ः01 बजे से हो रहा है. शुक्रवार, 24 नवंबर को शाम 7ः06 बजे समाप्त होगा। ऐसे में उदयति के अनुसार तुलसी विवाह 24 नवंबर को ही मनाई जाएगी। इस शुभ संयोग के कारण कहा जाता है कि आपके घर में तुलसी शालिग्राम विवाह का आयोजन करने से आपके घर में अपार धन-संपदा आएगी और आपके वैवाहिक जीवन में भी खुशियां आएंगी।

सनातन धर्म में तुलसी विवाह का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु के शालिग्राम अवतार का तुलसी माता से विवाह होता है।

संपादकीय

ईवीएम पर निगरानी रहे

छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिये दो चरणों में मतदान हो जाने के बाद अब सवाल ईवीएम की सुरक्षा का है। राज्य की 70 सीटों के लिये दूसरे एवं अंतिम चरण का मतदान शुक्रवार को सम्पन्न हुआ जबकि माओवाद के मद्देनज़र इस समस्या से प्रभावित बस्तर सम्भाग की 10 और दुर्ग सम्भाग की 10 सीटों के लिये 7 नवम्बर को पहले मतदान हुआ था। इसके साथ ही 90 क्षेत्रों के प्रतिनिधि कौन होंगे, इसका निर्धारण होना अब शेष है। मतगणना के साथ ये नतीज़े 3 दिसम्बर को घोषित किये जायेंगे। तब तक के लिये ईवीएम को मतगणना केन्द्रों में कड़ी निगरानी में रखा गया है। प्रशासन के मार्गदर्शन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सैकड़ों जवान इसकी सुरक्षा पूरी मुस्तैदी से कर रहे हैं। आशा है कि जब तक परिणाम नहीं निकलते, इनकी सुरक्षा के प्रबन्ध चाक-चौबन्द रहेंगे। प्रशासन से उम्मीद है कि इनके साथ किसी तरह की छोड़-छाड़ नहीं होने दी जायेगी।

पिछले साल हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनावों के बाद से शासकीय निगरानी में स्ट्रांग रूम्स में रखी हुई हजारों ईवीएम संदेहास्पद हो गई थीं क्योंकि कई मशीनें राजनैतिक दलों की जानकारी के बिना बाहर ले जाती हुई पाई गई थीं। वहां समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ऐसे अनेक वाहनों को पकड़ा जिनमें ये मशीनें मिली थीं। हालांकि तब तक काफी देर हो गई थी। सपा की यह सक्रियता मतगणना यानी मशीनें खुलने के एक-दो दिन पहले ही देखी गई थी। वहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी कमजोर स्थिति में होने के बावजूद चुनाव जीत गई थी। इससे सबक लेते हुए पश्चिम बंगाल चुनाव में तृणमूल कांग्रेस तथा हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने परिणाम आते तक मशीनों की कड़ी निगरानी की थी। अब ज्यादातर राज्यों में यह धारणा बन गई है कि ईवीएम के साथ स्ट्रांग रूम्स में रखने के दौरान छेड़छाड़ होती है और परिणामों को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मोड़ा जाता है। हालांकि निर्वाचन आयोग निष्पक्ष होने का दावा करता रहा है और वह यह भी कहता है कि मशीनों के साथ छेड़-छाड़ सम्भव नहीं है।

इन तमाम दावों, आरोपों-प्रत्यारोपों के बाद भी कहा जा सकता है कि ईवीएम को लेकर अधिकतर जनता आश्वस्त नहीं है। कुछ समय पहले ही एक दक्षिण भारतीय भाजपा नेता ने यह बयान देकर इस संदेह को और भी पुख्ता कर दिया था कि 'वोट किसी को भी डाला जाये, अंततः जायेगा तो भाजपा को ही'। इन तमाम परिस्थितियों की दृष्टि से आवश्यक है कि प्रशासन व अर्द्ध सुरक्षा बलों के साथ ही सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि 3 दिसम्बर तक हर उस जगह पर उपस्थित रहें जहां पर ईवीएम रखी हुई हैं। मशीनों की वे सतत निगरानी करें तथा कोई गड़बड़ी दिखने पर निर्वाचन अधिकारियों से तत्काल शिकायत करें।

उल्टा पुल्टा

टीचर (चिंटू से)- होमवर्क क्यों नही किया?
चिंटू- मैम, मैं जब पढ़ने बैठा तो लाइट चली गई।

टीचर- तो लाइट आने के बाद क्यों नहीं की पढ़ाई?
चिंटू- बाद में मैंने इस डर से पढ़ने नही बैठा कि कहीं मेरी वजह से फिर से लाइट न चली जाए।

ऊगते सूरज को अर्ध्य देकर मनाया गया छठ पर्व

दुर्ग, 20 नवंबर (देशबन्धु)। छठ महापर्व पर आज शहर के पवित्र जलाशयों के घाटों पर आज बड़ी संख्या में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ऊगते सूर्य की पूजा कर अध्य दिया। गत संध्या भी विभिन्न घाटों में उपस्थित होकर श्रद्धालुओं अस्तांचल के सूर्य को अर्ध्य देकर दूसरे दिन सुबह पुत्र उदित होने की कामना की थी। आज सुबह ऊगते सूरज का पूजन का अर्ध्य दिया गया। जिन तिहारी बहुल वार्डों में तालाब है वहां लोगों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर छठपर्व मनाया। शहर में दीपक नगर स्थित रेवा तालाब, टप्पा तालाब, पोलसाय तालाब, ठगड़ा बांध, एवं जलाशयों में सूर्योदय पूर्व से ही श्रद्धालुओं की भीड़ एकत्रित रही।

कसारीडीह सिविल लाईन स्थित शीतला तालाब घाट में सतरूपा शीतला सेवा समिति द्वारा व्रतधारी महिलाओं के लिये विशेष व्यवस्था की गई थी ताकि वे इत्मिनान से पूजा अर्चना कर सकें। इस कार्य में सतरूपा शीतला समिति के अध्यक्ष संजय सिंह, अधिवक्ता रमेश शर्मा के साथ ही अन्य सदस्यों ने अपना योगदान दिया। व्रती महिलाओं के मध्य फल वितरण किया गया।

जनसमर्पण सेवा संस्था ने गौठान में गोपाष्टमी मनाकर किया गौग्रास का दान

दुर्ग, 20 नवंबर (देशबन्धु)। जन समर्पण सेवा संस्था द्वारा गौठान पुलगांव में रहने वाली 5 सौ से अधिक गौ माताओं की पूजा वंदना आरती कर वह उन्हें गौ ग्रास पहुंचाया गया। गौ ग्रास के रूप में सभी गांयों को हरा चारा, गुड़ इत्यादि का खिलाया गया।

जनसमर्पण सेवा विगत 7 वर्षो से इस सेवा कार्य से जुड़ी है। सुबह से गौशाला पहुंचकर पूजन अर्चन वंदन कर गौग्रास का अर्पण किया गया। इस कार्य में संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी के साथ शिशु शुक्ला, राजेन्द्र ताम्रकार, आशीष मेश्राम, प्रकाश कश्यप, आदित्य नारंग, रवि शर्मा, संजय सेन, सुजल शर्मा, समीर खान, रूपल गुप्ता, दृदृदु ढीमर, हरीश सेन, शब्कू पाकीजा, रिषि गुप्ता, मोहित पुरोहित एवं संस्था के अनेक सदस्यगण उपस्थित थे।

युवोदय दुर्ग के दूत योगेश एवं छत्रपाल का राष्ट्रीय एकता शिविर-त्रिपुरा के लिये चयन

दुर्ग, 20 नवंबर (देशबन्धु)।23 नवंबर से 29 नवंबर तक अगरतला मे त्रिपुरा सरकार के सांस्कृतिक विभाग युवा विकास केंद्र, द्वारा आयोजित त्रिपुरा हेरिटेज फेस्ट 2023 मे रा सेयो स्वयंसेवक योगेश कुमार साहू और छत्रपाल साहू छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। ये दोनो स्वयंसेवक इंदिरा गांधी शास.स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर, भिलाई में अध्ययनत है। यूनिसेफ और जिला प्रशासन द्वारा संचालित युवोदय दुर्ग के दूत बनकर अपनी टीम के साथ जिले के विकास के लिए ये स्वयंसेवक लगातार मतदाता जागरूकता के साथ मानसिक स्वास्थ्य, पर्यावरण, नशा मुक्ति एएनसी चेकअप, पोषण, नशा मुक्ति अभियान जैसे विषयों पर कार्य कर रहे है। इनके कार्यों को देखते हुए यूनिसेफ के द्वारा इन्हें नोनी जोहार कार्यक्रम पर राज्यस्तर पर सम्मानित

तथा जिला प्रशासन द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

इस सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में लगभग भारत के पूरे राज्यों के साथ-साथ भारत के पड़ोसी देश बांग्ला देश, नेपाल, इंडोनेशिया, श्रीलंका, अफगानिस्तान आदि देश के प्रतिभागियों के आने की संभावना है। इस शिविर मे युवाओं के लिए एनआईसी से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित होंगी ।जिसमें सामाजिक मुद्दों पर समूह चर्चा, सांस्कृतिक विनियमन स्वदेशी कला एवं संस्कृति पर विशेष ध्यान व त्रिपुरा के विभिन्न पर्यटन स्थलों व संस्कृति से परिचय कराया जायेगा । साथ ही कौशल विकास आदि से संबंधित कई विषयों पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ।दोनों स्वयंसेवकों के इस शिविर के लिये चयन होने पर जिला प्रशासन, यूनिसेफ जिला समन्वयक शशांक शर्मा एवं हितेश कुमार तिवारी रासेयो वरिष्ठ स्वयंसेवक रायुयो, नेहरू युवा केंद्र संगठन, बी एसजी प्रशिक्षक, कार्यक्रम अधिकारी सुरेश ठाकुर एवं डॉ चांदनी मरकाम सहित सभी ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दिये हैं।

अब मतगणना की तैयारी शुरू

आज दुर्ग में संभाग स्तरीय प्रशिक्षण शिविर

दुर्ग, 20 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन के मतगणना के प्रशिक्षण के संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ,समस्त, मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर 05, प्रत्येक विधानसभा हेतु 02 मास्टर ट्रेनर एवं जिले के टेबुलेशन प्रभारी अधिकारी 01, पोस्टल बैलट नोडल अधिकारी 01, इवीएम नोडल अधिकारी 01, सुरक्षा नोडल अधिकारी 01 एवं प्रोग्रामर 01 सहित दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा के कुल 140 प्रशिक्षणार्थियों हेतु मतगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम दुर्ग के बीआईटी ऑडिटोरियम में 21 नवंबर को प्रातः 10 बजे से आयोजित किया गया है। मुख्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु रिसोर्स पर्सन पुलक भट्टाचार्य एन.एल.एम.टी., गीता दीवान एनएलएमटी एवं विनोद अगलावे एसएलएमटीनियुक्त किए गए है।

संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्य के लिए अश्वनी देवांगन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा उनकी सहायता हेतु अभय जायसवाल जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम के सुचारू संपादन हेतु दायित्व सौंपा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण स्थल बीआईटी ऑडिटोरियम के प्रबंधन संबंधित दायित्व प्राचार्य बीआईटी दुर्ग, सर्किट हाउस में आवश्यकतानुसार ठहरने की व्यवस्थाए संबंधित प्रशिक्षणार्थियों को सूचना एवं समन्वय के कार्य का दायित्व सत्कार अधिकारी जिला दुर्ग को एवं सामग्री व्यवस्था का दायित्व कृष्ण कुमार देवांगन प्रकाश साहू एवं बालेश कुमार ठाकुर जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग को सौंपा गया है। इसी प्रकार तकनीकी व्यवस्था इंटरनेट युक्त लैपटॉप प्रशिक्षण के संबंध में पीपीटी का दायित्व एल.बी.सिंह जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी दुर्ग एवं स्टाफ छाया साहू सहायक प्रोग्रामर जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग, श्रुति अग्रवाल ई.डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दुर्ग एवं ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

हेमचंद यादव विवि में आचार्य डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा शोधपीठ का शुभारंभ

दुर्ग, 20 नवंबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग में आचार्य डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा शोधपीठ का आज उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता वि.वि. की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने की। यह जानकारी देते हुए वि.वि. की डीसीडीसी, डॉ. प्रीता लाल ने बताया कि इस शोधपीठ की स्थापना से वि.वि. में शोधगतिविधियों जैसे- शोधपत्रों के प्रकाषन, शोध संगोष्ठियों का आयोजन तथा सम-समायिक विषयों पर आमंत्रित व्याख्यानों के आयोजन में गति आयेगी। डॉ. लाल ने बताया कि कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने अपने संबोधन में आचार्य डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा को हिन्दी के विद्वान होने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की माटी का सच्चा सपुत बताया। उल्लेखनीय है कि 80 के दषक में डॉ. पल्टा एवं आचार्य नरेन्द्र वर्मा ने रायपुर स्थित शासकीय डी.बी. गर्ल्स कॉलेज में एक साथ शासकीय सेवा आरंभ की थी।

डॉ. लाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ के राज्यगीत "अरपा पैरी के धार" की रचना आचार्य डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा ने ही की थी। आज उद्घाटन समारोह के दौरान अंचल के प्रसिद्ध साहित्यकार परदेशी राम वर्मा ने छत्तीसगढ़ के राज्यगीत अरपा पैरी के धार के महत्व एवं विश्लेषण पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। श्री वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के राज्यगीत में उत्तर से लेकर दक्षिण तक तथा पूर्व से लेकर पश्चिमी छत्तीसगढ़ तक फैली हुई प्राकृतिक सम्पदा जैसे- नदी, पहाड़, फसले, खनिज सम्पदा, धार्मिक स्थल जैसे सभी विशेषताओं का बखूबी वर्णन किया गया है। आचार्य नरेन्द्र देव वर्मा द्वारा रचित यह सर्वोत्तम कृतियों में से एक है। परदेशी राम वर्मा ने बताया कि आचार्य नरेन्द्र देव वर्मा ने अरपा पैरी के धार की रचना अंग्रेजी भाषा में भी की थी। इस अवसर पर विष्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों सहित कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

दीप प्रज्जवलन के साथ आरंभ हुए इस उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ अंचल के हिन्दी के अनेक प्रसिद्ध साहित्यकार एवं प्राध्यापक उपस्थित थे। वि.वि. द्वारा लगभग एक माह पूर्व छत्तीसगढ़ के राज्यगीत पर आधारित अर्तंमहाविद्यालयीन बीडियो बनाओं प्रतियोगिता आयोजित ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

नगपुरा तीर्थ में उत्सव पूर्वक मनाया गया साध्वी मुक्तिप्रिया का जन्मदिवस

दुर्ग, 20 नवंबर (देशबन्धु)। श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में आचार्य देवेश श्रीमद सूरीश्वर जी की शिष्या साध्वीं प्रमुखा मुक्तिप्रिया जी का 68 वां जन्मदिवस उत्सवपूर्वक मनाया गया। वर्धमान गुरुकुल के विद्यार्थियों ने बधाई गीत एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किये। तीर्थ के अध्यक्ष गजराज पगारिया, ट्रस्टी मूलचंद जैन राजेन्द्र गोलछा ने साध्वी जी की गुरू पूजा कर तीर्थ प्रबंधन की ओर से गुरू ओवरणा की।

सभा में उपस्थित महेन्द्र भाई ने दातेवाड़िया मद्रास ने महाराज जी के साथ जुड़े संस्मरण स्मरण किया। सचिव संतोष यादव ने गुरूवर्षा के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर साध्वी तिरतिप्रिया, तोकोत्तया प्रिया, मैत्रीप्रिया श्री, मधुर्यप्रिया, विरागी प्रिया, विरांशी प्रिया ने अपने गुरूवर्या के जीवन परिचय के साथ ही गुणों की व्याख्या की। शासकीय चिकित्सालय के डॉ. नरेन्द्र जैन का तीर्थ प्रबंधन की ओर से बहुमान किया गया। कार्यक्रम का संचालन खिलेश साहू ने किया। शिक्षिका मीना गोस्वामी ने अभिनंदन काव्यपाठ किया।

जलाराम जयंती पर 40 यूनिट रक्तदान

गंभीर मरीजों के लिये रखा गया सुरक्षित

दुर्ग, 20 नवंबर (देशबन्धु)। श्री जलाराम जयंती पर जिला रक्त केन्द्र द्वारा रक्तदान शिविर लगाकर 40 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। सीएमएचओ डॉ. जे.पी.मेश्राम, सिविल सर्जन अस्पताल अध्यक्ष डॉ. ए.के.साहू के अनुसार रक्त जिला अस्पताल में भर्ती क्रिटिकल सिकलिंग थैलीसीमिया एवं डिलीवरी, डेंगू से पीड़ित मरीजों के लिये कलेक्टर कर सुरक्षित रखा जाएगा।

इस अवसर पर जिला अस्पताल रक्त केन्द्र के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार अग्रवाल, डॉ. निकिता शोवास्तव काउंसलर, एथोनी स्टाफ नर्स सती गुप्ता, तरूणा रावत लैब सुपरवाइजर रूपेश सर्वे, लैब टेक्निशियन तरन्नुम जहां, निगार परवीन, कौशल्या साहू, डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रियांशा देवांगन, व नवदृष्टि फाउण्डेशन के डॉ. राज आढ़तिया, ने विशेष सहयोग दिया।

ताम्रकार समाज ने धूमधाम से मनाई सहस्त्रबाहू जयंती

दुर्ग, 20 नवंबर (देशबन्धु)। ताम्रकार युवक समाज द्वारा सहस्त्रबाहू अर्जुन जी का जन्मोत्सव ताम्रकार धर्मशाला शिक्षक नगर में सत्यनारायण कथा पूजन एवं भगवान सहस्त्रबाहू की पूजा अर्चना के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य यजमान केवल ताम्रकार-हर्षा ताम्रकार, अंजय ताम्रकार-जया ताम्रकार, सागर ताम्रकार-निधि ताम्रकार ने पूजन विधि पूरी कराई।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन गैंदसिंग ताम्रकार, चित्रकला शिक्षक सुशील ताम्रकार, समाज के पूर्व अध्यक्ष सुदर्शन महलवार, पूर्व सचिव मनोज ताम्रकार, संरक्षक कृष्णा महलवार, रमेश ताम्रकार, नरेन्द्र ताम्रकार, चंद्रदीप ताम्रकार, घनश्याम ताम्रकार (मंतोष), श्याम ताम्रकार, हितेन्द्र ताम्रकार, युवक समाज के अध्यक्ष दिनेश ताम्रकार, राजेश ताम्रकार, आत्मदेव ताम्रकार, कोषाध्यक्ष विजेन्द्र ताम्रकार, सौरभ ताम्रकार, उत्तम ताम्रकार, कमलेश ताम्रकार, संजय ताम्रकार, नील ताम्रकार, एकांश ताम्रकार, महिला संगठन उपाध्यक्ष किरण ताम्रकार, ज्योति(बबली) ताम्रकार, कामिनी ताम्रकार, वंदना ताम्रकार, उर्वशी ताम्रकार, सहित समाज के लोगों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

आयुक्त ने शहरी गौठान में गोपालष्टमी पर गाय एवं कान्हा की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना

दुर्ग, 20 नवंबर (देशबन्धु)। नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पुलगांव स्थित गोकुल नगर के गौठान में आज गोपालष्टमी के दिन गोवर्धनएगाय और बछड़े तथा गोपाल की पूजन का विधान है। सोमवार को गौठान पहुँचकर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने गो पूजा की ।उन्होंने गौठान में अन्य लोगो के साथ गाय की पूजाकरभोजन भी कराया। पुलगांव स्थित गोकुल नगर के गौठान मे गोपाष्टमी महापर्व धूमधाम से मनाया गया। गोपाष्टमी पर्व कृष्ण की लीला गौचारण का पर्व है जो गौवंशो के स्वछंद विचरण एवं सुख समृद्धि का प्रतीक है आज गोपाष्टमी के अवसर पर शहरी गौठान पुलगांव मे धूमधाम से यह पर्व मनाया गया जिसका प्रारम्भ गौवंशो के पूजन एवं भजन कीर्तन से हुआ। आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली और अन्य लोगो साथ विधि विधान से गौवंशो की पूजा अर्चना की। भक्ति भजनो के साथ कार्यक्रम के अगले चरण मे श्री हनुमंत शक्ति अखाडा के युवाओं द्वारा अखाड़ा की प्रस्तुति दी ।

कार्यक्रम के इसी कड़ी मे पारम्परिक राउत नाचा भी आयोजित किया गया। कल्याणम महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित गौठान मे व्यवस्थापक देवशीष घोष के मार्गदर्शन, अध्यक्ष गायत्री डोटे की अगुवाई मे अन्य सहयोगी राष्ट्रीय सनातन हिन्दु परिषद के मनोज ठाकरे, डॉक्टर नेहा गुप्ता न्यायाधीश लोक अदालत, गोवर्धन जायसवाल, गरिमा फ्राउंडेशन से लता सोनी, ममता सोनी, आशा राठी,जयश्री वर्मा, हिन्दु शक्ति सेवा संगठन से शशि बांछोड़, बजरंग दल से राकेश रामलोचन तिवारी एवं सैकड़ो बजरंग दल के कार्यकता, सतरूपा शीतला सेवा समिति से नंद ताम्रकार एवं उनकी धर्मपत्नी एवं सैकड़ो की संख्या मे गौभक्त उपस्थित रहे।

चुनाव पर महिलाओं में विशेष उत्साह रहा

पांच सौ रुपए में सिलेंडर व प्रति माह मिलेगी राशि

भिलाईनगर 20 नवंबर (देशबन्धु)। जिले की छह विधानसभा सीटों पर शुक्रवार को औसत 71.59 प्रतिशत मतदान हुआ है। जो पिछले बार तुलना से लगभग आधा प्रतिशत अधिक है। इनमें 72.29 प्रतिशत पुरुष और 70.89 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है। पाटन में सबसे ज्यादा 84.27 प्रतिशत और वैशाली नगर में सबसे कम 65.71 प्रतिशत मतदान हुआ है। महिलाओं में इस बार पहले की अपेक्षा अधिक उत्साह देखा गया। 2008 के परिसीमन के बाद जिले में बनी तीन नई सीटों वैशाली नगर, दुर्ग ग्रामीण व अहिवारा बनाये गये थे। जिसमें वर्तमान में दुर्ग ग्रामीण व अहिवारा में कांग्रेस विधायक है, तो वैशाली नगर में भाजपा के विधायक थे। वहीं भिलाई नगर की जनता बारी बारी से भाजपा और कांग्रेस को मौका देती रही है। इस बार सभी सीटों पर 2018 के चुनाव के बराबर मतदान प्रतिशत ने चुनावी पंडितों को अचरज में डाल दिया है। पिछले चार चुनावों के औसत नतीजे देखें तो यहां भाजपा को 47.49 और कांग्रेस को 42.61 प्रतिशत वोट मिलते रहे हैं। 2008 में बीडी कुरैशी ने प्रेमप्रकाश पांडेय को 8,66 प्रतिशत और इससे पहले 2013 में पांडेय ने कुरैशी को 16.09 प्रतिशत वोट के अंतर से हराया था। 2018 के चुनाव में पांडेय और कांग्रेस के देवेंद्र यादव के बीच कड़ा मुकाबला में जीत हार का अंतर मात्र 2.69 प्रतिशत रहा। 1993 के बाद से बारी.बारी दोनों दल को मौका मिलता रहा है। वैशाली नगर वोटर्स सबसे ज्यादा, लेकिन मतदान कम वोटिंग 65.71 प्रतिशत पुरुष 66.27 प्रतिशत. महिला 65.15 प्रतिशत है। 2003 में परिसीमन बाद अस्तित्व में आई वैशालीनगर सीट पर अब तक तीनों चुनाव में भाजपा को जीत एक बार उपचुनाव में कांग्रेस को जीत हासिल हुई थी। 2013 में भाजपा के विद्याशतन भसीन ने 17.58 प्रतिशत और इससे पहले 2008 में सरोज ने 17.48 प्रतिशत के अंतर से जीत दर्ज की थी। 2018 के चुनाव में भाजपा को 49.72 प्रतिशत और कांग्रेस को 37.39 प्रतिशत वोट मिले थे। पाटन पुरुष 85.04 प्रतिशत महिला 83.51 प्रतिशत चाचा भूपेश बघेल और भतीजे विजय बघेल के बीच हुए हुआ। 2013 में भूपेश बघेल ने 6.05 और इससे पहले 2008 में विजय बघेल ने 6.03 प्रतिशत वोट के अंतर से जीत दर्ज की थी। भूपेश को 47.47 प्रतिशत और विजय को 40.97प्रतिशत वोट मिले। 2003 के चुनाव में विजय को 47.95 प्रतिशत और भूपेश को 41.58 प्रतिशत वोट। यहां कांग्रेस का 40.69 प्रतिशत और भाजपा का 37.24प्रतिशत औसत वोट मिलते रहे हैं

महिलाओं में उत्साह ज्यादा

इस चुनाव में राज्य सरकार महिलाओं की बल्ले-बल्ले है। 500 में सिलेंडर देने की घोषणा की है। कांग्रेस ने प्रतिवर्ष महिलाओं को 15 हजार रुपये बात कही है, तो भाजपा में 12 हजार रुपये प्रति महिलाओं को देने की घोषणा की है। दोनों पार्टियों ने महिलाओं पर फोकस किया है महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए जो घोषणाएं हुई है। उससे प्रत्येक घर का बजट काफी संतुलित हो जायेगा। गरंटी की योजना कब क्रियान्वयन होगी इसका सभी महिलाओं को इंतजार है।

सूर्य को अर्घ्य देकर छठ व्रत का समापन

नगर के विभिन्न हिस्सों में स्थित तालाबों में छठ व्रतियों ने दिया सूर्य को अर्घ्य

कुम्हारी, 20 नवंबर (देशबन्धु)। सम्पूर्ण भारत वर्ष में पूर्ण श्रद्धा भक्ति भाव से भगवान सूर्यदेव की उपासना किए जाने वाले महापर्व छठ पर व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को प्रातः अर्घ्य समर्पित कर इस व्रत को सम्पन्न किया । मुख्य रूप से बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखण्ड में वृहद स्तर पर मनाए जाने वाले महापर्व छठ पूजा भारत ही नहीं वरन संपूर्ण विश्व में जहां भी इन प्रदेशों के वासी हैं वहां पर यह पर्व मनाया जाता है । अपने पति और बच्चों की उन्नति, सुख, समृद्धि की कामना पूर्ण करने हेतु निर्जला उपवास रखकर किए गए चार दिन के इस कठिन व्रत का समापन प्रातः कालीन उदित होते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर किया, तत्पश्चात व्रतियों द्वारा पारण किया गया । इस शुभ अवसर पर दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा बड़े तरिया के छठ घाट पहुंचे । समस्त भारतीय नागरिकों को सूर्योपासना के महापर्व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजनीति से परे इस धार्मिक पर्व में प्रदेश की जनता स्वस्थ हो, सभी की सुख समृद्धि में वृद्धि हो ऐसी मंगलकामना करता हूं ।

सड़क दुर्घटना में मृतक परिजनों को मिलेगी नौकरी

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। शनिवार की रात को सड़क दुर्घटना में संयंत्र कर्मी की मौत के बाद आज शव को रोक कर हंगामा किया गया। नौकरी के लिए लिखित में आश्वासन की मांग को लेकर काफी देर तक शव को रोका गया। प्रबंधन ने स्पष्ट कर दिया था कि निर्यामत कर्मचारी हैं, इसलिए आश्रित के जॉब को लेकर कोई समस्या नहीं है। ड्यूटी जाते समय सड़क हादसा हुआ है, नियम के तहत जॉब दिया जाएगा। इसके लिए पहले पोस्टमार्टम कराना जरूरी है। काफी जद्दोजहद के बाद आज सोमवार दोपहर में परिवार राजी हुआ और पोस्टमार्टम कराया गया। पंचनाम रविवार को ही कराया जा चुका था। पोस्टमार्टम के बाद शव के अंतिम संस्कार के लिए सभी लोग रवाना हो गए। खुर्सीपार के रहने वाले आर.कोटेश्वर राव शनिवार को नाइट शिफ्ट ड्यूटी के लिए जा रहे थे। रोलिंग मिल गेट से पहले ही किसी ट्रक की चपेट में आ गए। बताया जा रहा है कि ट्रक ने पीछे से टक्कर मारा. जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई थी। मृतक के रिश्तेदार आंध्र प्रदेश से पहुंचने वाले थे. इसलिए रविवार को शव नहीं उठाया गया। इस बीच आश्रित की नियुक्ति को लेकर भी हंगामा शुरू हो गया था। साथी कर्मचारी की मौत के बाद पीड़ित परिवार के साथ यूनियन नेता भी सुपेला शासकीय अस्पताल स्थित मरच्यूरी पर डटे रहे। आइआर डिपार्टमेंट के सीनियर मैनेजर रोहित हरित ने परिवार को समझाया। मृतक के दो बेटे हैं। वार्ता में सीटू के उपाध्यक्ष डीवीएस रेड्डी, इंटक से उप महासचिव रमाशंकर सिंह, सचिव विंसेंट पटेरा, राकेश तिवारी, उज्ज्वल दत्ता उपस्थित है।

वायर रॉड मिल ने स्थापित किए नए कीर्तिमान

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। इस्पात संयंत्र के वायर रॉड मिल डब्ल्यूआरएम ने टीएमटी एफई 500 डी ईक्यूआर भूकंपरोधी वायर रॉड्स के सेक्शन 8 और 10 मिलीमीटर (मिमी) को रोलिंग में नई ऊंचाई दर्ज की। 19 नवंबर 2023 को मिल ने एक ही शिफ्ट में टीएमटी वायर रॉड्स के 628 बिलेट्स (609 टन) रोल कर नया शिफ्ट रिकॉर्ड बनाया। पिछला सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 9 मई 2023 को एक शिफ्ट में 624 बिलेट्स (599 टन) का था। वायर रॉड मिल ने 19 नवंबर 2023 को टीएमटी एफई 500 डी ईक्यूआर वायर रॉड्स के सेक्शन 8 और 10 मिलीमीटर में 1657 टन की रोलिंग कर नया रिकॉर्ड दर्ज किया। इस ग्रेड की पिछली सर्वश्रेष्ठ रोलिंग 10 अप्रैल 2023 को 1632 टन दर्ज की गयी थी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान वित्त वर्ष के प्रथम सात महीने, अप्रैल से अक्टूबर 2023 तक वायर रॉड मिल ने पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में उत्पादन में 31.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। मिल ने अप्रैल से अक्टूबर 2023 की अवधि में 2,57,989 टन का उत्पादन किया जबकि अप्रैल से अक्टूबर 2022 में मिल ने 1,95,655 टन उत्पादन दर्ज किया था।

डॉ. तिवारी राष्ट्रीय कलापुरोधा सम्मान से विभूषित

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। डॉ ध्रुव तिवारी की पेन्टिंग प्रदर्शनी और टाक शो ने सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर मे दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रविवार को इस दौरान उन्हे राष्ट्रीय कलापुरोधा सम्मान से विभूषित किया गया। ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर खोले जाने को लेकर भिलाई इस्पात संयंत्र और ललित कला अकादमी नई दिल्ली को धन्यवाद देने के लिए जारी यह कार्यक्रम अपने पूरे शबाब पर है। डॉ ध्रुव तिवारी केन्द्रीय विद्यालय रायपुर में ड्राइंग टीचर हैं। वे अपने पेन्टिंग में प्रकृति चित्रण के लिए जाने जाते हैं। उनके चित्रों में गांव के पगडंडी, पेड़, पालतू जानवर सहज ही मिल जाते हैं। उन्होंने बस्तर के आदिवासियों के बीच जाकर वर्षों तक काम किया है और उनकी लोककला का रूपप्रद के संदर्भ में शोध किया है। उन्होंने आदिवासियों के मृतक स्तंभों पर भी व्यापक अनुसंधान किया है। केंद्रीय विद्यालय संगठन तथा एनसीईआरटी ने उनको राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षक बनाया है। जिसमें वे देश भर के कला शिक्षकों को प्रशिक्षण देते हैं। वे मुंबई, मैसूर, ग्वालियर, भिलाई, खैरागढ़, रायपुर के साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक सोलो शोज़, कई गैलरी तथा एयरपोर्ट व मॉल पर शो कर चुके हैं। खासकर बच्चो ने पेन्टिंग बनाने के तरीको को जानने सवालों की झड़ी लगा दी। टाक शो के दौरान मंच संचालन मेनका वर्मा ने एवं मंचीय सज्जा ललेश्वरी साहू, नरोत्तम साहू, डा. सोनाली चक्रवर्ती, चित्रकार हरीसेन, मोहन बराल, पी.वाल्सन, प्रशांत क्षीरसागर, ब्रजेश तिवारी, हरीश मंडावी, मनीष ताम्रकार, सारिका गोस्वामी, सौहद्रा गंधर्व, देवकी गंधर्व, वत्स सेन, अभिषेक सपन, धीरज साहू, नूतन, उल्लास, हेमन्त, अंकुश देवांगन मौजूद थे।

सांसद सहित अनेक शामिल हुए छठ पूजा में

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। सुर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल ने सुबह से चरोदा, छावनी, मैत्री विहार, दाऊ बाड़ा, वार्ड -7 सहित भिलाई के विभिन्न तालाबों में पहुंच कर छठी मैया से आशीर्वाद लिया सांसद विजय बघेल ने छठ महापर्व की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। दुनिया में एक भारत देश है जहां ढलते हुए सूरज को भी नमन करते हैं। भिलाई को हम मिनी भारत कहते हैं। चढ़ते सूरज से जुड़ी संभावना पर मुग्ध रहने वाली इस दुनिया में भारत ही एक मात्र ऐसा देश है जहां ढल रहें सुर्य को पूरी कृतज्ञता के साथ अपनी श्रद्धा निवेदिता करने की परंपरा है। प्रकृति को समर्पित चार दिवसीय महापर्व छठ के दौरान सूर्य की संध्या आराधना का दिवस है शाम को जल में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य से मंगल कामना की तैयारी कर रहे व्रतियों का भगवान सुर्य की बहन छठी मैया सभी को स्वस्थ रखें। आरोग्य प्रदान करें एवं सुख समृद्धि संपन्नता का आशीर्वाद दें। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह सहित माता बहने उपस्थित रहें

छठ तालाब में उपस्थित होकर अराधना किया

छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूद्दीन कुरैशी विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी छठ मईया के पावन पर्व पर सूर्यकुण्ड लक्ष्मण नगर छावनी भिलाई में सूर्यास्त के पूर्व पहुंच कर हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं महिला पुरूषों का अभिनंदन करते हुए छठ मईया में आये हुए समस्त लोगों की मनोकामना पूरी करने का अराधना किया। इस अवसर पर सूर्यकुण्ड विकास समिति लक्ष्मण तालाब छावनी के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य एवं समयलाल साहू, सतपाल सिंह उपस्थित थे।

आज सुपेला शीतला तालाब में प्रातः 4 बजे से छठ पूजा पूरे विधि विधान से किया गया। उगते हुए सूर्य का अर्ध दिया गया। इस अवसर पर पं. महेन्द्र उपाध्याय, पं. दिनेश पर्वत ने बताया कि छठ का पर्व उत्तर भारत में पुरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। उन्होने बताया कि पति व बच्चों के लम्बी उम्र की कामना के लिये इस पर्व को घर की माता, बहने के साथ साथ कई पुरुष भी करते है। छठ पर्व पर सुपेला शीतला तालाब में सांसद विजय बघेल पंहुचकर लोगों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समाज सेवी संस्थाओं ने जल पान की व्यवस्था की थी।

छठ पर्व पर मरोदा तालाब, नगर निगम रिसाली, जवाहर उद्यान मैत्री बाग और सेक्टर 2 तालाब में सुबह से ही पहुंचकर व्रतधारियो से मिलकर छठी मैया की पूजा आरती किए और बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। आर डी कोरी, भिलाई जिलाध्यक्ष ब्रजेश बिजपुरिया, मनीष पांडे ने छठ पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

खुर्सीपर एक्सीडेंट का सीटू टीम ने किया खुलासा

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। जनरल एस्टेब्लिशमेंट के कर्मी आर कोटेश्वर राव की खुर्सीपार जीई रोड चौक से रेलवे फाटक के बीच पीछे से ट्रक कि टक्कर से मौके पर ही मृत्यु के मामले की जानने के लिए सीटू के टी जोगा राव एवं डीवीएस रेड्डी मौके पर पहुंच कर देखा तत्पश्चात थाने में जाकर मृतक के परिजन एवं पुलिस से भी मुलाकात कर कई मुद्दों पर चर्चा की। सीटू के खुर्सीपर गेट वाले रोड के सुरक्षा का मुद्दा कल रात जब यह दुर्घटना घटी तब ना एंट्री का टाइम चल रहा था। सीटू का कहना है कि अपने मान्यता काल एवं उसके बाद भी लगातार खुर्सीपर गेट एवं बोरिया गेट में ट्रकों की आवाजाही एवं नो एंट्री में रफ्तार के साथ ट्रकों को घुसने से नियंत्रित करने के लिए संयंत्र की सुरक्षा विभाग प्रबंधन, प्रशासन एवं सीआईएसएफके सामने मुद्दों को उठा चुका है। इस पर प्रबंधन, पुलिस प्रशासन, सीआईएसएफ एवं सीटू के बीच बैठक भी हो चुकी थी। तथा कुछ मुद्दों पर सहमति भी बनी लेकिन अभी भी खुर्सीपर की स्थिति जस की तस बनी हुई है एवं नियमों का उल्लंघन करके असुरक्षित तरीके से ट्रकों की आवाजाही जारी है। सीटू के अनुसार 40 फीट रोड में मात्र 25 फीट रोड ही मिलता है। इस्तेमाल करने को सीटू ने बताया कि जी रोड से खुर्सीपार रेलवे फाटक तक 40 फीट चौड़ा रोड है। जिस पर दोनों तरफ पक्की दुकान लगी हुई है। यह दुकान अपने सामान को रोड के ऊपर 5 से 10 फीट तक के घेर कर लगा देते हैं जिसके चलते लगभग 10 से 15 फीट तक का रोड दुकानों के सामानों से पट जाता है अर्थात मात्र 20 से 25 फीट रोड ही भारी वाहनो के आने जाने के लिए इस्तेमाल हो पता है जिसके चलते जाम एवं दुर्घटना होने की स्थिति हमेशा बनी रहती है। टोल बचाने के लिए राजहरा एवं राजनांदगांव जाने वाले भारी वाहन गुजरते हैं। ट्रक को इस रास्ते पर आना ही नहीं था पुलिस से पूछने पर यह बात स्पष्ट हुई की वह ट्रक राजहरा की तरफजा रहा था गौर करने वाली बात यह है कि राजहरा एवं राजनंदगांव के तरफ जाने वाली ट्रको से आयरन ओर लेकर रायपुर सिलतरा एवं औद्योगिक क्षेत्र जाने वाली ट्रके भिलाई इस्पात संयंत्र के ड्यूटी रोड का इस्तेमाल करती है, ताकि नाका में टोल देने से बचा जा सके जांच के दौरान आज टीम ने रोड के बीचो-बीच खराब होकर खड़ी एक ऐसे ट्रक देखी जो आयरन ओर लेकर माइंस से रायपुर सिलतरा जा रही थी सीटू ने फिर से दोहराई अपनी पुरानी मांग सीटू ने भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन से मांग की कि बाहरी भारी वाहनों का संयंत्र ड्यूटी रोड में पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जाए जिनका संबंध भिलाई इस्पात संयंत्र से नहीं है। साथ ही साथ ड्यूटी टाइम पर भारी वाहनों का आवाजाही पूरी तरह से रोका जाए।

निगम के उपायुक्त का औचक निरीक्षण में 150 नदारत

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन का मतदान संपन्न होने के बाद निगम में जनहित के कार्यो को पटरी पर लाने हेतु आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त ने निगम मुख्यालय के सभी विभागों का औचक निरीक्षण कर विभाग प्रमुख एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच किये तो 150 अधिकारी एवं कर्मचारी अपने विभाग में अनुपस्थित पाये गये। आयुक्त रोहित व्यास ने चुनाव का मतदान संपन्न होने के बाद अधिकारी कर्मचारी अपने कार्य पर मुस्तैद रह कर जनहित के कार्यो को गति प्रदान करेए इस उददेश्य को लेकर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी को निगम मुख्य कार्यालय सुपेला के सभी विभागों का अवलोकन कर अधिकारी एवं कर्मचारियों की कार्यालयीन समय 10 बजे उपस्थिति की जाँच किये जाने के निर्देश दिये गये थेए जाँच में विभाग प्रमुख सहित 150 अधिकारी कर्मचारी अपने विभाग में अनुपस्थित रहे। अपर आयुक्त श्री द्विवेदी ने डाटा सेंटर को सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का निष्ठा एण्प में जाँच कर देर से आने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों की सूची तैयार कर आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा है, उसी प्रकार स्थापना अधीक्षक को उपस्थिति पंजी की जाँच कर अनुपस्थित रहने वालो को नोटिस दिये जाने का निर्देश दिये है।

ब्लेड से वार युवक घायल

भिलाईनगर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। खुर्सीपार थाना अंतर्गत शिवाजी नगर में अपने घर के सामने खड़े व्यक्ति को जान से मारने की धमकी दे आरोपी ने ब्लेड से उसके चेहरे पर वार कर दिया। लहुलुहान पीड़ित ने थाना पहुंच घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी मन्नू के खिलाफधारा 294, 323, 506बी के तहत कार्रवाई की है। खुर्सीपार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवराज साहू ने बताया कि मकान नम्बर 73, अटल आवास शिवाजी नगर खुर्सीपार निवासी दीपक यादव 40 वर्ष कल दोपहर घर के सामने खड़ा था तभी मन्नु वहां पहुंचा और गाली गलौज करते हुए दीपक को जान से मारने की धमकी देने लगा। जब दीपक ने उसे गाली देने से मना किया तो मन्नू ने अपने पास रखे ब्लैड से उसके चेहरे पर वार कर दिया। मौके पर दीपक की पत्नी सुशीला और भाई राजकुमार के बीच बचाव करने पर आरोपी वहां से भाग निकला।

चुनाव उपरांत बागियों पर हो सकती है कार्रवाई

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में पार्टी के खिलाफ कार्य करने वाले कांग्रेस व भाजपाई पर कार्यवाही करने के लिये सूची तैयार की जा रही है। इसके लिये विधान सभा चुनाव में प्रत्याशियों की राय भी ली जा रही है। बताया जा रहा है कि इसमें कुछ प्रत्याशियों द्वारा अपनी राय से पार्टी के आला कमान को अब तक अवगत नहीं कराया जा सका है, जिसके कारण इस कार्यवाही में विलंब हो रहा है। बयाया जा रहा है कि कांग्रेस व भाजपाइयों ने अपन अपने प्रत्याशियों को नुकसान पहुंचाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। प्रत्याशी तय होने के बाद से पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहें। प्रत्याशी के लिए अंदर ही अंदर और कभी कभी खुलकर काम करते हुए नजर आए हैं। मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस व भाजपा के छाया पार्षद भी शामिल हैं। जो प्रत्याशी के विरोध में काम करते हुए दिखे हैं। बात सिर्फ पार्षद व छाया पार्षदों की नहीं हुई है। संगठन के पदाधिकारी का भी नाम लिया जा रहा है। अब आज अचानक इन सबकी बातें क्यों हो रही हैघ्घ्ण्इसका जवाब है कि संगठन ने केंद्र और प्रदेश से ऑब्जर्वर भेजा था। अलग.अलग सीट के लिए ऑब्जर्वर आए थे। जिन्होंने अपनी पूरी रिपोर्ट बनाई है। सूत्रों के हवाले से ये खबर पक्की है कि ऑब्जर्वर की सूची में जिनके नाम हैं, उनमे दो दर्जन से ज्यादा लोगों के नाम शामिल हैं। इन सबके खिलाफचुनाव परिणाम के बाद गाज गिरने वाली है। पार्टी विरोधी काम में संलिप्त तथा ऑब्जर्वर की ओर से पार्षद और संगठन के खिलाफ काम करने वालों के नाम सामने आ गए हैं। ये नाम भेज दिए गए हैं। इस मामले में प्रदेश आलाकमान ने ये कह दिया है कि इस पर अभी कुछ भी नहीं कहा जाएगा। पार्टी और प्रत्याशी के खिलाफ काम करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी।

फाइलेरिया किसी भी उम्र में हो सकता है

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा ने विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के सेक्टर सुपरवाइजर ओर एल एच वी की संयुक्त बैठक लेकर फाइलेरिया जिसे हांथी पांव भी कहते हैं डा आशीष शर्मा ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है बीईटीओ बी एल वर्मा व भिलाई 3 चरोदा के प्रभारी बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि फाइलेरिया किसी भी उम्र में हो सकता है इसलिए जल जमाव वाले क्षेत्रों को साफ सफाई कर मच्छरों के अंडा लार्वा को नष्ट भ्रष्ट करना चाहिए ऐसी जगहों पर जला तेल, गाड़ियों से निकला आइल डलना चाहिए अथवा निगम पालिका ओर पंचायत क्षेत्रों में लार्वा दवा झिडकाव करना होगा। डा आशीष शर्मा ने बताया कि फाइलेरिया दिवस पर एक बात समझने की आवश्यकता है इस बीमारी के होने के बाद मरीज समाजिक, मानसिक, व्यवहारिक, ओर मनोवैज्ञानिक वैवाहिक रूप प्रभावित होता है। इसके लक्षण 8 से 10 वर्षों बाद उभरते हैं दोनों पैरों में सूजन हो जाती चलने फिरने में दिक्कत होती है। अंगों को देखभाल की जरूरत होती है स्वयं साफ सफाई नहीं कर पाने से घाव ओर सडन हो सकती है, इसलिए इस रोग के प्रति संवेदनशील व सचेत रहने की जरूरत है मच्छर जनित रोगो से बचने मच्छर दानी का उपयोग करना चाहिए हर साल सामूहिक दवा सेवन सरकार अभियान चलाकर खिलाती है हर व्यक्ति को डी ई सी दवा खाना चाहिए सेक्टर सुपरवाइजर ओर एल एच व्ही ओर स्वास्थ्य संयोजिका व स्वास्थ्य संयोजक व मितानिन का दायित्व है कि इस रोग के प्रति लोगों को जागरूक करके शत् प्रतिशत दवा सेवन कराना चाहिए ओर चिन्हांकित फाइलेरिया मरीजों को कीट वितरण कर अंगो की सफाई घाव पर बेटाडीन मल्हम का उपयोग तथा हाइड्रोसील से ग्रसित मरीजों का आप्रेशन करना चाहिए।

बेमेतरा जिले में शांतिपूर्ण व पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न कराने में अधिकारी-कर्मचारियों की अहम भूमिका

बेमेतरा, 20 नवंबर। विधानसभा निर्वाचन के लिये आदर्श आचार सहिता लगने के बाद बेमेतरा जिले में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए स्स्ज्ञ एवं स्नस्ज्ञ निगरानी टीम का गठन किया गया है। विधान सभा चुनाव के लिये आदर्श आचार सहिता लगने के बाद स्थानीय स्तर पर तैयारी की गई है।

बेमेतरा जिले में बेमेतरा पुलिस की कड़ाई और लगातार पेट्रोलिंग की वजह से जिले में चुनाव के दिन एक भी वाद-विवाद की एफआईआर दर्ज के लिए नहीं मिली शिकायत। आदर्श आचार संहिता के दौरान अब तक 779 प्रकरण में 1,442 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत 2,319 वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर 9,86,200/- रूपये समन शुल्क लिया गया। 142 वारंट की तामिली, 241.685 लीटर अवैध शराब कीमती करीबन 1 लाख 19 हजार पांच सौ तीस रूपये, 14.191 किलोग्राम कीमती लगभग 2 लाख 700 रूपये और पुलिस व निर्वाचन टीमों द्वारा नगदी 8,64,400/- रूपये एवं 69,67,742/- रूपये कीमती साडी, वाहन व अन्य सामाग्री की जप्ती।

जिले में विधानसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य संपन्न कराने में पुलिस कर्मियों और केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स (सीएपीएफ) के जवानों एवं अन्य चुनाव कार्य में लगे टीम की प्रमुख भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देश पर अब तक आदर्श आचार संहिता के दौरान 1,442 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही हुई। इन प्रतिबंधात्मक कार्यवाही से असामाजिक तत्वों और गड़बड़ी करने वाले लोगों में एक कड़ा संदेश गया कि निर्वाचन प्रक्रियाओं में अगर वह बदमाशी करते हैं, तो उनसे सख्ती से निपटा जायेगा। निर्वाचन के एक दिन पूर्व

तक असामाजिक तत्वों व गुंडा बदमाशों की कड़ी निगरानी की गई और आदर्श आचार संहिता दौरान 142 वारंटी एवं इसके पूर्व माह जून से 506 वारंटीयों कुल 648 वारंटीयों को आपरेश ईगल अभियान चलाकर प्रदेश के अलग-अलग जिलों और दूसरे प्रदेशों से भी लाकर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्यवाही का सीधा असर निवार्चन के दौरान देखने को मिला, पूरे जिले में चुनाव के दिन एक भी वाद-विवाद के प्रकरणों में चुनाव के दिन कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई। लगातार पेट्रोलिंग और पुलिस टीम द्वारा शिकायत स्थल पर त्वरित पहुंचने से कही भी विवाद नहीं हुआ।

बेमेतरा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान एवं समाधान हेल्पलाईन नंबर 9479257558 पर प्राप्त सूचना/शिकायत पर इस साल जून माह से अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थो गांजा, नशीली पदार्थो एवं अन्य अवैध गतिविधियों के ऊपर लगातार कार्यवाही से अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगा, साथ ही साथ सार्वजनिक जगहों पर शराब पीकर हुडदंग करने वाले लोगों पर लगातार कार्यवाही से भी कड़ा संदेश गया। जबकि इस के पहले यह देखा गया कि चुनाव के दिन और उसके पूर्व ऐसे आसामाजिक तत्व के लोग शराब सेवन कर बदमाशी करते थे, इस बार पूरी तरह से गायब दिखें। इस वर्ष 2023 में अब तक 967 प्रकरण में 989 व्यक्तियों से 1682 लीटर अवैध शराब कीमती लगभग 9,10,562/- रूपये को जप्त कर सैकड़ों अवैध कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही किया गया गया हैं।

एसपी बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) ने जिले में विधानसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ मतदान के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारियों, केन्द्रीय सुरक्षा बल (सीएपीएफ) के जवानों और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों-जवानों एवं अन्य चुनाव कार्य में लगे टीम का शुक्रिया आदा करते हुये बधाई दी।

छठ व्रतियों ने दिया उगते सूर्य को अर्ध्य महावीर तालाब में रही भक्तों की भीड़

डोंगरगढ़, 20 नवंबर (देशबन्धु)। धर्मनगरी के महावीर तालाब में लोक आस्था का महापर्व छठ के चौथे दिन सोमवार को व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके साथ ही वृत्तियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास समाप्त हुआ। इस दौरान अर्घ्य देने के बाद महिलाओं ने आपस में एक दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्यवती रहने की कामना की। इसके पूर्व तड़के 4 बजे श्रद्धालुओं की भीड़ नें महावीर तालाब में एकत्र होकर कोसी भरने का विधि को सम्पन्न करवाकर हाथी की बोली लगाई।

बताया जाता है की आज भी इस पर्व में आस्था रखने वाले श्रद्धालु मिथिलांचल की इस विशेष परंपरा को कायम रखे हुए है। इसमें पांच से सात गन्ने की मदद से एक छत्र बनाया जाता है। छत्र के भीतर मिट्टी से बना हाथी रखा जाता है हाथी की पूजा सिंदूर लगा कर पर्व के तीसरे दिन डूबते सूर्य की आराधना करने के बाद घर में व उगते सूर्य की आराधना के पहले चौथे दिन तालाब, नदी में जाकर की जाती है। वही हाथी की पूजा अर्चना के बाद इसकी बोली भी लगती है। हाथी की बोली लगने के बाद तालाब व नदी में उसका विसर्जन कर दिया जाता है । आयोजन समिति की माने तो इस महापर्व के प्रसाद में आम जीवन से जुड़ी चीजों से तैयार की जाती है। इनमें मौसम और मिट्टी दोनों से जुड़ी चीजें प्रमुख हैं। जहां नहाय-खाय और खरना में अलग-अलग भोग बनते हैं, वहीं ठेकुआ सबसे प्रमुख प्रसाद होता है। नहाय-

खाय में चना दाल, कद्दू की सब्जी व अरवा चावल और खरना के दिन गुड़ की खीर बनाने की परंपरा है। स्थानीय छठ पूजा समिति नें प्रशासन में प्रमुख रूप से एसडीएम गिरीश रामटेके, एसडीओपी आशीष कुंजाम, स्थानीय थाना प्रभारी भरत बरेठ, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुलदीप झा का समिति के ऐ के मंडल, अरुण सिंह, एच पी सिंह, अमलेश्वर सिंह, अनिमेष सिंह, सी एस ओझा, शिवजी यादव, नीरज सिंह, अनिल पोद्दार, देवानंद चौधरी, छोटू सिंह,शिव यादव, मनोज शर्मा,पंकज सिंह, अनिल शर्मा,आशीष सिंह,अमिताब पाण्डे, राकेश तिवारी,अभिषेक सिंह नें आभार जताया।

जिला साहू संघ का दीपावली मिलन समारोह साहू सदन में कल

जिला कार्यकारिणी के एक वर्ष पूर्ण होने पर होंगे विविध आयोजन

राजनांदगांव, 20 नवंबर (देशबन्धु)। आज से एक वर्ष पूर्व जिलाध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में जिला साहू संघ की नई कार्यकारिणी को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया था। 22 नवंबर 2022 को शपथग्रहण पश्चात जिला साहू संघ के लोकप्रिय एवं यशस्वी नेतृत्व के धनी भागवत साहू के अगुवाई में प्रदेश स्तरीय भव्य भक्त शिरोमणि कर्मा जयंती, राज्य स्तरीय प्रथम बार मां भानेश्वरी देवी की जयंती व सामूहिक आदर्श विवाह एवं सम्मान समारोह का आयोजन समिप सिंघोला में छत्तीसगढ़ राज्य के मुखिया माननीय भूपेश बघेल जी के मुख्य आतिथ्य में सफलता पूर्वक मनाई गई थी ।वहीं प्रदेश स्तरीय सद्भावना यात्रा का भी आगाज राजनांदगांव जिले से की गई थी। इस पल को यादगार बनाने दिनांक 22 नवंबर 2023

दिन बुधवार को जिला साहू संघ के साहू सदन राजनांदगांव में दोपहर 12 बजे से जिला कार्यकारिणी की एक अति आवश्यक बैठक तथा दिपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है ।जिला साहू संघ के कर्मठ महामंत्री नीलमणी साहू ने इस अवसर पर जिला साहू संघ के समस्त पदाधिकारी सभी प्रकोष्ठ के संयोजक/सह संयोजक /तहसील अध्यक्ष गण /मंडल अध्यक्ष/सचिव /क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं समाज के सभी लोगों से दिनांक 22 नवंबर दिन बुधवार को साहू सदन में गरिमामय उपास्थित होने की अपील की है।

संजीवनी अस्पताल में पीएमएजे योजना में हुए घोटाले की जांच की मांग : नवीन अग्रवाल

पूर्व में भी दिया जा चुका है ज्ञापन, जांचकर जल्द कार्यवाही नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन . शमशुल आलम

राजनांदगांव, 20 नवंबर (देशबन्धु)। जनता कांग्रेस के प्रदेश महासचिव नवीन अग्रवाल ने आज जिला स्वास्थ्य अधिकारी से मुलाकात कर संजीवनी अस्पताल में पीएमएजे योजना में हुए घोटाले की जांच की मांग करते हुए कहा कि विगत माह से संजीवनी अस्पताल के पीएमएजे कार्ड से इलाज की सुविधा को सस्पेंड किया गया है उसके बावजूद सिजेरियन नार्मल डिलीवरी, ऑपरेशन 10,000 के विज्ञापन समाचार पत्र में लगातार दिया जा रहा है।

साथ ही एनआईसीयू की सुविधा की बात कर रहे हैं। फिर नवजात शिशुओं को अनावश्यक रूप से एनआईसीयू में 5-6 दिन रखा जाता है, पीएमएजे के तहत 25 हजार रुपए शासन से लेते है यह एक बड़ा घोटाला है, इसका ऑडिट करवाना चाहिए और दोषी पर कार्यवाही की जानी चाहिए।

नवीन अग्रवाल ने कहा जल्द से जल्द जांच कर दोषी अस्पताल प्रबंधक पर कार्यवाही नहीं होने पर सड़क पर आंदोलन किया जाएगा।

पूर्व में शहर जिलाध्यक्ष शमसुल आलम द्वारा भी संजीवनी अस्पताल के लिए आवश्यकता से अधिक शासकीय भूमि पर घेरा करने की शिकायत की जा चुकी है, पर शासन-प्रशासन मौन रहे है। ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से युवा शहर जिलाध्यक्ष उदित हरियानो, नगर निगम अध्यक्ष बिलाल खान, अनिमेष मेश्राम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

समिति के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते है 25 तक

जगदलपुर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। संभागीय संयुक्त शिक्षा कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार उच्च न्यायालय बिलासपुर, द्वारा पदोन्नति उपरांत संशोधन निरस्तीकरण संबंधी याचिका एवं अन्य याचिकाओं में पारित निर्णय 3 नवम्बर 2023 के परिपालन में उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करने हेतु 25 नवम्बर 2023 तक का समय निर्धारित किया गया है। शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक ने बताया कि उच्च न्यायालय बिलासपुर में जिन याचिकाकर्ताओं ने उपरोक्तानुसार पदोन्नति उपरांत संशोधन निरस्तीकरण संबंधी याचिका दायर की है। उन्हें इसकी सूचना संभागीय संयुक्त शिक्षा कार्यालय द्वारा भेजी गई है। यदि किसी याचिकाकर्ता को सूचना नहीं मिली है तो वे स्वयं अपना अभ्यावेदन, याचिका के प्रथम पृष्ठ की सत्यापित प्रति जिसमें याचिकाकर्ता का नाम एवं प्रकरण क्रमांक का उल्लेख हो, के साथ जिस जिले में वह पदस्थ हैं वहां के जिला शिक्षा अधिकारी या संभागीय संयुक्त शिक्षा कार्यालय में उपस्थित होकर कार्यालय में गठित सेल के समक्ष जमा कर सकते हैं।

रेल्वे क्रासिंग पर जाम से राहत दिलाएगा अण्डर ब्रिज

गंडई पंडरिया, 20 नवंबर। किराना दुकान से सिगरेट, बीड़ी, गुटका एवं गल्ला में रखे चिल्हर पैसा करीबन 5000 रुपयों की चोरी करने वाले आरोपी को गंडई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी का समान खरिदने वाले किराना व्यापारी को भी गिरफ्तार कर दोनो आरोपियों को ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 18 नवंबर को प्रार्थी हसन खॉन पिता रसीद खॉन निवासी वार्ड क्र. 9 गंडई द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि बीते शुक्रवार - शनिवार की दरम्यानी रात को गंडई नगर के सब्जी बाजार एरिया में स्थित उसके किराना दुकान के शटर का ताला टुटा हुआ है, साथ ही गल्ला में रखे चिल्हर पैसा करीबन 5000 रुपए, दुकान में रखे फ्लेग सिगरेट 2 पुड़ा और गोला बीडी करीबन 05 पुड़ा नही है जिनका जुमला कीमती लगभग 10,000 रुपए को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457, 380, 411 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में थाना से तत्काल टीम तैयार कर किराना दुकान में चोरी करने वाले का पता तलास किया गया व संदेही राहूल गायकवाड पिता विरेन्द्र गायकवाड़ उम्र 19 साल साकिन वार्ड नं. 08 महामायापारा गंडई से सख्ती से पूछताछ किया गया। राहूल गायकवाड द्वारा हसन खान के किराना दुकान का ताला तोडकर बीडी, सिगरेट एवं नगदी रकम की चोरी कर चोरी के समान को टीकरीपारा स्थित शंकर देवागन पिता पिताम्बर देवांगन उम्र 40 साल साकिन वार्ड क्र. 12 टिकरीपारा गंडई के किराना दुकान में बेचना स्वीकार किया गया, आरोपी के निशादेही पर पुलिस ने किराना व्यापारी शंकर देवागन से पूछताछ किया। शंकर देवागन ने राहूल गायकवाड से समान खरीदने की बात बताने पर उसके किराना की जांच किया गया। जहां से चोरी के समान को जप्त किया गया। आरोपी राहूल गायकवाड़ और चोरी का समान खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तारी के कारणों से अवगत कराया गया। जिसके पश्चात दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

बेमेतरा पुलिस की अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई

बेमेतरा, 20 नवंबर। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला क्षेत्रांतर्गत के ग्राम बोरसी, गुधेली के आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान कुछ लोग पुलिस को आते देखकर भाग निकले मौके पर जुआडियान पकडे गये। जिसमें कुल जुआ का 03 प्रकरण दर्ज कर 10 जुआडियानो के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी 4,890/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया है।

इसी क्रम में दिनांक 19.11.2023 को मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत यातायात बेमेतरा 09 चालान में 09 व्यक्ति, कुल 09 चालान में 09 वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 09 प्रकरण में कुल 2,900/- रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी क्रम में दिनांक 19.11.2023 को माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए चौकी देवकर 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, के खिलाफ धारा 107,116 (3) जा.फौ. के तहत कुल 02 प्रकरण में 02 व्यक्तियो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

निधन

सुदर्शन यादव

राजनंदगांव, 20 नवंबर। ठेठवार पारा वार्ड नंबर 38 निवासी सुदर्शन यादव का आज 19 नवम्बर को तकरीबन रात 10 बजे दिन रविवार को निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा कल 20 नवम्बर दिन सोमवार दोपहर 12 बजे उनके निज निवास स्थान ठेठवार पारा के पास से निकाली जाएगी। उनका अंतिम संस्कार लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र और एक पुत्री सहित भरापुरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गए। ज्ञात हो कि वे प्रेस कर्मी गेंदलाल यादव के पिता थे।

प्रादेशिकी का शेष...

अब मतगणना की ...

स्टाफ को, रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर इत्यादि के लिए बैठक व्यवस्था का दायित्व अनुविभागीय अधिकारी ;रा तहसीलदार दुर्ग कोए स्वल्पाहार, जलपान एवं भोजन व्यवस्था का दायित्व सीपी दीपांकर, खाद्य नियंत्रक दुर्ग एवं वीवीपैट गणना हेतु मॉडल गणना कक्षा की व्यवस्था, प्रशिक्षण हेतु ईवीएम/वीवीपैट की व्यवस्था एवं प्रशिक्षण हेतु उपलब्ध कराए गए सामग्रियों की जांच का दायित्व लवकेश ध्रुव नोडल अधिकारी एवं ईवीएम/वीवीपैट को दिया गया है।

हेमचंद यादव विवि में ...

की गई थी। इस प्रतियोगिता में विजेताओं को आज शोधपीठ के समारोह में अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इन विजेताओं का विवरण इस प्रकार है प्रथम स्थान पर कुमारी आयुशी तिवारी, बीसीए, रूंगटा कॉलेज, दुर्ग, द्वितीय स्थान पर कुनाल कुहीकर, बीएससी भाग 03, श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी, भिलाई तृतीय स्थान पर कुमारी खुशी पांडे, एमएससी तृतीय सेमेस्टर, कल्याण पीजी कॉलेज, भिलाई चतुर्थ स्थान पर कुमारी भावना सोनी, बीए भाग 02 रूंगटा कॉलेज, दुर्ग, पंचम स्थान पर कुमारी श्रेया श्रीवास बीएससी भाग 02 सांत्वना पुरस्कार के रूप में कॉन्फ्लूएंस कॉलेज, राजनांदगांव की बीएड की छात्रा हनी, कुमारी लक्ष्मी साहू, बीएससी बीएड, शैल देवी महाविद्यालय, अंडा, बीकॉम का छात्र मुकेश कुमार यदु, शासकीय रविन्द्र नाथ टैगोर महाविद्यालय, मुरमुंदा, नेतराम यादव एमए शासकीय महाविद्यालय, बोड़ला एवं पूरब सारथी बीकॉम शासकीय खूबचंद बघेल पीजी कॉलेज, भिलाई 03 को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। श्रेष्ठ 05 प्रतिभागी विजेताओं द्वारा निर्मित वीडियो का प्रस्तुतिकरण भी किया गया। इस अवसर पर डॉ. अभिनेश सुराना, डॉ. श्रद्धा चन्द्राकर, डॉ. कैलाश शर्मा, डॉ. अंबरीश त्रिपाठी, डॉ. शंकर निषाद, डॉ. अर्चना झा, डॉ. श्रद्धा मिश्रा, डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. निशा शुक्ला, प्रहलाद वर्मा, खड़ानंद वर्मा, बद्रीप्रसाद पारकर, मुनिलाल निषाद उपस्थित थें।

उदयीमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही पूर्ण हुआ छठ महापर्व

दंतेवाड़ा, 20 नवंबर (देशबन्धु)। चार दिनों से चला आ रहा लोक आस्था का महापर्व छठ आज कार्तिक माह की सप्तमी तिथि को सुबह उदयीमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही सम्पन्न हो गया। अर्ध्य देने भोर से ही छठ व्रतधारियों का डंकनी नदी घाट पर जमावाड़ा लगना शुरू हो गया था। उगते सूर्य की पूजा अर्चना पश्चात अर्ध्य देकर छठी मईया से लोगों ने सुख समृद्धि की कामना की।

उत्तर भारतीय समाज के लोगों का प्रमुख पर्व छठ पूजा जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा समेत बचेली, किरंदुल, गीदम व बारसूर क्षेत्र में धुमधाम के साथ मनाया गया। सूर्य षष्ठी पर रविवार शाम अस्तचलगामी सूर्य को अर्ध्य देने के बाद छठव्रती कार्तिक पक्ष के सप्तमी तिथि पर आज अल सुबह डंकनी नदी घाट पहुंचकर पारंपरिक रूप से नदी के अंदर कमर तक पानी में घंटों खड़े रहकर उगते सूरज की आराधना की और जल व दुध से भगवान भास्कर को अर्ध्य दिया। लोक आस्था व सूर्योपासना का महापर्व छठ का हिन्दू धर्म विशेषकर बिहारी समुदाय में विशेष महत्व है। छठ एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें न केवल उदय होते सूरज की पूजा की जाती है बल्कि डूबते सूरज को भी पूजा जाता है।

छठ व्रतियों ने षष्ठी तिथि पर रविवार शाम डंकनी नदी घाट पर पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य देकर सूर्य देवता की पूजा अर्चना की। अर्ध्य देने उपरांत महिलाओं ने घाट पर बने चौरा मंडप की विधि विधान से पूजा अर्चना कर छठ के गीत गाए और छठी मईया से संतान की सलामती एवं सुख समृद्धि की कामना की। रविवार की शाम डूबते सूर्य को अर्ध्य देने के बाद आज सप्तमी तिथि को सुबह पुनः उसी घाट पर

- दक्षिण बस्तर में धुमधाम से मना लोक आस्था का पर्व
- अल सुबह डंकनी नदी घाट पर श्रद्धालुओं का लगा जमावाड़ा
- अस्ताचल के साथ उदयीमान सूर्य को अर्ध्य देने की परंपरा

पहुंचकर व्रतधारियों ने उदयीमान सूर्य को अर्ध्य देकर भगवान भास्कर की पूजा की पूजा की। अर्ध्य देने घाट पर भोर से ही व्रतियों का आना जाना प्रारंभ हो गया था। व्रती महिलाओं ने पूजा की टोकरी जिसे बिहार में दउरा कहा जाता है में अलग-अलग तरह के फल, केला, गन्ना, नारियल, सेव अनानास, मूली, सिंघाड़ा आदि पूजन सामग्री सहित दउरा को सिर पर रखकर नंगे पांव परिवार समेत डंकनी नदी घाट छठ पूजा स्थल पर पहुंचे। इस दौरान परिवार की महिलाएं छठी मईया की गीत गाते चल रही थी। डंकनी नदी घाट पर पहुंच व्रतधारी महिलाओं ने डंकनी नदी के अंदर घंटों खड़े रहकर उदयीमान होते सूर्य की पूजा की ।महिलाएं हाथों में प्रसाद से भरे सूप थामी परिक्रमा कर रही थी तो वहीं पुरूष लोटे में जल व दुध से अर्ध्य देकर दे रहे थे। इस मौके पर व्रतियों ने छठी मईया के गीत भी गाए। यूपी बिहार का पारंपरिक व्यंजन ठेकवां का भोग सूर्यदेव को चढ़ाया गया। ठेकवा के अलावा सिंघाडा, सीताफल, केला, अदरक, हल्दी, नींबू, घाघर, शकरकंद व अन्य फल अर्पित किए गए। उगते सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही 36 घण्टे से चला आ रहा व्रतियों के निर्जला उपवास का कठिन दौर आज समाप्त हो गया। सूर्यदेव को अर्ध्य देने के उपरांत व्रतधारियों ने घाट पर उपस्थित सभी लोगों को छठ का प्रसाद वितरण किया। हर वर्ष की तरह इस बार भी डंकनी नदी घाट पर सीआरपीएफ की ओर से घाट पर टेंट एवं पालिका की ओर से लाईटिंग की व्यवस्था की गई थी। व्रतियों के घाट पर उतरने के लिए सड़क से लेकर घाट तक मुरूम मिटटी डाला गया था, ताकि लोगों को घाट तक उतरने में कोई परेशानी न हो पाए। हर साल की तरह इस बार भी छठ पर माकुल व्यवस्था सीआरपीएफ 111 एवं पालिका की ओर से की गई थी। छठ पूजा आयोजन समिति ने नदी घाट पर व्रतधारियों के लिए तमाम व्यवस्था मुहैया कराए जाने पर सीआरपीएफ 111वीं वाहिनी एवं नगर पालिका प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने किया बेरला क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण

■ लापरवाही बरतने वाले को कारण बताओ नोटिस

बेमेतरा, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरविन्द कुमार मिश्रा द्वारा आज 20 नवम्बर 2023 को विकासखण्ड बेरला के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलौरी, प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल लावातरा, प्राथमिक शाला सुरजपुरा डीह, पूर्व माध्यमिक शाला तारालीम, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेंजवारा एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरदा का निरीक्षण किया गया।

पूर्व माध्यमिक शाला भिलौरी में निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन बनाने में स्वच्छता का अभाव पाया गया 7 डीईओ श्री मिश्रा ने समूह को इस संबंध में नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। शासकीय हाई स्कूल भिलौरी के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विद्यालय में प्रायोगिक कार्य हेतु जारी निर्देश का पालन नहीं किया गया बच्चों से पूछे जाने पर बताया गया कि विषय शिक्षक द्वारा कोई भी प्रायोगिक कार्य नहीं कराया गया है। विद्यालय में गणित एवं भौतिक विषय के शिक्षक कार्यरत हैं फिर भी रसायन विषय का अध्यापन कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। हाई स्कूल लावातरा में भी प्रायोगिक कार्य निर्धारित पाठ्यक्रम तक नहीं कराया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लावातरा के प्रधान पाठक निरीक्षण के दौरान बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए।

शासकीय प्राथमिक शाला सुरजपुरा डीह में डीईओ श्री मिश्रा ने मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया उन्होंने पाया कि भोजन में चावल और आलू, सोयाबीन बड़ी की सब्जी परोसी गई थी। दाल नहीं परोसा गया था। मध्यान्ह भोजन संचालन समूह की जानकारी लेने पर बताया गया कि मध्यान्ह भोजन का संचालन शाला प्रबंधन समिति द्वारा ही किया जा रहा है। डीईओ श्री मिश्रा ने मध्यान्ह भोजन में निर्धारित मीनू का पालन नहीं किए जाने के लिए प्रधान पाठक श्री कुलंजन कुमार कुर्रे को कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया।

पूर्व माध्यमिक शाला तारालीम में 01 शिक्षक श्री अशोक ठाकुर 05 अगस्त 2023 से अनुपस्थित पाए गए। संबंधित शिक्षक के विरुद्ध अनाधिकृत लम्बी अनुपस्थिति के लिए अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए गए। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेंजवारा के निरीक्षण के दौरान डीईओ श्री मिश्रा ने प्रायोगिक कार्य के संबंध में बच्चों एवं संबंधित शिक्षक से जानकारी ली। प्रायोगिक कार्य निर्धारित पाठ्यक्रम अनुसार होना नहीं पाया गया। डीईओ श्री मिश्रा ने इस संबंध में संबंधित शिक्षक एवं विद्यालय के प्रभारी को कारण बताओ सूचना जारी करने हेतु निर्देशित किया। विद्यालय के पाठकान पंजी के अवलोकन पर पाया गया कि क्षेत्रा बहु व्याख्याता 03.11.2023, संतोष वर्मा स.शि. 03.11.2023, निर्मला अनंत व्याख्याता 10.11.2023, वाय विजय लक्ष्मी व्याख्याता दिनांक 10.11.2023 द्वारा अर्धदिवसीय आकस्मिक अवकाश की प्रविष्टि नहीं की गई इस संबंध में संबंधित शिक्षकों एवं विद्यालय के प्राचार्य को कारण बताओ सूचना जारी करने के निर्देश डी.ई.ओ. श्री मिश्रा द्वारा दिए गए।

बीएमओ ने किया औचक निरीक्षण
लापरवाही बरतने वालों को थमाया नोटिस

सहसपुर लोहारा, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। विकास खंड चिकित्सा अधिकारी डा.संजय खरसन द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रक्से एवं भींभोरी के सेक्टर मीटिंग का औचक निरीक्षण करते हुए समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का समीक्षा किया गया। समीक्षा के दौरान एच एम आई एस में डेटा आधार पर अनियमितता पाई गई। जिसके लिए संस्था प्रभारियों/सेक्टर सुपरवाइजर के प्रति नाराजगी व्यक्त किया गया साथ ही बार बार निर्देश देने के बावजूद कार्यो में गति और सुधार नही लाने वालों को त्वरित नोटिस जारी कर रिपोर्ट सुधार एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों का प्रत्येक ग्रामो में सुचारू रूप से संचालन को गंभीरता से लिए जाने के लिए निर्देशित किया गया। समय सीमा में समस्त कमियों को उदिवस में कार्य सुधार हेतु समय सीमा तय कि गई। उक्त मीटिंग के माध्यम से ब्लाक के समस्त पीएचसी,सेक्टर के कर्मचारियों को एच एम आई एस एवं अन्य रिपोर्ट को सुधार कर कमियों को पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया है। सेक्टर मीटिंग में बी ई टी ओ, बीपीएम, बीडीएम समीक्षा बैठक में उपस्थित रहे।

डॉ. रमन सिंह की फिर होगी ऐतिहासिक जीत: मोहम्मद अकरम

■ कहा – भाजपा की बनेगी स्पष्ट बहुमत से सरकार

राजनांदगाव, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। पूर्व राज्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन उर्दू अकादमी के अध्यक्ष मोहम्मद अकरम कुरैशी ने अपने एक जारी बयान में कहा कि राजनांदगांव सीट से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की लोकप्रियता लगातार बरकरार है यहां के आम मतदाताओं ही नहीं अपितु कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी इस चुनाव में डॉक्टर साहब को ही पसंद किया है। भले उन्होंने कांग्रेस के पैराशूट प्रत्याशी गिरीश देवांगन के पक्ष में प्रचार किया हो लेकिन सत्यता यही है। और 03 दिसंबर को डॉक्टर साहब को पिछले सारे रिकॉर्ड को तोड़ते हुए ऐतिहासिक जीत मिलेगी।

श्री कुरैशी ने आगे कहा कि कांग्रेस का भरोसे की सरकार का नारा खुद की पीठ थपथाने जैसी है। उनका यह नारा सिर्फ नारे तक ही सीमित है। जमीनी तौर से देखा जाए तो स्वयं भूपेश बघेल मुख्यमंत्री को राजनांदगांव के कांग्रेस नेताओं पर भरोसा नहीं है और उन्होंने पिछले दो चुनाव में पैराशूट प्रत्याशी उदाहरण है और उनके प्रचार के लिए भी स्थानीय नेताओं पर पूरा भरोसा नहीं किया है। बाहर से भी उनके प्रचारक चुनाव तक डटे रहे। जनता ने महसूस कर लिया है कि कांग्रेस के 5 साल के कार्यकाल में रमन का चमन उजड़ गया है। विकास कार्य सारे ढ़प हो चुके हैं। कल्पना की जा सकती है कि अगर और 5 साल कांग्रेस की सरकार रही तो राजनांदगांव की और कितनी दुर्गति हो जाएगी इस राजनांदगांव की जनता ने अच्छी तरह समझ लिया है। चुनाव परिणाम आने पर होली, दिवाली और ईद एक साथ मनेगी। जनाब कुरैशी ने कहा कि कांग्रेस में 75 पार की जो बात कही गई है। वह भाजपा के लिए फिट बैठ रही है इस बार कांग्रेस मजबूत विपक्ष की भी काबिल ना हो क्योंकि उनके शासनकाल में हुए भ्रष्टाचार को जनता ने मजबूरी में सहा है।

गायत्री विद्या पीठ में हर्षोल्लास से हुआ दीपावली मिलन

राजनांदगांव, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। शिक्षा एवं संस्कार के क्षेत्र में शहर की अग्रणी संस्था गायत्री शक्तिपीठ में दीपावली मिलन का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन एवं श्रीमती अलका सुरजन ने दीपावली पर्व की सबको बधाई एवं शुभकामनाए देते हुए कहा कि , जिस तरह एक दीया अंधेरे को चीर कर दूर तक प्रकाश फैलाता है उसी तरह शिक्षा जगत से जुड़े हुए लोग शिक्षा व संस्कार के माध्यम सेबच्चों के मनो-मस्तिष्क में ज्ञान का उजियारा फैलाते है। उन्होंने वेद वाक्य "तमसो मा ज्योतिर्गमयक की उक्ति को उद्घोषित करते हुए कहा कि अज्ञानांधकार से ज्ञान की प्रकाश की ओर जाना ही मनुष्य का कर्तव्य है। शिक्षा व संस्कार मनुष्य को महान बनाता है। इस अवसर पर शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष- राजेश जैन ,ऱसचिव -गगन लड्ढा, सह सचिव- निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष- सूर्यकांत चितलाग्या, श्रीमती संध्या देवी सिंघल, संरक्षक -नंदकिशोर सुरजन, ट्रस्टी -संजय लडढा, नरेश लोहिया, मनोज चितलाग्या, सागर चितलाग्या, पवन डागा, श्रीमती लक्ष्मी डागा सहित शाला की प्राचार्य श्रीमती वत्सल अय्यर, सुसमा सुरक्षन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, रश्मि ठाकुर, वंदना डूभरे, तामेश्वर साहू, अनिल बाजपेयी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही ,जिनके द्वारा शालेय गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए शाला के विद्यार्थियों की उन्नति व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्राचार्य श्रीमती अय्यर ने दीपावली जैसे पंच दिवसात्मक महापर्व को पार्विक उमंग उत्साह का संचार करने वाला व सबकी सुख की कामना करते हुए निरंतर प्रगति की ओर ले जाने वाला पर्व बताया अंत में इस गरिमामय आयोजन में सबकी उपस्थिति के लिए उन्होंने धन्यवाद वआभार ज्ञापन किया।

डीपीएस बना चैंपियन

राजनांदगांव, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं सार्इ ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव में चल रहे सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2023 का आज भव्य समापन हुआ। जिसमें डीपीएस राजनांदगांव ने युगान्तर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव को 75-65 अंकों से पराजित कर चैंपियन बना। वहीं युगान्तर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव उपविजेता बनकर शाला एवं प्रदेश का नाम रोशन किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुशील कोठारी निदेशक युगान्तर पब्लिक स्कूल विशिष्ट अतिथि श्री संतोष कुमार सिंह सीबीएसई आब्जर्वर एवं अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत शाला के निदेशकगण एवं प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने पुष्प गुच्छ से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने माँ सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया।

खेल के विभिन्न पहलुओं पर विशेष स्थान प्राप्त करने वाले मोस्ट वैल्युबल प्लेयर साहिल युगान्तर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव, बेस्ट प्लेयर अदम्य गर्ग दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव, बेस्ट रिबाउन्डर शिबु कुमार दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव, बेस्ट डिफेन्डर प्रिंस सेन्ट्रल एकेडमी पुलिस लाईन कोटा, बेस्ट स्कोरर गौतम पाल एनीबिसेंट स्कूल इंदौर, बेस्ट फेयर प्ले संस्कार स्कूल जवपुर, बेस्ट मॉर्च पास्ट इंडियन स्कूल मस्कट को दिया गया।

मुख्य अतिथि श्री सुशील कोठारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों के जीवन में खेल बड़ी उपलब्धियों को प्राप्त करने का रास्ता है। खेलना और खेल का दमखम रखने का प्रयास करना चाहिए इससे आज के समय में एक सार्थक कैरियर भी बना सकते है। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम सराहनीय रहा इनकी प्रस्तुति में भारतीय संस्कृति की आनोखी झलक दिख रही है जो विभिन्नता में एकता को दर्शाती है। उन्होंने डीपीएस परिवार की इस आयोजन को सफल बनाने में दिए गए योगदान की प्रसंशा की। वहीं श्री संतोष कुमार सिंह सीबीएसई आब्जर्वर ने कहा कि खेल में हार जीत से ज्यादा आगे बढ़ने की सीख मिलती है। जीतने पर और अच्छा करने की और हारने पर गलतियों को सुधारने की भी सीख मिलती है।

शाला के निदेशक श्री अभिषेक वैषणव ने कहा कि खेल की तैयारी ही हमारे मस्तिष्क और शरीर को स्वस्थ बनाती है क्योंकि खेलना सिर्फ दौड़ना ही नहीं, बेहतर प्लानिंग भी इसका महत्तवपूर्ण अंग है। अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव ने कहा कि खेल की चुनौतियों का सामना करना हमें जीवन की अन्य चुनौतियों से निपटने के साथ ही इस प्रतियोगी संसार में जीवित रहना भी सीखाता है। यह हमारे व्यक्तित्व, आत्मविश्वास के स्तर में विकास और शारीरिक व मानसिक संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। शाला की प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में खेल को अधिक दिलचस्प बनाने के लिए इसे शिक्षा का अभिन्न अंग बना दिया गया है। खेल हमें हारकर भी जीतना सिखाता है। यह हमेशा बेहतर करने की प्रेरणा देता है। डीपीएस परिवार की तरफ से विजेता, उपविजेता टीम सहित सभी खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

आंवला नवमी पर जुटेंगी महिलाएँ नगर पंचायत परिसर में

डोंगरगाँव, 20 नवम्बर (देशबन्धु) नगर पंचायत परिसर में बड़ी संख्या में स्थित आंवला पेड़ों की पूजन अर्चन के लिए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बड़ी संख्या में नगर की महिलाएं पहुंचेंगी. 21 नवम्बर मंगलवार को इस पर्व लिए नगर पंचायत व्दारा पेड़ों के नीचे साफ सफाई और बैठक व्यवस्था सहित पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है. बता दें कि कार्तिक माह में शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को आंवला नवमी का व्रत रखा जाता है. इसे अक्षय नवमी भी कहा जाता है और ऐसी मान्यता है कि इस दिन आंवले पेड़ के नीचे पूर्व दिशा की ओर भगवान विष्णु का पूजन करने और जड़ों में दूध अर्पण किया जाता है. पेड़ के चारों तरफ सूत लपेटकर कपूर या फिर देसी घी की बाती जलाकर पूजा करने के बाद भगवान की आरती के साथ ही पेड़ की 108 बार कर किसी ब्राह्मण, ब्राह्मणी या फिर गरीब को भोजन कराकर वस्त्र तथा दक्षिणा देने की मान्यता है. इस दिन भोजन में आंवला शामिल किया जाता है और आंवले का दान भी किया जाता है. इसके पश्चात पेड़ के नीचे भोजन करना अत्यंत शुभ माना जाता है. इस बार यह तिथि 21 नवंबर 2023 को आ रही है. पंचांग के अनुसार, आंवला नवमी तिथि 21 नवंबर 2023 दिन मंगलवार सुबह 03 बजकर 16 मिनट पर शुरू होगी. इसका समापन अगले दिन 22 नवंबर दिन बुधवार को रात 1 बजकर 09 बजे पर होगा. उदयातिथि के आधार पर इस साल आंवला नवमी 21 नवंबर को मनाई जाएगी. वहीं इस नवमी पर पूजा का शुभ मुहूर्त मंगलवार को सुबह 6 बजकर 48 मिनट से शुरू होकर दोपहर 12 बजकर 7 मिनट तक रहेगा. इस दिन पूजा के लिए 5 घंटे से भी ज्यादा समय मिलेगा. वहीं इस दिन अभिजित मुहूर्त 11 बजकर 46 मिनट से दोपहर 12 बजकर 28 मिनट तक रहेगा.

अजीज पब्लिक स्कूल हुआ सीबीएसई से अफिलेटेड

■ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर तनाज
अजीज के निर्देशन में स्कूल निरंतर उपलब्धियों की ओर

राजनांदगांव, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। संस्कारधानी राजनांदगांव शहर से कुछ किलोमीटर की दूरी पर ग्राम इंदामरा में संचालित अजीज पब्लिक स्कूल को विगत दिनों सीबीएसई से सम्बद्धता मिल गयी है। अजीज पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी और उभरता हुआ स्कूल है। संस्था के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर तनाज अजीज के निर्देशन में स्कूल दिनों-दिन नयी उपलब्धियां हासिल कर रहा है। हाल ही में उड़ीसा में संपन्न 18 राज्यों के बीच राष्ट्रीय स्तर के साइंस प्रतियोगिता में जहां संस्था ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है वहीं संगीत के क्षेत्र में भी संस्था अपना परचम लहराते हुए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई अवार्ड्स जीत कर अगले महीने पुणे में राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता देगी। अजीज पब्लिक स्कूल के छात्र शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में नित नए आयाम गढ़ने के लिए तत्पर हैं! अपने शानदार इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ यह स्कूल छात्रों को न्यूनतम फीस पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने हेतु कटिबद्ध है। संस्था छात्रों को नैतिक मूल्यों के साथ अच्छा नागरिक बनाने के अपने मिशन को पूर्णतः समर्पित है। वर्तमान में उच्च शिक्षा हेतु कक्षा 11 वीं और 12 वीं के छात्रों के लिए बायोलॉजी, गणित और कामर्स संकाय हेतु आधुनिक प्रयोग शालायें हैं! वहीं छात्रों को बस की सुविधा भी प्रदान की जाती है। उपरोक्त जानकारी देते हुए अजीज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्री सचिन पाल सिंह ठाकुर ने सभी शिक्षकों, पालकों और छात्रों को बधाई दी है।

कांग्रेस नेता गिरीश देवांगन की स्थानीय कार्यक्रमों मे बढ़ती सक्रियता

राजनांदगाव, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। अभी हाल में ही विधानसभा का चुनाव संपन्न हुआ है और विधानसभा चुनाव के दौर में इस कदर नेताओं की आवाजाही होती रही जिससे लोगो को ऐसा लगने लगे की राष्ट्र की राजनीति से लेकर प्रदेश की राजनीति में उनकी भूमिका और अपने लंबे चौड़े भाषणों के बूते जनता को यह एहसास दिलाने की कोशिश की गई की अब जनता को किसी भी समस्या को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं करनी होगी। नेता समस्या दूर करें या खुद एक समस्या बन कर रह जाए इन बातों पर मंथन करना जनता जनार्दन ने छोड़ दिया है। अब जनता को अपने करीब रहने और अपने सुख और दुख मे साथ खड़ा रहने वाला व्यक्ति ही प्रिय लगने लगा है, इन्हीं सुख दुख मे अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाले नेताओं को राजनंदगांव हमेशा याद करता है। आज जनता के बीच में सुख और दुख के समय उपस्थित रहने का प्रयास करने में गिरीश देवांगन सक्रिय नजर आ रहे है,छत्तीसगढ़ माइनिंग कारपोरेशन के अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्र राजनांदगांव के कांग्रेस उम्मीदवार गिरीश देवांगन की विधानसभा चुनाव के पश्चात लगातार सक्रियता बढ़ते देखी जा रही है। राजनांदगांव के विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रम हो चाहे वह दिवंगत परिवारों की श्रद्धांजलि और शोकाकुल परिवारों को ढांढस देने की बात हो या फिर धार्मिक आयोजनों को लेकर कार्यक्रम देखा जा रहा है कि गिरीश देवांगन चुनाव लड़ने के पश्चात नगर वासियों के सुख और दुःख के कार्यक्रमों मे अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं जिनकी चर्चा शहर के गलियारों में और खासकर राजनीतिक गलियारों में बेहद तेजी से की जाने लगी है। विगत दिनों शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे थे और आज छठ पर्व के धार्मिक आयोजन मे मोती तालाब घाट में भगवान सूर्य को अर्ध्य दे छठी मैया को प्रणाम कर राजनांदगाँव और छत्तीसगढ़ के सुख समृद्धि के लिये कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन ने प्रार्थना कर सभी सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की है। राजनीतिक दृष्टि से अगर देखा जाए तो वीआईपी कल्चर के इतर अगर कोई राजनांदगांव की जनता के सुख-दु:ख मे अपनी सहभागिता दे तो लोगो का आशीर्वाद और विश्वास का गागर छलकने में देर नहीं होती यही कारण रहा की राजनांदगांव के संस्कारधानी ने हमेशा अपने पहुना का भरपूर स्वागत किया है । लोगों के जेहन में यह सवाल भी है कि गिरीश देवांगन अगर चुनाव जीत जाते हैं तो एक जनप्रतिनिधि के हैसियत से नगर के लोगों के बीच में समस्या सुनते तो उपलब्ध रहेंगे पर अगर वह कहीं पराजित हुए तो क्या राजनांदगांव की जनता के सुख दु:ख मे जिस कदर उनकी उपस्थिति दिख रही है क्या वे ऐसे ही हमेशा राजनांदगांव

संपादकीय

ईवीएम पर निगरानी रहे

छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिये दो चरणों में मतदान हो जाने के बाद अब सवाल ईवीएम की सुरक्षा का है। राज्य की 70 सीटों के लिये दूसरे एवं अंतिम चरण का मतदान शुक्रवार को सम्पन्न हुआ जबकि माओवाद के मद्देनज़र इस समस्या से प्रभावित बस्तर सम्भाग की 10 और दुर्ग सम्भाग की 10 सीटों के लिये 7 नवम्बर को पहले मतदान हुआ था। इसके साथ ही 90 क्षेत्रों के प्रतिनिधि कौन होंगे, इसका निर्धारण होना अब शेष है। मतगणना के साथ ये नतीज़े 3 दिसम्बर को घोषित किये जायेंगे। तब तक के लिये ईवीएम को मतगणना केन्द्रों में कड़ी निगरानी में रखा गया है। प्रशासन के मार्गदर्शन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सैकड़ों जवान इसकी सुरक्षा पूरी मुस्तैदी से कर रहे हैं। आशा है कि जब तक परिणाम नहीं निकलते, इनकी सुरक्षा के प्रबन्ध चाक-चौबन्द रहेंगे। प्रशासन से उम्मीद है कि इनके साथ किसी तरह की छोड़-छाड़ नहीं होने दी जायेगी।

पिछले साल हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनावों के बाद से शासकीय निगरानी में स्ट्रांग रूम्स में रखी हुई हजारों ईवीएम संदेहास्पद हो गई थीं क्योंकि कई मशीनें राजनैतिक दलों की जानकारी के बिना बाहर ले जाती हुई पाई गई थीं। वहां समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ऐसे अनेक वाहनों को पकड़ा जिनमें ये मशीनें मिली थीं। हालांकि तब तक काफी देर हो गई थी। सपा की यह सक्रियता मतगणना यानी मशीनें खुलने के एक-दो दिन पहले ही देखी गई थी। वहां सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी कमजोर स्थिति में होने के बावजूद चुनाव जीत गई थी। इससे सबक लेते हुए पश्चिम बंगाल चुनाव में तृणमूल कांग्रेस तथा हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने परिणाम आते तक मशीनों की कड़ी निगरानी की थी। अब ज्यादातर राज्यों में यह धारणा बन गई है कि ईवीएम के साथ स्ट्रांग रूम्स में रखने के दौरान छेड़छाड़ होती है और परिणामों को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मोड़ा जाता है। हालांकि निर्वाचन आयोग निष्पक्ष होने का दावा करता रहा है और वह यह भी कहता है कि मशीनों के साथ छेड़-छाड़ सम्भव नहीं है।

इन तमाम दावों, आरोपों-प्रत्यारोपों के बाद भी कहा जा सकता है कि ईवीएम को लेकर अधिकतर जनता आश्वस्त नहीं है। कुछ समय पहले ही एक दक्षिण भारतीय भाजपा नेता ने यह बयान देकर इस संदेह को और भी पुख्ता कर दिया था कि 'वोट किसी को भी डाला जाये, अंततः जायेगा तो भाजपा को ही'। इन तमाम परिस्थितियों की दृष्टि से आवश्यक है कि प्रशासन व अर्द्ध सुरक्षा बलों के साथ ही सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि 3 दिसम्बर तक हर उस जगह पर उपस्थित रहें जहां पर ईवीएम रखी हुई हैं। मशीनों की वे सतत निगरानी करें तथा कोई गड़बड़ी दिखने पर निर्वाचन अधिकारियों से तत्काल शिकायत करें।

उल्टा पुल्टा

चिंटू से एक आदमी ने पूछा- बेटा, आपके पापा का क्या नाम है?
चिंटू- अंकल, अभी उनका नाम नहीं रखा मैंने, बस प्यार से पापा ही कहता हूं!!!

गोविंदा का नाम लेने से समस्त विघ्नों का नाश : आचार्य कृष्णकांत

शहर के शंकरनगर में चल रहे भागवत कथा में जुट रही भीड़

राजिम, 20 नवंबर (देशबन्धु)। शहर के शंकरनगर में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिन वृंदावन से पधारे आचार्य कृष्णकांत महाराज ने कहा कि गोविंद का नाम लेने से समस्त विघ्नों का नाश हो जाता है। भागवत कथा मृत्यु के भय से छुटकारा दिलाता है। भगवान द्वारा निमिष मात्रा में दानवों का संहार होने से निमिषारण्य कहलाया। उन्होंने सुखदेव आगमन की कथा पर बताया कि महर्षि वेदव्यास के आयोजिप पुत्र थे और 12 वर्ष तक माता के गर्भ में रहे। भगवान शिव माता पार्वती को कथा सुना रहे थे। पार्वती कथा सुनते सुनते सो गई और उनकी जगह पर वहां बैठे एक शुक ने हुंकार भरना प्रारंभ कर दिया। जब शिवजी को मालूम हुआ, तब उन्होंने शुक को मारने के लिए दौड़े, उनके पीछे अपना त्रिशूल छोड़ दिया। शुक जान बचाने के लिए तीनों लोकों में भागता रहा। अंततः व्यास मुनि के आश्रम में पहुंच गए और सूक्ष्म रूप बनाकर उनकी पत्नी के मुख में जा घुसा। वह उनकी गर्भ में रहा। भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं आकर उन्हें आश्वासन दिया कि बाहर निकलने पर तुम्हारे ऊपर माया का प्रभाव नहीं पड़ेगा। तब वह गर्भ से बाहर निकले और व्यास के पुत्र कहलाए। गर्भ में ही इन्हें वेद, उपनिषद, दर्शन और पुराण आदि का सम्यक ज्ञान हो गया था। आचार्य ने परीक्षित जन्म प्रसंग पर कहा कि जन्म लेते ही परीक्षित सबके चेहरे की ओर निहारने लगे इसलिए इनका नाम परीक्षित रखा गया। परीक्षित ने लगातार 7 दिनों तक भागवत कथा का श्रवण पान किया अंतत उन्हें अपने ही मृत्यु का भय नहीं रहा अर्थात भागवत कथा साक्षात मोक्ष का द्वार है। उन्होंने आगे कहा कि मनुष्य अर्थ का दास बनते जा रहा है। इनके पीछे सुबह से लेकर देर रात तक भागते रहते हैं जिसके कारण हम अपने संस्कृति और संस्कार पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। पिता अपने बच्चों को सही ढंग से संस्कारित नहीं कर पा रहे हैं। परिवार को भी समय देना बहुत जरूरी है। भोजन एक साथ जरूर करें। इससे रिश्तों में प्रगाढ़ता आती है। गायक दीपक श्रीवास के द्वारा एक से बढ़कर एक धार्मिक गीत प्रस्तुत किए गए जिसे सुनकर लोग झूमते रहे। श्रीहरिहर सेवा ट्रस्ट के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी के अलावा बड़ी संख्या >> शेष पृष्ठ 9 पर>

फसल कटाई की विवाद को लेकर पति ने उतारा पत्नी को मौत के घाट

बिलाईगढ़/भटगांव/बलौदाबाजार, 20 नवंबर (देशबन्धु)। भटगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सलौनीकला मे बीती रात दिल दहला देने वाली घटना में एक पति ने अपने पत्नी को मार कर घटना को अंजाम दिया। पुलिस द्वारा जांच कार्यवाही करते हुए आरोपी भरत चंद्रा को धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार नगर भटगांव से लगे ग्राम पंचायत सलौनीकला मे 19 नवम्बर षाम 7 बजे भरत लाल चंद्रा वल्द द्वारिका प्रसाद चन्द्रा उम्र 58 वर्श ने अपने ही पत्नी भगवती चंद्रा उम्र 50 वर्श को घर मे रखे सील लोड़ा से मार मार कर हत्या कर दिया। दोनो के बीच फसल कटाई को लेकर विवाद हुआ जिसमे मृतिका भगवती चंद्रा हार्वेस्टर से धान कटाना चाहती थी और उसका पति भरत चंद्रा हाथ से धान की कटाई करना चाहता था। इसी बात को लेकर दोनो के बीच झगड़ा हो गया और भरत चंद्रा ने पास मे रखे सील लोड़ा से अपने पत्नी को सिर मे गर्दन मे वार कर हमला कर दिया और मौके पर ही भगवती चंद्रा की मौत हो गया। घटना के समय घर मे पति पत्नी के अलावा कोई और नही था। उनका बेटा कृश्ण कुमार घर से बाहर चला गया था। जब घर आया तो देखा और भटगांव थाना मे सूचना दिया उक्त सूचना पर भटगांव थाना प्रभारी अमृत लाल भार्गव अपने दल बल के साथ पहुंच कर भरत चंद्रा को हिरासत मे लिया गया। जहां षव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को वापस पर आरोपी भरत चंद्रा को धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

छठ पूजा में शामिल हुए भाजपा विधायक प्रत्याशी इन्द्र कुमार साहू

नवापारा राजिम, 20 नवंबर (देशबन्धु)। आस्था का लोकपर्व छठ महापर्व के तीसरे दिन संध्या अर्घ्य

छठी मईया से क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की

के दौरान अभनपुर विधानसभा से भाजपा के विधायक प्रत्याशी इन्द्र कुमार साहू अपने समर्थको के साथ नवापारा महानदी तट पिकनिक घाट पहुंचे और अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देकर छठी मईया की पूजा करते हुए क्षेत्रवासियो के लिए सुख समृद्धि की कामना की.इस दौरान विधायक प्रत्याशी इंद्रकुमार साहू ने उत्तर भारतीय परिवार के लोगो से मुलाकात करते हुए उन्हें छठ महापर्व की बधाई भी दी. इस दौरान उनके साथ पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गोयल, भाजयुमो अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, जिला मंत्री, राम साहू, मुकुंद मेश्राम, पार्षद प्रसन्न शर्मा, रवि साहू, पूर्व पार्षद सौरभ सिंटू जैन, अनुज राजपूत, अजित चौधरी, संजय साहू, टिंकू सोनी, मनीष चौधरी, प्रेमलाल साहू सहित अन्य समर्थक मौजूद थे.

अन्नदाता का मेहनत

बिलाईगढ़, 20 नवंबर (देशबन्धु)। कृषक लाल सिंग चन्द्रा पिता तिलकराम चन्द्रा निवासी सालोनिकला उम्र-94 वर्ष विकासखंड - बिलाईगढ़ द्वारा आज भी खेती का कार्य अपने मार्गदर्शन मे करवाते है कृषक द्वारा 9 एकड़ मे ट्रम्प162 धान किस्म का खेती रोपा विधि से किया गया है। कृषि विभाग बिलाईगढ़ से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के साथ शेखर सुमन सिंह राजे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, प्रकाश कुमार थवाईत ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर द्वारा खेत मे फसल अवलोकन करने पर फसल स्थिति बेहतर पाया गया कंसो कि संख्या एवम बालियों मे दानों की संख्या की स्थिति तुलनात्मक अधिक पाया गया किसान द्वारा अपनायी गयी खेती की तकनीकी मार्गदर्शन मुख्यालय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री कवर जी द्वारा समय समय पर दी गई ।खेती मे रोगिग एवम निदाई गुड़ाई का कार्य देखते ही बनता है कृषक स्वयं एवम उसके पुत्र श्री ईश्वर प्रसाद चंद्रा द्वारा उत्पादन से बहुत खुश हैं।

गुरुनानक देव का संदेश देने निकाली जा रही है प्रभात फेरी

सरायपाली, 20 नवंबर (देशबन्धु)। गुरुनानक जयंती के तहत शहर में सिख समाज द्वारा विविध आयोजन हो रहे हैं। शहर में 14 नवंबर से प्रभातफेरी निकाली जा रही है। भजन कीर्तन के माध्यम से समाजजन गुरु के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में जुटे हुए हैं। सिख समाज द्वारा निकाली जा रही प्रभातफेरी में महिलाएं भी बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं। रास्तेभर वाद्ययंत्रों के साथ गुरु की महिमा का बखान किया जा रहा है।

गुरुनानक देव की जयंती को सिख समाज द्वारा उत्साह के साथ मनाया जाता है। सप्ताहभर से विविध आयोजन हो रहे हैं। गुरु की जयंती को महोत्सव के रुप में मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत सिख समाज द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें शामिल युवती, महिलाएं, बच्चे एवं युवा वर्ग भजन कीर्तन एवं अन्य माध्यम से गुरु के संदेश को जन जन तक पहुंचा रहे है। प्रभातफेरी रोजाना शहर के अलग अलग क्षेत्रों में पहुंच गुरु पर्व की खुशियां बाटने में लगी हुई है। 28 नवंबर को गुरुनानक जयंती सिख समाज द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा। सरायपाली गुरुद्वारा में सुबह से देर रात तक होने वाले वृहद कार्यक्रम की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। आयोजन को सफल बनाने समाजजन जुटे हैं। समाज के प्रधान स.रणजीत सिंह आहूजा जी ने बताया कि 21 नवंबर से कार्यक्रम शुरू हो रहे हैं 26 नवंबर तक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 25 नवंबर को श्री अखंड पाठ होगा। गुरूद्वारा में हजुरी रागी जत्था द्वारा कीर्तन किया जाएगा

बागबाहरा के एक घर से 15 लीटर अवैध शराब जब्त

बागबाहरा, 20 नवंबर (देशबन्धु)। नगर के वार्ड नंबर 14 पोटर पारा में किराए के मकान में अवैध रूप से बिक्री करने हेतु रखी गई 15 लीटर शराब को बागबाहरा पुलिस ने छापा मारकर जब्त किया है। पुलिस ने थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर नगर के वार्ड नंबर 14 पोटर पारा के संतोषी चंद्राकर के किराए के मकान में अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब रखी गई थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां मोहल्ले के आकीशित लोगों ने दरवाजा को तोड दिया था। कमरे के अंदर तीन पैकेट में भरी महुआ शराब, एक प्लास्टिक की बोरी में 19 पौंवा अंग्रेजी शराब भरी हुई सील बंद 3.12 लीटर कीमती दो हजार 280 रूपए, प्लास्टिक थैला में पांच बोतल बीयर भरी हुई कुल 3.750 लीटर कीमती 1 हजार 100 रूपए, तीन पैकेट में भरी हुई 5-5 लीटर महुआ शराब कुल 15 लीटर कीमती 3 हजार रुपए को जब्त किया गया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुटी है। उक्त वार्ड में धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब की बिक्री को लेकर गुस्साए लोगों ने शनिवार को थाने का घेराव कर थाना प्रभारी महेश साहू को ज्ञापन सौंपा था।

कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाई

खरोरा, 20 नवंबर (देशबन्धु)। खरोरा मे कांग्रेस जनों ने पुर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद कर जयंती मनाई इस अवसर पर खास रूप से राजनांदगांव के कांग्रेस के प्रत्याशी खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन द्वारा कांग्रेस कार्यकर्त्ताओ की उपस्थित मे नगर के इंदिरा गाधी चौक पर स्थित इंदिरा गांधी के प्रतिमा का पुजा पाठ कर माल्यार्पण कर जयंती मनाया इस दौरान गिरीश देवांगन ने इंदिरा जी के देश प्रति किये गये कार्य को याद दिलाते बचपन मे देश के अजादी मे वानर सेना का गठन कर योगदान को >> शेष पृष्ठ 9 पर>

आज आंवला नवमीं

नवापारा राजिम, 20 नवंबर (देशबन्धु)। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को आज आंवला नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा, इसे अक्षय नवमी भी कहा जाता है. अक्षय नवमी का शास्त्रों में वही महत्व बताया गया है, जो वैशाख मास की तृतीया यानी अक्षय तृतीया का महत्व है. आंवला भगवान विष्णु का अत्यंत प्रिय फल है और आंवले के वृक्ष में सभी देवी देवता निवास भी करते हैं, इसलिए इस वृक्ष की पूजा अर्चना की जाती है. आंवले के पेड़ की 11 बार हाथ जोड़कर परिक्रमा करें. इस दिन कद्दू व सोने का दान देना बहुत शुभ माना जाता है. प्रतिवर्ष इस दिन बेलाही घाट में आंवला नवमी मनाने महिलाओं की भारी भीड़ रहती है.

मतदान दिवस को मतदान केंद्रों में सिर्फ एक ही बात देखने-सुनने को मिली कि इस बार परिवर्तन करना है : महेश यादव

राजिम, 20 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सहित राजिम विधानसभा में बदलाव का बयार है, 17 नवंबर को हुये मतदान में जनता ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है जो इस बात की ओर इशारा कर रहा है कि इस बार राजिम में भाजपा प्रत्याशी प्रचंड बहुमत से विजय श्री प्राप्त करेंगे ।राजिम में जब से प्रत्याशी घोषित हुआ तब से रोहित साहू विधानसभा के प्रत्येक गांवों में पहुंच कर जनता से रूबरू मिलकर उनसे आशीर्वाद लिया है, जनता ने उनके व्यवहार , मिलनसार व्यक्तित्व , एवं उनके सहजता से प्रभावित होकर मतदान किये हैं। उक्त बातें राजिम विधानसभा प्रत्याशी रोहित साहू के निर्वाचन अभिकर्ता एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश यादव ने कहा।

श्रीयादव ने आगे कहा कि आम जनता वर्तमान विधायक की निष्क्रियता तथा क्षेत्र के विकास में रूचि नहीं लिए जाने को लेकर काफी नाराज दिखे इस कारण से जनता स्व स्फूर्त वर्तमान विधायक को बदलने की मंशा बना चुके हैं और इसी आधार पर भाजपा के पक्ष में मतदान किये हैं । मतदान दिवस को मतदान केंद्रों में सिर्फएक बात देखने , सुनने को मिला कि इस बार परिवर्तन करना है । पूरे विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की षोषणा पत्र का भी काफी चर्चा रहा किसानों एवं महिलाओं में काफी उत्साह नजर आया , युवाओं , भूमिहीन लोगों ने भी इस बार भाजपा को अपना समर्थन दिया है । इसके अलावा भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भी पूरे मनोयोग के साथ कार्य कर राजिम में कमल खिलाने के लिये खंदक की लड़ाई लड़े जिसका फायदा भी भाजपा को मिलना तय है , भाजपा इस बार राजिम विधानसभा प्रचंड बहुमत से जीत रही है तथा छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बना रही है।

छठ पर्व को लेकर दिखा भारी उत्साह

आज उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा का हुआ समापन

खरोरा, 20 नवंबर (देशबन्धु)। पूरे देश के साथ ही छत्तीसगढ़ में आज सूर्य आराधना का महापर्व छठ पूजा धूमधाम से मनाया गया। । चार दिवसीय पर्व में आज उगते सूरज को अर्घ्य देकर पर्व का समापन हुआ। वही सूर्य पूजा का महापर्व छठ का रविवार को तीसरे दिन था ।शाम को व्रती नगर के तालाबों में जुटे। यहां डूबते सूरज को अर्घ्य दिया गया । यहां विश्व का एकमात्र पर्व है जिसमें डूबते सूर्य का भी सम्मान किया जाता है। यह बताता है कि उसका अस्त हुआ है और उसका उदय होना भी तय है।

सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा पूरे उत्सव और उमंग के साथ मनाया गया । आज सूर्य उदय के समय सूर्य देवता को अर्घ्य देकर पूजा का समापन किया ।आज उगते सूर्य को अर्घ्य देकर सुख समृद्धि की कामना की। 29नवंबर को लोगों ने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की। तालाब किनारे एकत्र होकर गन्ने से मंडप तैयार कर पूजा अर्चना किया ।आज सूर्य को फल का अर्घ्य दिया गया । परंपरा अनुसार सूर्य उदय पर अर्घ्य देकर उपवास तोड़ने की परंपरा निभाई गई ।

चार दिनों तक चलने वाले पर्व के दूसरे दिन खरना हुआ। आज रविवार को व्रतीधारी महिलाएं संध्या छह बजे सूर्य देवता को अर्घ्य देकर चूजन किया इसके अगले दिन आज सुबह भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर पर्व का समापन किया ।मालूम हो कि छठ महापर्व सूर्य उपासना का सबसे बड़ा त्योहार है। हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक शुक्ल पक्षी तिथि पर छठ पूजा होती है।

36 घंटे का निर्जला व्रत रखती हैं महिलाएं

यह व्रत कठिन माना जाता है। इसमें व्रती महिलाएं लगातार 36 घंटे निर्जला व्रत रखती हैं। सूर्य देव की उपासना और छठ मैया की पूजा करते संतान की प्राप्ति और लंबी उम्र की कामना करती हैं। नहाए-खाय के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान कर नए और साफ-सुबरे कपड़े पहनकर भोजन करेगी। निर्जला व्रत रखकर छठी मैया की पूजा की जाएंगी। आज डूबते सूर्य को तालाब में जाकर अर्ध्य दिया। छठ पूजा के लिए, व्रती महिलाओं व पुरुषों के द्वारा कोसी ,पोतल , बांस का सुप दउरा , साड़ी , गन्ना , नारियल फल सहित पूजा अर्चना के लिए लिहाज से हर सामानों की टोकरी में भरकर तालाबों में ले जाया गया।

भगवान सूर्य के साथ छठी माई की भी पूजा-उपासना विधि-विधान के साथ की गई । छठी माई सूर्यदेव की बहन हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार छठ व्रत संतान प्राप्ति >> शेष पृष्ठ 9 पर>

पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजित

सरायपाली, 20 नवंबर (देशबन्धु)।मां भगवती बहु उद्देशीय गौ शाला सोनपुरी में गोपाष्टमी पर्व के उपलक्ष्य 5कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर , ग्रामीणों की उपस्थिति रही गोपाष्टमी पर्व गऊ पूजन के साथ प्रारंभ किया गया कार्यक्रम में टिकेश्वर साहू आशीष साहू मुरली अग्रवाल मदन लाल अग्रवाल अवधेश अग्रवाल दिलीप सिंदे संजय अग्रवाल दिनेश अग्रवाल राजेश मित्तल दौलत अग्रवाल मुकेश अग्रवाल श्याम सुंदर अग्रवाल सुशील जैन मंगल अग्रवाल गायत्री परिवार ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी प्रदीप कुमार गुप्ता सहायक ट्रस्टी कन्हैया लाल पटेल ट्रस्टी गण महावीर अग्रवाल तरुण सतपथी गायत्री परिवार के सदस्य जितेन्द्र खोडियार मंगला यादव वीरालाल यादव तरुण स्वाई राजेंद्र मांझी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही

बेमेतरा पुलिस की अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई

बेमेतरा, 20 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थों, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, वाडंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार सथायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला क्षेत्रांतर्गत के ग्राम बोरसी, गुधेली के आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान कुछ लोग पुलिस को आते देखकर भाग निकले मौके पर जुआडियान पकडे गये। जिसमें कुल जुआ का 03 प्रकरण दर्ज कर 10 जुआडियानो के विरूद्ध >> शेष पृष्ठ 9 पर>

सूर्य उपासना के साथ मनाया गया छठ महापर्व

36 घंटे उपवास रहकर महिलाओं ने परिवार की सुख समृद्धि की कामना

बचेली, 20 नवंबर (देशबन्धु)। प्रति वर्ष कि भांति इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश बिहार सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति, बचेली के द्वारा छठ पुजा का आयोजन 19 नवंबर व 20 नवंबर को सी डब्लू एस छठ घाठ पर किया गया इस दौरान समाज कि महिलाओ द्वारा 36 घंटे का कठिन निर्जला उपवास रखा गया। कार्तिक माह की चतुर्थी तिथि को पहले दिन नहाय खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन डूबते सूर्य और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। जिसमे समाज के लोग और नगरवासी काफी संख्या में इस पुजा मे शामिल हुवे और छठी मईया से मनोकामनाएं पूर्ण करने की कामनाये कि साथ ही छोटे छोटे बच्चों द्वारा छठ घाट पर खूब जम कर अतिसबाजी कि गई। पूजा समाप्ति के पश्चात सभी भक्तगणो को प्रसाद वितरण किया गया।

समाज के उपाध्यक्ष कमलेश दुबे से जानकारी प्राप्त हुई कि मुख्य रूप से यह पर्व सूर्य उपासना के लिए किया जाता है, ताकि पूरे परिवार पर उनका आशीर्वाद बना रहे। साथ ही यह व्रत संतान के सुखद भविष्य के लिए भी किया जाता है। मान्यता है कि छठ का व्रत करने से निसंतान को संतान की प्राप्ति होती है और सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती है। यह छठ महापर्व उत्तर प्रदेश, बिहार एवं झारखंड के लोगो का मुख्य पर्व है इस पर्व को माानने के लिये लोग देश-विदेश से अपने घर लौटते है और परिवार के साथ इस पर्व को मानते है।

इस अवसर पर प्रथम बार दंतेश्वरी म्यूजिकल ग्रुप, बस्तर के द्वारा 19 नवंबर को संध्या 4.30 से एवं 20 नवंबर को प्रात: 4.30 से छठ गीत एव भक्ति गीत की प्रस्तुति की गई।

इस पूजा को सफल बनाने मे समाज के एके बंसल (अध्यक्ष), कमलेश दुबे (उपाध्यक्ष), एसएस चौहान (सचिव), संजय सिंह (सयुक्त सचिव), महेन्द्र केसरी (कोषाध्यक्ष) एव समाज के अन्य सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा में घर-घर संपर्क व आमंत्रण अभियान

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम भक्तों में दिख रहा जबरदस्त उत्साह



बचेली, 20 नवंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिला के गीदम नगर में आयोजित विभिन्न संगठनों की बैठक में समाज के ज़िम्मेदार एवं प्रबुद्ध नागरिकों के द्वारा श्री रामलला प्राणप्रतिष्ठा अभियान के दौरान 1 जनवरी से 15 जनवरी तक घर-घर संपर्क एवं आमंत्रण अभियान चलाया जाएगा। जिसमें नगर एवं ग्राम के समस्त राम भक्तों से संपर्क कर उन्हें बताया जायेगा कि श्रीराममंदिर निधि समर्पण अभियान के दौरान आप सबने जो समर्पण किया था उसी समर्पण अथवा सहयोग से श्रीराममंदिर का निर्माण चल रहा है जिसका कि गर्भग्रह पूर्ण हो चुका है और उसमें श्रीरामललाजी कि प्राणप्रतिष्ठा की जायेगी जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित है ऐसा सभी श्रीरामभक्तों को निमंत्रण दिया जाएगा। श्रीरामलला प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में संपन्न होगा प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा जारी की गई है । श्रीरामलला प्राणप्रतिष्ठा को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है और लोग इस कार्यक्रम में बढ़चढ़कर भागलेंगे एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना शतप्रतिशत योगदान देंगे तथा अन्य लोगों से भी अभियान का हिस्सा बनने तथा अभियान में सहयोग करने के लिये प्रेरित करेंगे । च्च्रामकाज किन्हे बिनु मोहि कहां विश्राम च्च ऐसा वाक्य दोहराते हुए अपनी खुशी प्रकट करते हुए कहा कि हम बहुत ही भाग्यशाली है जो 500 साल तक चले संघर्ष के बाद बन रहे श्रीराममंदिर को साकार होता हुआ देख रहे है और उसमें प्रभु श्रीरामजी इच्छा से सहयोग कर पा रहे है । श्रीराममंदिर समर्पण अभियान के दौरान जिले से लगभग 4900000 लाख रुपये कि समर्पणनिधि रामभक्तों ने भेजी थी।

नवाचारी शिक्षण समूह इंद्रधनुष के अखिलेश ठाकुर ने किया रक्तदान

कोण्डागांव, 20 नवंबर (देशबन्धु)। भंज अस्पताल में सिकलसेल से ग्रसित 26 वर्षीय मरीज हलेंद्र गहलोत मड़ानार को नवाचारी शिक्षण समूह इंद्रधनुष के छात्रावास अधीक्षक अखिलेश ठाकुर द्वारा उज्जवला ब्लड बैंक पहुंचकर 5वीं बार नि:शुल्क रक्तदान कर मरीज को लाभान्वित किया गया। ज्ञात हो कि जिला कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में संवेदना कार्यक्रम के तहत कोंडागांव की टीम इंद्रधनुष द्वारा शिक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार जन सहयोग प्रदान कर सराहनीय प्रयास किया जा रहा है।

मारंगपुरी में मनाई गई सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती

कोण्डागांव, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के विकास खंड बड़ेराजपुर के ग्राम मारंगपुरी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती को बडे ही हर्ष उल्लासपूर्वक मनाया गया। गांव की गलियों में भव्य कलश यात्रा करके कलार समाज से जुड़े लोगों ने भगवान सहस्त्रबाहु की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं छायाचित्र पर माल्यार्पण करके जयंती कार्यक्रम की शुरुआत किया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों ने भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। इस आयोजन ने उपस्थितजनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष नाथूलाल नेवरा, उपाध्यक्ष महेश कुमार नाग, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण पांडे, सचिन महेंद्र कुमार बघेल, क्षेत्राधिकार रमेश प्रधान, शंकरचंद पांडे, सहसचिव रामविलास दीवान, संतोष पांडे, युवा प्रकोष्ठ परमानंद कश्यप, युवा सचिव गोपीचंद नेवरा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती तराबाई पांडे, महिला सचिव कमलेश्वरी कश्यप संभागीय कार्यकारिणी पंचकोड प्रधान, चमार सिंह पांडे जिला कार्यकारिणी, सुनील कुमार पोयाम, बसंत पांडे एवं समाज के समस्त सामाजिक भाई बहन मौजूद रहे।

गुरुनानक जयंती पर सिख समाज ने निकाली नगर कीर्तन प्रभातफेरी

जगदलपुर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सिख समाज के द्वारा नगर कीर्तन निकाला जा रहा है। प्रतिदिन सुबह शहर के किसी मोहल्ले से नगर कीर्तन निकलता है और नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए शांति नगर स्थित गुरुद्वारा पहुंचती है। इस नगर कीर्तन में काफी संख्या में सिख समाज के महिला एवं पुरुष के साथ सभी वर्ग के लोग शामिल होते हैं। प्रात: काल का सारा वातावरण गुरु नानक देव के भजन से गुंजायमान होता है। यह क्रम कार्तिक पूर्णिमा गुरु नानक जयंती तक चलेगी।

समिति के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते है 25 तक

जगदलपुर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। संभागीय संयुक्त शिक्षा कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार उच्च न्यायालय बिलासपुर, द्वारा पदोन्नति उपरांत संशोधन निरस्तीकरण संबंधी याचिका एवं अन्य याचिकाओं में पारित निर्णय 3 नवम्बर 2023 के परिपालन में उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करने हेतु 25 नवम्बर 2023 तक का समय निर्धारित किया गया है। शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक ने बताया कि उच्च न्यायालय बिलासपुर में जिन याचिकाकर्ताओं ने उपरोक्तानुसार पदोन्नति उपरांत संशोधन निरस्तीकरण संबंधी याचिका दायर की है। उन्हें इसकी सूचना संभागीय संयुक्त शिक्षा कार्यालय द्वारा भेजी गई है। यदि किसी याचिकाकर्ता को सूचना नहीं मिली है तो वे स्वयं अपना अभ्यावेदन, याचिका के प्रथम पृष्ठ की सत्यापित प्रति जिसमें याचिकाकर्ता का नाम एवं प्रकरण क्रमांक का उल्लेख हो, के साथ जिस जिले में वह पदस्थ हैं वहां के जिला शिक्षा अधिकारी या संभागीय संयुक्त शिक्षा कार्यालय में उपस्थित होकर कार्यालय में गठित सेल के समक्ष जमा कर सकते हैं।

रेल्वे क्रासिंग पर जाम से राहत दिलाएगा अण्डर ब्रिज

- रेल लाईन पर लोहे के ब्रिज के पहले तैयार होगा
- रेल्वे को सौंपी जा चुकी है 4 करोड़ की राशि
- रेल्वे ओव्हर ब्रिज के लिए नई सरकार में होगा फैसला

दंतेवाड़ा, 20 नवंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा के आंवराभाटा रेल्वे क्रासिंग पर ओव्हर ब्रिज का निर्माण तो फिलहाल अधर में है, लेकिन यहां लगने वाले जाम से थोड़ी सी राहत मिल सकती है। वैकल्पिक तौर पर रेल्वे, इसी रेल लाईन पर आगे की ओर अण्डर ब्रिज का निर्माण करेगा।

शंखनी नदी पर बने रेल्वे लाईन के मुख्य ब्रिज के ठीक पहले यह अण्डर ब्रिज होगा। इसके लिए लगभग 4 करोड़ की राशि रेल्वे को दी जा चुकी है। इसका निर्माण शीघ्र पूर्ण होगा। एप्रोच रोड भी तैयार किया जाएगा, जिसका टेण्डर हो चुका है और आचार संहिता हटते ही इस पर काम शुरू होगा। अभी एक छोटा सा अण्डर ब्रिज पहले से बना हुआ है, जिस पर कभी-कभी दुपहिया चालक गुजरते हैं, लेकिन यहां पानी भरा होने के कारण इसका इस्तेमाल करना जोखिम भरा है। इसी वजह से नया अण्डर ब्रिज बनाया जाएगा, जिस पर दुपहिया के साथ-साथ कार और दूसरे छोटे वाहन भी गुजर सकेंगे। इसकी सड़क टेकनार चौक पर आकर मिलेगी। रेल्वे लाईन के दोहरीकरण में तेजी के बाद रेल्वे ट्रेफिक और बढ़ने की संभावना है।

अभी रेल्वे क्रासिंग पर आए दिन जाम की स्थिति रहती है। लोग आधे से एक घंटे तक परेशान रहते हैं। रेल्वे की डबल लाईन क्रासिंग के पास बिछने लगी है। यहां निर्माण जारी होने के कारण भी लोगों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है। प्रशासन ने अण्डर ब्रिज के निर्माण का फार्मूला अपनाया है, इससे थोड़ी सी राहत लोगों को मिल सकती है। रेल्वे को इसका निर्माण शीघ्र करने कहा गया है। भविष्य में ओव्हर ब्रिज आंवराभाटा में ही बनेगी, इसका सर्वे दो बार हो चुका है। शायद नई सरकार में इस पर निर्णय हो। जानकारी यह भी मिली है कि ओव्हर ब्रिज के लिए पूरी तैयारी हो चुकी थी, लेकिन राजनीतिक स्तर पर कुछ विरोध के चलते मामला ठण्डे बस्ते में चला गया, लेकिन अब रेल्वे लाईन दोहरीकरण के बाद यह लगने लगा है कि ओव्हर ब्रिज का निर्माण शीघ्र हो। बहरहाल अण्डर ब्रिज भी अगर जल्दी बन जाती है तो लोगों की परेशानी कम होगी।

समर्थन मूल्य पर मक्का उपार्जन होगा 28 फरवरी तक

जिले के 49 लेम्प्स समितियां किसानों से क्रय करेंगी मक्का, खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में

कोण्डागांव, 20 नवंबर (देशबन्धु)। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले के 49 लेम्प्स समितियों द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य 2090 रूपये प्रति चिंटल की दर से अधिकत्तम 10 चिंटल प्रति एकड पर 01 नवम्बर से 28 फरवरी 2024 तक मक्का उपार्जन/क्रय किया जाएगा।

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर मक्का खरीदी के लिए किसान पंजीयन कराया जा रहा है, जिसके तहत छत्तीसगढ़ स्टेट सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड के जिला प्रबंधक द्वारा जिले के समस्त किसान भाईयों से अपील की गयी है, कि वे अपने उत्पादित मक्के का विक्रय हेतु अपने क्षेत्र के लेम्प्स समिति के शाखा प्रबंधक से संपर्ककर पंजीयन करायें। ताकि समर्थन मूल्य पर आपकी फसल का उपार्जन सुनिश्चित हो सके। इस हेतु जिले में 49 लेम्प्स समितियों द्वारा उपार्जन का कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत अडेगा, अमरावती, अरण्डी, ईरागांव, उरन्दाबेड़ा, केशकाल, काटागांव, किबईबालेंगा, कोण्डागांव, कोनगुड, कोरगांव, खालेमुरवेण्ड, गम्हरी, गिरोला, गोलावण्ड, चिपावण्ड, छिनारी, तोड़ासी (बड़ेखौली), देवगांव, दहीकोंगा, धनोरा, फरसगांव, बड़ेकनेरा, बड़ेडोगर, बड़ेराजपुर, बड़ेबेन्दरी, बनियागांव, बफना, बम्हनी, बवई, बहीगांव, बोरगांव, बांसकोट, भण्डारसिवनी, मुनगापदर, मर्दापाल, मुलमुला, मसोरा, माकड़ी, रांधना, लजोडा, लुभा, लिहागांव, विश्रामपुरी, शामपुर, सलना, सिंगनपुर, सोनाबाल एवं हीरापुर की समितियों के माध्यम से किसानों का मक्का क्रय किया जावेगा, जिसके लिए मक्का उत्पादन करने वाले किसानों को अपना पंजीयन अवश्य रूप से कराना होगा। मक्का उपार्जन का कार्य 1 नवम्बर 2023 से 28 फरवरी 2024 तक किया जायेगा, जिसके लिये शासन द्वारा 2,090 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। इस हेतु भारत शासन द्वारा निर्धारित मापदंड अनुसार अच्छे किस्म का मक्का खरीदा जाना है, जिसमें नमी का निर्धारित मापदंड अधिकतम 14 प्रतिशत है। कृषकों को मक्का विक्रय की राशि लेम्प्स समितियों के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। उपार्जन के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या के निराकरण के लिए किसान सीधे जिला प्रबंधक के मोबाईल नम्बर 9425562121 एवं टोल फ्री नम्बर 1800-233-3663 से संपर्क कर सकते हैं। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मक्का खरीदी की अधिकत्तम सीमा 10 क्विंटल प्रति एकड़ लिकिंग सहित निर्धारित की गई है।

निधन

सुदर्शन यादव

राजनंदगांव, 20 नवंबर। ठेठवार पारा वार्ड नंबर 38 निवासी सुदर्शन यादव का आज 19 नवम्बर को तकरीबन रात 10 बजे दिन रविवार को निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा कल 20 नवम्बर दिन सोमवार दोपहर 12 बजे उनके निज निवास स्थान ठेठवार पारा के पास से निकाली जाएगी। उनका अंतिम संस्कार लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र और एक पुत्री सहित भरापुरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गए। ज्ञात हो कि वे प्रेस कर्मी गेंदलाल यादव के पिता थे।

प्रादेशिकी का शेष...

गोविंदा का नाम लेने से समस्त ....

में श्रोतागण मौजूद थे। कथा अपराह्न 2रू00 बजे से लेकर शाम 6रू00 बजे तक हो रहे हैं। ट्रस्ट के अध्यक्ष मिथिलेश श्रीवास, संरक्षक अजय साहू, भक्तगण पोषण देवांगन, राजीव साहू, इशू साहू, पिंटू भोई, दीप्ति मिश्रा, मनीष श्रीवास, आकाश गुप्ता, राहुल ठाकुर, भोला साहू, संजय पाल, उज्जवल साहू, मोनिका, नेहा, शेरा, विकास, कुलदीप, नवीन, तुषार, हर्षद जोशी, आदर्श गोस्वामी, जीवन दिवाकर, टीआर धनकर इत्यादि बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री ...

भी याद किया इस अवसर पर बलौदाबाजार से आये कांग्रेस नेता विद्या भुषण शुक्ला ,पुर्व नगरपंचायत के अध्यक्ष अरविंद देवांगन, पुर्व ब्लाक अध्यक्ष खरोरा बृज अग्रवाल, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अश्विनी वर्मा ,जनपद सदस्य केसला मुकेश भारद्वाज, पार्षद भरत कुम्भकार आदि शामिल रहे ।

छठ पर्व को लेकर दिखा ...

करने की कामना, कुशलता सुख समृद्धि और दीर्घायु की कामना के लिए रखा जाता है। तालाब में छठ पूजा के लिए रिचा गुप्ता , रजत गुप्ता और पप्पू गुप्ता , निशा गुप्ता , पर्थ गुप्ता , सुहानी गुप्ता , ,बसंती गुप्ता , रीना गुप्ता , सूरज गुप्ता , बंटी गुप्ता , शांति गुप्ता बड़ी संख्या में बच्चे युवा महिलाएं उपस्थित थे

बेमेतरा पुलिस की अवैध ...

धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी 4,890/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया है।

इसी क्रम में दिनांक 19.11.2023 को मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत यातायात बेमेतरा 09 चालान में 09 व्यक्ति, कुल 09 चालान में 09 वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 09 प्रकरण में कुल 2,900/- रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी क्रम में दिनांक 19.11.2023 को माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए चौकी देवकर 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, के खिलाफ धारा 107,116 (3) जा.फौ. के तहत कुल 02 प्रकरण में 02 व्यक्तियो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही पूर्ण हुआ छठ महापर्व

- दक्षिण बस्तर में धुमधाम से मना लोक आस्था का पर्व
- अल सुबह डंकनी नदी घाट पर श्रद्धालुओं का लगा जमावाड़ा
- अस्ताचल के साथ उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा

दंतेवाड़ा, 20 नवंबर (देशबन्धु)। चार दिनों से चला आ रहा लोक आस्था का महापर्व छठ आज कार्तिक माह की सप्तमी तिथि को सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही सम्पन्न हो गया। अर्घ्य देने भोर से ही छठ व्रतधारियों का डंकनी नदी घाट पर जमावाड़ा लगना शुरू हो गया था। उगते सूर्य की पूजा अर्चना पश्चात अर्घ्य देकर छठी मईया से लोगों ने सुख समृद्धि की कामना की।

उत्तर भारतीय समाज के लोगों का प्रमुख पर्व छठ पूजा जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा समेत बचेली, किरंदुल, गीदम व बारसूर क्षेत्र में धुमधाम के साथ मनाया गया। सूर्य षष्ठी पर रविवार शाम अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठव्रती कार्तिक पक्ष के सप्तमी तिथि पर आज अल सुबह डंकनी नदी घाट पहुंचकर पारंपरिक रूप से नदी के अंदर कमर तक पानी में घंटों खड़े रहकर उगते सूरज की आराधना की और जल व दुध से भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। लोक आस्था व सूर्योपासना का महापर्व छठ का हिन्दू धर्म विशेषकर बिहारी समुदाय में विशेष महत्व है। छठ एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें न केवल उदय होते सूरज की पूजा की जाती है बल्कि डूबते सूरज को भी पूजा जाता है।

छठ व्रतियों ने षष्ठी तिथि पर रविवार शाम डंकनी नदी घाट पर पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्य देवता की पूजा अर्चना की। अर्घ्य देने उपरांत महिलाओं ने घाट पर बने चौरा मंडप की विधि विधान से पूजा अर्चना कर छठ के गीत गाए और छठी मईया से संतान की सलामती एवं सुख समृद्धि की कामना की। रविवार की शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद आज सप्तमी तिथि को सुबह पुन: उसी घाट पर पहुंचकर व्रतधारियों ने उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर भगवान भास्कर की पूजा की पूजा की। अर्घ्य देने घाट पर भोर से ही व्रतियों का आना जाना प्रारंभ हो गया था। व्रती महिलाओं ने पूजा की टोकरी जिसे बिहार में दउरा कहा जाता है में अलग-अलग तरह के फल, केला, गन्ना, नारियल, सेव अनानास, मूली, सिंघाड़ा आदि पूजन सामग्री सहित दउरा को सिर पर रखकर नंगे पांव परिवार समेत डंकनी नदी घाट छठ पूजा स्थल पर पहुंचे। इस दौरान परिवार की महिलाएं छठी मईया की गीत गाते चल रही थी। डंकनी नदी घाट पर पहुंच व्रतधारी महिलाओं ने डंकनी नदी के अंदर घंटों खड़े रहकर उदयीमान होते सूर्य की पूजा की । महिलाएं हाथों में प्रसाद से भरे सूप थामी परिक्रमा कर रही थी तो वहीं पुरूष लोटे में जल व दुध से अर्घ्य देकर दे रहे थे। इस मौके पर व्रतियों ने छठी मईया के गीत भी गाए। यूपी बिहार का पारंपरिक व्यंजन ठेकवां का भोग सूर्यदेव को चढ़ाया गया। ठेकवा के अलावा सिंघाडा, सीताफल, केला, अदरक, हल्दी, नींबू, घाघर, शकरकंद व अन्य फल अर्पित किए गए। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही 36 घण्टे से चला आ रहा व्रतियों के निर्जला उपवास का कठिन दौर आज समाप्त हो गया। सूर्यदेव को अर्घ्य देने के उपरांत व्रतधारियों ने घाट पर उपस्थित सभी लोगों को छठ का प्रसाद वितरण किया। हर वर्ष की तरह इस बार भी डंकनी नदी घाट पर सीआरपीएफ की ओर से घाट पर टेंट एवं पालिका की ओर से लाईटिंग की व्यवस्था की गई थी। व्रतियों के घाट पर उतरने के लिए सड़क से लेकर घाट तक मुरूम मिटटी डाला गया था, ताकि लोगों को घाट तक उतरने में कोई परेशानी न हो पाए। हर साल की तरह इस बार भी छठ पर माकुल व्यवस्था सीआरपीएफ 111 एवं पालिका की ओर से की गई थी। छठ पूजा आयोजन समिति ने नदी घाट पर व्रतधारियों के लिए तमाम व्यवस्था मुहैया कराए जाने पर सीआरपीएफ 111वीं वाहिनी एवं नगर पालिका प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

चुनाव पर महिलाओं में विशेष उत्साह रहा

पांच सौ रुपए में सिलेंडर व प्रति माह मिलेगी राशि

भिलाईनगर 20 नवंबर (देशबन्धु)। जिले की छह विधानसभा सीटों पर शुक्रवार को औसत 71.59 प्रतिशत मतदान हुआ है। जो पिछले बार तुलना से लगभग आधा प्रतिशत अधिक है। इनमें 72.29 प्रतिशत पुरुष और 70.89 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है। पाटन में सबसे ज्यादा 84.27 प्रतिशत और वैशाली नगर में सबसे कम 65.71 प्रतिशत मतदान हुआ है। महिलाओं में इस बार पहले की अपेक्षा अधिक उत्साह देखा गया। 2008 के परिसीमन के बाद जिले में बनी तीन नई सीटों वैशाली नगर, दुर्ग ग्रामीण व अहिवारा बनाये गये थे। जिसमें वर्तमान में दुर्ग ग्रामीण व अहिवारा में कांग्रेस विधायक है, तो वैशाली नगर में भाजपा के विधायक थे। वहीं भिलाई नगर की जनता बारी बारी से भाजपा और कांग्रेस को मौका देती रही है। इस बार सभी सीटों पर 2018 के चुनाव के बराबर मतदान प्रतिशत ने चुनावी पंडितों को अचरज में डाल दिया है। पिछले चार चुनावों के औसत नतीजे देखें तो यहां भाजपा को 47.49 और कांग्रेस को 42.61 प्रतिशत वोट मिलते रहे हैं। 2008 में बीडी कुरैशी ने प्रेमप्रकाश पांडेय को 8,66 प्रतिशत और इससे पहले 2013 में पांडेय ने कुरैशी को 16.09 प्रतिशत वोट के अंतर से हराया था। 2018 के चुनाव में पांडेय और कांग्रेस के देवेंद्र यादव के बीच कड़ा मुकाबला में जीत हार का अंतर मात्र 2.69 प्रतिशत रहा। 1993 के बाद से बारी.बारी दोनों दल को मौका मिलता रहा है। वैशाली नगर वोटर्स सबसे ज्यादा, लेकिन मतदान कम वोटिंग 65.71 प्रतिशत पुरुष 66.27 प्रतिशत, महिला 65.15 प्रतिशत है। 2003 में परिसीमन बाद अस्तित्व में आई वैशालीनगर सीट पर अब तक तीनों चुनाव में भाजपा को जीत एक बार उपचुनाव में कांग्रेस को जीत हासिल हुई थी। 2013 में भाजपा के विद्यारतन भसीन ने 17.58 प्रतिशत और इससे पहले 2008 में सरोज ने 17.48 प्रतिशत के अंतर से जीत दर्ज की थी। 2018 के चुनाव में भाजपा को 49.72 प्रतिशत और कांग्रेस को 37.39 प्रतिशत वोट मिले थे। पाटन पुरुष 85.04 प्रतिशत महिला 83.51 प्रतिशत चाचा भूपेश बघेल और भतीजे विजय बघेल के बीच हुए हुआ। 2013 में भूपेश बघेल ने 6.05 और इससे पहले 2008 में विजय बघेल ने 6.03 प्रतिशत वोट के अंतर से जीत दर्ज की थी। भूपेश को 47.47 प्रतिशत और विजय को 40.97प्रतिशत वोट मिले। 2003 के चुनाव में विजय को 47.95 प्रतिशत और भूपेश को 41.58 प्रतिशत वोट। यहां कांग्रेस का 40.69 प्रतिशत और भाजपा का 37.24प्रतिशत औसत वोट मिलते रहे हैं

महिलाओं में उत्साह ज्यादा

इस चुनाव में राज्य सरकार महिलाओं की बल्ले-बल्ले है। 500 में सिलेंडर देने की घोषणा की है। कांग्रेस ने प्रतिवर्ष महिलाओं को 15 हजार रुपये बात कही है, तो भाजपा में 12 हजार रुपये प्रति महिलाओं को देने की घोषणा की है। दोनों पार्टियों ने महिलाओं पर फोकस किया है महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए जो घोषणाएं हुई है। उससे प्रत्येक घर का बजट काफी संतुलित हो जायेगा। गरंटी की योजना कब क्रियान्वयन होगी इसका सभी महिलाओं को इंतजार है।

सूर्य को अर्घ्य देकर छठ व्रत का समापन

नगर के विभिन्न हिस्सों में स्थित तालाबों में छठ व्रतियों ने दिया सूर्य को अर्घ्य

कुम्हारी, 20 नवंबर (देशबन्धु)। सम्पूर्ण भारत वर्ष में पूर्ण श्रद्धा भक्ति भाव से भगवान सूर्यदेव की उपासना किए जाने वाले महापर्व छठ पर व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को प्रातः अर्घ्य समर्पित कर इस व्रत को सम्पन्न किया । मुख्य रूप से बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखण्ड में वृहद स्तर पर मनाए जाने वाले महापर्व छठ पूजा भारत ही नहीं वरन संपूर्ण विश्व में जहां भी इन प्रदेशों के वासी हैं वहां पर यह पर्व मनाया जाता है । अपने पति और बच्चों की उन्नति, सुख, समृद्धि की कामना पूर्ण करने हेतु निर्जला उपवास रखकर किए गए चार दिन के इस कठिन व्रत का समापन प्रातः कालीन उदित होते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर किया, तत्पश्चात व्रतियों द्वारा पारण किया गया । इस शुभ अवसर पर दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा बड़े तरिया के छठ घाट पहुंचे । समस्त भारतीय नागरिकों को सूर्योपासना के महापर्व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजनीति से परे इस धार्मिक पर्व में प्रदेश की जनता स्वस्थ हो, सभी की सुख समृद्धि में वृद्धि हो ऐसी मंगलकामना करता हूं ।

सड़क दुर्घटना में मृतक परिजनों को मिलेगी नौकरी

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। शनिवार की रात को सड़क दुर्घटना में संयंत्र कर्मी की मौत के बाद आज शव को रोक कर हंगामा किया गया। नौकरी के लिए लिखित में आश्वासन की मांग को लेकर काफी देर तक शव को रोका गया। प्रबंधन ने स्पष्ट कर दिया था कि नियमित कर्मचारी हैं, इसलिए आश्रित के जॉब को लेकर कोई समस्या नहीं है। ड्यूटी जाते समय सड़क हादसा हुआ है, नियम के तहत जॉब दिया जाएगा। इसके लिए पहले पोस्टमार्टम कराना जरूरी है। काफी जद्दोजहद के बाद आज सोमवार दोपहर में परिवार राजी हुआ और पोस्टमार्टम कराया गया। पंचनाम रविवार को ही कराया जा चुका था। पोस्टमार्टम के बाद शव के अंतिम संस्कार के लिए सभी लोग रवाना हो गए। खुर्सीपार के रहने वाले आर.कोटेश्वर राव शनिवार को नाइट शिफ्ट ड्यूटी के लिए जा रहे थे। रोलिंग मिल गेट से पहले ही किसी ट्रक की चपेट में आ गए। बताया जा रहा है कि ट्रक ने पीछे से टक्कर मारा. जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई थी। मृतक के रिश्तेदार आंध्र प्रदेश से पहुंचने वाले थे. इसलिए रविवार को शव नहीं उठाया गया। इस बीच आश्रित की नियुक्ति को लेकर भी हंगामा शुरू हो गया था। साथी कर्मचारी की मौत के बाद पीड़ित परिवार के साथ यूनियन नेता भी सुपेला शासकीय अस्पताल स्थित मरच्यूरी पर डटे रहे। आइआर डिपार्टमेंट के सीनियर मैनेजर रोहित हरित ने परिवार को समझाया। मृतक के दो बेटे हैं। वार्ता में सीटू के उपाध्यक्ष डीवीएस रेड्डी, इंटक से उप महासचिव रमाशंकर सिंह, सचिव विंसेंट पटेरा, राकेश तिवारी, उज्ज्वल दत्ता उपस्थित है।

वायर रॉड मिल ने स्थापित किए नए कीर्तिमान

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। इस्पात संयंत्र के वायर रॉड मिल डब्ल्यूआरएम ने टीएमटी एफई 500 डी ईक्यूआर भूकंपरोधी वायर रॉड्स के सेक्शन 8 और 10 मिलीमीटर (मिमी) की रोलिंग में नई कांचाई दर्ज की। 19 नवंबर 2023 को मिल ने एक ही शिफ्ट में टीएमटी वायर रॉड्स के 628 बिलेट्स (609 टन) रोल कर नया शिफ्ट रिकॉर्ड बनाया। पिछला सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 9 मई 2023 को एक शिफ्ट में 624 बिलेट्स (599 टन) का था। वायर रॉड मिल ने 19 नवंबर 2023 को टीएमटी एफई 500 डी ईक्यूआर वायर रॉड्स के सेक्शन 8 और 10 मिलीमीटर में 1657 टन की रोलिंग कर नया रिकॉर्ड दर्ज किया। इस ग्रेड की पिछली सर्वश्रेष्ठ रोलिंग 10 अप्रैल 2023 को 1632 टन दर्ज की गयी थी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान वित्त वर्ष के प्रथम सात महीने, अप्रैल से अक्टूबर 2023 तक वायर रॉड मिल ने पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में उत्पादन में 31.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। मिल ने अप्रैल से अक्टूबर 2023 की अवधि में 2,57,989 टन का उत्पादन किया जबकि अप्रैल से अक्टूबर 2022 में मिल ने 1,95,655 टन उत्पादन दर्ज किया था।

डॉ. तिवारी राष्ट्रीय कलापुरोधा सम्मान से विभूषित

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। डॉ ध्रुव तिवारी की पेन्टिंग प्रदर्शनी और टाक शो ने सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर मे दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रविवार को इस दौरान उन्हे राष्ट्रीय कलापुरोधा सम्मान से विभूषित किया गया। ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर खोले जाने को लेकर भिलाई इस्पात संयंत्र और ललित कला अकादमी नई दिल्ली को धन्यवाद देने के लिए जारी यह कार्यक्रम अपने पूरे शबाब पर है। डॉ ध्रुव तिवारी केन्द्रीय विद्यालय रायपुर में ड्राइंग टीचर हैं। वे अपने पेन्टिंग में प्रकृति चित्रण के लिए जाने जाते हैं। उनके चित्रों में गांव के पगडंडी, पेड़, पालतू जानवर सहज ही मिल जाते हैं। उन्होंने बस्तर के आदिवासियों के बीच जाकर वर्षों तक काम किया है और उनकी लोककला का रूपप्रद के संदर्भ में शोध किया है। उन्होंने आदिवासियों के मृतक स्तंभों पर भी व्यापक अनुसंधान किया है। केंद्रीय विद्यालय संगठन तथा एनसीईआरटी ने उनको राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षक बनाया है। जिसमें वे देश भर के कला शिक्षकों को प्रशिक्षण देते हैं। वे मुंबई, मैसूर, ग्वालियर, भिलाई, खैरागढ, रायपुर के साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक सोलो शोज़, कई गैलरी तथा एयरपोर्ट व मॉल पर शो कर चुके हैं। खासकर बच्चो ने पेन्टिंग बनाने के तरीको को जानने सवालों की झड़ी लगा दी। टाक शो के दौरान मंच संचालन मेनका वर्मा ने एवं मंचीय सज्जा ललेश्वरी साहू, नरोत्तम साहू, डा. सोनाली चक्रवर्ती, चित्रकार हरीसेन, मोहन बराल, पी.वाल्सन, प्रशांत क्षीरसागर, ब्रजेश तिवारी, हरीश मंडावी, मनीष ताम्रकार, सारिका गोस्वामी, सौहदा गंधर्व, देवकी गंधर्व, वत्स सेन, अभिषेक सपन, धीरज साहू, नूतन, उल्लास, हेमन्त, अंकुरा देवांगन मौजूद थे।

सांसद सहित अनेक शामिल हुए छठ पूजा में

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल ने सुबह से चरोदा, छावनी, मैत्री विहार, दाऊ बाड़ा, वार्ड -7 सहित भिलाई के विभिन्न तालाबों में पहुंच कर छठी मैया से आशीर्वाद लिया सांसद विजय बघेल ने छठ महापर्व की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। दुनिया में एक भारत देश है जहां ढलते हुए सूरज को भी नमन करते हैं। भिलाई को हम मिनी भारत कहते हैं। चढ़ते सूरज से जुड़ी संभावना पर मुग्ध रहने वाली इस दुनिया में भारत ही एक मात्र ऐसा देश है जहां ढल रहें सुर्य को पूरी कृतज्ञता के साथ अपनी श्रद्धा निवेदिता करने की परंपरा है। प्रकृति को समर्पित चार दिवसीय महापर्व छठ के दौरान सूर्य की संध्या आराधना का दिवस है शाम को जल में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य से मंगल कामना की तैयारी कर रहे व्रतियों का भगवान सुर्य की बहन छठी मैया सभी को स्वस्थ रखें। आरोग्य प्रदान करें एवं सुख समृद्धि संपन्नता का आशीर्वाद दें। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह सहित माता बहने उपस्थित रहें

छठ तालाब में उपस्थित होकर अराधना किया

छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूद्दीन कुरैशी विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी छठ मईया के पावन पर्व पर सुर्यकुण्ड लक्ष्मण नगर छावनी भिलाई में सूर्यास्त के पूर्व पहुंच कर हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं महिला पुरूषों का अभिनंदन करते हुए छठ मईया में आये हुए समस्त लोगों की मनोकामना पूरी करने का अराधना किया। इस अवसर पर सूर्यकुण्ड विकास समिति लक्ष्मण तालाब छावनी के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य एवं समयलाल साहू, सतपाल सिंह उपस्थित थे।

आज सुपेला शीतला तालाब में प्रातः 4 बजे से छठ पूजा पूरे विधि विधान से किया गया। उगते हुए सूर्य का अर्ध दिया गया। इस अवसर पर पं. महेन्द्र उपाध्याय, पं. दिनेश पर्वत ने बताया कि छठ का पर्व उत्तर भारत में पुरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। उन्होने बताया कि पति व बच्चों के लम्बी उम्र की कामना के लिये इस पर्व को घर की माता, बहने के साथ साथ कई पुरुष भी करते है। छठ पर्व पर सुपेला शीतला तालाब में सांसद विजय बघेल पंहुचकर लोगों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समाज सेवी संस्थाओं ने जल पान की व्यवस्था की थी।

छठ पर्व पर मरोदा तालाब, नगर निगम रिसाली, जवाहर उद्यान मैत्री बाग और सेक्टर 2 तालाब में सुबह से ही पहुंचकर व्रतधारियो से मिलकर छठी मैया की पूजा आरती किए और बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। आर डी कोरी, भिलाई जिलाध्यक्ष ब्रजेश बिजपुरिया, मनीष पांडे ने छठ पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

खुर्सीपर एक्सीडेंट का सीटू टीम ने किया खुलासा

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। जनरल एस्टेब्लिशमेंट के कर्मी आर कोटेश्वर राव की खुर्सीपार जीई रोड चौक से रेलवे फाटक के बीच पीछे से ट्रक कि टक्कर से मौके पर ही मृत्यु के मामले की जानने के लिए सीटू के टी जोगा राव एवं डीवीएस रेड्डी मौके पर पहुंच कर देखा तत्पश्चात थाने में जाकर मृतक के परिजन एवं पुलिस से भी मुलाकात कर कई मुद्दों पर चर्चा की। सीट के खुर्सीपर गेट वाले रोड के सुरक्षा का मुद्दा कल रात जब यह दुर्घटना घटी तब ना एंट्री का टाइम चल रहा था। सीटू का कहना है कि अपने मान्यता काल एवं उसके बाद भी लगातार खुर्सीपर गेट एवं बोरिया गेट में ट्रकों की आवाजाही एवं नो एंट्री में रफ्तार के साथ ट्रकों को घुसने से नियंत्रित करने के लिए संयंत्र की सुरक्षा विभाग प्रबंधन, प्रशासन एवं सीआईएसएफ के सामने मुद्दों को उठा चुका है। इस पर प्रबंधन, पुलिस प्रशासन, सीआईएसएफ एवं सीटू के बीच बैठक भी हो चुकी थी। तथा कुछ मुद्दों पर सहमति भी बनी लेकिन अभी भी खुर्सीपर की स्थिति जस की तस बनी हुई है एवं नियमों का उल्लंघन करके असुरक्षित तरीके से ट्रकों की आवाजाही जारी है। सीटू के अनुसार 40 फीट रोड में मात्र 25 फीट रोड ही मिलता है। इस्तेमाल करने को सीटू ने बताया कि जी रोड से खुर्सीपार रेलवे फाटक तक 40 फीट चौड़ा रोड है। जिस पर दोनों तरफ पक्की दुकान लगी हुई है। यह दुकान अपने सामान को रोड के ऊपर 5 से 10 फीट तक के घेर कर लगा देते हैं जिसके चलते लगभग 10 से 15 फीट तक का रोड दुकानों के सामानों से पट जाता है अर्थात मात्र 20 से 25 फीट रोड ही भारी वाहनो के आने जाने के लिए इस्तेमाल हो पता है जिसके चलते जाम एवं दुर्घटना होने की स्थिति हमेशा बनी रहती है। टोल बचाने के लिए राजहरा एवं राजनांदगांव जाने वाले भारी वाहन गुजरते हैं। ट्रक को इस रास्ते पर आना ही नहीं था पुलिस से पूछने पर यह बात स्पष्ट हुई की वह ट्रक राजहरा की तरफ जा रहा था गौर करने वाली बात यह है कि राजहरा एवं राजनंदगांव के तरफ जाने वाली ट्रको से आयरन ओर लेकर रायपुर सिलतरा एवं औद्योगिक क्षेत्र जाने वाली ट्रके भिलाई इस्पात संयंत्र के ड्यूटी रोड का इस्तेमाल करती है, ताकि नाका में टोल देने से बचा जा सके जांच के दौरान आज टीम ने रोड के बीचो-बीच खराब होकर खड़ी एक ऐसे ट्रक देखी जो आयरन ओर लेकर सीमरा से रायपुर सिलतरा जा रही थी सीटू ने फिर से दोहराई अपनी पुरानी मांग सीटू ने भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन से मांग की कि बाहरी भारी वाहनों का संयंत्र ड्यूटी रोड में पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जाए जिनका संबंध भिलाई इस्पात संयंत्र से नहीं है। साथ ही साथ ड्यूटी टाइम पर भारी वाहनों का आवाजाही पूरी तरह से रोका जाए।



निगम के उपायुक्त का औचक निरीक्षण में 150 नदारत

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन का मतदान संपन्न होने के बाद निगम में जनहित के कार्यो को पटरी पर लाने हेतु आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त ने निगम मुख्यालय के सभी विभागों का औचक निरीक्षण कर विभाग प्रमुख एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच किये तो 150 अधिकारी एवं कर्मचारी अपने विभाग में अनुपस्थित पाये गये। आयुक्त रोहित व्यास ने चुनाव का मतदान संपन्न होने के बाद अधिकारी कर्मचारी अपने कार्य पर मुस्तैद रह कर जनहित के कार्यो को गति प्रदान करेए इस उद्देश्य को लेकर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी को निगम मुख्य कार्यालय सुपेला के सभी विभागों का अवलोकन कर अधिकारी एवं कर्मचारियों की कार्यालयीन समय 10 बजे उपस्थिति की जांच किये जाने के निर्देश दिये गये थेए जाँच में विभाग प्रमुख सहित 150 अधिकारी कर्मचारी अपने विभाग में अनुपस्थित रहे। अपर आयुक्त श्री द्विवेदी ने डाटा सेंटर को सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का निम्न एप्प में जांच कर देर से आने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों की सूची तैयार कर आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा है, उसी प्रकार स्थापना अधीक्षक को उपस्थिति पंजी की जाँच कर अनुपस्थित रहने वालो को नोटिस दिये जाने का निर्देश दिये है।

ब्लेड से वार युवक घायल

भिलाईनगर, 20 नवंबर (देशबन्धु)। खुर्सीपार थाना अंतर्गत शिवाजी नगर में अपने घर के सामने खड़े व्यक्ति को जान से मारने की धमकी दे आरोपी ने ब्लेड से उसके चेहरे पर वार कर दिया। लहूलुहान पीड़ित ने थाना पहुंच घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी मन्नू के खिलाफधारा 294, 323, 506बी के तहत कार्रवाई की है। खुर्सीपार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवराज साहू ने बताया कि मकान नम्बर 73, अटल आवास शिवाजी नगर खुर्सीपार निवासी दीपक यादव 40 वर्ष कल दोपहर घर के सामने खड़ा था तभी मन्नु वहां पहुंचा और गाली गलौज करते हुए दीपक को जान से मारने की धमकी देने लगा। जब दीपक ने उसे गाली देने से मना किया तो मन्नू ने अपने पास रखे ब्लेड से उसके चेहरे पर वार कर दिया। मौके पर दीपक की पत्नी सुशीला और भाई राजकुमार के बीच बचाव करने पर आरोपी वहां से भाग निकला।

चुनाव उपरांत बागियों पर हो सकती है कार्रवाई

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में पार्टी के खिलाफ कार्य करने वाले कांग्रेस व भाजपाई पर कार्यवाही करने के लिये सूची तैयार की जा रही है। इसके लिये विधान सभा चुनाव में प्रत्याशियों की राय भी ली जा रही है। बताया जा रहा है कि इसमें कुछ प्रत्याशियों द्वारा अपनी राय से पार्टी के आला कमान को अब तक अवगत नही कराया जा सका है, जिसके कारण इस कार्यवाही में विलंब हो रहा है। बयाया जा रहा है कि कांग्रेस व भाजपाइयों ने अपने अपने प्रत्याशियों को नुकसान पहुंचाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। प्रत्याशी तय होने के बाद से पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहें। प्रत्याशी के लिए अंदर ही अंदर और कभी कभी खुलकर काम करते हुए नजर आए हैं। मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस व भाजपा के छाया पार्षद भी शामिल हैं। जो प्रत्याशी के विरोध में काम करते हुए दिखे हैं। बात सिर्फ पार्षद व छाया पार्षदों की नहीं हुई है। संगठन के पदाधिकारी का भी नाम लिया जा रहा है। अब आज अचानक इन सबकी बातें क्यों हो रही हैण्ण्ण्इसका जवाब है कि संगठन ने केंद्र और प्रदेश से ऑब्जर्वर भेजा था। अलग.अलग सीट के लिए ऑब्जर्वर आए थे। जिन्होंने अपनी पूरी रिपोर्ट बनाई है। सूत्रों के हवाले से ये खबर पक्की है कि ऑब्जर्वर की सूची में जिनके नाम हैं, उनमे दो दर्जन से ज्यादा लोगों के नाम शामिल हैं। इन सबके खिलाफचुनाव परिणाम के बाद गाज गिरने वाली है। पार्टी विरोधी काम में संलिप्त तथा ऑब्जर्वर की ओर से पार्षद और संगठन के खिलाफ काम करने वालों के नाम सामने आ गए हैं। ये नाम भेज दिए गए हैं। इस मामले में प्रदेश आलाकमान ने ये कह दिया है कि इस पर अभी कुछ भी नहीं कहा जाएगा। पार्टी और प्रत्याशी के खिलाफ काम करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी।

फाइलेरिया किसी भी उम्र में हो सकता है

भिलाईनगर, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा ने विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के सेक्टर सुपरवाइजर ओर एल एच व्ही की संयुक्त बैठक लेकर फाइलेरिया जिसे हांथी पांव भी कहते हैं डा आशीष शर्मा ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है बीईटीओ श्री एल वर्मा व भिलाई 3 चरोदा के प्रभारी बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि फाइलेरिया किसी भी उम्र में हो सकता है इसलिए जल जमाव वाले क्षेत्रों को साफ सफाई कर मच्छरों के अंडा लार्वा को नष्ट भ्रष्ट करना चाहिए ऐसी जगहों पर जला तेल, गाड़ियों से निकला आइल डलना चाहिए अथवा निगम पालिका ओर पंचायत क्षेत्रों में लार्वा दवा झिडकाव करना होगा। डा आशीष शर्मा ने बताया कि फाइलेरिया दिवस पर एक बात समझने की आवश्यकता है इस बीमारी के होने के बाद मरीज समाजिक, मानसिक, व्यवहारिक, ओर मनोवैज्ञानिक वैवाहिक रूप प्रभावित होता है। इसके लक्षण 8 से 10 वर्षो बाद उभरते हैं दोनों पैरों में सूजन हो जाती चलने फिरने में दिक्कत होती है। अंगों को देखभाल की जरूरत होती है स्वयं साफ सफाई नहीं कर पाने से घाव ओर सडन हो सकती है, इसलिए इस रोग के प्रति संवेदनशील व सचेत रहने की जरूरत है मच्छर जनित रोगो से बचने मच्छर दानी का उपयोग करना चाहिए हर साल सामूहिक दवा सेवन सरकार अभियान चलाकर खिलाती है हर व्यक्ति को डी ई सी दवा खाना चाहिए सेक्टर सुपरवाइजर ओर एल एच व्ही ओर स्वास्थ्य संयोजिका व स्वास्थ्य संयोजक व मितानिन का दायित्व है कि इस रोग के प्रति लोगों को जागरूक करके शत् प्रतिशत दवा सेवन कराना चाहिए ओर चिन्हांकित फाइलेरिया मरीजों को कीट वितरण कर अंगो की सफाई घाव पर बेटाडीन मल्हम का उपयोग तथा हाइड्रोसील से ग्रसित मरीजों का आप्रेशन करना चाहिए।